वर्ष : 30 | अंक :338
प्रतापगढ़ | बुधवार , 9 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक

## ▶▶ 48 सीटों पर जीत दर्ज कर रचा इतिहास

**● एग्जिट पोल नहीं बन पाए इग्जैक्ट पोल**
**● भाजपा को 48, कांग्रेस को 37, इनेलो को दो, निर्दलीय को तीन पर मिली जीत**



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रच दिया है। भाजपा ने प्रदेश की 90 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। तमाम दावों तथा एग्जिट पोल रिपोर्ट के बावजूद कांग्रेस सत्ता तक नहीं पहुंच पाई है। अब अगले पांच साल फिर से कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ेगा। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए बीती पांच अक्टूबर को मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने 89 तथा कांग्रेस ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा था।यह पहला मौका था जब प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी टक्कर थी। मंगलवार की सुबह राज्य के 90 हलकों के लिए बनाए गए 93 मतगणना केंद्रों मतगणना कार्य मंगलवार की सुबह आठ बजे शुरू हुआ। पोस्टल बैलट की गणना में कांग्रेस ने 70 सीटों पर बढ़त बनाई। इसके बाद जब ईवीएम खुलीं और ज्यादातर हलकों में दूसरे चरण की मतगणना के बाद दृश्य बदलता चला गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने 90 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। वर्ष 2019 में भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि वर्ष 2014 में पहली बार सत्ता में आई भाजपा को 47 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। दस साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद भाजपा ने तीसरी बार पिछले दोनों रिकार्ड तोड़ दिए हैं।उधर, विपक्षी दल कांग्रेस ने आज घोषित परिणाम के अनुसार 37 सीटों पर जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को 31 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस को महज छह सीटों की बढ़त हासिल हुई है। पिछले 15 साल से हाशिए पर चल रहे इनेलो को इस बार दो सीटों पर जीत हासिल हुई है। पिछले चुनाव के मुकाबले इनेलो को एक सीट की बढ़त मिली है। वर्ष 2019 के चुनाव में छह निर्दलीय विधायक जीते थे जबकि मंगलवार को घोषित किए गए परिणाम में तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी ने भले ही तीसरी बार सरकार बना ली हो लेकिन आज घोषित परिणाम में सबसे बड़ी जीत कांग्रेस के नाम दर्ज हुई है।

नूंह दंगों के आरोपित एवं फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने भाजपा के नसीम अहमद को 98 हजार 441 वोटों के अंतर से हराया है। उचाना कलां सीट पर इस चुनाव में जीत का अंतर सबसे कम रहा है। यहां भाजपा के देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कांग्रेस के बृजेंद्र सिंह को 32 वोटों के अंतर से हराया है।


इस चुनाव में जजपा, बीएसपी, सीपीआई, सीपीआईएम और आम आदमी पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकीं।

## जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस गठबंधन को बहुमत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया है। चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनावी नतीजों में एनसी को 42, भाजपा को 29, कांग्रेस को 06, पीपल डेमोक्रेटिक पार्टी 03, जम्मू-कश्मीर पीपल कॉन्फ्रेंस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और आम आदमी पार्टी को एक-एक सीटें मिली हैं जबकि सात सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीती हैं। राज्य में सरकार बनाने के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। एनसी और कांग्रेस के गठबंधन को कुल 48 सीटें मिली हैं। राज्य में 10 साल बाद हुए चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बननी तय मानी जा रही है।जम्मू-कश्मीर में भाजपा को जम्मू क्षेत्र और एनसी को कश्मीर क्षेत्र में ज्यादा सीटें मिली हैं। मत प्रतिशत के हिसाब से भाजपा जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाली पार्टी बनी है। भाजपा को 25.64 प्रतिशत वोट मिले हैं और उसके बाद एनसी को 23.43 प्रतिशत मत मिले हैं। कांग्रेस को यहां 11.97 प्रतिशत वोट मिले हैं। दूसरी ओर हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस का मत प्रतिशत का अंतर बहुत कम रहा है। भाजपा को 39.94 प्रतिशत और कांग्रेस को 39.09 प्रतिशत मत मिले हैं।

## हरियाणा की जनशक्ति को प्रधानमंत्री ने किया नमन

**● बोले- यह विकास और सुशासन की जीत**
**● हम जम्मू-कश्मीर के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा का हृदय से आभार जताया है। मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है। इसी का नतीजा है कि भाजपा को हरियाणा में यह ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के नतीजों पर मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ये चुनाव बेहद खास रहे हैं। अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने के बाद पहली बार आयोजित किया गया और इसमें भारी मतदान हुआ, जिससे लोकतंत्र में लोगों के विश्वास का पता चला। मैं इसके लिए जम्मू-कश्मीर के प्रत्येक व्यक्ति को बधाई देता हूं।मोदी ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है। मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमारी पार्टी को वोट दिया और हम पर भरोसा जताया। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे।% मैं हमारे कार्यकर्ताओं के मेहनती प्रयासों की भी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में सराहनीय प्रदर्शन के लिए जेकेएनसी को बधाई देना चाहता हूं।

## हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित और अस्वीकार्यः कांग्रेस

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और अस्वीकार्य बताया है। पार्टी ने कहा कि नतीजे अचंभित करने वाले हैं। इससे लगता है कि यह सिस्टम (तंत्र) की जीत है, लोकतंत्र की हार है। हम इस हार को स्वीकार नहीं कर सकते।जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मतगणना के बारे में हमें सुबह से ही शिकायतें मिल रही हैं। हम अपने विश्लेषण और इन शिकायतों पर मंथन कर अगले एक या दो दिन में चुनाव आयोग के पास जाएंगे और अपना पक्ष रखेंगे।जयराम रमेश ने कहा कि मतगणना के दौरान एक माहौल बनाने की कोशिश की गई है। अधिकारियों पर दबाव बनाया गया है। हम ऐसी सीटों पर हारे हैं, जहां हम हार ही नहीं सकते थे। यह नतीजा जमीनी हकीकत से अलग स्थिति प्रस्तुत करता है। यह पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की हार है। हमें लगता है कि 12 से 14 सीटों में गड़बड़ियां हुई हैं। यह ज्यादा भी हो सकती हैं।

## डीसीएम और ई-रिक्शा की भीषण टक्कर, दो मरे

**▶▶ गंभीर रूप से चार घायल प्रयागराज रेफर**
**▶▶ लखनऊ- वाराणसी राजमार्ग पर भुपियामऊ पुल पर हुआ दर्दनाक हादसा**




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** बनारस-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को डीसीएम और ई रिक्शा की हुई आमने- सामने की भीषण टक्कर में दो पुरुष की मौत हो गई। जबकि महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई रिक्शा का परखच्चा उड़ गया। टक्कर के बाद डीसीएम सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई।पुल पर डीसीएम की टक्कर से ई रिक्शा पलट गया। उस पर बैठी सवारियां नीचे दब गई। कुछ डीसीएम की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल गई।

पुलिस ने सभी घायलों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें अयूब खान (62) पूरे रमजान, डेरवा थाना जेठवारा और लवकुश (20) भुवालपुर किला कोतवाली देहात को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में शामिल प्रीति सिंह (40), पत्नी रामचंद्र और फोटो (40) थाना उदयपुर, विद्यावती (45), पत्नी हरिकेश मोहनगंज, एक अज्ञात (50) की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें प्रयागराज रेफर किया जा रहा है। चौकी पुलिस ने टक्कर मारने वाली डीसीएम को पकड़ लिया है।

## ईडी की जांच में शामिल हुए एचसीए के पूर्व अध्यक्ष अज़हरुद्दीन

**हैदराबाद, (हि.स.)।** हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद मोहम्मद अज़हरुद्दीन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सुनवाई में आज सुबह शामिल हुए।ईडी ने हाल ही में एचसीए में अनियमितता के मामले में उन्हें नोटिस जारी किया था। मंगलवार को वे जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय के हैदराबाद स्थित कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर अज़हरुद्दीन ने कहा कि उन पर लगे आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं।गौरतलब है कि हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में जेनरेटर, फायर इंजन और अन्य उपकरणों की खरीद के मामले में 20 करोड़ रुपये की अनियमितता के आरोप लगे हैं।

## आंदोलन के समर्थन में आरजी कर अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा

**कोलकाता, (हि.स.)।** धर्मतला में अपनी दस सूत्री मांगों के लिए अनशन पर बैठे सात जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस घटनाक्रम ने आंदोलन को नाटकीय मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। जूनियर डॉक्टरों ने सीनियर डॉक्टरों को 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर उनके इस फैसले का स्वागत किया।



सीनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस्तीफा सौंपा और मांग की है कि आंदोलनरत डॉक्टरों की मांगों पर सरकार तत्काल कदम उठाए। आरजी कर के एक सीनियर डॉक्टर ने कहा, ÷आमरण अनशन आखिरी विकल्प है। मजबूरी में जूनियर डॉक्टरों ने यह कदम उठाया है। ढाई दिन से ज्यादा समय बीत चुका है और अब तक सरकार की तरफ से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसलिए हमने सामूहिक इस्तीफा दिया है और इसके बाद हम व्यक्तिगत रूप से भी इस्तीफा देने का रास्ता अपना सकते हैं।उल्लेखनीय है कि शनिवार से धर्मतला में एक अस्थायी मंच पर जूनियर डॉक्टर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उनकी मांगों को लेकर 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा देकर अपना समर्थन जताया है। शनिवार को जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त कर अनशन शुरू करने का फैसला किया था, लेकिन अब सीनियर डॉक्टरों के इस्तीफे से पूजा के दौरान आरजी कर अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं बाधित होने की आशंका जताई जा रही है।सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जूनियर डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के 90 प्रतिशत विकास कार्य अगले 10 तारीख तक पूरे हो जाएंगे। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष महीने का जिक्र नहीं किया था। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अस्पतालों में रेफरल सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट 15 तारीख से शुरू होगा और एक नवंबर से पूरे राज्य में इसे लागू किया जाएगा।पंत ने कहा, ÷हम सभी से काम पर लौटने की अपील कर रहे हैं। बहुत से लोग लौट चुके हैं और बाकी भी लौटें ताकि हम मिलकर अस्पताल के माहौल को सुधार सकें।मुख्य सचिव के आश्वासनों के बाद भी सीनियर डॉक्टरों का यह सामूहिक इस्तीफा सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## मिथुन चक्रवर्ती हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

### ▶▶ सपने को कभी सोने नहीं देने का युवाओं को दिया संदेश

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हिंदी सिनेमा में डिस्को डांसर के रूप में लोकप्रिय अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंगलवार को विज्ञान भवन में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मिथुन चक्रवर्ती को इस सम्मानित पुरस्कार से नवाजा। इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्य मंत्री एल मुरुगन सहित निर्णायक मंडल के अध्यक्ष मौजूद रहे।इस मौके पर मिथुन चक्रवर्ती ने दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सभी प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कलाकारों को कभी भी अपने सपने को सोने नहीं देना चाहिए क्योंकि सपने देखने से ही उसे पूरा करने का हौसला आता है। खासकर जिन लोगों के पास टैलेंट हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक स्थिति के कारण सोचना पड़ता है। ऐसे हुनरमंद लोगों को कभी हार नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस मंच पर तीन बार पहले भी आ चुके हैं, लेकिन दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ने उनके सारे गिले शिकवे को खत्म कर दिया है।पहले राष्ट्रीय पुरस्कार की यादें ताजा करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि जीवन में उन्हें हर कदम पर संघर्ष करना पड़ा है। कई मुश्किलें आई लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और न ही अपने सपने को सोने दिया। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में रंग काला होने के कारण उन्हें बहुत ताने सुनने पड़े इसलिए उन्होंने पैरों से डांस करने को अपना अंदाज बना लिया। इस तरह फिल्मों में उनका एक अलग मकाम स्थापित हो गया। उन्होंने अपने पहले राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड का जिक्र करते हुए कहा कि पुरस्कार मिलने के बाद उनका अंदाज बदल गया था लेकिन वे जल्दी ही संभले और जीवन में संघर्ष करते गए। कामयाबी को भी उनके पास आना पड़ा।




## जीआरएसई ने भारतीय नौसेना को सौंपा दूसरा सर्वे पोत

**कोलकाता, (हि.स.)।** डिफेंस पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने मंगलवार को भारतीय नौसेना को सर्वे पोत आईएनएस निर्देशक सौंपा। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। आईएनएस निर्देशक चार सर्वे पोतों की श्रृंखला में दूसरा पोत है, जिसे जीआरएसई द्वारा निर्मित किया जा रहा है। पहला पोत 10 महीने पहले दिसंबर 2023 में नौसेना को सौंपा गया था।जीआरएसई अधिकारी ने बताया कि ये सर्वे पोत भारतीय नौसेना के लिए देश में निर्मित सबसे बड़े सर्वे पोत हैं।

## जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनकर परिवार की विरासत आगे बढ़ाने को तैयार - उमर अब्दुल्ला


**श्रीनगर, (हि.स.)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बडगाम में प्रभावशाली जीत हासिल करने और गांदरबल में आगे रहने के बाद कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनकर अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। कुछ महीने पहले ही अब्दुल्ला को लोकसभा चुनावों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था।



जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने आज घोषणा की कि उनके बेटे और पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 41 सीटों पर आगे चल रही जेकेएनसी सहयोगी कांग्रेस के साथ विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद पहली बार आयोजित विधानसभा चुनाव नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए एक तरह से वरदान रहा है। उमर अब्दुल्ला ने यहां तक कह दिया था कि वह केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा में प्रवेश करके खुद को अपमानित नहीं करेंगे लेकिन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद उन्होंने अपना रुख बदल लिया। उन्होंने एक नहीं, बल्कि दो सीटों गांदरबल और बडगाम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया।हालांकि, पार्टी के गढ़ गांदरबल से चुनाव लड़ना अब्दुल्ला के लिए आसान था लेकिन उन्होंने सुरक्षित खेलने का फैसला लेकर बडगाम विधानसभा क्षेत्र से भी नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने वाली एनसी जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इसके अलावा फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की है कि उमर जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

## भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पितः अमित शाह

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की जनता का पार्टी को सबसे अधिक मत प्रतिशत और अब तक के इतिहास में सर्वाधिक सीटें देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है।गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में जम्मू-कश्मीर में सिर्फ आतंक का राज था और हर दिन लोकतंत्र की हत्या होती थी। वहीं भाजपा शासन में लोकतंत्र का महापर्व पूरी शान और शांति से मनाया गया। जम्मू-कश्मीर की जनता को 1987 के विधानसभा चुनाव भी अच्छी तरह याद हैं, जब कांग्रेस ने खुलेआम धांधली कर लोकतंत्र का मजाक उड़ाया था।जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनावी नतीजों में नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे अधिक 42 और भाजपा को दूसरे नंबर पर 29 सीटें मिली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस का कांग्रेस से गठबंधन है और कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। हालांकि भाजपा का राज्य में वोट प्रतिशत 25.64 रहा है जो राज्य में किसी अन्य पार्टी से सबसे अधिक है।



इन नतीजों के बाद गृहमंत्री ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाटी में लोकतंत्र को मिले समर्थन के लिए गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने।

## समझ से परे है राजनीति का मकड़जाल,देश गड्ढे में जाएगा -राकेश टिकैत



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** हरियाणा में बीजेपी की जीत से कई लोग हैरान है। हालांकि भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। इन सब के बीच राकेश टिकैत का एक बड़ा बयान आया है। राकेश टिकैत में अपने बयान में भाजपा की जीत पर नाराजगी जताई है। टिकैत ने साथ ही साथ कहा है कि इतनी नाराजगी के बाद भी अगर भाजपा जीतती है तो इससे देश जरूर गड्ढे में जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीति का मकड़जाल हमारी समझ से पूरी तरीके से परे हैं। राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता है। उन्होंने अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हरियाणा में सरकार से नाराजगी थी, इसके बावजूद भी वहां बीजेपी की सरकार बना रही है तो देश गड्ढे में जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बिकेगा पूरा का पूरा। किसान अपनी जमीन नहीं बचा पा रहा। नौकरी नहीं है। रोजगार नहीं है। उन्होंने कहा कि माहौल पूरी तरीके से भाजपा के खिलाफ था, किसानों पर इन्होंने लाठियां चलाई थी, फिर भी वह कैसे जीत रही है यह हैरान करने वाला है। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को 'अप्रत्याशित' और 'लोक भावना के खिलाफ' करार देते हुए मंगलवार को कहा कि इस जनादेश को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि राज्य में 'तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार' हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने षड्यंत्र का आरोप भी लगाया और दावा किया कि तीन-चार जिलों से ईवीएम को लेकर शिकायतें आई हैं जिनसे मुख्य विपक्षी दल निर्वाचन आयोग को अवगत कराएगा। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत जिलों से ईवीएम को लेकर शिकायतें आई हैं तथा जिन ईवीएम की बैट्री 99 प्रतिशत चार्ज थी उनमें कांग्रेस उम्मीदवारों की हार हुई है, लेकिन जिनकी बैट्री 60-70 प्रतिशत चार्ज थी उनमें कांग्रेस की जीत हुई है। जयराम रमेश ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया , हमसे जीत छीनी गई है... आज जो नतीजे आए हैं, वो जमीनी हकीकत के अनुसार नहीं हैं... यह परिणाम लोक भावना के खिलाफ है। उन्होने कहा कि 12-14 सीटें ऐसी हैं, जहां उम्मीदवारों ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

# युवक-युवती फंदे से लटके मिले

## लिव-इन में रह रहे थे हत्या कर फांसी लगाने का भी शक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र में मंगलवार को युवक-युवती एक ही कमरे में फंदे से लटके मिले। दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। घरवालों का कहना है कि घर से भागने के बाद युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज हुआ था। वह जेल गया, फिर जमानत पर आने के बाद दोनों साथ रहने लगे। दोनों का शव एक ही कमरे में रस्सी के सहारे लटका मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि सोमवार रात युवक-युवती के बीच विवाद हुआ था। आशंका यह भी है कि युवक ने पहले हत्या कर युवती को फंदे से लटका दिया, फिर खुद फांसी लगा ली। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। कमरे में सुसाइड नोट नहीं मिला है।प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार उर्फ भगवान दास (30) बहरिया थाना क्षेत्र के जुगनू डीह गांव का रहने वाला था। जबकि लक्ष्मी (20) शिवकुटी थाना क्षेत्र के मेंहदौरी इलाके में कांशीराम आवास योजना की है। राजेंद्र के भाई की ससुराल नवाबगंज में है और लक्ष्मी की मौसी नवाबगंज में रहती हैं। वहीं दोनों की मुलाकात हुई और एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। 2021 में राजेंद्र और लक्ष्मी घर से भाग गए थे। तब नवाबगंज थाने में पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज हुआ था। राजेंद्र जेल चला गया। एक साल पहले वह जेल से छूटा तो फिर से दोनों साथ रहने लगे। सोमवार को राजेंद्र लक्ष्मी को लेकर मेंहदौरी कॉलोनी पहुंचा। रात में दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद सुबह दोनों फंदे से लटके मिले।



**महाकुंभ -2025:** सीएम के दौरे के बाद निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार, दिसंबर तक नए लुक में दिखेगा प्रयागराज एयरपोर्ट

# 274 करोड़ की लागत से हो रहे प्रयागराज एयरपोर्ट के पुनर्विकास का 70 फीसदी से ज्यादा का कार्य पूरा

## नए टर्मिनल के निर्माण समेत अन्य क्षमताओं का विस्तारीकरण कार्य कर रही है योगी सरकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ -2025 को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के साथ योगी सरकार यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का भी तेजी से विकास कर रही है। सड़क और रेलमार्ग के विस्तार के साथ एयर कनेक्टिविटी और एयरपोर्ट में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। सरकार यहां विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज दौरे के बाद महाकुंभ की तैयारियों में और रफ्तार पकड़ ली है। महाकुंभ में दूसरे देशों से आने वाले

> महाकुंभ आ रहे पर्यटकों को एयरपोर्ट में मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए प्रयागराज एयरपोर्ट का कायाकल्प किया जा रहा है। एयरपोर्ट के निदेशक फर्रूख अहसन के मुताबिक़ महाकुम्भ में आने वाले यात्रियों की व्यवस्था को देखते हुए 274.38 करोड़ की लागत से एयरपोर्ट का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसका तकरीबन 70 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। प्रयागराज एयरपोर्ट में अभी एक टर्मिनल बिल्डिंग है जिसका क्षेत्रफल 6700 वर्ग मीटर है । इसमें दो तरह से बढ़ोत्तरी की जा रही है एक तरफ जहां नई टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है तो वहीं पुराने टर्मिनल को नया स्वरूप दिया जा रहा है।

नई टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण 231 करोड़ की लागत से चल रहा है। इसके निर्माण से यहां पैसेंजर हैंडलिंग प्लेटफार्म (पीएचपी )की क्षमता बढ़कर 1200 हो जायेगी। इसका 48 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण होने का अनुमान है। टर्मिनल बिल्डिंग में पर्यावरण संरक्षण के मानकों को ध्यान में रखते हुए पूरी बिल्डिंग में सोलर एनर्जी का उपयोग किया जाएगा। इसी तरह मौजूदा टर्मिनल को भी नया स्वरूप दिया जा रहा है। इससे पीएचपी की क्षमता 350 से बढ़कर 850 हो जायेगी। इसका 70 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसका निर्माण कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। एयरपोर्ट में चेक इन काउंटर का भी विस्तार किया जा रहा है। इसकी संख्या बढ़कर 42 की जा रही है।

एयरपोर्ट में एप्रन और लिंक टैक्सी वेज का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। एयरपोर्ट निदेशक के मुताबिक 29 करोड़ की लागत से यह निर्माण हो रहा है जिसे 31 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। एयरपोर्ट पर विमान खड़ा करने के लिए एप्रन के विस्तार का लगभग 95 फीसदी पूरा हो चुका है। अब यहां तकरीबन दस ग्यारह छोटे विमान एक साथ आसानी से खड़े हो सकेंगे।

एयरपोर्ट में उड़ानों की आवाजाही का विस्तार होने के साथ पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज की संख्या भी बढ़ाना आवश्यक हो जाता है। प्रयागराज एयरपोर्ट से मौजूदा समय में एयरोब्रिज की संख्या 2 है। महाकुम्भ के पहले इनकी संख्या बढाकर 6 हो जाएगी। प्रयागराज एयरपोर्ट के इस विस्तारीकरण के बाद 6 एयरोब्रिज वाला यह यूपी का पहला एयरपोर्ट बन जाएगा।

# सपा विभिन्न कार्यक्रम एवं गोष्ठीयां आयोजित करेगी

**प्रयागराज।** अक्टूबर के इस महीने में प्रमुख रूप से चार समाजवादी नेताओं की स्मृति में समाजवादी पार्टी द्वारा कार्यालय एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर विभिन्न आयोजन एवं गोष्ठीयां कर उनके संघर्षो, विचारों पर चर्चा की जाएगी। सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार इस सम्बन्ध में पार्टी कार्यालय लखनऊ से निर्देश जारी किये जा चुके हैं। आगामी 9 अक्टूबर को बहुजन नायक मा. कांशीराम की पुण्यतिथि, 10 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षामंत्री, धरती पुत्र मा. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि,11 अक्टूबर को लोकनायक जय प्रकाश नारायण का जन्मदिन एवं 12 अक्टूबर को समाजवाद के प्रणेता डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी।इन दिनों महापुरुषों की स्मृति में पार्टी के जिला कार्यालय एवं प्रमुख स्थानों पर समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं, समर्थकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया- बृजेश पाठक

## डिप्टी सीएम बोले- राहुल मंच पर जलेबी-मक्खन खाएं लेकिन नाटक न दिखाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मेजा विधानसभा सीट से विधायक रह चुकीं नीलम करवरिया की तेरहवीं संस्कार में मंगलवार को शामिल होने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी समेत कई विधायक व मंत्री कल्याणी देवी स्थित चौधरी गार्डन पहुंचे। डिप्टी सीएम ब्रजेश और पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को गले लगा कर उन्हें सांत्वना भी दी। इस दौरान उदयभान फफक कर रो पड़े। उदयभान के साथ भाई पूर्व सांसद कपिलमुनि करवरिया और भाई एमएलसी सूरज करवरिया भी मौजूद रहे।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मंगलवार को उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बस नाटकबाजी कर रहे हैं। मंच पर जलेबी खाने का नाटक हरियाणा में नहीं चला। जनता ने नकार दिया। ऐसा ही नाटक यूपी में खटाखट, फटाफट, सटासट को लेकर कर रहे हैं। मेरा तो यही कहना है कि राहुल मंच पर खूब जलेबी खाएं, मक्खन खाएं पर नाटक न दिखाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तीसरी बार प्रचंड बहुमत हासिल किया। विपक्ष पूरी तरह फेल हुआ। कांग्रेस नकार दी गई। पीएम की योजनाएं काम आईं। जब ये जीतते हैं तो ईवीएम अच्छी है जब हारते हैं तो तरह-तरह के आरोप लगाते हैं। जम्मू कश्मीर में जनता का भरोसा भाजपा ने जीता है। वहां के समीकरण दूसरे हैं।

भारतीय जनता पार्टी से विधायक रह चुकी दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ से दोपहर सवा एक बजे प्रयागराज पहुंचे। पहले उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। वहां से करीब पौने तीन बजे दोपहर वह पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के कल्याणी देवी आवास पहुंचे। वहां से वह कार्यक्रम स्थल चौधरी गार्डन पहुंचे। इस दौरान बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व देवरिया के पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी पहुंचे।

दिवंगत नीलम करवरिया को मुख्यमंत्री और पूर्व सांसद ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को देख उदय भान फफक कर रो पड़े। उस वक्त उन्होंने उन्हे गले लगाया और सांत्वना दी। डिप्टी सीएम ने उदयभान करवरिया के भाई पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया और एमएलसी सूरजभान करवरिया से भी मुलाकात की। इस मौके पर डिप्टी सीएम करीब एक घंटे रहने के बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

# आज आएंगे नेता विरोधी दल, नैनी जेल में बंद विधायक जाहिद बेग से करेंगे मुलाक़ात

**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश विधानमंडल दल के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मा.माता प्रसाद पाण्डेय कल 9 अक्टूबर को प्रयागराज आएंगे। नेता प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग से मुलाक़ात करने नैनी जेल जायेंगे।

उक्त जानकारी सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने देते हुए बताया है कि नेता प्रतिपक्ष मंगलवार को सुबह स्टॉफ कार द्वारा लखनऊ से चलकर दोपहर 12:30 बजे प्रयागराज सर्किट हॉउस पहुंचेंगे जहाँ कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1:30बजे नैनी जेल के लिये रवाना होंगे। सायं 3 बजे नैनी जेल से सीधे लखनऊ के लिये रवाना हो जायेंगे।

# बाल चिकित्सकों ने साझा किए बाल रोगों के अनुभव

## आईओपी प्रयागराज की ओर से आयोजित गोष्ठी में दूर दूर के चिकित्सकों ने किया प्रतिभाग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडिआट्रिक्स (आईएपी) प्रयागराज के तत्वावधान में बाल चिकित्सा से संबंधित शोधों पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में विभिन्न शहरों से आए बाल चिकित्सकों ने बच्चों के इलाज और बीमारियों के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुंबई से आए वरिष्ठ बाल चिकित्सक डॉ. नेहल शाह ने बच्चों में स्वभावगत आने वाली बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उनके उपचार के तरीके पर भी प्रकाश डाला। इसी प्रकार गोरखपुर से आए डॉ. बीबी गुप्ता ने बताया कि बच्चों की चिकित्सा के लिए ओपीडी में क्या-क्या उपकरण होना जरूरी है। उन्होंने कहाकि बाल चिकित्सक का दायित्व है कि ओपीडी से पहले सभी संबंधित उपकरणों की जांच-पड़ताल ठीक से कर ले ताकि जरूरत पर कोई दिक्कत न हो। जालौन से आए वरिष्ठ




बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएम चौधरी ने बच्चों की त्वचा और आंखों की बीमारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उपचार की विधि भी बताई। गोरखपुर से ही आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके बागवानी ने बच्चों में होने वाले विभिन्न प्रकार के श्वास रोगों की जानकारी दी। उन्होंने उन रोगों की पहचान और उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रयागराज की वरिष्ठ बाल चिकित्सक डॉ. मनीषा मौर्य ने मियादी बुखार, उसके लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी।गोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल शुक्ला थे। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों में होने वाली नई-नई बीमारियों की चर्चा करते हुए आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस गोष्ठी के माध्यम से बच्चों के इलाज में काफी कुछ नई जानकारियां मिलेंगी। गोष्ठी का आयोजन आईएपी के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मौर्य, सचिव डॉ. अजय यादव और कोषाध्यक्ष डॉ. रजनीश राय की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में बाल रोग चिकित्सक मौजूद थे।

# कृषि भूमि सुधार के लिए जैविक खाद का प्रयोग आवश्यक



**प्रयागराज।** सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज एंड रूरल डेवलपमेंट प्रयागराज द्वारा चयनित गांव इकडला में कृषक गोष्ठी, कृषि भूमि के सुधार के लिए जैविक खाद के उपयोग एवं महत्व नामक विषय पर संपन्न हुई। इस गोष्ठी में सभी अतिथियों का स्वागत डॉ. हेमलता पंत सचिव, एस.बी.एस.आर.डी. प्रयागराज ने किया।

इस गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. नौशाद आलम, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में अपने वक्तव्य में बताया की कैसे कृषक अपने खेतों की मृदा में सुधार एवं पोषक तत्व की मात्रा को बढ़ा सकता है। अंधाधुंध रसायनकों के प्रयोग से मृदा की दशा अत्यंत खराब हो चुकी है, इसके प्रयोग से पैदावार तो बढ़ी है परंतु मृदा की गुणवत्ता गिर गई है। डॉक्टर नौशाद ने बताया कि कैसे कृषक अपने पालतू जीवन के गोबर से तथा फसल के अवशेषों से जैविक खाद तैयार कर सकता है। जैविक खाद वर्ष में 5-6 बार तक तैयार की जा सकती है और हर बार खाद तैयार करने में केंचुओं संख्या दोगुनी हो जाती है। इस तरह कृषक खाद को खेतों में उपयोग कर सकता है, अतिरिक्त खाद तथा केंचुए की बिक्री भी कर सकता है।

इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों को धन्यवाद आदित्य शर्मा ने दिया इस कार्यक्रम में रामधनी गौतम, राम प्रकाश गौतम, देवेंद्र सिंह, विमलेश कुमार, मेवा लाल, अशोक गौतम, रामस्वरूप, सालिक राम शर्मा, रामचरण, बसंत लाल गौतम, स्वरूप चंद्र शुक्ला, रवि शुक्ला, जितेंद्र, अवधेश, अनिल, अमरनाथ, छेदीलाल तथा अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कु. निधि गुप्ता ने किया।

# स्वच्छता व सावधानी से करें पशुओं का बचाव-डॉ सुनील सिंह

## अमोरा में लगे पशु शिविर में डॉक्टर ने दिए टिप्स व निशुल्क दवाईयाँ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार लोगों के स्वास्थ्य के साथ पशुओं के सेहत को लेकर फिक्रमंद है।पशु आरोग्य शिविर के माध्यम से पशुओं की विभिन्न विमारियों को लेकर पशु पालकों को टिप्स देकर जागरूक किया जा रहा है।शिविर में विभिन्न रोगों की निशुल्क दवाएं भी वितरित की जा रही हैं।विकास खण्ड मेजा के ग्राम पंचायत अमोरा में मंगलवार को पं दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर काआयोजन किया गया है। जिसमे .कुल 1843 पशुओ का चिकित्सा, कृमिनाशक, बाँझपन चिकित्सा आदि को लेकर पशु पालकों को जागरूक करते हुए, नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया है। आरोग्य शिविर की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी मेजा, और



प्रधान प्रतिनिधि विक्रमा सिंहं द्वारा की गयी है।। खण्ड विकास अधिकारी अमित मिश्र ने शिविर का उद्घाटन गो पूजन करके किया है। उंन्होने कहा कि हम गाय को मॉ का सम्मान देते हैं।नवरात्र महापर्व में गो माता की पूजा करने का सौभाग्य मिला है।

उंन्होने गोपूजन के साथ फीता काटकर शिविर का विधवत उद्घाटन किया है।डॉ सुनील कुमार सिंह ने पशु पालकों को स्वच्छता के साथ पशुओं के खानपान में सावधानी बरतने के लिए आगाह किया है। उंन्होने कहा कि सावधानी ही बचाव है। पशुपालकों से कहा कि समय पर टीकाकरण कराएं और विशेष स्थिति में नजदीकी पशु अस्पताल का सहयोग लें।

शिविर मे डॉ सुनील कुमार सिंहं उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी मेजा, फार्मासिस्ट, त्रिलोकनाथ कुशवाहा, पशुधन प्रसार अधिकारी सूरज बाबू भारतीया, वीरेन्द्र कुमार, कु0 उर्मिला, पवन कुमार तथा राजेन्द्र प्रसाद मौर्या, पशु मित्रनागेन्द्र कुशवाहा, नीरज पटेल, राज कुमार, अजय, रमेश. बच्चन व मुलायम सिंह यादव की मौजूदगी मे सम्पन्न हुआ। शिविर मे अमरजीत एमआईयू तथा सहायक विजयराज व हरजीत सिंह रहे।

# मऊआइमा में धूमधाम से निकली रामबारात, जगह जगह हुआ स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** राम बाग में चल रहे राम लीला मंचन के तहत मऊआइमा कस्बा के सदर बाजार से राम बारात को अध्यक्ष सचिन साहू तथा एडवोकेट अखिलेश साहू ने आरती उतारकर रवाना किया। राम बारात गाजे बाजे के साथ तीन बत्ती, सदर बाजार, नाटी इमली, चुनौंटा कुआं, गांजियाबजार होते हुए रामबाग पहुंची। रास्ते में जगह जगह लोगों ने बारात का स्वागत किया। रामबाग पहुंचने पर राम बारात का रामलीला समिति के महामंत्री मुदित खत्री एंव मनीष साहू ने आरती उतारी। राम बारात शोभा यात्रा में अशोक कुमार, विनोद मोदनवाल,रवि साहू, प्रवीण केसरवानी,बनारसी साहू, रामजी, नन्दलाल मौर्या, संजय साहू, विन्देशरी केसरवानी, अनिल कुशवाहा, दिलीप केसरवानी, राहुल मौर्या,शनि खत्री, नरेश केसरवानी, शिवमूरत साहू,सूरज केसरवानी थे।

# प्रेमचंद की कहानी का नाट्य मंचन कर पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बुनियाद फाउंडेशन की ओर से मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर आज सोहबतियाबाग़ स्थित शरमन एरा सभागार में एक श्रृद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उनके द्वारा लिखित प्रसिद्ध कहानी बड़े भाई साहब का मंचन किया गया। युवा रंग निर्देशक असगर अली द्वारा निर्देशित इस नाटक में दो भाइयों की कहानी के माध्यम से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर लोगो का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश बड़ी ही खूबसूरती के साथ की गई।

नाटक में दिखाया गया कि कैसे उम्र से ज़्यादा ज़िम्मेदारियां निभाते हुए बढ़ा भाई अपने छोटे भाई को सही राह पर चलने की बाते कहता है परंतु छोटा भाई अपने खेल कूद और बदमाशियों में ही लगा रहता है। हर बार कुछ ऐसा होता है कि छोटा भाई कक्षा में पास हो जाता है और बड़ा भाई फेल। अंत मे ये कहानी यह सीख देती है कि इंसान अपनी उम्र से नही अपने कर्तव्यों से बड़ा होता है। नाटक में बड़े भाई का किरदार प्रियांशु अमन और छोटे भाई का किरदार वैभव ने निभाया अमरनाथ भी विभिन्न किरदारों मे नज़र आये।

इस मौके पर नाट्य संस्था द कलर्स फाउंडेशन की सचिव रूचि गुप्ता,खुशबू गुप्ता, अमर श्रीवास्तव, प्रिया तिवारी, आसिफ अली आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने कहा, मोदी हैं तो सब कुछ मुमकिन

## हरियाणा सरकार की हैट्रिक से भाजपा खेमे में जश्न का माहौल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** हरियाणा चुनाव में भाजपा सरकार की हैट्रिक से भाजपा खेमे में जश्न का माहौल है।इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री के विकास और प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की बुनियादी सुविधाओं का ध्यान देने के रूप में देखा जा रहा है।पार्टी नेताओं ने कहा कि सारे कयासों को दरकिनार कर भाजपा ने यैतिहासिक जीत हासिल की है।इसका असर देश के अन्य प्रांतों के होने वाले चुनाव पर निश्चित ही असर करेगा।इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश हाई है।

भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने कहा कि हरियाणा की जीत ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों पर मुहर लगा दी है।उंन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व का जादू बरकरार है।यह जीत मोदी ब्रांड की है और हरियाणा की जनता को साधुवाद दूंगा जिन्होंने देश के विकास को गति देने के लिए यह जनादेश दिया है।

माण्डा क्षेत्र के दिघिया गांव के अवादा एनर्जी के डायरेक्टर जय शंकर शुक्ल जय भैया ने कहा कि हरियाणा की



बम्पर जीत से पार्टी को एक नई ऊर्जा मिली है।इस जीत का श्रेय पार्टी शीर्ष नेतृव के साथ हरियाणा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को दिया जाना चाहिए।मीडिया के एक्जिट पोल को ध्वस्त कर इस बड़ी जीत की बधाई वहां की जनता को भी दिया जाना चाहिए जिन्होंने भाजपा पर एक बार फिर भरोसा जताया है।प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र ने हरियाणा की जीत का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया है।उंन्होने कहा भाजपा के पास मोदी जी जैसा नेता है और पार्टी कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज भी है।जिन्होंने एक बार फिर दिखा दिया कि संगठित होकर कोई भी जंग जीती जा सकती है।इस जीत ने पार्टी के मिजाज को ऊँचाई देने के साथ आने वाले चुनावों के लिए ऊर्जा भी दी है।क्षेत्र के युवा नेता रामकृष्ण तिवारी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को एक बड़े जश्न का मौका दिया है।क्षेत्र के कुशलपुर गांव के श्री तिवारी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर जनता ने हरियाणा सरकार की हैट्रिक पर मुहर लगाई है।इस जीत ने विरोधियों को बता दिया कि मोदी हैं तो सब कुछ मुमकिन है।

# प्रयागराज मण्डल में 'स्वच्छ परिसर दिवस' पर स्टेशनों पर चला स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** आज प्रयागराज मण्डल में 'स्वच्छ परिसर दिवस' पर स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भारत सरकार की राष्ट्वव्यापी मुहीम के अंतर्गत प्रयागराज मंडल में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा 01 से 15 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल में स्टेशन परिसर, रेलगाड़ियों, खानपान, पेयजल, पैन्ट्रीकार, प्रसाधन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

स्वच्छ परिसर दिवस पर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों की सफाई की गयी। स्वच्छता कर्मियों ने सुपरवाइज़र एवं निरीक्षकों के सहयोग से स्टेशन



परिसरों पर साफ-सफाई की। साफ-सफाई के साथ यात्रियों से रेल परिसरों एवं रेल गाड़ियों को स्वच्छ बनाने की मुहिम में सहयोग करने की अपील की गई। रेलवे का कहना है कि प्रयागराज मण्डल आगामी महाकुंभ-2025 में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान से देश विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं की दृष्टि में भारत की छवि एक स्वच्छता प्रिय देश की बनेगी।

# लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी द्वारा कुष्ठ आश्रम पर किया भोजन और फल आदि का वितरण




**प्रयागराज।** सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत आज लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनूप सिंह के नेतृत्व में कुष्ठ आश्रम निकट बड़े हनुमान जी मंदिर बंधवा प्रयागराज पर ल लगभग 50 लाभार्थियों को भोजन, फल एवं मिष्ठान तथा कुछ धनराशि आदि का वितरण किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में क्लब सचिव एमजेएफ लायन अचल अग्रवाल क्लब कोषाध्यक्ष लायन रामजी केसरी, प्रथम उपाध्यक्ष लायन संजीव तिवारी एवं क्लब की सदस्या लायन रमा तिवारी मौजूद रहीं।

क्लब की जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल भी सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा कार्य में सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति सदन में धन्यवाद और आभार प्रस्तुत किया जाएगा।

# सेलरहा गांव में मसूरिया माता के स्थान पर राहगीर झुकाते हैं शीश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर से सिराथू मार्ग पर सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेलरहा पश्चिम गांव के समीप सड़क किनारे स्थित मसूरिया माता के मंदिर तक रात दिन छोटे बडे वाहन आते जाते हैं। ऐसे में श्रद्धालु बड़े आसानी से मंदिर तक पहुंचते है। सड़क किनारे मंदिर स्थापित होने के चलते हर राहगीर माता रानी के सामने नतमस्तक होकर आगे बढ़ते है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार सेलरहा पश्चिम गांव में मसूरिया माता का स्थान प्रचीन है। ग्रामीणों का कहना है कई पीढियो से धार्मिक स्थल के बारे में सुनते आ रहे हैं। पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे स्थित माता रानी के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए काफी दूर से भक्त आते हैं और माता रानी की आराधना कर अपने मनोरथ सिद्ध होने का वरदान पाते हैं। मनोकामना पूरी होने पर प्रसाद व भंडारे का आयोजन भक्त करते हैं। नवरात्र में नव दिन विशेष पूजा का महत्व रहता है ऐसे में आसपास के गांव सहित दूसरे जनपद से भी लोग माता जी की आराधना के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के सामने सड़क के पार भगवान शिव व बजरंगबली का बड़ा मंदिर बना हुआ है । मसूरिया माता की पूजा करने के बाद श्रद्धालु शिव परिवार और हनुमान जी की पूजा करते है।

रामदास पुजारी ने बताया कि मसूरिया माता के मंदिर का इतिहास पुराना है। गांव के लोगों ने बताया कि पहले से पीपल का विशाल वृक्ष है।उसी के नीचे मां दुर्गा की एक छोटी सी मूर्ति थी। कडा धाम से गंगा स्नान लौटने वाले श्रद्धालु इस स्थान पर पूजा पाठ करने के बाद विश्राम करते थे ।पश्चिम शरीरा के स्वर्णकार रघुवीर प्रसाद गंगा स्नान करके लौटे थे और यहां रुक कर पूजा अर्चना की और पुत्र प्राप्ती की कामना की जिसके बाद उन्हें तीन संताने हुई साठ के दशक में उन्होंने इस स्थान पर मसूरिया माता के मंदिर का निर्माण कराया था।

चौत्र नवरात्र की रामनवमी व दशमी को दो दिवसीय मेले का आयोजन होता है। मसूरिया माता के स्थान पर मार्ग से निकलने वाले राहगीर शीश झुकाकर आगे बढ़ते हैं। सोमवार और शुक्रवार को पूजा पाठ करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ होती है ।

चौत्र व अश्विन नवरात्र में नौ दिन तक सुबह से लेकर शाम तक पूजा पाठ भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन होता है। धार्मिक स्थल पर पूजा पाठ के लिए आसपास गांव के अलावा दूसरे जनपद से सैकडों भक्त आते है।

मंदिर की व्यवस्था दान पात्र में मिली रकम से होती है इसके अलावा भंडारे के लिए गांव सहित आसपास के लोगों से सहयोग लिया जाता है चौत्र नवरात्र के रामनवमी व दशमी को मेले का आयोजन होता है जिसमें काफी दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाता है और उसके बाद विशाल भंडारा होता है।

## शहजादपुर में धूमधाम से निकाली गई श्री राम बारात

**सिराथू, कौशाम्बी।** शहजादपुर में चल रही रामलीला में मंगलवार को श्रीराम की भव्य बारात शोभा यात्रा निकाली गई । बारात यात्रा का जगह जगह स्वागत एवं सत्कार किया गया। नगरवासियों ने बारात यात्रा में पुष्प वर्षा करते हुए जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। राजा जनक द्वारा पुत्री सीता के स्वयंवर में श्रीराम के शिव धनुष तोड़ने पर उनके गले में सीता के वरमाला डालने की सूचना पर अयोध्या पहुंचने पर महाराज दशरथ अयोध्या धाम से मिथिलापुरी के लिए श्री राम की बारात यात्रा के लिए निकल पड़े। बारात में राजा दशरथ के साथ मुनि वशिष्ठ, भाई भरत और शत्रुघ्न के साथ साथ अयोध्या नगरी से बहुत लोग शमिल हुए। निकाली गई बारात यात्रा में डीजे, बैंड बाजे के साथ बाराती नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। श्रीराम बारात यात्रा अयोध्या धाम से निकलकर बाजार होते हुए हनुमानन घाट पर बनाई गई मिथिलापुरी पहुंची। राम बारात का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। इसके साथ ही वहां पहुंचने पर राजा जनक और नगरवासियों ने बारात का धूमधाम से स्वागत एवं सत्कार किया। उसके बाद सनातन रीति रिवाजों के अनुसार के श्रीराम और सीता का विवाह सात फेरे के साथ संपन्न हुआ। राम बारात यात्रा में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवि तिवारी, महामंत्री प्रभाष सोनकर, मोहित यादव, रंजीत यादव सहित समस्त सदस्य शामिल रहे।

## विद्युत कनेक्शन के लिए आफिस का चक्कर लगा कर थक चुका किसान

**विजिया चौराहा, कौशाम्बी।** किसान के समरसेबल कनेक्शन न करने और बार बार आफिस का चक्कर लगा कर ऊब चुके किसान ने जिला अधिकारी से किया शिकायत किया बिजली विभाग के उदासीनता के कारण से किसान ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शिवसरन पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम-तिवारी का पूरा मजरा ढेरहा, तहसील-मंझनपुर, जनपद-कौशाम्बी का मूल निवासी है। प्रार्थी ने वर्ष 2023 में अपनी लागत से एक समरसेबुल करवाया था और अव वर्ष 2024 में समरसेवुल कनेक्शन हेतु छूट योजना के तहत समरसेबुल का विद्युत कनेक्शन लेना चाहता है जिसके सम्बन्ध में समस्त कागजात अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड कौशाम्बी में प्रस्तुत कर दिया है परन्तु प्रार्थी 15 दिनो से प्रार्थी अपने उक्त समरसेबुल कनेक्शन करवाने हेतु दौड़ रहा है परन्तु जो लोग पैसा विभाग में जमा कर देते हैं उनका कनेक्शन हो जाता है। प्रार्थी ने पैसा नहीं दिया है जिससे प्रार्थी का समरसेबुल का कनेक्शन नहीं हो पा रहा है।

# श्री राम के वनवास आगमन पर अयोध्या में पसरा सन्नाटा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** श्रीराम लीला कमेटी दारानगर द्वारा आयोजित श्रीराम लीला में श्रीराम के वनवास का मंचन फरीदगंज स्थित गांव में किया गया। जिसमें चौपाइयों के माध्यम से पुरोहित रेवती रमण पांडेय ने बताया कि महारानी कैकेई की इच्छाओं के कारण राजा दशरथ को श्री राम को चौदह वर्षों के लिए वनवास देना पड़ा और भरत को राजगद्दी सौंपनी पड़ी।भगवान श्री राम का वनवास प्रस्थान एक महत्वपूर्ण घटना है, जो भारतीय महाकाव्य रामायण में वर्णित है। जब राजा दशरथ ने अपने पुत्र राम को 14 वर्षों के लिए वनवास भेजने का निर्णय लिया, तो यह उनके वचन के कारण हुआ।श्री राम की पत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण ने भी वनवास में साथ जाने का निर्णय लिया।

श्री राम के वनवास जाने के बाद उनके जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ लाया, जिसके कारण श्री राम को धर्म, त्याग और आदर्शों का प्रतीक माना जाता है। प्रभु श्री राम के वनवास ने उनके साहस और धैर्य को दर्शाया, जो कि भारतीय संस्कृति में अनुकरणीय है। इस प्रस्थान की खबर पूरे अयोध्या में फैली और लोग दुखी थे, लेकिन राम के आदर्श और सिद्धांतों ने उन्हें प्रेरित किया। यह घटना रामायण के मुख्य घटनाक्रमों में से एक है जो भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। रामलीला मंचन के दौरान मूल प्रकाश त्रिपाठी , जयमणि तिवारी , दिरगज मौर्य सभासद अनिल यादव, दीपक सोनी, मगन सोनी, राकेश पांडेय, मनीष पाठक, शिवम मिश्रा, मनोज सहगल सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कौशाम्बी के 83 शिक्षकों को मिलेगा प्रधानाध्यापक का वेतन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में संचालित परिषदीय स्कूलों में वर्षो से प्रधानाध्यापक पद पर कार्य कर रहे सहायक अध्यापकों को उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने एक आदेश में प्रधानाध्यापक का वेतन व एरियर ब्याज सहित देने का आदेश पारित किया है। उच्च न्यायालय के जस्टिस प्रकाश पांडिया की बेंच ने यह आदेश इंचार्ज प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कंथुवा, कड़ा व उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरगढ़ नेवादा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार की याचिका पर सुनाया। कोर्ट के इस आदेश से जनपद के लगभग 83 शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा। कोर्ट ने कहा कि याची शिक्षक वर्षो से प्रधानाध्यापक पद पर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है लेकिन उन्हें वेतन सहायक अध्यापक का ही दिया जा रहा है जो कानूनन उचित नहीं है । इन याचिकाकर्ता शिक्षकों को दो माह में प्रधानाध्यापक का वेतन दिया जाय और पिछले किये गए कार्य का एरियर ब्याज सहित भुगतान करने संबधित आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया है। न्यायालय के इस आदेश से जनपद के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।शिक्षक करन सिंह, भोलेन्द्र वर्मा एंड टीम के मार्गदर्शन में दाखिल की गई इस याचिका के मुख्य याची रणविजय निषाद व कृष्ण कुमार ने बताया कि बेसिक स्कूलों में एक लंबे समय से पदोन्नति नहीं हुई है । जिस कारण विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के हजारों पद वर्षो से रिक्त है । सरकार उक्त पदों पर पदोन्नति न करके पिछले 10 साल से सहायक शिक्षकों से अतिरिक्त कार्य करा रही है । माननीय न्यायालय के इस आदेश से इन प्रभारी शिक्षकों को न्याय मिला है शासन को न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए 14 वर्षो से रुकी पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाना चाहिए।

## पशु चिकित्सक बारा के लापरवाही से मवेशी की गई जान

### आरोपः कई बार फोन के बाद इलाज करने नही पहुंचे पशु चिकित्सक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**विजिया, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी जाठी निवासी आनंद मिश्रा पुत्र हरिश्चंद्र मिश्रा ने जन सुनवाई पोर्टल पर बताया कि मेरी गाय लगभग छः दिनों से बीमार थी और चारा नही खा रही थी अपने विकास खण्ड कौशाम्बी के पशु चिकित्सक अधिकारी को सूचना दिया जिसमे एक चिकित्सक आने से मना कर दिया और बार बार फोन करने पर धमकाते हुए फोन काट दिया तो मैं कई पशु डॉक्टरों इलाज कराया लेकिन सोमवार को मेरी मवेशी की मौत हो गई ऐसी घटना विकास खंड के कई गांवों में होती है उदासीनता का यह एक उदाहरण सोमवार को दिखा।

# नंदी वाणी पब्लिक स्कूल में बच्चियों को आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के बारे में किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नंदी वाणी पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय नांदी वाणी पब्लिक स्कूल में आज मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12 तक की सभी बच्चियों को आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। आज की इस डिजिटल युग में जहां साइबर क्राइम की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिसका मूल कारण बच्चों में जागरूकता की कमी है। इस कार्यक्रम में बच्चों को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने तथा सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने के टिप्स बताए। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार के फोटो, वीडियो या इनफॉरमेशन शेयर करने से मना करने के लिए भी निर्देश दिया गया।

कुछ बच्चियों ने अपनी जानकारी में घटित साइबर क्राइम के बारे में अपना अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम के लिए थाना कोखराज के पुलिस अधिकारी विंध्यवासिनी और शिवम पांडे उपस्थित विद्यालय में आए और इन्होंने सोशल मीडिया क्राइम, साइबर क्राइम तथा बच्चियों के साथ होने वाले अन्य क्राइम के बारे में जानकारी दी और उन्हें सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित चौरसिया ने बच्चों से सोशल मीडिया पर पर्सनल तथा अनावश्यक जानकारी शेयर न करने के लिए निर्देशित किया, उन्होंने बच्चों से कहा कि आप अपने माता-पिता से किसी भी तरह की कोई भी बात अथवा जानकारी साझा करने की आदत डालें । इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक तन्वी रस्तोगी मुजम्मिल हसन प्रेम नारायण द्विवेदी तथा अन्य मौजूद रहें।

# नेशनल इंटर कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक की मनाई गई जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी कौशांबी विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक स्वर्गीय मंगला प्रसाद तिवारी की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक श्री रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद संस्थापक प्रबंधक के चित्र पर माल्यार्पण किया प्रधानाचार्य ने संस्थापक प्रबंधक के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत लाल शर्मा, अरुण कुमार द्विवेदी, लेफ्टिनेंट पंकज कुमार, विनोद मिश्रा, अजय कुमार, माया तिवारी, करुणेश त्रिपाठी, चंद्रकांत शुक्ला, बालमुकुंद त्रिपाठी, संतोष सिंह यादव, अशोक कुमार पांडे, गंगा प्रसाद, संजय चौधरी, अवधेश कुमार, राजेश यादव, राजेश अस्थाना, वरुण शंकर मिश्रा, अतुल मिश्रा, विशाल मिश्रा, सुनील यादव, यशपाल यादव, प्रकाश द्विवेदी, राजेश कुमार, कमलेश कुमार, जय सिंह, उदयभान मौर्य आदि लोग मौजूद रहें।

# सराय अकिल की ऐतिहासिक रामलीला के चौथे दिन तड़का बध का हुआ मंचन

● रामलीला देखने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष, चावल मंडी में दिखाई दी हजारों के भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला में चौथे दिन मुनि आगमन व ताड़का वध की लीला दिखाई गई रामलीला को देखने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह व हजारों लोग। बता दे ,सराय अकिल कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला के चौथे दिन दर्शकों को मुनि आगमन वह ताड़का वध की लीला दिखाई गई ताड़का वध होते ही दर्शकों ने जय श्री राम से गुजने लगा चावल मंडी, रामलीला में मंच से व्यास के द्वारा चौपाई बोली गयी ,चौथे पन पायों सुत चारी।बिप्र कहेउ नहीं बिचारी।।सब सुत मोहि प्रान की नाई।राम देती नहीं बने गोसाई, दशरथ जी से महामुनि विश्वामित्र ने जब राम की याचना कि और कहा कि हम संत जब यज्ञ जप करते हैं तब राक्षस हमारे यज्ञ को विध्वंस कर देते हैं दशरथ जी को बार बार समझाते हैं पर दशरथ जी एक नहीं सुनते विश्वामित्र जी क्रोधित हो जाते हैं और उसी समय गुरु वसिष्ठ जी आते हैं दशरथ को समझाते है तब दशरथ जी ने राम को विश्वामित्र को सौंप देते हैं ।मुनिवर राम लक्ष्मण को लेकर चल देते हैं रास्ते में चलते हुए मुनि ने राम जी को दो रास्तों के बारे में बताते हैं तब राम जी ने वहीं रास्ता चुना जिसमें भयंकर राक्षस रहते हैं। चलते समय राम ने पूंछा मुनिवर यह रास्ता कैसा है मुनिवर बताते हैं कि इस रास्ते पर भयंकर ताड़का नाम की राक्षसी रहती है राम उसी रास्ते पर आगे चलते तभी ताड़का का बध करके आगे बढ़े तब उन्हें मारीच सुबाहू का बध किया। कस्बा मे रामलीला मंच पर श्री राम के हाथों से ताड़का वध होते ही दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारा लगाने लगे जिसमें पदाधिकारी में रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल केसरवानी, संरक्षक कृष्ण नारायण रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल केशरवानी, महामंत्री अनिल कुमार केशरवानी,


मंच व्यवस्थापक संतोष सोनी, दीपक श्रीवास्तव, सदस्य सतीश जायसवाल, निखिल केसरवानी, नरोत्तम दास अग्रहरि, सुमित केसरवानी, अजय कुमार अग्रहरि, मोतीलाल स्वर्णकार, पत्रकार धीरज पाठक, पत्रकार आशीष शर्मा पत्रकार आदि लोग मौजूद रहे।

## सोनकर समाज ने विधि विधान से की बंजारी पूजा



**सैनी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत शहजादपुर में सोनकर समाज द्वारा प्राचीन काल से शहजादपुर मेला के पहले बंजारी पूजा की परंपरा चलती आ रही है । मंगलवार को शहजादपुर के रावण मेला मैदान में सोनकर समाज के लोगों ने विधि विधान के साथ बंजारी पूजा किया। इस दौरान सोनकर समाज युवा कमेटी व शहजादपुर के बुजुर्ग शामिल रहे। इस मौके पर विष्णु सोनकर , संदीप सोनकर , धर्मेन्द्र सोनकर , मूलचंद सोनकर , नीरज सोनकर , मानिक चंद , सोहन सोनकर , मुन्ना सोनकर सहित तमाम सोनकर समाज के लोग उपस्थित रहें।

# सराय अकिल कस्बे में श्री राम जानकी मंदिर में छठे दिन मां कात्यायनी देवी का हुआ भव्य सिंगार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय वार्ड नंबर 7 सराफा गली में राम जानकी मंदिर में मां दुर्गा का छठे रुप मां कात्यायनी देवी का भव्य सिंगार किया गया जिसमें देव रस्तोगी ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

बता दें, सराय अकिल कस्बे में 120 साल पुरानी मंदिर पर नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी देवी का भव्य सिंगार किया जिसमें रविंद्र रस्तोगी के पुत्र देव रस्तोगी ने अपने पूर्वज के बने मंदिर को दुल्हन जैसे सजाया,

जिसमें मंदिर में मां कात्यायनी देवी पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के दर्शन करने हजारों भक्त पहुंचे यह मंदिर 120 साल पुरानी स्वर्गीय मोतीलाल रस्तोगी ने बनवाई थी जो उनके पुत्र स्वर्गीय रमाशंकर पुत्र रविंद्र रस्तोगी पुत्र देव रस्तोगी ने कार्यभार संभाला ,नवरात्रि पर मंदिर को राम जानकी मंदिर को दुल्हन जैसे सजाने का कार्य देव रस्तोगी किया राम जानकी मंदिर पर भोलेनाथ की शिवलिंग पर रोजाना सैकड़ो लोग जल चढ़ाने आते हैं। नवरात्रि के छठे दिन दूर-दूर से आए भक्त मां कात्यायनी देवी व पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र व भोलेनाथ के दर्शन प्राप्त कर रहे हैं,मौके पर रविंद्र रस्तोगी देव रस्तोगी राजू सोनी अभिषेक सोनी पत्रकार सूर्य बली आरो रस्तोगी आदि कई लोग मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा दो युवक हुए चोटिल



**भरवारी, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट जाने से चालक और एक अन्य युवक घायल हो गया जिनका मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में भर्ती कराया गया। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बसेड़ी निवासी वाहिद अहमद का 20 वर्षीय पुत्र आरिफ ट्रैक्टर लेकर नसीरपुर की तरफ गया हुआ था। उसके साथ में ही गांव का नोखेलाल का 18 वर्षी पुत्र नंदकुमार ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। नसीरपुर गैस एजेंसी के समीप किसी कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें दोनों दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पहुंची मूरतगंज चौकी पुलिस ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से गंभीर हालत में दोनों को मंझनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# दुर्गा पूजा पंडालों का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण




**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** अति संवेदनशील कस्बा करारी में प्रतिदिन की भांति मंगलवार को करारी थाना प्रभारी विनीत सिंह ने भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर भ्रमण किया।दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर कुशलता जाना।कमेटी के आयोजकों व वालेंटियरो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

करारी क्षेत्र में 84 स्थानों में मां शेरावाली की प्रतिमा स्थापित है। तो वहीं कस्बे के सोनारन टोला, किंग नगर, अशोक नगर, गडहीपर ,कृष्ण नगर मोहल्ले के 6 अलग अलग स्थानों में नौ दिवसीय देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है।मंगलवार को करारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने दर्जनों फोर्स के साथ पूजा पंडालों के साथ साथ नगर भ्रमण किया।उन्होंने ने दुर्गा पूजा पंडाल के आयोजकों व वालेंटियरो से मिलकर कुशलता जाना।

मंगलवार की शाम नगर के सोनारन टोला मोहल्ले में भरत मिलाप नव दुर्गा पूजा रोशनी कमेटी के तत्वाधान में स्थापित देवी प्रतिमा के पंडाल पहुंचे। पंडाल के निरीक्षण के दौरान कमेटी के अध्यक्ष गनेश वर्मा से मिलकर वार्ता किए और कुशलता जाना।

उन्होंने पुलिस द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिए साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने कहा की पूजा पंडालों में अराजकता फैलाने वाले कोई भी हो किसी भी कीमत में बक्शे नही जायेंगे। नगर भ्रमण कर उन्होंने नगर वासियों को सुरक्षित होने का एहसास कराया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की ली सलामी



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के उपरान्त भोजनालय तथा पुलिस कर्मियों के रहने हेतु नव निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 रामबिलास पासवान की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि




**कौशाम्बी।** जिला पार्टी कार्यालय समदा मंझनपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व. रामबिलास पासवान जी की मंगलवार को चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कौशाम्बी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान जी पुण्यतिथि मनाई गई।जिसमें लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष सुनील जयसवाल,कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आजाद पासी, प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश भारतीय, अवधेश सरोज प्रधान महासचिव कौशाम्बी, गब्बर पासी जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, रमेश पासी जिला प्रवक्ता, सिराथू विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पासी, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## मां दुर्गा की श्रद्धापूर्ण आराधना से मिलती है सुख समृद्धि- सुश्री निकेता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगापुर में चल रहे देवी भागवत की कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास प्रयागराज से पधारीं सुश्री निकेता त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को बताया कि नवरात्र में आदिशक्ति मां जगत जननी के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा आराधना तथा व्रत रखने से मां आदिशक्ति प्रसन्न होती हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। कथाव्यास सुश्री निकेता ने बताया कि जीवन में सत्संग जरूरी है। सन्तों के सानिध्य में आने से जीवन में सुख समृद्धि मिलती है। कथा के दौरान बीच बीच में मां दुर्गा से जुड़े भजनों को सुन श्रद्धालु भक्ति में रमे दिखे। मुख्य आयोजक श्याम सुन्दर मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन किया। राजेन्द्र कुमार मिश्र ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर बसन्त लाल, संजय त्रिपाठी, गजराज सिंह, हीरा सिंह, कन्हैया लाल केसरवानी, शत्रुघ्न मौर्य, अजय विश्वकर्मा, रामलाल यादव, कमल प्रसाद मिश्र, सतीश केसरवानी आदि रहे।

## रामलीला में दशरथ कैकेयी मंचन देख दर्शक भावविभोर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक अन्तर्गत बासूपुर गांव में चल रही श्रीरामलीला का मंचन देखने को ग्रामीणों की खासी भीड़ जुट रही है। श्रीरामलीला के कलाकारों द्वारा सोमवार की रात राजा दशरथ कैकेयी संवाद व श्रीराम को चौदह वर्ष का बनवास से जुड़े प्रसंग का मंचन किया गया। मंचन में मंथरा के कान भरने पर कैकेयी राजा दशरथ से श्रीराम को चौदह वर्ष का बनवास और अपने पुत्र भरत के राज्याभिषेक की मांग रखती है। राजा दशरथ के लाख समझाने पर भी कैकेयी के न मानने पर राजा दशरथ श्रीराम को बनवास की आज्ञा देते हैं। मंचन के दौरान कलाकारों द्वारा निभाये गए किरदारों की दर्शकों ने जमकर सराहना की। राजा दशरथ के किरदार में इन्द्रेश जोशी, श्रीराम की भूमिका में विनोद तिवारी, मंथरा के किरदार में महेन्द्र जोशी, सीता की भूमिका में चंचल जोशी, सुमन्त बनें जितेन्द्र यादव के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर राजकुमार दुबे, महेन्द्र जोशी, मथुरा प्रसाद यादव, सुनील जोशी, रमेश पाण्डेय आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## मारपीट व तोडफोड़ की घटना में तीन के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार की आंचल पुत्री अवधेश प्रसाद अग्रहरि ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात अक्टूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे अमन पुत्र पप्पू हवाईदार, मेरू पुत्र इस्माइल तथा एक अज्ञात दरवाजे पर पहुंचकर रंजिशन गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपीगण उसे मारने पीटने लगे। शोर सुनकर बीचबचाव के लिए पहुंचे पीड़िता के छोटे भाई किशन को भी आरोपियों ने मारापीटा तथा स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोरगुल सुनकर गांव के लोगों को आता देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर अमन समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीन घरों में हुई चोरी पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सेंधमारी कर घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा बरेवा निवासी शिवशंकर पाल पुत्र दुर्गा प्रसाद पाल के घर के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर अज्ञात चोर घर से पांच हजार की नकदी व लाखों के सोने चांदी के जेवरात उठा ले गये। इसी रात चोरों ने गांव के ही इन्द्रजीत यादव व कृपाशंकर के घर में भी सेंधमारी करके हजारों का खाद्यान्न उठा ले गये। पीड़ितों द्वारा दी गई तहरीर पर जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा के विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह अपरान्ह तीन बजे धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की जन्मस्थली भटनी में दुर्गा पूजा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह साढ़े तीन बजे रानीगंज कैथौला, रायपुर तियाई, मेढ़ावां, बेलहा के बाद सायं सवा चार बजे धारूपुर तथा पांच बजे हरनाहर में दुर्गा पूजा के पाण्डालों में दर्शन पूजन करेंगे। सायं छः बजे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी मोठिन, रामपुर बावली तथा पौने सात बजे सराय संग्राम सिंह एवं सवा सात बजे हिसामपुर में दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## हाइवे पर चलती बाइक में फैली आग, हडकंप



**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाइवे पर चलती बाइक में आग लगने से हडकंप मच गया। हालांकि बाइक सवारों ने जान जोखिम में देख बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। लालगंज कोतवाली के लालगंज कालाकांकर हाईवे पर बेलहा के समीप मंगलवार को शाम सवा चार बजे चलती बाइक में अचानक आग लग गयी। सराय बारमती बिराहिनपुर निवासी कपिलदेव के पुत्र विकास यादव पडोस के राममोहन के पुत्र रितिक यादव के साथ बाइक से रामपुर बावली दवा लेने जा रहे थे। बेलहा के कान का पुरवा पहुंचे थे कि अचानक बाइक में आग लग गयी। आगजनी देख दोनों युवक किसी तरह बाइक से कूदकर अपनी जान बचायी। बाइक में आगजनी देख आसपास के ग्रामीण इकटठा हो गये। वहीं राहगीर भी ठिठक गये। आगजनी में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। आगजनी की घटना से घंटो सडक पर अफरातफरी का माहौल दिखा।

# गिरफ्तारी में छेडछाड को लेकर नेशनल हाईवे पर उतरे अधिवक्ता, विरोध प्रदर्शन

**▶▶नाराज वकीलों ने डीएम को संबोधित एसडीएम को सौंपा पुर्नस्मारक ज्ञापन**
**▶▶आम सभा में मौलिक अधिकारों के हनन की किया निन्दा, आंदोलन को तेज करने की दी चेतावनी**





लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज के दो अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में समय व स्थान बदलने को लेकर मजिस्टेऊ्टी जांच न होने से मंगलवार को यहां वकीलों का विरोध प्रदर्शन तेज हो उठा दिखा। वकीलों ने बांहों मे काली पटटी बांधकर तहसील परिसर से विरोध प्रदर्शन की शुरूआत की। आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते नेशनल हाइवे पर पहुंच गये और यहां भी पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने एसडीएम नैनसी सिंह से मिलकर डीएम के नाम पुर्नस्मारक ज्ञापन सौंपा।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर अधिवक्ता पुलिस पर गिरफ्तारी का स्थान व समय बदलने के साथ पुलिस मीडिया सेल में हिरासत मे लिये गये दोनों अधिवक्ताओं की फोटो वायरल होने से खफा हैं। सोमवार को वकीलो ने डीएम के नाम ज्ञापन दिया था।

इसमें पुलिस की कार्रवाई को लेकर सम्पूर्ण मामले में मजिस्टेऊ्टी जांच की मांग उठाई गयी है। मंगलवार को अधिवक्ताओ ने इस मांग पर कार्रवाई न होने को लेकर जमकर विरोध जताया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी तथा महामंत्री सूर्यकान्त निराला की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने परिसर में नारेबाजी शुरू कर दी।

आम सभा कर मजिस्टेऊ्टी जांच अब तक न कराए जाने पर गुस्सा जताया। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व देवी प्रसाद मिश्र, टीपी यादव तथा राममोहन सिंह ने कहा कि मजिस्टेऊ्टी जांच को डीएम द्वारा अब तक अधिसूचना जारी न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, अनिल त्रिपाठी महेश, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय ने कहा कि गिरफ्तारी में पुलिस की मनमानी अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकार पर हमला है।

इसके बाद वकीलों ने एसडीएम नैनसी सिंह से मिलकर डीएम को संबोधित पुर्नस्मारक ज्ञापन सौपा। वकीलों की नारेबाजी को लेकर मंगलवार को भी तहसील में घंटो अफरातफरी का माहौल दिखा।

न्यायिक एवं प्रशासनिक कामकाज भी दोपहर तक प्रभावित दिखा। आम सभा की अध्यक्षता उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी तथा संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। इस मौके पर शहजाद अंसारी, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सिंटू मिश्र, सुरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, सुरेन्द्र गौतम, दीपेन्द्र तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, शैलेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र तिवारी, सुजीत तिवारी, सुरेश मिश्र, राहुल मिश्र, कुलदीप तिवारी, अनिल शर्मा, शेष तिवारी, केबी सिंह, बीडी पटेल, सुशील शुक्ल, हरकेश पटेल, अमरनाथ यादव, सतेश सिंह, लालता प्रसाद पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ला, दिनेश सिंह, जयकरन सिंह, प्रमोद तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष सिंह, राजेश सरोज, घनश्याम सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## मां-बेटे को पीटने पर 10 के खिलाफ केस

**कुंडा प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के पूरे शिवभीख रोर गांव निवासी मनोज कुमार गौतम ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी गांव के चौराहे पर जनरल स्टोर की दुकान है। 25 जुलाई की रात करीब दस बजे पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी गांव के कुछ लोग पहुंचे। जातिसूचक गालियां देते हुए मारा पीटा। उसे बचाने उसकी मां लल्ली देवी दौड़ी तो उसे भी पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित मनोज की तहरीर पर पुलिस ने माली का पुरवा पंवासी गांव निवासी सोनू, मोनू, सचिन, सत्यम, विपिन, सूरज, मोहित, लवकुश, संतोष, विजय के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बाबू का पुरवा बरियांवा गांव निवासी वासुदेव के 45 वर्षीय बेटे ओम प्रकाश की अचानक तबीयत खराब हुई। थोड़ी देर में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बगैर पुलिस को जानकारी दिए शव लेकर घर चले गए।

# सीओ हत्याकाण्ड के निर्णय पर राजा भइया समर्थकों में खुशी

**▶▶सीओ की पत्नी को बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज हो - मुक्कू ओझा**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिले की कुण्डा सर्किल में तैनात रहे तत्कालीन सीओ जियाउल हक की हत्या में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुण्डा के विधायक राजा भइया को सीबीआई द्वारा क्लीनचिट मिलने से प्रतापगढ़ का सियासी नजारा सरगर्म हो उठा है। सीबीआई द्वारा सियासत के दिग्गज रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया को क्लीनचिट देने से उनके समर्थक इसे सत्य की जीत बताते हुए खुशी से इतराते देखे जा रहे है। वही राजनीति के जानकार तथा आमआवाम में भी राजा भइया के निर्दोष होने की चर्चा बेल्हा की हर नगर डगर और गली में इधर छायी हुई है। बीते वर्ष 2013 में दो मार्च को कुण्डा के तत्कालीन सीओ जियाउल हक की एक गांव में हत्या हो गयी थी। इसे लेकर पुलिस में एक एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस जांच कर ही रही थी कि मृतक सीओ की पत्नी परवीन ने एक दूसरी एफआईआर दर्ज करायी। इस एफआईआर में प्रदेश के तत्कालीन कैबिनेट मंत्री राजा भइया को मुख्य आरोपी बनाया गया था। घटना को लेकर दूर दूर तक अपने सम्बन्ध न होने के आत्मविश्वास से भरे राजा भइया ने विधानसभा में तत्कालीन सरकार से स्वयं सीओ हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग उठायी थी।

राजा भइया के द्वारा स्वयं के अनुरोध को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से इस घटना की सीबीआई जांच की सिफरिश कर दी। सीबीआई ने घटना की तह को खंगाला और लम्बी विवेचना के बाद सीओ हत्याकाण्ड को लेकर कुण्डा विधायक राजा भइया को क्लीनचिट दे दी। मुकदमें में सीबीआई की अदालत ने लम्बा ट्रायल हुआ। इसके बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने राजा भइया को अपने फैसले में निर्दोष करार दिया। सीबीआई जांच के दौरान ही अदालत से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक कई बार मुकदमेंबाजी हुई। ग्यारह वर्षो बाद सीबीआई का फैसला आया तो राजा भइया को लेकर मिली क्लीनचिट से उनके समर्थक गदगद हो उठे।

राजा भइया के खांटी समर्थक व विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने सीबीआई अदालत के फैसले को लेकर प्रतिक्रिया में कहा है कि यह सत्य की जीत है। उन्होनें कहा कि इस फैसले में राजा भइया का निर्दोष साबित होना यह चरितार्थ कर गया है कि सत्य परेशान किया जा सकता है परास्त नहीं। उन्होने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में परोक्ष रूप से सरकारी पद पर लाभान्वित हुई केस दर्ज कराने वाली सीओ की पत्नी का झूठ बेनकाब हुआ है।

उन्होनें यह भी कहा कि इस फैसले से यह भी उभर कर आया है कि सीओ हत्याकांड को लेकर मुकदमें की वादिनी ने वास्तविक अभियुक्तों को बचाने के लिए मात्र राजा भइया के विरूद्ध दूसरी एफआईआर दर्ज करायी थी। इस फैसले के बाद बेल्हा में चर्चा है कि क्या सीओ की पत्नी ने याचिका के जरिए मुकदमें के वास्तविक अभियुक्तों को लेकर हुए फैसले को स्थगित कराने की स्वयं पहल क्यों की। मुकदमें में दस अभियुक्त दोषी पाए गए तो अब यह सवाल उठने लगा है कि राजनीतिक सुर्खियों को तैयार करने के लिए राजा भइया को झूठे आरोपों में घेरे जाने का षडयन्त्र कहां से रचा गया था। राजा भइया के समर्थक तो यह भी सवाल उठा रहे है कि मृतक सीओ जियाउल को लेकर अनुकंपा के आधार पर यूपी पुलिस ने सेवायोजित हुई जियाउल हक की पत्नी को पुलिस सेवा की योग्यता को लेकर अब सरकार का मापदण्ड क्या होना चाहिए।

मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने यह मांग उठाई है कि सरकार राजा भइया के खिलाफ झूठे एफआईआर दर्ज कराने और वास्तविक अभियुक्तों की जगह निर्दोष को फंसाने आपराधिक षडयन्त्र के लिए सरकार अब मृतक सीओ की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज करें और पुलिस सेवा से उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। प्रतापगढ़ के पुलिस अधिकारी के चर्चित हत्याकांड में सीबीआई अदालत द्वारा राजा भइया को निर्दोष साबित किया जाना चर्चा में और इससे जिले की सियासत और आम आवाम एक बार फिर दिग्गज राजा भइया का सियासी कद आईने की तरह साफ आंका जा रहा है।

## देवी मन्दिरों व पाण्डालों में गूंज रहे मां के जयकारे, आरती-पूजन में उमड़े श्रद्धालु



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र में मंगलवार को देवी भक्तों ने मंदिरों तथा पाण्डालो में मां का दर्शन पूजन कर मत्था टेका। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में मां दुर्गा तथा मां सरस्वती एवं मां पार्वती की भव्य आरती उतारी गयी। लालगंज में श्रीहनुमत निकेतन के समीप पाण्डाल में सोमवार की रात देवी आराधना के कार्यक्रम में भक्तों का उत्साह दिखा। कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम में मां दुर्गा एवं मां विश्वमोहिनी तथा मां पीताम्बरा के श्रृंगार को देख देवी भक्त मंत्रमुग्ध हो उठे। राजेन्द्र नगर पूरे हरिकिशुन में समाजसेवी संजय द्विवेदी तथा बृजेश द्विवेदी के संयोजन में सोमवार की रात आरती में श्रद्धालुओं ने देवी मां के जयकारे लगाये। इनहन भवानी धाम में आचार्य राजेश मिश्र के संयोजन में विद्वानों ने सप्तशती का सामूहिक पाठ किया। गुम्मौर देवी वन, अगई के दुर्गन देवी धाम, सांगीपुर वार्ड के मां चर्तुभुजी देवी, उमापुर वार्ड में मां काली मन्दिर, मनीपुर चंदापुर में ग्राम देवी के आरती पूजन में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र में मां की उपासना तथा व्रत पूजन एवं देवी मां के पाठ के सुर गूंजते दिख रहे हैं। इधर नवरात्र को लेकर रात में धार्मिक संगीत के कार्यक्रम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी देखी जा रही है। पाण्डालों व मंदिरों पर पुलिस की भी व्यवस्था रात भर मुस्तैदी में दिख रही है।

## छत्तीसगढ़ से नोएडा जाते समय रास्ते में वाहन पलटने से चार घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** अपने पैतृक गांव से नोएडा शहर जाते समय रास्ते में चालक को झपकी आने पर अनियंत्रित वाहन पलट गया। जिससे वाहन सवार सभी लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां से सभी घायलों को प्रयागराज रेफर किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रांत निवासी हाल पता केंद्रीय विहार गुरुदेव नोएडा एक ही वाहन से जीटी रोड हड़िया-कोखराज बाईपास से जाते समय मंगलवार को सुबह भोर में हथिगवां थाना क्षेत्र के गंगा पुल के पास अचानक चालक को झपकी आ जान से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें बैठे ओसवाल तिग्गा 60 वर्ष पुत्र फ्लोरेंस तिग्गा, पत्नी अजीत बाला तिग्गा, बेटा आरिलिएस तिग्गा 32 वर्ष, एल्विन तिग्गा 31 वर्ष घायल हो गए। सूचना पर पहुंची हथिगवां पुलिस व 108 एम्बुलेंस से सभी घायलों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तीनों लोगों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है। इसी प्रकार क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में हथिगवां थाना क्षेत्र छिछिलिया-बछंदामऊ निवासी सोनू कुमार 26 वर्ष पुत्र रज्जन लाल बाइक से जाते समय अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से घायल हो गये। इसी प्रकार कुंडा कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर निवासी ऋषभ उपाध्याय 22 वर्ष बाइक से जाते समय सड़क पर गिरकर घायल हो गया। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर महाराजगंज निवासिनी विमला देवी 50 वर्ष पत्नी अशोक कुमार बाइक की टक्कर से सड़क पर गिरकर घायल हो गई। इलाज के लिए सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# थाने के सामने पड़ा रहा जहरखुरानी का शिकार यात्री, मूकदर्शक रही आरपीएफ

**▶▶प्लेटफार्म एक पर भटकता रहा यात्री,कन्नी काटते नजर आए सिपाही**
**▶▶सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर जागी पुलिस**





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रेल संपत्ति की सुरक्षा में नाकाम रेलवे सुरक्षा बल अब यात्री की सुरक्षा में लापरवाही बरत रही है। इसकी एक बानगी मंगलवार को मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर देखने को मिली। जहर खुरानी का शिकार एक यात्री थाने के सामने पड़ा रहा। उसको अस्पताल में दाखिल करके इलाज कराने के बजाय आरपीएफ वालों ने उसे मरने के लिए छोड़ दिया। वह प्लेटफॉर्म एक से गुजर रही पदमावत एक्सप्रेस के एकदम करीब था। जरा सा लड़खड़ाता तो सीधे ट्रेन के नीचे जा सकता था। इसका एक वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसके बाद आरपीएफ उसे उठाकर ले गई। अस्पताल में दाखिल कराया।

ट्रेन मुसाफिरों की सुरक्षित यात्रा की जिम्मेदारी रेलवे सुरक्षा बल के साथ आरपीएफ की भी है। अक्सर देखा गया है कि घटना होने पर आरपीएफ और जीआरपी वाले एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हुए कन्नी काटते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन से उतरा एक यात्री आरपीएफ थाने के सामने लड़खड़ा रहा था। वह गिरता फिर उठता। काफ़ी देर तक वह थाने के इर्द गिर्द ऐसे ही अवस्था में रहा। लेकिन उसके नजदीक जाकर हकीकत जानने की कोशिश आरपीएफ के किसी बंदे ने नहीं की। प्लेटफार्म दो से एक सिपाही यह सब देख रहा था। लेकिन नजदीक नही आया। इस बीच प्लेटफार्म एक पर खड़ी पदमावत एक्सप्रेस चलना शुरू हो गई। यात्री उसके नजदीक ही था। जरा सा लड़खड़ाता तो ट्रेन की चपेट में आ सकता था। काफ़ी देर तक यात्री प्लेटफार्म पर इसी ही स्थिति में रहा। इस बीच किसी यात्री ने पूरे मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसकी जानकारी होते ही जीआरपी और आरपीएफ वाले मौके पर पहुंचे। उसे वहां से उठाकर ले गए।

## एंटी रोमियो टीम रानीगंज ने मनचलों को दी चेतावनी



**रानीगंज (प्रतापगढ़)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी रोमियो टीम थाना रानीगंज द्वारा चलाये गए मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा इशरा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल जामताली थाना रानीगंज के प्रधानाचार्य टी आर पटेल से महिलाओ के सुरक्षा संबंधी बात की गई। साथ ही छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दीं गई और मनचले तत्वों को चेतावनी दी गई । बालक व बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वूमेन पावर लाइन 1090( महिला हेल्पलाइन), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108,साइबर हेल्प लाइन 1930 और थाने का सीयूजी नंबर 9454404122 आदि के बारे में जानकारी दी गयी। कभी भी आवश्यकता पड़ने पर संबंधित थाने की एंटी रोमियो टीम या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, छात्राओं के लिए जारी किए गए नंबरों पर कॉल करने को प्रेरित किया गया।

एंटी रोमियो टीम स्क्वाड द्वारा छात्राओं की समस्याओं को सुना गया, व समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित हेल्प लाइन नंबरो से अवगत कराते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ाया गया।

## अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा को लेकर आंदोलन होगा मुखर-लोकेश सिंह



**प्रयागराज।** अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा तथा उत्पीड़न को रोकने को लेकर यहां वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री लोकेश सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कचहरी गेट पर जमा होकर नारेबाजी की। पूर्व महामंत्री लोकेश सिंह ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर तरफ से अधिवक्ताओं के लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकारों पर चोट पहुंचायी जा रही है। उन्होनें प्रतापगढ़ की लालगंज तहसील में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की पुलिस गिरफ्तारी में मनमानी को भी उत्पीड़न की पराकाष्ठा कहा। उन्होनें सरकार से कहा कि वह अधिवक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द यूपी में एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट के मसौदे को कानूनी रूप प्रदान करे।

उन्होनें यह भी कहा कि मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश भर में गठित अधिवक्ता संघर्ष समिति मण्डल मुख्यालयों पर सम्मेलन तथा प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर अरविन्द त्रिपाठी, वरूण शुक्ल, अखिलेशमणि त्रिपाठी, वीरेन्द्रमणि तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, आनन्द त्रिपाठी, अरविन्द त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

संक्षिप्त खबरें

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने सैनी में हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कस्बे के सुभाष नगर में संवेदना हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। अस्पताल का उद्घाटन जिलाध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने फीता काटकर किया । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के अस्पताल के प्रबंधक सहित स्टॉफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अगर अस्पताल के चिकित्सक अच्छी सेवा देंगे तो निश्चित ही इस अस्पताल से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी । हॉस्पिटल के प्रबंधक अली अहमद ने बताया कि हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित रूप से क्लिनिक में सेवा देंगे। के वी त्रिपाठी ने कहा कि अस्पताल खुलने से अब किसी मरीज को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उनको इस अस्पताल में अच्छा इलाज मिलेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य , भानू प्रताप सिंह , प्रबंधक अली अहमद , संचालन विनय त्रिपाठी , के वी त्रिपाठी , दिलशाद अहमद , डा एन एस मिश्रा , डा सुनील कालरा , डा पी एन गुप्ता , डा योगेंद्र सिंह , अरविंद पाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## पशुपालन विभाग द्वारा अटसरई ,भडेहरी, धुमाई में सूकर पालको का हुआ संवेदीकरण



**सिराथू, कौशाम्बी।** विशेष संचारी अभियान के तहत विकास खंड कड़ा के अटसरई , भड़ेहरी , धुमाई व हिसामपुर माढों गांव में मंगलवार को पशु चिकित्सालय अजुहा की टीम द्वारा शिविर का आयोजन किया गया जहां पशु चिकित्सा अधिकारी डा विवेक सिंह की मौजूदगी में सूकर पालको का संवेदीकरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डा विवेक सिंह द्वारा सुकर पालकों को बाड़े की साफसफाई, टीकाकरण के संबंध में जागरूक करते हुए पशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव हेतु कृमिनाशक दवापान , टीकाकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी अजुहा डॉ विवेक सिंह , पशुधन प्रसार अधिकारी संजय कुमार , सतीश कुमार , इंदल , छेदी , गोपाल , इंद्रपाल , गुलजार , विष्णु , मनोज , नरेश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत नौगिरा में नारी सशक्तिकरण की दी जानकारी



**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में मिशन शक्ति पंचम चरण के शुभारंभ के छठवें दिवस इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने बच्चों को आत्म रक्षा से संबंधित अपनी अपनी सुरक्षा करना अत्यंत आवश्यक है, के बारे में बताया स बच्चों को खासतौर से बालिकाओं को आत्मरक्षा से संबंधित पोस्टर के माध्यम से समझायास बच्चों के समक्ष नारी शक्ति स्वरूपा के विभिन्न रूपों की झांकी को प्रस्तुत करते हुए नारी बहुत महान व्यक्तित्व है। वह ईश्वर की सबसे अनुपम रचना है। जिसके अंदर ईश्वर ने समस्त गुणों का समावेश किया है। अपने ही समान नारी को मां के रूप में अवतरित किया है। नारी को जगतजननी का अधिकार तक दे डाला इन सद्भावना को उत्प्रेरित करते हुए मिशन शक्ति के छठवें दिन स्कंद माता के स्वरूप की झांकी से जोड़ते हुए नारी शक्ति स्वरुप है उसके अनेक रूपों की झांकी को प्रस्तुत किया गया और आत्मरक्षा की बातों को समझाया गया।

## इलेक्ट्रानिक दुकान से चोरी , पीड़ित ने पुत्र के सहयोगियों पर जताई आशंका

**गुलामीपुर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में इलेक्ट्रानिक की दुकान खोले पीड़ित की दुकान में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान ने रखा सामान पार कर दिया , दुकान मालिक ने पुत्र के सहयोगियों पर चोरी की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही की मांग की है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के रामपुर बढ़नावा निवासी धनराज पुत्र बनवारी लाल ने खोचकीमई गांव के चौराहा में इलेक्ट्रानिक की दुकान खोल रखी है। धनराज का आरोप है कि तीन अक्टूबर की रात उसके दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे सामान को पार कर दिया , चार अक्टूबर को दुकान पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देख दंग रह गया और मामले की सूचना पुलिस को देते हुए पुत्र व उसके सहयोगियों पर चोरी की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम में हुआ भव्य भंडारा



**बारा, कौशाम्बी।** प्राचीन ऐतिहासिक कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका कौशाम्बी में नवरात्रि के शुभ अवसर पर भंडारा किया गया आपको बता दें सिद्ध हनुमान जी माता दुर्गा शिव परिवार ,रामदरबार ,सहित माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित है यहां आने वाले भक्तों की मन की मुराद पूरी होती है उसी क्रम में सराय अकिल बीरू स्वर्णकार ने आश्रम में हनुमान चालीसा पाठ करा कर कन्याओं सहित 51किलो का भंडारा करवाया बीरू स्वर्णकार का कहना है धर्म करने से धन नहीं घटता और धर्म रक्षा हेतु सनातन समाज को आगे आना चाहिए इस दौरान ग्राम गढ़वा सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## सिघवाल गांव का मेला आज और कल

बारा, कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के मां सिंहवहानी दरबार के सामने नवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्राम सिघावल में 9 अक्टूबर दिन बुधवार और 10 अक्टूबर गुरुवार को विशाल मेला का आयोजन हो रहा है आयोजकों द्वारा आग्रह है कि समस्त दुकानदार और क्षेत्र वासियों से मेले में पहुंच कर मेले को सफल बनाएं।

# मिशन शक्ति के 5वे चरण के अभियान में तियरा जमालपुर में महिला शसक्तीकरण के लिए आयोजित की गई गोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति तथा करारी थाना की पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से और थाना अध्यक्ष विनीत सिंह के दिशा निर्देश के अनुसार मिशन शक्ति के पाचवे चरण का शुभारम्भ मंझनपुर ब्लॉक के तियाराजमालपुर गाँव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नारी मुक्ति मंच की अध्यक्ष चंद्रकाली ने बताया की नारी का सम्मान सर्वोपरि है यदि किसी बालिका के साथ विद्यालय जाते समय कोई सोहदे छेड़खानी या अप्शीजनक शब्दों का प्रयोग करता है तो महिला हेल्प लाइन,चाइल्ड लाइन, नंबरों जैसे 1098 ,112 ,1090 ,181 पर काल करके मदद ली अथवा शिकायत किया जा सकता है। महिला आरक्षी रश्मि यादव ने बताया कि घरेलु हिंसा आदि से बचाव हेतु महिला हेल्प डेस्क 181 जो हर थाने में है के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया। थाना करारी के उपनिरीक्षक प्रभुनाथ ने अपनी बात रखते हुए बताया कि बालिका शिक्षा को आगे लाना समाज



कि जिम्मेदारी है आज पढाई हो या खेल सभी में बालिका व् महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। संस्था द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति कि सदस्य संगीता देवी ने लिंग भेद भाव के मुद्दे पर गीत गया श् ओहि कोख बेटा जन्मे वही कोखे बिटिया दुइ रंग नितिया कहे अपनौले बाप जी दुइ रंग नितियाश् गीत गा कर सबका ध्यान आकर्षित किया। समाज में बेटी और बेटे में भेद भाव नहीं करना चाहिए इस मुद्दे पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सञ्चालन संस्था के हीरा लाल ने किया। संस्था से संगीता देवी, नारी मुक्ति मंच कौशाम्बी की अध्यक्ष चंद्रकाली, फूलपती, नीलम देवी, अंशिका यादव हीरा लाल, घनश्याम, मुकेश राव, अजय सिंह, वासी अहमद इसके साथ साथ करारी थाना से महिला आरक्षी शालू यादव, रश्मि यादव, जागृति, ज्योति एवं करारी थाना से उपनिरीक्षक प्रभु नाथ सिंह, उपनिरीक्षक अमित द्विवेदी, कांस्टेबल नितेन्द्र बघेल, रितेश मौर्या, ग्राम प्रधान पप्पू सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूल में हुआ कार्यक्रम

करारी, कौशाम्बी। शासन के निर्देश पर जिले में मिशन शक्ति पांचवें चरण के अभियान में स्कूल,बाजार,कालेज सहित गांव गांव अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव स्थित यूनाइटेड पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम किया गया। एसआई अमित द्विवेदी महिला कांस्टेबल रश्मि यादव,जागृति कश्यप,शालू यादव,ज्योति देवी ने विद्यालय की छात्राओं व महिला अध्यापकों को नारी शक्ति, नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाए गए विभिन हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 101, 1098, 112, 108, 102, 1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। और साथ ही साईबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय की छात्राओं को थानों में बनाए गए महिला हेल्प डेस्क,एन्टी रोमियों टीम के बारे जानकारी देते हुए, थाने के सीयूजी नम्बर की जकनकारी दी गई।

# करारी कस्बे में आधार सेंटर बनवाने की मांग

**▶▶ कस्बा सहित क्षेत्र में नही है एक भी आधार सेंटर**

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कस्बा सहित क्षेत्र में एक भी आधार सेंटर नही होने से लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्ड व आधार संशोधन करवाने के लिए लोग मंझनपुर का चक्कर लगाने पर मजबूर हैं। महीने दौड़ने के बावजूद भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। इसे लेकर कस्बाइयों और क्षेत्रीय लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है।

करारी कस्बे में कुल बारह वार्ड है। आबादी की बात की जाए तो कस्बे की आबादी करीब पच्चीस हजार की है। इसके अलावा कस्बे से करीब पचास क्षेत्रीय गांव जुड़े हैं।

बावजूद इसके करारी कस्बे में एक भी आधार कार्ड सेंटर नही है। जहां लोग अपना नया आधार या फिर आधार संशोधन करवा सकें। स्कूलों में आधार नियमित करने के बाद बच्चों का आधार बनवाने के बाद लोग इधर उधर भटक रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से कस्बे में आधार सेंटर के लिए जिला अधिकारी को पत्र भी भेजा गया। लेकिन आजतक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आलम यह है कि लोग आधार बनवाने के लिए मंझनपुर का चक्कर काट रहे हैं। इसके बावजूद भी आधार नही बन पा रहा है। लोगों ने जिला अधिकारी से आधार सेंटर खुलवाने की मांग की है।

### डाकघर में बना आधार सेंटर पड़ा है ठप

करारी, कौशाम्बी। करारी कस्बा स्थित डाकघर में आधार सेंटर बना है। सालभर पहले तक इसमें आधार बनता था। लेकिन वर्तमान में यह ठप पड़ा है। डाकघर के कर्मचारी बताते हैं कि आधार सेंटर तो है लेकिन आधार बनाने वाले किसी कर्मी की यहां नियुक्ति नहीं है।

यही कारण है कि यह ठप पड़ा है। यदि जिला अधिकारी के निर्देश पर किसी कर्मचारी की नियुक्ति हो जाए तो पुनः नया आधार, आधार संशोधन का कार्य शुरू हो जाएगा।

## मामूली बात पर दबंगों ने युवक को लाठी डंडो से बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के अगियौना गांव में गाड़ी टक्कर लग जाने को लेकर दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा, युवक को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारा पीटा है, मारपीट से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना पर पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।करारी इलाके के अगियौना गांव निवासी राजकुमार पुत्र मुन्ना ने बताया की रोज की तरह रविवार की शाम वह खाना पीना खाकर अपने घर के पास था। तभी गांव के ही हेम पासी पुत्र कुंवारे मोटका पुत्र प्रेम राज के पास पहुंचे और गाडी में टककर लग जाने को लेकर लाठी डंडो से बेरहमी पुर्वक मारने पीटने लगे, मारपीट से वह गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़ा, जब तक राज के परिजन पहुँचते तब तक आरोपी मारपीट कर भाग गए, परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहाँ उसका इलाज चल रहा है, पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लक्ष्मण ने खीचीं रेखा नही लांघ सके लंकापति रावण

- छल से लंका पति ने किया सीता का हरण सुध-बुध खो दी प्रेम में
- झूठे बेर खिलाय, भगतन सम्मुख देख के राम नयन भर आए

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित हिन्दु धर्म सभा श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में सीता हरण सेवरी निवास का मंचन किया गया, मंचन में प्रभु श्रीराम मुनि के साथ आश्रम पहुंचते हैं। मुनि पंचवटी में कुटी बनाकर राम, सीता और लक्ष्मण के रहने की व्यवस्था कराते हैं। यहीं पर रावण की बहन सूर्पनखा आती है, लक्ष्मण उसकी नाक काट लेते हैं। कटी नाक लेकर सूर्पनखा खर दूषण के पास जाती है। प्रभु राम और खर दूषण के बीच युद्ध होता है जिसमें दोनों भाइयों की मौत प्रभु राम के हाथों होती है। इसके बाद सूर्पनखा रावण के दरबार में खर दूषण के मारे जाने की सूचना देती है। लंका पति द्वारा सीता का हरण कर लिया जाता है, मंचन को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में भीड़ जमा रही।



बताते चले कि मंझनपुर के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीराम लीला का मंचन किया जा रहा है। मंगलवार को सीता हरण का मंचन किया गया, मंचन में दिखाया जाता है कि लंका के राजा रावण की बहन सूर्पणखा आकाश मार्ग भ्रमण कर रही थी। अचानक वह राम, सीता और लक्ष्मण को देखती है और पंचवटी आश्रम में उतर कर राम के अनुज लक्ष्मण को विवाह करने के लिए विवश करती है, जिससे क्रोधित होकर लक्ष्मण कटार निकालकर सूर्पणखा की नाक काट देते हैं। कटी नाक लेकर सूर्पनखा खर दूषण के पास जाती है। प्रभु राम और खर दूषण के बीच युद्ध होता है जिसमें दोनों भाइयों की मौत प्रभु राम के हाथों होती है। सूर्पणखा ने घायल अवस्था में अपने बड़े भैया लंका के राजा रावण के दरबार में पहुंच कर आपबीती सुनाई। तब जाकर रावण अपने मामा मारीच को एक स्वर्ण मृग का रूप धारण करके पता लगाने को कहता है। मारीच स्वर्ण मृग का रूप धारण करके जैसे ही जाता है तो माता सीता राम एवं लक्ष्मण से उस मृग को पाने की इच्छा जाहिर करती है तब लक्ष्मण जी अपने आश्रम के चारो ओर एक रेखा खींचकर उस मृग का पीछा करने लगते है राम उस पर बान चला देते पर मृग अंतरध्यान हो जाता है और इधर पुकार सुन माता सीता द्वारा उन्हे विवस कर राम की सुरक्षा के लिए लक्ष्मण को भेजी है। लक्ष्मण कुटी के चारो तरफएक रेखा खिचकर रेखा के बाहर आने से मना कर राम की सुरक्षा के लिए जाते है। रामायण कपटी साधु का भेष धरकर माता सीता का हरण कर आकाश मार्ग से ले जाता है इसी बीच रास्ते में जटायु से उसका युद्ध होता है माता सीता को बचाने के लिए जटायु अपनी जान लगा देता है रावण द्वारा तलवार से जटायु के पंख काटे जाने पर जटायु पृथ्वी पर गिर जाता रावण द्वारा जटायु के पंख काटने का मार्मिक दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो जाते हैं। इधर श्रीराम माता सीता को खोजते हुए मतंग मुनि के आश्रम में पहुंचे। यहां श्रीराम की भेंट शबरी से हुई। सबरी ने राम को चख-चख कर झूठे बेर खिलाएं। शबरी राम को पा खुशी नही समा रही थी। शबरी के आतिथ्य से प्रसन्न हो, भगवान ने उन्हें नवदा भक्ति प्रदान की। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा, महामंत्री पंकज गामा, पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष रूपेश शर्मा, सुशील केसरवानी, सुशील नामदेव, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, झल्लर चौरासिया, रिंकू, सुनील, सोने लाल, रोहित गुप्ता, अजय वर्मा, चट्टू, भग्गू सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं आस-पास क्षेत्र के लोग मौजूद रहें। रोहित गुप्ता ने बताया कि बुधवार को बलिवध, लंका दहन, विभिषण शरणगति लीला का मंचन किया जायेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर निवासी मैंकन पुत्र स्व. सतन 45 वर्ष इटावा में मेहनत मजदूरी करता था। सोमवार की सुबह वह घर परिवार से मिलने आया था। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे वह घर से शौच क्रिया के लिए रेलवे लाइन पार कर खेतों की तरफ जाकर वहां से वापस घर आने के लिए रेलवे लाइन पार कर रहा था। अचानक प्रयागराज से कानपुर की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। ट्रेन के गार्ड की सूचना पर स्टेशन मास्टर के द्वारा पुलिस को मेमो भेजने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही अधेड़ की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान श्रीराम की बारात

लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** विकास खण्ड नेवादा के नूरपुर हाजीपुर गांव में रामलीला के छठे दिन सीता स्वयंवर में भगवान शिव का धनुष टूटने से क्रोधित परशुराम व श्रीराम के विवाह का मंचन किया गया।मंचन देख दर्शक खुशी से झूम उठे।

नूरपुर हाजीपुर गांव में चल रही रामलीला में महामुनि विश्वामित्र भगवान राम और लक्ष्मण को राक्षसों का संघार करने के लिए अपने साथ लेकर जंगल में गए। इस समय जनकपुर में विदेह राजा जनक ने सीता के स्वयंवर का आयोजन किया। राम-लक्ष्मण सहित विश्वामित्र को भी आमंत्रित किया। आमंत्रण पाकर राम लक्ष्मण के साथ विश्वामित्र भी स्वयंवर में पहुंचे। देश के कोने-कोने से राजाओं को आमंत्रित किया गया था। लेकिन किसी ने धनुष को हिलाया तक नहीं। विश्वामित्र के



आदेशानुसार राम ने धनुष को तोड़ दिया। धनुष टूटने से क्रोधित परशुराम और लक्ष्मण से संवाद हुआ श्रीराम के प्रार्थना करने पर परशुराम शांत हुए। उसके बाद सीता ने राम को वरमाला डाली। राजा दशरथ को बारात लेकर आने का न्योता राजा जनक ने दिया। भरत और शत्रुघ्न के साथ राजा दशरथ जनकपुर बारात लेकर पहुंचे और सीता-राम का विवाह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। ग्रामवासी सहित मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान राम व सीता का पांव पूजा और उसके बाद बारात की विदाई हुई। राजा दशरथ अपनी बहू के साथ अयोध्या के लिए प्रस्थान कर गए। इस मौके पर कमेटी के तमाम पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहे।

# वीबीपी स्कूल के अतुल गुप्ता का नेशनल बाक्सिंग में चयन

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** काजीपुर स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के अतुल गुप्ता का नेशनल बाक्सिंग में चयन हो गया है। स्कूल प्रबंधन को जानकारी होने पर खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

सीबीएसई ईस्ट जोन पांच के बॉक्सिंग टूर्नामेंट में वाराणसी के हरी बंधु इंटरनेशनल स्कूल में 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक हुए खेल प्रतियोगिता में अंडर 48 में अतुल गुप्ता का रजत पदक के साथ नेशनल के लिए चयन हुआ है। इन्होंने अपने प्रतिदंद्वी को हराकर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया था। जबकि गोल्ड मेडल पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के खिलाड़ी ने अपना दबदबा कायम रखा। वीबीपीएस काजीपुर से दो खिलाड़ी अंडर 57 में कार्तिक और




अंडर 48 में अतुल गुप्ता गए थे। इसमें अतुल ने रजत पदक प्राप्त किया। यह अगली खेल प्रतियोगिता में जो 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक होने वाली हरियाणा के एसडी सेन सेक्शन स्कूल ककरला महेन्द्रगढ़ में भाग लेंगे।

अतुल के नेशनल में चयन होने के बाद वापस लौटने पर उत्थान संस्था के सचिव डा.केके तिवारी, अध्यक्ष धीरेन्द्र तिवारी और मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक तिवारी, प्रधानाचार्य प्रीति मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय, पीटीआई नकुल तिवारी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## प्रेमी युवक ने सगाई के लिए आए वर पक्ष को दिखाई तस्वीर, टूट गया रिश्ता

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम युवती की सगाई के लिए आए वरपक्ष को युवती के प्रेमी ने उसके साथ की तस्वीर दिखा दी। फोटो देखकर वह सभी बिना रिश्ता किये वापस चले गए। पीड़ित ने पुलिस चौकी जाकर मामले की तहरीर दी।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दिया है।चरवा क्षेत्र के बरियांवा पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव की युवती का रिश्ता प्रयागराज के नया पुरवा बमरौली गांव में तय हुआ था। सोमवार को वर पक्ष के लोग सगाई की रस्म अदा करने के लिए युवती के घर जा रहे थे। इधर युवती के घर पर उनके अगवानी और सेवा की पूरी तैयारी हो रही थी। वह गांव में पहुंच कर युवती के घर की तरफ जाने लगे। इसी दौरान एक परचून की दुकान में पहले से बैठे युवती के प्रेमी ने रिश्तेदारों को युवती की अपने साथ खींची गई कुछ तस्वीरें दिखाते हुए उसका खर्च पूरा करने का दावा करने लगा। आरोप है कि वहीं से वर पक्ष के लोग बिना रिश्ता किए वापस लौट गए। इसकी जानकारी जब वधू पक्ष को हुई तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस चौकी जाकर मामले की तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दिया है।

# कक्षा 9 की छात्रा काजल बनीं एक दिन की डीएम



**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति के तहत जनपद में कक्षा 9 की छात्रा को दो घंटे का डीएम बनाया गया। जिलाधिकारी कौशांबी की कुर्सी पर बैठ कर काजल ने जनसुनवाई करते हुए समस्याओं का निस्तारण किया। इस दौरान डीएम मधुसूदन हुल्गी छात्रा काजल के आदेश का अनुपालन कराते दिखे। बाकी अफसर भी बगल में कुर्सी लगा कर बैठे रहे। डीएम मधुसूदन हुल्गी के मुताबिक नवरात्रि के खास पर्व पर नारी शक्ति मे आत्मविश्वास पैदा करने के लिए यह कदम उठाया गया। डीएम की कुर्सी पर बैठी छात्रा काजल ने भविष्य मे आईपीएस बनने का सपना संजोए है।

विकास खंड सिराथू के भीखमपुर गांव के राजाराम की पुत्री काजल कसिया पश्चिम में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है। काजल कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में बतौर डीएम की कुर्सी पर बैठी। इस दौरान काजल ने जनसुनवाई की, और फरियादियो की समस्या का निस्तारण किया। बतौर डीएम काजल ने एक दर्जन से अधिक शिकायती पत्र का अवलोकन किया। इस दौरान काजल ने मौजूदा डीएम की मदद से आधा दर्जन शिकायती पत्र का तत्काल निस्तारण किया। वही एक छात्र निवास की समस्या लेकर आया, इस समस्या को काजल ने कुछ ही मिनटों मे दूर कर दिया। बतौर डीएम काजल ने समस्याओं को सुनते हुए किस प्रकार से जिलाधिकारी के पद का निर्वहन किया जाता है, इसकी सीख ली। प्रतीकात्मक रूप से दो घंटे की जिलाधिकारी बनी काजल ने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी बनना चाहती है। डीएम की कुर्सी पर बैठ कर बहुत खुशी मिली। छात्रा के मुताबिक उसे जो गौरव आज डीएम की कुर्सी पर बैठ कर हासिल हुआ है वह जीवन भर नहीं भूल सकती है। इससे बाकी छात्रों को भी सीख लेने की जरूरत है और शिक्षा के महत्व को बताते हुए इसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि नवरात्रि के खास पर्व व मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत गर्ल्स स्टूडेंट्स मे आत्म विश्वास को बढ़ाने के लिए आज यह कदम उठाया गया है। इससे अन्य बेटियाँ सबक के तौर पर लेकर अपने जीवन के उदेश्य को पूरा करने को आगे बढ़े। उन्होने 2 घंटे की डीएम काजल की उज्ज्वल भविष्य की कमाना कर उसका उत्साह वर्धन किया।

## सम्पादकीय

# जयशंकर चुप ही रहे

पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है? इसका आधार पूरे सियासी दायरे में क्यों नहीं है? फिर उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं?विदेश नीति के मोर्चे पर भारत को गहरे आत्म-निरीक्षण की जरूरत है, लेकिन वर्तमान सरकार से इसकी अपेक्षा निराधार है। इस सरकार की पहचान प्रतिकूल स्थितियों में अनुकूलता के तत्व गढने) की रही है। यही संकेत फिर मिला, जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर वॉशिंगटन स्थित एशिया सोसायटी के संवाद में शामिल हुए। वैसे उनसे यह सुनना कर्णप्रिय लगा कि पड़ोसी देशों की अंदरूनी घटनाएं भारत की इच्छा के मुताबिक घटे, ऐसी अपेक्षा भारत नहीं रखता। संदर्भ लगभग दो महीने पहले बांग्लादेश में हुए सत्ता पलट और इसी हफ्ते श्रीलंका में आए चुनाव नतीजों का था। पांच अगस्त को शेख हसीना के देश छोड़ने पर मजबूर होने के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं ऊफान पर हैं। इधर समझा जाता है कि श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनूरा कुमार दिसानायके और उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना परंपरागत रूप से भारत विरोधी रही हैं। मतलब यह कि दो महीनों के अंदर दो पड़ोसी देशों में भारतीय विदेश नीति के लिए नई चुनौतियां पैदा हुई हैं। आत्म-निरीक्षण का विषय यह होना चाहिए कि आखिर पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है? इसका आधार पूरे सियासी दायरे में व्यापकता लिए क्यों नहीं है?आत्म-निरीक्षण का दूसरा विषय है कि उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं? अभी हाल में गृह मंत्री अमित शाह झारखंड में चुनाव प्रचार में गए, तो वहां उन्होंने बांग्लादेशियों के बारे में कुछ ऐसा कहा, जिससे बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं फिर भड़क उठीं। शाह पहले भी बांग्लादेशियों के लिए दीमक जैसे शब्द बोल चुके हैं। इसी तरह तमिलनाडु में चुनाव के मौके पर प्रधानमंत्री ने कच्चतिवू द्वीप का मसला जोरशोर से उठाया था, जिसको लेकर श्रीलंका में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। विडंबना यह है कि चुनाव के बाद कच्चतिवू के सवाल को भुला दिया गया। सत्ता के शिखर पर बैठे नेता जब चुनावी गणना के मुताबिक दूसरे देशों से संबंधित मुद्दे गरमाते हैं, तो क्या उन्हें इसके उन देशों में संभावित असर का ख्याल नहीं रहता? ऐसे बिंदुओं पर जयशंकर चुप ही रहे।






# बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गई ...

**अशोक भाटिया**

1974 में बनी हिन्दी भाषा की फिल्म मनोज कुमार और अमिताभ बच्चन अभिनीत %रोटी कपड़ा और मकान% का यह गीत गुजरे जमाने में काफी पसंद किया गया था जिसमें सन्देश था कि बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गई ...... गीत कहता है आदमी आपस की लड़ाई, जुदाई, तन्हाई, खुदाई में परेशान है। ऐसे में उसे अंत में महंगाई का दंश झेलना पड़ता है। आज यही सब कुछ हो रहा है । राजनैतिक दल आपसी लड़ाई में व्यस्त है । देश हर 2-3 महीने में चुनाव होते रहते है । सभी नेता लोग अपनी ङ्क अपनी डफली अपना ङ्क अपना राग लेकर चुनावी समर में उतर जाते है व आम लोगों की मूल समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता । किलों में बिकने वाली सब्जिया आज उसी भाव में एक पाव में बिक रही है । लोग थैला लेकर सब्जियां लेने जाते है व खाली थैला लेकर घर वापस आ जाते है । इस हालात पर पाकिस्तानी कलाकार उमर शरीफ के एक पुराने नाटक का एक डायलाग याद आता है जब कलाकार उमर बाजार खरीदी करने गया और लौट के घर आया तब बीबी पूछती है क्या लेकर आए हो तब उन का जवाब होता है , बेगम मैं तो भाव देख कर ऐसे ही घर आ गया बस 'खाली थैला लेकू गया था और खाली थैला ही लेकर लोटा हूँ । अब वो पुरानी सभी डायलोग सच होते जा रहे है । दरअसल इस समय देश में महंगाई की मार से आम जनता परेशान है। सब्जियों के दाम में भी कमी और उछाल का दौर जारी है। चावलों के दाम बढ़ने के बाद सरकार ने चावलों के निर्यात पर बैन लगा दिया था। जिसके बाद चावल की कीमत तो नियंत्रण में आ गई। लेकिन अन्य वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं। अभी तक लगातार बरसात के चलते दाल, राजमा, मटर जैसी चीजों के दाम में उछाल जारी है।फुटकर में टमाटर 120 रुपये प्रति किलो और हरी मिर्च 150 रुपये प्रति किलो तक बिक रहे हैं। भिंडी, अरबी, तोरई, बैंगन 80 रुपये किलो पर पहुंच गए हैं। लौकी 100 रुपये किलो है। लहसुन देसी 400 के पार हो गया है ।अधिकतर हरी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। कुछ सब्जियां क्षेत्र के हिसाब से भी महंगी हैं।वैसे देखा जाय तो केवल भारत में ही नहीं दुनिया भर में जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है वो किसी से छुपी नहीं है। बढ़ती कीमतों ने लोगों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है, जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा समाज के गरीब तबके को उठाना पड़ रहा है।इस पर संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास संगठन (यूएनसीटीडी) द्वारा जारी ताजा विश्लेषण से पता चला है कि खाद्य कीमतों में जब 10 फीसदी के उछाल से, निर्धन परिवारों की आय में 5 फीसदी की गिरावट देखी जाती है। देखा जाए तो यह राशि इतनी है जितनी वो परिवार आमतौर पर अपनी स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी जरूरतों पर खर्च करता है। यूएनसीटीडी के अनुसार दुनिया भर में तेजी से आसमान छूती महंगाई और बढ़ता कर्ज बड़ी समस्या बन चुका है। इसके साथ-साथ खाद्य पदार्थों और ऊर्जा साधनों की बढ़ती कीमतों के चलते करोड़ों लोग जीवन यापन के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। दो साल तक महामारी जूझने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति भी तब से ख़राब चल रही है। ऊपर से यूक्रेन तथा इजराइल के जारी युद्ध और जलवायु में आते बदलावों ने स्थिति को बद से बदतर बना दिया है। आंकड़ों की मानें तो आज 60 फीसदी मजदूरों की वास्तविक आय महामारी से पहले की तुलना में कम है। इतना ही नहीं दुनिया के 60 फीसदी सबसे कमजोर देश कर्ज के दलदल में फंसे हुए हैं। अनुमान है कि अफ्रीका में 5. 8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बस थोड़ा ऊपर हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर 410 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड' से पता चला है कि 2021 में करीब 82.8 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार थे। यह आंकड़ा कितना विशाल है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह भारत की करीब 59 फीसदी आबादी के बराबर है।वहीं 230 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। जिन लोगों को खाना मिल भी रहा है उनकी स्थिति भी कोई ख़ास अच्छी नहीं है। पता चला है कि स्वस्थ आहार दुनिया में 310 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है।खा जाए तो एफएओ द्वारा जारी फूड प्राइस इंडेक्स करीब-करीब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है और पिछले साल की तुलना में इस समय 20.8 फीसदी ज्यादा है। यही हाल ऊर्जा क्षेत्र का भी है। जहां कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। वहीं ऊर्जा कीमतों में भी 2021 की तुलना में इस साल 50 फीसदी वृद्धि की आशंका है। ऐसा ही कुछ उर्वरकों के साथ भी हो रहा है जिनकी कीमतें 2000 से 2020 के औसत की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा हो चुकी हैं।देखा जाए तो एशिया और अफ्रीका में रहने वाले 9 करोड़ लोग, जो पहले बिजली इस्तेमाल कर रहे थे अब स्थिति यह है वो अपनी ऊर्जा सम्बन्धी बुनियादी जरूरतों का भुगतान नहीं कर सकते हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते हर साल करीब 2 करोड़ लोगों को मजबूरी में विस्थापित होना पड़ रहा है। अनुमान है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल 41।6 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।नतीजन इसका असर न केवल खाद्य उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर पड़ रहा है साथ ही उत्पादन में भी गिरावट आ रही है। यह सब कुछ यहीं तक ही सीमित नहीं रहेगा, इसका असर अगले सीजन में भी बढ़ी कीमतों के रूप में सामने आएगा।यदि आम लोगों के जनजीवन पर पड़ते असर की बात करें तो बढ़ती महंगाई का मतलब है कि खाद्य उत्पादों और ऊर्जा कीमतों में इजाफा आ जाएगा, जिसका असर लोगों की वास्तविक आय पर पड़ेगा। उनके रहनसहन के स्तर में गिरावट आ जाएगी, जो अगले चलकर उनके भविष्य की संभावनाओं को भी प्रभावित करेगा।अनुमान है कि इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और लड़कियों पर पड़ेगा। इसकी वजह से सामाजिक रुपरेखा में जो दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगें वो चिंताजनक हैं। बढ़ती गरीबी से लेकर असमानता की खाई कहीं ज्यादा गहरी हो जाएगी। शिक्षा के स्तर और उत्पादकता में गिरावट आ जाएगी, साथ ही लोगों की मजदूरी भी कम हो जाएगी। इसका असर सरकारों की इस तरह के संकटों से निपटने की क्षमता पर भी पड़ेगा जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है।इस स्थिति से निपटने के लिए जहां कुछ परिवारों को अपने भोजन की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ सकता है। वहीं बच्चों को शिक्षा से वंचित होने से लेकर स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चों के साथ समझौता करना पड़ रहा है। ऐसे में जब परिवार अपने खर्चों में कटौती करने की कोशिश करेंगें तो वो सस्ते उत्पादों की तरफ जाएंगें, जिनकी गुणवत्ता उतनी बेहतर नहीं होगी। नतीजन यह उन्हें आगे चलकर कहीं ज्यादा महंगा पड़ेगा।इस मामले में यूएनसीटीडी की महासचिव रिबेका ग्रिन्सपैन का उपभोक्ता संरक्षण पर हाल में हुई बैठक में कहना था कि सरकारों को अपने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए दीर्घकालीन मिशन को जारी रखने की जरुरत है। संगठन का कहना है कि एक तरफ विकसित देश हैं जिन्होंने अपने उत्पाद सुरक्षा ढांचें को मजबूत किया है। इसके लिए उन्होंने कानून उनके क्रियान्वयन, उत्पादों को वापस लेना सहित संचार अभियान जैसे उपायों को शामिल किया है।वहीं दूसरी तरफ विकासशील देशों में इसको लेकर मौजूदा प्रणालियां जर्जर अवस्था में हैं, जो असुरक्षित उत्पादों के अभिशाप को नियंत्रित करने में असमर्थ रही हैं। ज्यादा दुखद यह है कि देश के लगभग सभी राजनैतिक दलों के छोटे से लेकर बड़े नेता सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए आम जनता का ध्यान भी इन्हीं चीजों की तरफ केन्द्रित करने के प्रयास करते हैं। कैश क्राप्स की कीमत प्रतिदिन सब्जी मंडियों में आने वाली सब्जी की आवक पर निर्भर करती है जिसका सीधा सम्बन्ध किसान से होता है। किसान के खेत में जितनी उपज होती है वह दैनिक आधार पर मंडी में ले आता है और उस उपज को देखते हुए उस सब्जी या फल के दाम नियत हो जाते हैं। यहां से माल खुदरा बाजार में जाता है और प्रत्येक खुदरा कारोबारी के लाभ के अनुसार उसके दाम बढ़ते जाते हैं। लेकिन असली महंगाई स्थायी उपजों जैसे गेहूं, आटा, चावल, दाल, चीनी, तेल, गुड़ , मसालों, दूध, दही, घी आदि की होती है। उत्तर भारत के गांवों में एक कहावत बहुत प्रचलित हुआ करती थी कि यदि 'गेहूं महंगा तो सब महंगा'। मगर यह संरक्षणात्मक अर्थव्यवस्था के दौर की कहानी है। पिछले तीन दशकों में भारत बहुत बदला है और इसकी अर्थव्यवस्था के मूल मानकों में भारी परिवर्तन आया है। सेवा क्षेत्र का हिस्सा सकल विकास उत्पाद में लगातार बढ़ रहा है। औद्योगिक व उत्पादन क्षेत्र का अंश भी बढ़ रहा है। अतः हमें लोहों से लेकर सीमेंट व अन्य धातुओं के साथ औषधि क्षेत्र व घरेलू टिकाई उपकरणों ( बिजली उत्पादों समेत) के उत्पादों की महंगाई की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। इन सभी उत्पादों की कीमत बढ़ने का सीधा असर उपभोक्ता सामग्रियों पर पड़ता है।अर्थात अब अर्थव्यवस्था के समीकरण बदलने लगे हैं। भविष्य में यह चलन और गहरा होगा क्योंकि भारत तरक्की की राह पर चल रहा है और डिजिटल दौर में प्रवेश कर चुका है। अब जाकर हमें अपनी अर्थव्यवस्था के आधारभूत मानकों की तरफ देखना होगा जिनकी वजह से महंगाई पर लगाम कसे जाने की संभावनाएं पैदा होंगी। औद्योगिक उत्पादन से लेकर यदि टिकाऊ घरेलू उपभोक्ता सामग्री का उत्पादन बढ़ रहा है तो हमें ज्यादा फिक्र करने की जरूरत नहीं है और यदि सेवा (पर्यटन समेत) क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है तो सोने पर सुहागा। ये दोनों कारक आय में वृद्धि और उसके वितरण के वाहक होते हैं। बाजार मूलक अर्थव्यवस्था को मोटे तौर पर इससे भी समझा जा सकता है। परन्तु गैस सिलेंडर से लेकर पेट्रोल व डीजल के दाम इस बात पर निर्भर करते हैं कि सरकारें इनके मूल दामों में किस हद तक उत्पादन शुल्क या बिक्रीकर ( वैट) के मामले में समझौता करने को तैयार होती हैं। मगर यह इस बात पर निर्भर करता है कि सरकारों की आमदनी अन्य उत्पादनशील मदों से किस हद तक होती है। **वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार



# टैगोर से दूर जाता बांग्लादेश

**आर.के. सिन्हा**

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे अपने ही राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन अब बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ यही है कि टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद कठमुल्ले चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर का लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को देश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसले लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है। वैसे तो बांग्लादेश में, नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि बांग्लादेशी के राष्ट्रगान को बदलने की ÷कोई योजना नहीं÷ है। सरकार ÷ऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो।÷ हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगान÷आमार सोनार बांग्ला÷ (%मेरा स्वर्णिम बंगाल%) की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के ÷अमी कोथाय पाबो तारे÷ से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी। दरअसल बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित सा ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलन की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आज़मी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमाते ए इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तान सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया। इसे बदला जाना ही चाहिए।इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की 1975 में हुई हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। यह दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं।गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। बांग्लादेश में क़ाज़ी नज़रुल इस्लाम जैसे महान बांग्ला कवि को भी खारिज किया जा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू देवी- देवताओं की स्तुति में लिखा है । बांग्लादेश में ऐसे गीत की मांग हो रही है जिसमें ÷दूसरी स्वतंत्रता÷ का उल्लेख हो। बांग्लादेश में यूएनआई न्यूज एजेंसी के संवाददाता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार और संपादक महेन्द्र वेद बताते हैं कि बांग्लादेश में राष्ट्रगान बदलने की मांग शेख मुजीब की अगस्त 1975 की हत्या के तुरंत भी बाद शुरू हुई थी। राष्ट्रपति खोंडकर मुश्ताक अहमद ने एक समिति का गठन किया जिसने राष्ट्रगान को क़ाज़ी नज़रुल इस्लाम या फ़ारूख अहमद के लिखे गीतों से से बदलने का प्रस्ताव रखा था। हालाँकि, उस वर्ष नवंबर में खोंडकर के हटाए जाने के बाद यह पहल पूरी नहीं हुई।राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में, %राष्ट्रवादियों% ने ÷एक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगान÷ को अपनाने की मांग की। 1979 में, कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधान मंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला ÷राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीत÷ है क्योंकि इसे ÷एक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थी÷। उन्होंने ÷प्रथम बांग्लादेश÷ का प्रस्ताव रखा। जिया के राष्ट्रपति पद के दौरान, राष्ट्रीय टेलीविजन और सरकारी कार्यक्रमों के दौरान ÷अमार सोनार बांग्ला÷ के बाद यह गीत बजाया जाता था। 1981 में जिया की हत्या के बाद यह बंद हो गया। यह गीत वर्तमान में जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का ÷पार्टी गीत÷ है। जिया की पत्नी बेगम खालिदा जिया 2002 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं जब बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेता मोतीउर रहमान निजामी ने ÷इस्लामी मूल्यों और भावना÷ को शामिल करने के लिए टैगोर के गीत में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि देश कि कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। बहरहाल,बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीब की मूर्तियाँ नष्ट कर दी गई और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि मनाई गई। बहुत साफ है कि बांग्लादेश अब बदल रहा है। उस पर कठमुल्लों का असर बढ़ता जा रहा है।अब बांग्लादेश उस पाकिस्तान के करीब आ रहा है जिसकी सेना ने ईस्ट पाकिस्तान में भयंकर कत्लेआम किया था। बांग्लादेश में 1971 में हिन्दुओं पर पाकिस्तानी सेनाओं का कहर टूटा था। उस समय खुलना , खुस्तिया, इसर्दीह आदि स्थानों पर क्या नरसंहार हुआ , क्या तबाही का आलम था , एक युद्ध संवाददाता के रूप में उसका प्रत्यक्षदर्शी गवाह स्वयं मैं हूँ । न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी 29 जून, 1971 की एक लोमहर्षक रिपोर्ट में पूर्वी पाकिस्तान के शहर फरीदपुर में सेना के आतंक की कहानी बयां की थी। पाकिस्तानी सेना ने फरीदपुर में हिंदुओं की दुकानों पर बड़े पीले रंग से 'एच' लिख दिया था जिन्हें सेना ने लूटना था। जाहिर है, 'एच' का मतलब हिन्दुओं की दुकानों से था। फरीदपुर के दस हजार हिंदुओं में से अधिकतर की हत्या कर दी गई थी और बचे-खुचे भारत में जान बचा कर चले गए थे। दरअसल 1971 में पाकिस्तानी फौजों ने फरीदपुर ही नहीं, बल्कि सारे पूर्वी बंगाल में हिन्दुओं को मारा था। पाकिस्तानी सेना पूर्वी पाकिस्तान से हिन्दुओं का नामोनिशान मिटाने पर लगी हुई थी। अब ये सवाल नहीं है कि जब भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे या अधिक। यह सवाल भी नहीं हैं कि क्या बांग्लादेश हिन्दू-विहीन हो जाएगा और वहां से गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्र गीत को खत्म कर दिया जाएगा ? **(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## समसमायिक

### सृष्टि की सृजनात्मिका

सृष्टि की सृजनात्मिका तुम,
तुम धरा की सर्जना हो।
शब्द जिनसे पल्लवित हों,
तुम वही अभिव्यंजना हो।
भक्ति में जो भी झुकेगा,
गोद में रखती सुरक्षित।
शत्रु जिनसे कांप जाते,
बस वही तुम गर्जना हो।
कोमलांगी मन सबल है,
कर्मनिष्ठा प्रण अटल है।
अधिष्ठात्री नमन देवी,
देव की तुम अर्चना हो।
मातु, मंत्री सहचरी सह,
ज्ञान की तुम दर्पना हो।
सृष्टि तुझसे ही प्रकाशित,
आंगनों की रंजना हो।
गाँव के मन्दिर से लेकर,
नगर के कोलाहलों तक।
आम जन से काल तक तुम,
हर जगह संचालिका हो।
तुम सुनहरे शब्द में भी,
प्राण सा अक्षर बनी हो।
नाद जिसमें हो समाहित,
काव्य की अभिकल्पना हो।
सृष्टि की सृजनात्मिका तुम,
तुम धरा की सर्जना हो।



**मधुलिका राय**
**गाजीपुर**

### आकर के माँ करो बसेरा

तम घेरा है मन मंदिर को,
आकर के माँ करो बसेरा।
भटक रहे हैं सारे प्राणी,
तुम्हीं करो माँ दूर अँधेरा।।
तू जग जननी मातु भवानी,
तू ही देवी दुर्गा काली।
तेरी चरणों में स्थान मिले,
माता सबकी शेरावाली।।
भक्ति भाव से पूर्ण करो माँ,
हूँ अबोध बालक मैं तेरा।
तम घेरा है मन मंदिर को,
आकर के माँ करो बसेरा।।
तुमसे सूरज चाँद सितारे,
तुमसे ही जग में उजियारा।
सबके दिल में प्रेम जगाकर,
करती विषपान स्वयं सारा।।
सौंप दिया है मैंने जीवन,
बेड़ा पार लगा दो मेरा।
तम घेरा है मन मंदिर को,
आकर के माँ करो बसेरा।।



**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। |
| वृष | आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। बच्चों से कोई अच्छी खबर मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। |
| मिथुन | आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे। आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे। |
| कर्क | आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे, उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। अपनी रूटीन में सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे। |
| सिंह | आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से आपको बचना चाहिए। |
| कन्या | आज आपका दिन शानदार रहेगा। मेडिकल स्टोर वालो को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा। आस पास के लोग आपके लिए मददगार साबित होंगे। |
| तुला | आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा। |
| वश्चिक | आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। व्यापार को बढाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा। मिल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। घर के बड़ो से कोई नई बात आप सीखेंगे। व्यापार में धन लाभ की प्राप्ति होगी। |
| धनु | आज नए कार्यो को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ पुरानी बातें याद करतें हुए समय बितायेंगे। |
| मकर | आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा, लोग आपकी तारीफ़ करेंगे। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं, वो अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कार्यो से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे, बड़ो की राय बेहतर साबित होगी। सामाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज आपके परिवार में सौहार्द बना रहेगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगें। |
| मीन | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपके जरूरी कार्य पूरे हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। |

### अगर धीरे-धीरे आपकी भी याददाश्त हो रही है कमजोर, ये हो सकते हैं अल्जाइमर के संकेत

अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी है जो सीधे तौर पर आपके दिमाग को इफेक्ट करती है. आमतौर पर ये बीमारी बुढ़ापे के समय में होती है, जो कि सामान्य है. लेकिन आज कल के भागदौड़ भरी लाइफ और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ये बीमारी कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिल रही है. अगर आपको भी इसके कुछ संकेत दिखाई दें तो इसे इग्नोर न करें और अपने डॉक्टर से संपर्क करें. जानकारी के अनुसार इस बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त, समझ और फैसले लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है. ऐसे में इसके शुरुआती लक्षण के बारे में जानकारी होने बेहद जरूरी है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अल्जाइमर की स्थिति होने पर मस्तिष्क की कोशिकाओं का एक दूसरे से जुड़ाव कम हो जाता है जिससे व्यक्ति के मस्तिष्क के काम करने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है. ऐसे में व्यक्ति का नर्वस सिस्टम सही से काम नहीं करता. इसके बाद व्यक्ति की सोचने समझने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है. और फिर वो हर छोटी-बड़ी बातों को भूलने लगता है. धीरे-धीरे ये चीजें व्यक्ति पर हावी होने लगता है और एक समय ऐसा भी आता है जब इंसान बोलने में भी अटकने लगता है. बता दें कि अभी तक इसके होने का सटीक कारण पता नहीं चल पाया है. हालांकि अभी इस पर रिसर्च जारी है. लेकिन कुछ मामलों में डॉक्टर्स का मानना है कि ये जेनेटिक हो सकते हैं. वैसे तो अल्जाइमर के कोई सटीक संकेत नहीं है, जिसकी मदद से ये पता लगाया जा सके कि किसी व्यक्ति को अल्जाइमर की बीमारी है. लेकिन अगर कोई व्यक्ति अपनी छोटी-बड़ी बातों को बड़ी जल्दी भूल जाता है तो ये अल्जाइमर के शुरूआती संकेत हो सकते हैं.

# सरकारी योजनाओं तक जरूरतमंदों की पहुंच बनाना मिशन शक्ति का उद्देश्य-नीरजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति फेज-पांच के तहत जिलाधिकारी के निर्देशन मे पट्टी ब्लॉक के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज बहुता मे छात्र एवं छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वन स्टाफ सेन्टर की केंद्र प्रबन्धक नीरजा सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य उनकी सुरक्षा के साथ साथ सरकारी योजनाओं की जरूरतमंदों तक पहुंच बनाना है। नीरजा ने कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन के सेंटर कोर्डिनेटर रिचा ओझा ने 1098, 1090, 1076, 112, 102, 108 आदि हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा करना हमारी हेल्पलाइन की पहली प्राथमिकता है।

इसी क्रम में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने छात्राओं को गुड टच बैट टच के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर उपस्थित विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी राजेश सिंह ने बाल विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि नाबालिग बच्चों का विवाह करना हमारे समाज के लिए अभिशाप है इसे रोकने के लिए हम सबको आगे आना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी (ए.एच.टी.यू.) संजय यादव ने छात्रों को छेड़खानी, बाल विवाह व बालश्रम ना करने के लिए हाथ उठाकर शपथ दिलाई।

महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य- बच्चे लाल तथा संचालन हकीम अंसारी ने किया। इस जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर बाल अधिकार परियोजना के कोर्डिनेटर शिवशंकर चौरसिया, शकुंतला देवी, सेतु प्रोग्राम के शोध अधिकारी श्याम शंकर शुक्ल, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से बीनम विश्वकर्मा, निशा परवीन, माधुरी मौर्या, कांस्टेबल जितेन्द्र सिसोदिया, आलोक, तौसीफ रजा, सहित बहुता के ग्राम प्रधान वाहिद अंसारी ने अपना विचार व्यक्त किया।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** फत्तनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला उपनिरीक्षक रेखा देवी मय हमराह संग कैप्टन बीपी यादव इण्टर कालेज बैरमपुर सुवंसा मेंछात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि छात्राएं निडर होकर पढ़ाई करें और खुद को स्वावलम्बी बनाने का प्रयास करें। का. रणजीत सिंह, का. राहुल पाल, म.का. सारिका सिंह ने छात्राओं को कैरियर टिप्स देते हुए कहा कि किसी भी समस्या में थाना का सीयूजी नं 9454404109 पर सुचना दे अथवा टोल फ्री हेल्पलाइन नं 1090, 1098, 1076, 112,108 व 1930 पर सूचित करें। छात्राओं ने भी महिला हेल्प डेस्क के पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रकार के सवालों का जवाब प्राप्त की और सरकार एवं पुलिस कर्मियों की सराहना करते हुए साथ में फोटो भी ली। इसी क्रम में माँ बाराही धाम पर भी टीम जाकर महिलाओं को जागरूक की और सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

## छात्र छात्राओं को महिला सब इंस्पेक्टर ज्योति ने किया जागरुक



**लीलापुर प्रतापगढ़।** अपराधों को रोकने के लिए महिला उपनिरीक्षक ने छात्र छात्राओं को किया जागरुक आत्म रक्षा के बताए गुण तथा हेल्प के लिए विभिन्न नम्बरों की जानकारी दी । पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार के निर्देशन में थाना लीलापुर प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में स्थानीय थाना अन्तर्गत ब्राम्ही बालिका इण्टर कालेज रमेश नगर लीलापुर में एण्टी रोमियो टीम के साथ महिला सब इंस्पेक्टर ज्योति के ने अपराधों को रोकने के लिए छात्र छात्राओं को किया तथा छात्र छात्राओं को हेल्प लाइन विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108,साइबर हेल्पलाइन 1930,और थाने का सीयूजी नंबर के बारे में जानकारी देते हुए नंबरों के बारे में विस्तृत रूप से बताया और जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस आप सब की सुरक्षा के लिए आप के साथ है। सब इंस्पेक्टर ज्योति सिंह ने किताब की कविता बुंदेले हरि बोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लडीघ् मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी को पढ़कर सुनाया और कहा कि आप निडर होइए और यह एहसास कराइए कि महिलाएं एवं बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं हम भी आत्मरक्षा कर सकती हैं । इस मौके पर प्रबंधक बृजेन्द्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्या संगीता सिंह महिला कांस्टेबल आरती यादव रंजना भारद्वाज सहित कालेज के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# भरत चौक में प्रभु श्री राम का विवाह देखने उमडा भक्तों का सैलाब

### ▶▶ ठठेरी बाजार बना अवध बाबागंज बनी जनकपुरी






**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**श्री रामलीला समिति द्वारा श्री राम बारात चिलबिला महुली भ्रमण करके देर रात्रि भरत चौक पहुंची। ठठेरी बाजार अयोध्या बना था और बाबागंज जनकपुरी बनी थी। प्रभु श्री राम के पक्ष से रामलीला समिति के पदाधिकारी संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता थे। राजा जनक की भूमिका में रवि केसरवानी आदि थे। प्रभु की बारात भरत चौक पहुंचने पर राजा जनक के रूप में रवि केसरवानी ने सभी पदाधिकारीयो का मिलना कराकर द्वार पूजा की रश्म अदायगी की। माता जानकी एवं प्रभु श्री राम का हाइड्रोलिक मंच से विवाह संपन्न कराया गया। यह दृश्य देखने को भरत चौक में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था।

अतिथिगण में भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह,सीओ सिटी शिवनारायण वैश्य, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह, अशोक सिंह, राजेंद्र केसरवानी, आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रतन जैन, नितेश खंडेलवाल, अवनीश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य, बंटी नेता आदि को श्री रामलीला समिति ने सम्मानित किया। विवाह के पश्चात सभी अतिथियों ने भगवान श्री राम माता सीता की आरती उतारी।कार्यक्रम का संचालन संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू द्वारा किया गया। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी अतिथियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मीडिया परिवार व सभी राम भक्तों, पदाधिकारीयो का आभार जताया।

## दहेज हत्यारोपी वांछित अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,।प्रतापगढ़।** दहेज हत्या के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह व थाना हथिगवां प्रभारी निरीक्षक श्री नन्दलाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक पाण्डेय मय हमराह उ0नि0 राहुल कुमार, का0 अनिल कुमार यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0गुलफाम पुत्र मौला निवासी ग्राम कूढ़ा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 08.10.2024 को थानाक्षेत्र के खिदिरपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त मो0 गुलफाम पुत्र मौला निवासी ग्राम कूढ़ा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

# 25 हजार का शातिर इनामी अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल

### ▶▶ चोरी डकैती हत्या के प्रयास के दर्जनभर मुकदमें है दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ।** 25000 का इनामी वांछित शातिर अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। इलाज के बाद विधिक करवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बंतरी रैयापुर निवासी कमलेश दुबे पुत्र अखिलानंद दुबे चोरी डकैती व हत्या के प्रयास का 25000 का इनामी वांछित अपराधी को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह व स्वाट टीम प्रभारी सुनील कुमार यादव ने दलबल के साथ घेराबंदी करके एक मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। घायल होने के बाद बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफकुंडा कोतवाली में धारा 310 (2) 311, 317 (3) भारतीय न्याय संहिता, 457, 380, 411आईपीसी तथा धारा 109, 3(5) भारतीय न्याय संहिता समेत अन्य गंभीर अपराधों में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें कमलेश दुबे फरार चल रहा था।

कमलेश दुबे गैंग का सरगना है। इसने अपनी टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र के गयासपुर में जुलाई माह में एक दलित के घर डकैती डालकर लूटपाट किया था तथा ग्रह स्वामी समेत दो बेटे व एक बेटी को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया था। जिसमें गैंग के अन्य लोग तो पकड़े गए थे, लेकिन कमलेश फरार चल रहा था। घायल बदमाश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मंगलवार को विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया है।हथिगवां थाना क्षेत्र के कूढ़ा निवासी मोहम्मद गुलफाम पुत्र मोहम्मद मौला के खिलाफ पत्नी की तहरीर पर धारा 85, 115(2) 352, 351(3), 91 भारतीय न्याय संहिता व धारा 3ध्4 डीपी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। तब से आरोपी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर हथिगवां पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

## सर्पदंश से अधेड़ एवं जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर एक अधेड़ की सर्पदंश से मौत हो गई। जबकि एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है। मौत के बाद भी अंधविश्वास पर विश्वास बना रहा। वहीं मृतक के परिजन झाड़-फूंक कराने के लिए शव को अस्पताल से लेकर चले गए।संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के किधौंली गांव निवासी जमुना प्रसाद सरोज 50 वर्ष छोटू सरोज मंगलवार की सुबह खेत देखने गए थे। जहां पर उन्हें जहरीले सर्प ने काट लिया। घर जाकर परिजनों को बताया, तो परिजन आनन-फानन में झाड़-फूंक करने वाले लोगों के यहां ले गए। जिससे उसके स्वास्थ्य में सुधार होने के बजाय हालत बिगड़ती गई। जब वह मरणासन्न हो गया, तो झाड़-फूंक करने वाले लोगों ने अस्पताल ले जाने के लिए कहा। सीएचसी कुंडा इलाज कराने के लिए जाते समय जमुना प्रसाद की सांसे थम गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। साथ गए परिजन एक बार फिर अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर मृतक को लेकर पुनः जिंदा करने के लिए शव को लेकर चले गए। जमुना प्रसाद खेतिहर मजदूर था, जो सीजन में ईंट भट्ठे मजदूरी करने के लिए बाहर जाता था। मृतक की पत्नी गोसहिंन को दो बेटे संजय कुमार व संदीप कुमार है।एक अन्य घटना में नवाबगंज थाना क्षेत्र बरियावां निवासी ओमप्रकाश यादव 45 वर्ष पुत्र वासुदेव यादव अज्ञात कारणों से सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। रात में तबीयत बिगड़ने पर जब परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। रात 2ः00 बजे ईलाज के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य कुंडा रेफर कर दिया। परिजन कुंडा लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। शव लेकर घर पहुंचे तो परिजनों में रोने पीटने चिल्लाने कोहराम मच गया।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करायें-जिलाधिकारी

### ▶▶ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुन्दर लाल निवासी ग्राम रस्तीपुर ने बताया कि प्रार्थी के पट्टीदार एवं बैनामेदार विजय कुमार ने अनाधिकार रूप से भूमि हड़पने की नियत से निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये प्रार्थी द्वारा मना किया गया तो आमादा फौजदारी हो गये, दिनांक 07 अक्टूबर को प्रार्थी की भूमिधरी भूमि में पिलर गाड़कर अवैध रूप से कब्जा करने लगे, प्रार्थी द्वारा मना करने पर जान से मार डालने की धमकी देने लगे, प्रार्थी द्वारा थानाध्यक्ष रानीगंज को लिखित प्रार्थना पत्र दिया कोई कार्यवाही ही नही हुई, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ रानीगंज को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर जांच कर उचित कार्यवाही करें। शिकायतकर्ता कालू सिंह निवासी सेतापुरा थाना आसपुर देवसरा ने बताया कि प्रार्थी आबादी भूमि में पूर्वजों के समय से काबिज दाखिल चला आ रहा है जिसमें उसके पूर्वजों द्वारा निर्मित कच्चा निर्माण स्थित है, कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके स्थान पर प्रार्थी पुर्ननिर्माण करना चाहता है प्रार्थी के पड़ोसी कमल, राजेन्द्र, लवकुश, दयाशंकर, सुरेश, एक राय होकर प्रार्थी व उसके परिवार के लोगों को धमकाते हुये कहा कि मकान में हाथ मत लगाना, प्रार्थी इस सम्बन्ध में थाना आसपुर देवसरा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में याचना की परन्तु पुलिस द्वारा प्रार्थी की कोई मदद नही हो सकी इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओ आसपुर देवसरा को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर उचित कार्यवाही करें और मौके पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

## पूर्व विधायक करवरिया के निधन पर गोपाल जी ने जताया शोक संवेदना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के एमएलसी पूर्व सांसद कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने पूर्व विधायक नीलम करवरिया के निधन पर सोमवार को प्रयागराज स्थित कल्याणी देवी आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना जताया।इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, संजय सिंह वरिष्ठ समाजसेवी ग्राम प्रधान बछरौली,केके सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल, युवराज सिंह मनगढ़, पिंकू सिंह,अमित पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वास्तु अपनाकर जीवन में खुशहाली लाया जा सकता है - राजेंद्र मौर्य

### अच्छा स्वास्थ्य और अच्छा जीवन वास्तु से आ सकता है- हरीश सैनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** वास्तु से जीवन में बदलाव आ सकता है वास्तु एक ऐसी विधा है जिससे अच्छा स्वास्थ्य मिलता है , सामाजिक और आर्थिक विकास के रास्ते प्रशस्त होते हैं उक्त बातें गरीबी निवारण कार्यक्रम अंतर्गत सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहीं ।वास्तु रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर बाबा धाम ट्रस्ट प्रतापगढ़ में वास्तु विज्ञान से जीवन परिचय प्रोग्राम के तहत सदर विधायक राजेंद्र मौर्य एवं मुख्य ट्रस्टी बाबा धाम के सानिध्य में गरीबी निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर ग्राम वासियों ने अपनी समस्याओं को अवगत कराया और बहुत से लोग जो बाहर से आए थे अपने अनुभव को साझा किया वास्तु विद्या से जुड़ने के बाद के हुए परिवर्तन को सभी ग्राम वासियों को बताया इसी के तहत गरीबी निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ज्यादातर गांव के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले महिलाएं और पुरुष उपस्थित हुए उनके जीवन पर चर्चा की गई। उन्होंने विधायक सदर से अपने समस्याओं को बताया किन्ही को वृद्धा, विधवा पेंशन नहीं मिल पा रहा है किसी को आवास नहीं मिला है।ज्यादातर समस्याएं रास्ते की आई है इन सबके लिए बाबा धाम के मुख्य ट्रस्टी गुरु जी जितेंद्र सिंह ने दिशा से दशा बदलने का सुझाव दिया और विधायक जी ने कहा कि आप लोग भी वास्तु शास्त्र के द्वारा अपने जीवन को सुगम बनाएं।पत्रकार एवं अधिवक्ता हरीश सैनी ने कहा कि वस्तु से स्वास्थ्य, परिवार और समाज में बदलाव लाया जा सकता है यह एक ऐसी विधा है कि जो जीवन को सुगम सफल बनाती है। इस मौके पर सुरेश चंद्र ठेकेदार छोटेलाल राम लखन विश्वकर्मा सजन लाल श्री चंद्र नंदलाल यादव दिनेश सिंह सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## अमेठी के पूर्व जिला जज को पुत्र शोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** अमेठी के पूर्व जिला जज के0 पी0 सिंह के ज्येष्ठ पुत्र शेखर सिंह का इलाज के दौरान विगत 28 सितम्बर को देहावसान हो गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व पघ्वधक बड़ौदा उ0पघ्0गामीणबैंक, जिला अध्यक्ष अ0भा0क्ष0क0परिषदश्री राम-लखन सिंह ,नगर अध्यक्ष तथा पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0सिंह, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह , शैलेश प्रताप सिंह पट्टी , ने आज पूर्व जिला जज के नगर स्थित आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही स्व 0 शेखर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया ।

# लोकपाल की जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम रहा जारी

### ▶▶ जागरूक नागरिको ने दर्ज कराई अपनी शिकायत व सुझाव

### ▶▶ आज सांगीपुर ब्लाक का निरीक्षण करेंगे लोकपाल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर की जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम विकास भवन में दिशा की बैठक के बीच भी जारी रहा। सांगीपुर, बेलखरनाथ, मांधाता व सदर के जागरूक नागरिको ने दर्ज अपनी शिकायत व सुझाव दर्ज कराया।

परैया नदी में खुदाई के बाद जल स्तर तेजी से गिरने व ठहराव हेतु चेक डैम बनाने की मांग समभाव फाउंडेशन के प्रभात पांडेय ने की। लालगंज तहसील के सांगीपुर ब्लाक के गादियान ग्राम पंचायत से राम मिलन सरोज ने ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव के विरुद्ध परिवाद दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया की 2020 से लगातार ग्राम में मनरेगा योजना में बंदर बाँट हो रही है। वहीं मांधाता के पूरे लाल ग्राम पंचायत के दशरथ कुमार शर्मा ने ग्राम में मनरेगा मजदूरों की सूची में अनियमितता की शिकायत करते हुए सूची ग्राम के पंचायत भवन में चस्पा कराने की मांग की।

उन्होंने सूची का बेरीफिकेशन की भी मांग की। युवा पत्रकार अंजनी तिवारी व सदर ब्लाक के परशुरामपुर के अमन शर्मा ने लोकपाल से मुलाकात कर मनरेगा के सम्बन्ध में आवश्यक सुझाव दिया। लोकपाल समाज शेखर मनरेगा कार्यो में अनियमितता के सम्बन्ध में संजय गिरी द्वारा दर्ज कराये गए परिवाद की जांच हेतु स्वयम सांगीपुर ब्लाक के सांगीपुर( भैरवन धाम)ग्राम व ब्लाक मुख्यालय 9 अक्टूबर को जायेंगे।

बीडीओ को जांच हेतु लोकपाल ने निर्देश दिया था परंतु समय बीत जाने के बाद आख्या न आने पर लोकपाल ने स्वयम जांच कर कार्यवाही का निर्णय लिया साथ ही लापरवाही बरतने वाले मनरेगा कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही का निर्णय लेंगे।

लोकपाल की जन सुनवाई कार्यक्रम मे जिला अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद सिंह व समाजसेवी दुर्गेश तिवारी ने सहयोग प्रदान किया।

# बलात्कार के आरोपी की पुलिस से हुई मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**▶▶ घायल आरोपी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया**
**▶▶ खेत में बकरी चराने गई किशोरी से किया बलात्कार व जान से मारने भी किया प्रयास**

लालगंज प्रतापगढ़। लीलापुर थाना पुलिस को जिस बलात्कार के आरोपी की तलाश कर रही थी। आखिरकार देर शाम पुलिस की आरोपी से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली से आरोपी घायल हो गया। इलाज के लिए उसे जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली बहेलिया गांव निवासी राम दुलार की 16 वर्षीय बेटी रविवार को खेत में बकरी चराने गई थी। इस दौरान बाजरे के खेत में उसे लहुलुहान हालत में पाया गया था। इस दौरान किशोरी का शरीर खून से लतपथ था और उसका हाथ पैर बांधकर गले में दुपट्टा कसा मिला था। गंभीर हालत में किशोरी का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। सोमवार दोपहर किशोरी की मां बेबी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अनिल पुत्र कैलाश के खिलाफ बलात्कार एवं जान से मारने सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया और आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी।

### तेजगढ़ कमोरा पुल के पास हुई मुठभेड़

अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। देर शाम मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बाइक से चंदिकन धाम की तरफ जा रहा है। इस पर चौकी प्रभारी कमोरा शैलेश यादव को अलर्ट करते हुए आरोपी का पीछा किया गया। इलाके के तेजगढ़ कमोरा सी पुल के पास मौजूद चौकी प्रभारी शैलेश यादव ने आरोपी को देखते ही रोकने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष ने दावा किया कि आरोपी अनिल ने पुलिस को देखते ही तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस के जवाबी हमले में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।

## रंजिश में अधेड़ को पीटकर किया घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा नगर पंचायत के पुराना कुंडा मोहल्ला निवासी गुरुदीन यादव का 59 वर्षीय बेटा राजाराम यादव को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिशन पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

## महिला की फसल विपक्षी जबरिया कर रहे बर्बाद

**पट्टी प्रतापगढ।** क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव की रहने वाली आशा सिंह में पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि मंगलवार को दिन में 1,30 बजे के आसपास पीड़िता की फसल को विपक्षी अपने जानवरों से चरा कर जबरिया बर्बाद कर दे रहे थे। पीड़िता के विरोध करने पर उक्त लोग आमद फौजदारी होते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। पीड़िता वहां से भाग कर मामले की शिकायत लेकर पति के साथ कोतवाली पहुंची। कोतवाली में शिकायत करते हुए पीड़िता ने बताया कि पूर्व में भी उक्त विपक्षियों द्वारा घर में घुसकर चोरी आदि की गई थी। साथ ही आए दिन घर के आसपास घूमते रहते हैं और मारने पीटने की धमकी देते रहते हैं।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय रानीगंज प्रतापगढ़
मु0नं0 465/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राघवेन्द्र कुमार आदि बनाम महन्थ लाल आदि
बनाम
महन्थलाल सुत कड़ेदीन नि0 ग्राम संसारपुर पर0 सदर तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 17.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 2401/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन प्रदीप कुमार बनाम अनीता गुप्ता आदि
बनाम
1. श्रीमती अनीता गुप्ता पत्नी ओम प्रकाश 2. ओम प्रकाश सुत स्व0 राम प्रसाद नि0ग्रा0 पचरास पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 17.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 701/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुरेन्द्र बहादुर सिंह बनाम ज्ञान सिंह आदि
बनाम
1. ज्ञान सिंह उम्र लगभग 60 साल 2. शिव प्रताप सिंह उम्र 55 साल सुतगण कृपाशंकर सिंह 3. कुलभूषण सिंह उम्र 40 साल सुत रमाशंकर सिंह 4. रमाशंकर सिंह उम्र 65 साल 5. कृपाशंकर उम्र 75 साल सुतगण हाकिम सिंह निवासीगण ग्राम पनियारी पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
ओ0एस0 नं0 2033/2021
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती रेवती देवी बनाम विजय बहादुर पटेल आदि
बनाम
1. विजय बहादुर पटेल उम्र 50 साल 2. रामकेदार उर्फ केदारनाथ उम्र 55 साल सुतगण राजपति पटेल निवासी ग्राम कहला प0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 3. रामनेवाज पटेल सुत रामखेलावन निवासी हरिहरगंज प0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 4. हरिश्चन्द्र एडवोकेट तहसील रानीगंज प्रतापगढ़
तारीख पेशी 12.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

हेमन्त पी०जी० कालेज, साधोनगर दमदम प्रतापगढ़ (उ०प्र०)
सम्बद्ध : प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज उ०प्र०
आवश्यकता है
पढ़ाने हेतु सहायक आचार्यो की
1. परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय हेतु
1. भौतिक विज्ञान 02 पद
2. जन्तु विज्ञान 02 पद
2. परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु
1. प्रा० इतिहास 02 पद
2. हिन्दी सा0 02 पद
वेतनमान एवं योग्यता–यू०जी०सी० नियमावली एवं सम्बद्ध विश्वविद्यालय के मानकानुसार आवेदन तिथि– विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर
प्रबंधक
रवि नंदन यादव
मो० 7266955463, 9454634518

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मो0 सद्दाम हुसैन व उनकी पत्नी जेबा बानो मेरे कहने सुनने में नहीं है। वह आए दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट पर आमादा हो जाते है। साथ ही साथ झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी भी देते है। उनके द्वारा किए गए किसी भी वैध अथवा अवैध कार्यो के वह खुद जिम्मेदार होगें, उससे मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सारोकार नहीं होगा। मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र मो0 सद्दाम हुसैन व उनकी पत्नी जेबा बानो को बेदखल करता हूं।
गुलाब मोहम्मद पुत्र अब्दुल सत्तार
निवासी- कालाकांकर परियावां, कुण्डा
जनपद- प्रतापगढ़

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0 14 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 372/2002
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजबहादुर सिंह आदि बनाम सीताराम आदि
बनाम
2/2 बजरंगी उम्र 45 साल सुत राम लाल 2/3 राम अकबाल उम्र 31 वर्ष सुत राम लाल 2/5 फूला देवी उम्र 27 वर्ष विधवा राम सेवक उर्फ राम बहादुर साकिनान बीबीपुर बारडीह पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# शिक्षा से ही समाज देश और राष्ट्र की प्रगति संभव-घनश्याम दुबे



लोकमित्र ब्यूरो

**बीरापुर प्रतापगढ़ ।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय शेर खां के कक्षा 8 के छात्र अंकुश सरोज को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शिवगढ़ ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद में प्रतिभा हेतु चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाकांत त्रिपाठी ने विद्यालय में बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इसरा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल जामताली के संस्थापक, प्रबंधक घनश्याम दुबे ने कहा कि शिक्षा से ही समाज देश और राष्ट्र की प्रगति संभव है। और आज के युग में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की जरूरत है। उन्होंने विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र अंकुश सरोज के विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शिवगढ़ ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने और जनपद में प्रतिभा हेतु चयनित होने पर बधाई देते हुए होन हार छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना किया। और स्कूली बच्चों को सफलता का मंत्र दिया। और होन हार छात्र को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रबंधक घनश्याम दुबे ने अपने विद्यालय में होनहार छात्र अंकुश सरोज को अपने विद्यालय में इंटर तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की घोषणा किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक घनश्याम दुबे को पुष्प कुछ और अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एआरपी सुशील द्विवेदी, प्रधानाध्यापक उमाकांत त्रिपाठी, पवन कुमार मौर्य, संतोष कुमार मौर्य, शिक्षक अभिभावक छात्र-छात्राएं सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उद्यान विभाग को 200 कुन्तल आलू बीज का लक्ष्य हुआ प्राप्त

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के कृषकों को सूचित किया है कि निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में कृषकों के निजी प्रक्षेत्र पर बीज उत्पादन कार्यक्रम में नगद मूल्य पर वितरण हेतु 200 कुन्तल आलू बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया है कि आलू बीज की 04 प्रजाति प्राप्त हुई जिसमें कुफरी आनन्द आधारित प्रथम सीड साइज रूपये 3495 प्रति कुन्तल, कुफरी ख्याति आधारित प्रथम ओवर साइज रूपये 2770 प्रति कुन्तल, कुफरी पुखराज आधारित प्रथम सीड साइज रूपये 3495 प्रति कुन्तल व कुफरी पुखराज आधारित प्रथम ओवर साइज रूपये 2770 प्रति कुन्तल है।

# लूट की घटना को अन्जाम देने वाले 3 शातिर अपराधी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** एसपी प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण किया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मात्र 12 घण्टे के अन्दर लूट की ई-रिक्शा के साथ 3 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।दिनांक 07.10.2024 को रात्रि में आरोपीगणों द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गोपालपुर श्रीराम मार्बल के पास वादी से लिफ्ट लेकर वादी की ई-रिक्शा छीनकर भाग जाने के प्रकरण में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0-557/24 धारा 309(4) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूध्द चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैस के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह का0 सोंनवीर, का0 आलोक रंजन, का0 अंकित प्रजापति द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिगंध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग, रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0-557/24 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित 03 अभियुक्तों 1- आशीष यादव पुत्र संतलाल यादव निवासी पटखौली कटरा रोड़ थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़, 2- अंकित यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी पटखौली कटरा रोड़ थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़, 3- रंजीत कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी भीलमपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत फौजी चौराहा रूपापुर के पास से 01 ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया । लूट की ई-रिक्शा की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)बीएनएस की बढोत्तरी की गई ।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों ने रेलवे स्टेशन से एक रिक्शा किया था जिसकों हम लोगों द्वारा श्रीराम मार्बल्स के पास छीन लिया था और रिक्शा वाले के साथ मारपीट कर भगा दिया था । आज हम लोग ई-रिक्शा को बेचने के लिये फौजी चौराहे पर खडे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिये गये ।

# धार्मिक आयोजनों को लेकर रानीगंज पुलिस सतर्क

**रानीगंज प्रतापगढ़** नवरात्रि में जगह जगह धार्मिक आयोजन किये जा रहे है और इन आयोजनों में बढ़ चढ़कर लोग हिस्सा लें रहे है। जिसको लेकर रानीगंज पुलिस सतर्क है। किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित ना हो इसके लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर है। जिसके लिए डायल 112 के पुलिस कर्मी चौराहों एवं प्रमुख स्थानों पर निगरानी कर रहे हैं। महिला पुलिस भी धार्मिक आयोजनों पर नजर बनाये रखें है। माँ बाराही धाम पर मंगलवार को भी दर्जन भर पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिसकर्मी एक्टिव मूड में रहे। रानीगंज बाजार में रेलवे स्टेशन रोड, जामताली चौराहा, दुर्गागंज बाजार में श्री राम जानकी मंदिर, पुलिस चेक पोस्ट के सामने,चिरकुट्टी चौराहा,लॅच्छीपुर बाजार रामापुर बाजार, फत्तनपुर बाजार व सुवँसा बाजार में स्थापित दुर्गा पंडालों में शाम की आरती के बाद आसपास की महिलाओं द्वारा देवीगीत व भजन का आयोजन किया जा रहा है। कई दुर्गा पंडालों में जगराता व नृत्य देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे शामिल हो रहे है। गाँवों में सजे दुर्गा पंडालों में महिलाएं देर रात्रि तक माता रानी का जगराता करती है। जिसके चलते पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।

# सरकारी कार्य बाधा, पुलिस पर हमला करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** ग्राम बरई का पुरवा बरियावां में अभियुक्तगणों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिस टीम से दुर्व्यवहार व हमला किया गया, इस मामले में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के
विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाहीध् अभियान के तहत जनपदवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में थाना नवाबगंज के उ0नि0 रमाकान्त त्रिपाठी मय हमराह उ0नि0 रमेश सिंह, हे0का0 इन्द्रजीत सिंह, का0 तेजप्रकाश, द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 175/2024 धारा 191(2), 191(3), 190, 121(1), 132, 324(3),352,351(2) बीएनएस व 7सीएलए एक्ट से संबंधित 03 अभियुक्त 01- अमित यादव पुत्र शिवमूरत, 2- सुमित यादव पुत्र शिवमूरत, 3- सुधीर यादव पुत्र शिवमूरत यादव निवासीगण ग्राम बरई का पुरवा बरियावां थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना नवाबंगज क्षेत्रान्तर्गत देहदरीपुल से मैकू का पूरवा जाने वाले रोड़ से गिरफ्तार किया गया ।

## हत्या के प्रयास में 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**पट्टी,प्रतापगढ़।** पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत बीबीपुर नहर पुलिया से हत्या के प्रयास मामले में 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री आनन्द कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पट्टी श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 रमिल कुमार मय हमराह हे0का0 मुकेश त्रिपाठी, का0 हरिकेश पाल, चालक हो0गा0 अंकित सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 220/24 धारा 126(2), 115(2), 352, 351(2), 117, 109 बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्त 1. संतोष कुमार सिंह उर्फ नन्हे सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 2. अरुण सिंह उर्फ रिंकू सिंह पुत्र तीरथराज सिंह उर्फ भोला सिंह निवासी गण ग्राम बींद मुजाही थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ क्षेत्रान्तर्गत बीबीपुर नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया ।

## मुकदमे में सुलह करने के लिए विपक्षी दे रहे धमकी

**पट्टी प्रतापगढ़।** क्षेत्र के जलालपुर किथौली गांव निवासी हरिओम यादव ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि पीड़ित के विपक्षियों से पूर्व में सन 2020 में मारपीट हुई थी। उक्त मामले में पीड़ित की तहरीर पर एक मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में सुलह करने के लिए विपक्षी पीड़ित को मंगलवार को दिन में 9 बजे के आसपास रास्ते में रोक लिए। पीड़ित को धमकी देने लगे कि यदि मुकदमे में सुलह समझौता नहीं करोगे तो ठीक नहीं होगा। पीड़ित पैसे से एक शिक्षक है, स्कूल खत्म होने के बाद वह दिन में 3रू00 बजे के आसपास मामले की शिकायत लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचा। साथ ही कोतवाली में विपक्षियों के खिलाफ नाम से शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से जान माल की सुरक्षा व न्याय की गुहार लगाई है।

# हरियाणा मे तीसरी बार बनने जा रही सरकार भाजपाइयों में हर्ष



लोकमित्र ब्यूरो


**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा तीसरी बार बनने जा रही सरकार पर यहां पर भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार करते हुए हरियाणा के जनता के फैसले का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला भाजपा कार्यालय पर एकत्रित भाजपाइयों ने तीसरी बार सरकार बनने पर गाजे-बाजे के धुन पर जमकर थिरके। इस मौके पर राज्य सभा सदस्य अमर पाल मौर्य ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा को बहुमत मिला है। जबकि पिछले दो तीन दिन से एग्जिट पोल अलग की जनादेश दिखा रहा था। लेकिन हरियाणा की जनता ने अपना जनादेश बता दिया।हरियाणा की जनता ने राष्ट्रवाद के लिए, हिंदुस्तान के लिए, विकसित भारत के लिए भाजपा को चुना है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है वो जरूर पूरा होगा। भारत जल्द ही अपना लक्ष्य हासिल करेगा। जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र नाथ शुक्ल ने कहा कि भारत सबसे अधिक युवा शक्ति वाला देश है। यहां युवाओं के दम पर ही सरकारें गठन हो रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने दिखायें जा रहें एग्जिट पोल को आइना दिखा दिया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राज्य सभा सांसद अमर पाल मौर्य,भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र नाथ शुक्ल, हरिओम मिश्र निवर्तमान जिलाध्यक्ष, महामंत्री राजेश सिंह, पवन गौतम, अशोक मिश्रा, संतोष मिश्र, आशुतोष सिंह, भूपेंद्र सिंह अंकित, पंकज मिश्र, रजत सक्सेना, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे रहे।

## आबादी की भूमि में जबरन कब्जे की शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ़।** आबादी की भूमि पर विपक्षियों ने छप्पर आदि उजार कर जबरन कब्जा कर लिया। विरोध करने पर वृद्ध महिला को मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।रामपुर बेला गांव की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय अभय राज ने मंगलवार को दिन में 2रू00 बजे के आसपास उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। आरोप है कि पीड़िता की आबादी की भूमि पर विपक्षी जबरिया कब्जा कर लिए हैं। पीड़िता ने उक्त आबादी की भूमि पर पूर्व में अपना छप्पर आदि बना रखा था, जिसे विपक्षियों ने उखाड़ कर फेंक दिया। जिसमें रखा घर गृहस्थी का सारा सामान भी उक्त लोगों ने बाहर फेंक दिया। पीड़िता ने पूर्व में अपने मामले की शिकायत की थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# नाली के विवाद में महासंग्राम, दर्जनों घायल

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मदनपुर,रामपुर कोटवा में बीते मंगलवार को दोपहर 11 बजे दीप चंद्र सरोज दूसरा पक्ष मल्हू विश्वकर्मा के बीच नाली को लेकर विवाद हुआ। इसे लेकर दोनो पक्षों में कहा सुनी हुई। देखते ही देखते तीसरे पक्ष की एंट्री के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों में जम कर लाठियां चलने लगी। सूचना पाकर पहुंची बाघराय पुलिस ने दोनो पक्षों को मेडिकल के लिए सीएचसी बाघराय पहुंचाया। जहां दोनो पक्षों में घायल रमेश सरोज श्याम कुमार रामजी शिव प्रकाश सचिन कुमार उमेश श्यामू सुनील दिव्यराज,शिवम,पुष्पेंद्र मुन्नालाल सबको नार्मल चोट आई । वहीं ज्यादा चोटहिल पक्ष से दीपचंद्र ने बताया कि उसकी मां का दांत टूट गया है,छोटे भाई सुनील के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया जिससे उसे भी गंभीर चोट आई।विपक्षियों द्वारा घर का दरवाजा कुल्हाड़ी आदि




से तोड़ दिया गया,और घर में घुस कर मारपीट की गई, जिसमें मौके से लगभग 4मोटर साइकिल को भी बुरी तरह से तोड़ दिया गया। पीड़ित दीपचंद्र के हवाले से बाघराय पुलिस ने लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर 151के तहत चालान कर दिया। दोनो पक्षों ने तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की।इस संबंध में बाघराय प्रभारी निरीक्षक से व्यक्तिगत कॉल पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# हत्या के प्रयास में अभियुक्त गिरफ्तार

**अन्तू,प्रतापगढ़।** थाना अंतू पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत जगेशरगंज के पुरवी छोर वाले अन्डर पास के पास से हत्या के प्रयास मामले में अभियुक्त को किया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अंतू प्रभारी निरीक्षक श्री आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 प्रदीप कुमार मय हमराह का0 विक्रम कुमार, का0 नागेन्द्र यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 556/ 24 धारा 115(2), 352, 351(3), 109 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त अतुल कुमार शर्मा पुत्र विजय कुमार शर्मा निवासी कंसापुर गोबरी थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ क्षेत्रान्तर्गत जगेशरगंज के पुरवी छोर वाले अन्डर पास के पास से गिरफ्तार किया गया ।

हेमन्त लॉ कालेज, दमदम प्रतापगढ़ (उ०प्र०)
सम्बद्ध : प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज उ०प्र०
आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर विधि संकाय हेतु प्राचार्य एवं सहायक आचार्यो की
1. प्राचार्य 01 पद
2. स्नातक स्तर पर पांच वर्षीय विधि संकाय में–
1. दर्शन शास्त्र 01 पद
2. समाजशास्त्र 01 पद
वेतनमान एवं योग्यता– सम्बद्ध विश्वविद्यालय एवं बी०सी० आई० मानकानुसार आवेदन तिथि–विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर
प्रबंधक
रवि नंदन यादव
मो० 7266955463, 9454634518

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# प्रदेश में फर्जी मुकदमों और काले कानूनों के सहारे गरीबों की आवाज दबाने की हो रही है कोशिश- माले




लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** भाकपा (माले) के राज्य व्यापी आह्वान पर माले कार्यकर्ताओं ने विकास भवन धरना दिया और बाद में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियो को संबोधित करते हुए जिला सचिव उदय भान पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में गरीब गुरूबो की आवाज उठाने वाले राजनीतिक कार्यकर्ताओं का फर्जी मुकदमे लगाकर काले कानूनों का इस्तेमाल कर उत्पीड़न कर उनको चुप कराने की कोशिश की जा रही है। सीतापुर के लोकप्रिय माले नेता अर्जुन लाल जी ,लखीमपुर के वयोबृद्ध नेता राम दरस जी देवरिया में राम किशोर एडवोकेट आदि को फर्जी मामले बनाकर फंसाने और चुप कराने की कार्यवाही की गई है। इंकलाबी नौजवान सभा के जिला उपाध्यक्ष अहमद सिद्दीकी ने कहा कि सरकार के पास जनता के सवालों का कोई उत्तर नही है। इसलिए प्रदेश के लोक प्रिय आंदोलनों के नेताओं का दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलितों , महिलाओ, समाज के कमजोर वर्गो पर जिस तरह हमले बढ़े हैं और भाकपा (माले) ने उसके विरुद्ध जोरदार प्रतिवाद किया है उससे खिसियाई नौकरशाही और सरकार कानूनों का गलत इस्तेमाल कर भयातंकित करने की कोशिश में है। किसान महासभा अध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या ने कहा कि मजदूरों, किसानों, महिलाओ, छात्रों, नौजवानों के सामने उनके रोटी रोजी सम्मान और बेहतर जिंदगी का सवाल है और सरकार पूंजीपतियों के खजाने भरने तथा जनता को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने के खेल में लगी हुई हैं। लोकतंत्र का सवाल नागरिक आजादी का सवाल है,जिसे रौंदा जा रहा है जनता की फरियाद कोई सुनने वाला नहीं है। सरकार के किसी भी दमन का मुकाबला जनता अपने आंदोलनों के जरिए करेगी। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिला संयोजक अरुण कुमार ने कहा कि मजदूर भयानक बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं, कृषि के घाटे में जाने से रोजगार लगभग खत्म हो गया है और मनरेगा को सरकार खत्म करने पर आमदा है। कर्ज में डूबे परिवार भुखमरी की कगार पर खड़े हैं। फ्री राशन की आंड में उनका सब कुछ छीन लिया गया हैं। दलित और महिला उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को दरअसल मजदूर वर्ग पर बढ़ते हमलो के रूप में देखा जाना चाहिए। सरकार उनकी आवाज उठाने वालो का भी उत्पीड़न करवा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सामंती समाज की पुनर्स्थापना का सपना किसी भी दशा में साकार नही होगा। ऐक्टू नेता राम गोपाल लोधी, सरिता देवी, शिवम, कंधई लाल,हरी लाल आदि ने भी संबोधित किया।बाद में सीतापुर सहित प्रदेश में जारी उत्पीड़न पर रोक लगाने, तेज हवाओं से नष्ट हुई गन्ना और धान की फसल की कृषि फसल योजना से क्षति पूर्ति दिलाए जाने, दशकों से आबाद लोगो को उसी जमीन का पत्ता दिए जाए आदि मांगो का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया।

# ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**महराजगंज रायबरेली।** ब्लाक कांग्रेस कार्यालय महराजगंज में मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर चर्चा की व सांसद निधि के माध्यम से गांवो व नगर की सड़कों व सोलर लाइट जैसी सुविधा देने पर विशेष चर्चा की व सभी न्याय पंचायत अध्यक्ष, ग्राम पंचायत अध्यक्षों से और पार्टी को मजबूत करने की बात कही।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, कृपाशंकर शर्मा, हौसिला प्रसाद तिवारी, दिनेश मिश्रा, राहुल सिंह, योगिता सिंह, हनुमान जायसवाल, रामचंद्र सिंह, मार्तण्ड शुक्ला, अखिलेश शुक्ला भरत मिश्रा, सच्चिदानंद त्रिपाठी, भगवान दीन फौजी, राजकरन सिंह, निसाद अहमद, रवि चन्द्र सिंह सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# मूर्ति विसर्जन की तैयारियों को लेकर डीएम- एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए राजघाट, शहीद स्मारक मुंशीगंज, आस्तिक मंदिर लालूपुर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय किए जायें। विसर्जन वाले दिन घाटों पर वाहनों को खड़ा करने के लिए स्थान का चिन्हांकन करा लिया जाए। साथ ही गहरे पानी में बचाव के लिए बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की जाए।इस अवसर पर तहसीलदार सदर, खण्ड विकास अधिकारी हरचंदपुर मौजूद रहे।

# समाजवादी आन्दोलनों में अधिवक्ताओं की भूमिका अग्रणी - इं. वीरेन्द्र यादव



लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय में समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी आन्दोलनों में अधिवक्ताओं की भूमिका अग्रणी रही है। समाज में इनके योगदान की बहुत आवश्यकता है। सेन्ट्रल बार एसोएिशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि सामाजिक अवमूल्यन के बावजूद अधिवक्ताओं ने समाज में अपनी गरिमा बना रक्खी है। अधिवक्ता ही ऐसा व्यक्ति है, जिसके विश्वास पर वादकारी सादे कागज पर हस्ताक्षर कर अपना भविष्य उसे सौंप देता है। अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह यादव ने कहा कि अन्याय के विरूद्ध समाजवादी अधिवक्ता सभा हर प्लेटफार्म पर लड़ेगी। संघर्ष से समाज के अन्तिम व्यक्ति को न्याय दिलाने का काम करेगी। अधिवक्ता सभा के प्रान्तीय सचिव गोविन्द सिंह ने कहा कि अधिवक्ता सभा मतदाता सूची पर पूरी नजर रक्खे हैं। जनवरी-2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले को मतदाता सूची से जोड़ने का काम करेगी। पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जब-जब सरकार आयी है, अधिवक्ताओं के लिए विशेष व्यवस्था का प्राविधान किया है। तहसील से लेकर मान्नीय उच्च न्यायालय तक अधिवक्ताओं के लिए बनाये गये चौम्बर उन्हीं की देन है। बैठक का संचालन महामन्त्री फिरोज अहमद ने किया।बैठक में मुख्य रूप से अविनाश नन्दवंशी, राजेश यादव मौहारी, अखिलेश यादव, सूर्य प्रताप उर्फ रिंकू, सुरेन्द्र यादव, विवेक सोनकर, अतुल इन्द्रा, आदर्श यादव, सौरभ कुमार, रवि प्रताप, अतुल मौर्या, अतुल बरवारी आदि लोग उपस्थित रहे।


# विधवा महिला के साथ घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट,केस दर्ज



लोकमित्र ब्यूरो

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात चार लोगों ने मिलकर एक विधवा महिला के साथ घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की बीच बचाव करने पहुंची विधवा की देवरानी को भी दबंगों ने मारा पीटा जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई हैं, सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां विधवा महिला की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे मेहरबान सिंह मजरे ज्योना की रहने वाली मिथिलेश कुमारी पत्नी बाबा दीन ने पुलिस को दी गई हुई तहरीर में बताया कि उसके पति का कई वर्षो पहले देहांत हो चुका है, घटना बीती रात की है, पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही प्रतिपक्षी ननकू राम पुत्र लक्ष्मण ननकू राम की पत्नी ननका, और उसका बेटा रामबहादुर बहु अंजली द्वारा गाली गलौज करने लगे मना करने पर लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिए तभी वह जान बचाने के लिए अपने घर में घुस गई लेकिन आरोपी भी घर में घुस आए और लाठी डंडों से जमकर मारपीट की बीच बचाव करने दौड़ी उसकी देवरानी निर्मला को भी आरोपियों ने मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में उसे और उसकी देवरानी को गंभीर चोटे आई हैं। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि चोटिल मिथिलेश कुमारी की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

# एसजेएस में बच्चों ने मनाया नवरात्र का पर्व, गरबा नृत्य पर झूमे बच्चे





लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नवरात्र के अवसर पर बच्चो ने नृत्य के जरिये बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। छात्राओं ने गरबा नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति दी।स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह बच्चे साक्षात मां दुर्गा का रूप लग रहे थे।इस तरह के प्रोग्राम बच्चों में भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति आस्था जगाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। राम के वयक्तित्व ने हमे सिखाया कि माता पिता का आदेश सर्वोपरी है।कार्यक्रम में छात्रा रिजु सिंह ने योग की प्रस्तुति दी।इसके बाद बच्चों ने फ्यूसन डांस और गरबा नृत्य के जरिये समां बांध दिया। स्कूल में संचालित मृदंग संगीत अकादमी की छात्रा ने ''कुन फया कुन'' गाने पर मनमोहक क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया। मृदंग संगीत अकादमी की छात्राओं ने समूह गान भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र आदित्य मिश्रा और छात्रा साल्विका सिंह ने किया।

उक्त जानकारी स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने दी।

# एनसीसी कैडेट्स को अग्निवीर एवं फर्स्ट एड के बारे में किया गया प्रशिक्षित



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंजरायबरेली।** 66 यू0पी0 बटालियन एनसीसी, रायबरेली द्वारा बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज, रायबरेली में 01 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2024 तक संचालित किया जा रहा है। 08 अक्टूबर को संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-229 में कैम्प कमाण्डेण्ट वी एस पाल तथा डिप्टी कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल संजीव खुराना के आदेशानुसार सुबेदार जगमोहन एवं हवलदार पुष्प के नेतृत्व में ए0आर0ओ0 अमेठी से आए सुबेदार मेजर विमल कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को अग्निवीर सेवा के लाभों को बताया तथा कैडेट्स के सुनहरे भविष्य के लिए सुनिश्चित कैरियर को बनाना व देश हित व समाज में एक अच्छे नागरिक की अहम भूमिका निभाने की बारीकियों के बारे में पूरे मनोयोग व लगन के साथ सम्बोधित किया। एनसीसी कैडेटों को गन आदि चलाने के बाबत भी कैंप में सैन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एनसीसी कैडेटों में प्रसन्नता की लहर देखी गई। सुबेदार मेजर (ऑनरेरी लेफ्टिनेण्ट) धन देव की अध्यक्षता में कैम्प बी0एच0एम0 देवेन्द्र सिंह, सुबेदार दर्शन सिंह, सुबेदार जगमोहन सिंह एवं हवलदार गजेन्द्र लाल ने मामूली खरोंच या चोट लगने के उपरान्त कैटेड्स को प्राथमिक उपचार के बाबत प्रशिक्षित किया।

# भाजपा के द्वारा चलाए जा रहा है लगातार सदस्यता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथों पर पहुंचकर पार्टी की सदस्यता कराने में जोरदार योगदान कर रहे हैं। लालगंज मंडल के धनाभाद बूथ संख्या 223 विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बूथ अध्यक्ष और ग्राम प्रधान राजेश सिंह के साथ मिलकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान किया है ,वही भाजपा के वरिष्ठ नेता अनंत पांडे ने बूथ संख्या 137 बेहटा गांव पहुंचकर सदस्यता कराई है। भाजपा नेता चंद्र प्रकाश पांडे ने पूरे ओरी बूथ पहुंचकर सदस्यता कराई है। भाजपा नेता रेडीमेड व्यापारी चंद्र प्रकाश अवस्थी ने लालगंज नगर के पान दरीबा बूथ संख्या 257 पर पहुंचकर सुशील शुक्ला और बूथ अध्यक्ष संतोष बाजपेई मंटू के साथ मिलकर सदस्यता कराई है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, महामंत्री राजेश निर्मल आदि ने भी सदस्यता महा अभियान में योगदान किया है। इस अवसर पर आनंद सिंह ,सोनू शुक्ला ,आशू मिश्रा ,महेश कुमार सिंह ,आलोक शुक्ला, श्रीधर तिवारी ,धर्मेंद्र निर्मल ,पुष्पेंद्र बाजपेई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसजेएस लालगंज में भव्यता के साथ मनाया गया शक्ति की भक्ति का महापर्व नवरात्रि




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में नवरात्रि व दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों की झांकी का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा अनेक मनमोहक कार्यक्रमों का मंचन किया गया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसके अंतर्गत छात्रों द्वारा प्रस्तुत माँ दुर्गा द्वारा रक्तबीज के संहार का सजीव व मनमोहक मंचन किया गया। जिससे विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी बच्चे जोश व उल्लास से ओतप्रोत हो गए और विद्यालय प्रांगण करतल ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने अपने संदेश में सभी क्षेत्रवासियों व सभी विद्यार्थियों को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी साथ ही सभी तरह के पर्वो को मिलजुल कर मनाने की अपील की। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने अपने संबोधन में समस्त क्षेत्र वासियों को नवरात्रि व विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए नवदुर्गा के नव अवतारों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। हर दिन माँ के अलग रूप की आराधना की जाती है। देवी के प्रत्येक रूप से हमें नयी प्रेरणा और अलग अलग सीख मिलती है।

कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# महेश कौशल सहकार भारती के जिला अध्यक्ष मनोनीत



लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** सहकार भारती के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में रायबरेली के जिला अध्यक्ष के रूप में महेश कौशल को मनोनीत किया गया है महेश कौशल सामाजिक कार्यकर्ता हैं और व्यापारी है।वही सहकार भारती ने सुधांशु वर्मा को जिला महामंत्री चित्रेश कुमार को संगठन मंत्री और महिला जिला अध्यक्ष के रूप में सुनीता जायसवाल को मनोनीत किया है। सहकार भारती कुटीर उद्योग चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने वाला एक संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य कुटीर उद्योग के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करना। मनोनीत जिला अध्यक्ष महेश कौशल ने कहा कि संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने के अतिरिक्त छोटे-छोटे उद्योग लगाकर जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करेंगे उसके साथ ही उन्हें अन्य सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे जिससे वह अपने उद्योग को और भी ज्यादा प्रगति प्रदान कर सके।

# शारदीय नवरात्रि पर आयोजित हुआ विशाल भंडारा



लोकमित्र ब्यूरो

**सलोन,रायबरेली।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर के दुर्गा पूजा पंडाल के समीप आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगत जननी के पंडाल में घंटा घड़ियाल की गूंज के बीच भक्तो ने पूड़ी सब्जी हलवा प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात माता की प्रतिमा के पास दीप प्रज्वलित कर किया गया।ततपश्चात माता रानी के जयकारे से पंडाल स्थल गूंज उठा।वही नवरात्र महोत्सव के दौरान शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां की पूजा-अर्चना की। माता रानी के दरबार में मन्नतें मांगी गई तो व्रत रखकर भी श्रद्धालुओं ने आस्था प्रकट किए। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में नूरानी ज्योत जलाकर भी हाजिरी लगाई। भंडारे में हजारों की तादात में दूर दराज के ग्रामीणों ने प्रसाद चखा।इस मौके पर श्रद्धालुओं का हुजूम देखते बनता था।इस मौके पर कमेटी के कार्यकर्ता विपिन साहू,फूलचन्द्र गुप्ता,मुरारी साहू,आदेश अग्रहरि,रोहन साहू,शनि बाबा,सुभाष जायसवाल ,पप्पू साहू विनय रस्तोगी मौजूद रहे।

# 78 दिनों के बोनस से रेलकर्मी नाखुश,न्यूनतम वेतन के अनुसार बोनस मिलना चाहिए: आदर्श सिंह बघेल

**लालगंज रायबरेली।** दुर्गा-दशहरा पूजा पर हर साल की तरह इसबार भी केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस भुगतान करने का आदेश दिया है। लेकिन इस दिए जा रहे बोनस से केंद्रीय कर्मचारियों सहित रेलकर्मियों मे कुछ ज्यादा खुशी नहीं देखी जा रही है। सरकार ने हर बार की तरह इसबार भी 7 हजार सीलिंग के अनुसार 78 दिनों का बोनस दिया है।एमसीएफ मजदूर संघ, के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे मजदूर संघ ने कई बार रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा था कि वर्तमान में जो बोनस मिल रहा वो सही नहीं है। वर्तमान में न्यूनतम वेतन 18,000 है इस पर बोनस मिलना चाहिए। जबकि सरकार ने पूर्व की भांति 7,000 सीलिंग पर ही बोनस देने की वकालत की है। महामंत्री सुशील गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ अपनी मांग को लेकर लगातसार संघर्षरत है। वही एमसीएफ मजदूर संघ के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि 11 लाख से अधिक रेलकर्मियों को दिया जा रहा है बोनस रेल कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को सम्मान देते हुए, केंद्र सरकार ने 11,72,240 रेल कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा लोकमित्र विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय सी–5772 सेक्टर 12 राजाजीपुरम लखनऊ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष तिवारी

# मझवां उप चुनाव को लेकर हुई तैयारी बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** मझवा विधानसभा उप चुनाव को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने चुनाव संबंधित प्रभारी अधिकारियों/सहायक प्रभारी अधिकारियों की तैनाती करते हुए उन्हें निर्वाचन से सम्बन्धित तैयारियों हेतु कार्य का आवंटन किया। उक्त तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी अधिकारियों की बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिस अधिकारी को जो कार्य आवंटन किया गया है वे पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ सम्पादन कराएं। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों का विस्तृत डाटा प्रत्येक दशा में 10 अक्टूबर तक फीडिंग कराकर एन.आई.सी. में मिलान करा लें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मझंवा विधानसभा के प्रत्येक मतदेय स्थलों का सत्यापन करा लें तथा यदि कहीं फर्नीचर, खिड़की, दरवाजा, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, रैम्प, प्रकाश व्यवस्था आदि की कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल ठीक करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदेय स्थलों की बेबकास्टिंग भी कराई जानी है इसके लिए अनवरत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने का निर्देश दिया फिर भी इमरजेंसी के लिए प्रत्येक बूथो पर इनवर्टर की भी व्यवस्था कराए जाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन एव उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि क्रिटिकल बूथो का चिन्हाकंन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने रूट चार्ट, वाहनों की व्यवस्था, स्टेशनरी छपवाना, पैकेजिंग, आनलाइन शिकायतो का निस्तारण, प्रेक्षक हेतु समस्त व्यवस्थाएं, पोलिंग पार्टियों को भेजने, आवश्यक बैरीकेडिंग आदि की तैयारियां पहले से ही करने का निर्देश दिया।

उप निर्वाचन की तैयारियों हेतु मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार को निर्वाचन से सम्बंधित कर्मियों को तैनाती हेतु निर्देश दिए साथ ही यातायात, नियंत्रण कक्ष, शिकायत आदि सभी व्यवस्थाओं हेतु प्रभारियों की तैनाती कर सभी को अपने कामों के बारे में पूरी तरह से समझने और उनके कुशल संपादन हेतु निर्देश दिए।

## एमएलसी की संवेदनशीलता चर्चा में

**मीरजापुर।** रविवार की देर रात एमएलसी विनीत सिंह किसी कार्यक्रम से अपने आवास की ओर लौटते समय सिविल लाइंस क्षेत्र में देखा कि एक मोटरसाइकिल सवार एक चौपहिया वाहन में फंसा घिसट रहा है। उन्होंने चौपहिया वाहन का पीछा किया तथा उनके साथ के लोगों ने वीडियो बना लिया। आसन्न खतरे के डर से चौपहिया वाहन का चालक वाहन छोड़कर वहीं से फरार हो गया। मोटरसाइकिल में धक्का लगने के पहले एक आटो रिक्शा भी चौपहिया वाहन की चपेट में आ चुका था और उसपर बैठी सवारियां भी सड़क पर गिरकर कराह रही थीं। स्थानीय लोगों के सहयोग से एमएलसी ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, चिकित्सा व्यवस्था कराई और आधी रात के बाद अपने निवास पर पहुंचे। एमएलसी की संवेदनशीलता की पूरे नगर में चर्चा हो रही है। घायलों की पहचान आलोक यादव निवासी चेकसारी अंतर्गत थाना चिल्ह, धीरज यादव निवासी जोगियाबारी अंतर्गत थाना शहर कोतवाली, अशोक सोनकर निवासी विजयपुर कोठी अंतर्गत थाना शहर कोतवाली तथा अजमुल्ला निवासी अनंतरामपट्टी अंतर्गत थाना देहात कोतवाली के रूप में हुई। समाचार लिखे जाने तक गंभीर चोटों के बावजूद सभी घायल खतरे से बाहर बताए गए।

# 77 वें समागम की सेवाओं का विधिवत शुभारंभ

## ● सेवा को भेदभाव की दृष्टि से न देखकर निष्काम भाव से करें




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** इस संसार में अनेक प्रकार के लोग रहते हैं, जिनकी अलग-अलग भाषा, वेश-भूषा, खान-पान, जाति, धर्म और संस्कृति आदि हैं। पर इतनी विभिन्नताओं के रहते हुये भी, हम सब में एक बात सामान्य है कि हम सब इंसान है। कैसा भी हमारा रंग हो, वेश हो, देश हो या खान-पान, सबकी रंगों में एक सा रक्त बहता है और सब एक जैसी सांस लेते है। हम सब परमात्मा की संतान हैं। इसी भाव को अपने संतो ने अलग-अलग समय और स्थानों पर अपनी भाषा और शैली में 'समस्त-संसार, एक परिवार' के संदेश के रूप में व्यक्त किया। पिछले लगभग 95 वर्षो से संत निरंकारी मिशन भी इसी संदेश को न केवल प्रेषित कर रहा है, बल्कि अनेक सत्संग और समागम का नियमित रूप से आयोजन कर, इस संदेश का जीवंत उदाहरण भी पेश कर रहा है। मिशन के लाखों भक्त इस वर्ष भी 16, 17 और 18 नवम्बर 2024 को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा, हरियाणा में होने वाले 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में पहुॅचकर मानवता के महाकुम्भ का एक बार फिर से नजारा सजाने जा रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले ये भक्त जहॉ सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज और सत्कारयोग निरंकारी राजपिता रमित के पावन दर्शन करके स्वयं को कृतार्थ अनुभव करेंगे, वही मिलजुलकर संत समागम की शिक्षाओं से अपने मन को उज्जवल बनानें का प्रयास भी करेंगे। यह जानकारी ब्रांच चित्रकूट के मुखी शिवभवन द्वारा दी गयी। इस संत समागम की भूमि को समागम के लिये तैयार करने की सेवा का शुभारम्भ हर वर्ष की भॉति सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मिशन की कार्यकारिणी के सभी सदस्य, केन्द्रीय सेवादल के अधिकारी और सत्संग के अन्य हजारो अनुयायी मौजूद रहे।

समागम सेवा के शुभ अवसर पर सतगुरू माता ने बताया कि सेवा करते समय सेवक को भेद-भाव की दृष्टि से नहीं देखना चाहिये अपितु सदैव निरिच्छत, निष्काम भाव से ही की जानी चाहिये। सेवा कभी वरदान साबित होती है। जब उसमें कोई किन्तु, परन्तु नहीं होता। इसकी कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिये कि समागम के दौरान तथा समागम के समाप्त होने तक की सेवा करनी है, बल्कि अगले समागम तक भी सेवा का यही जब्बा बरकरार रहना चाहिये। यह तो निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। सेवा सदैव सेवाभाव से युक्त होकर ही करनी चाहिये फिर चाहे हम शारीरिक रूप से अक्षम हो असमर्थ हो सेवा परवान होती है क्योंकि वह सेवा भावना से युक्त होती है।

# विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन कर छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरुक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पहाडी रीता सिंह द्वारा रघुबीर प्रसाद कन्या इण्टर कॉलिज पहाडी में, थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज द्वारा चित्रकूट इण्टर कॉलिज में, प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी द्वारा सनराईज पब्लिक स्कूल सरधुवा में, प्रभारी निरीक्षक बरगढ राकेश कुमार मौर्य द्वारा कार्तिकेय विद्यालय बरगढ में तथा थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह द्वारा शारदा इण्टर कॉलिज भरतकूप में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। इन कार्यक्रमों में छात्राओं को समाज में चल रहे साइबर अपराध के प्रति जागरुक करते हुये बताया गया कि सोशल मीडिया के प्रयोग करते समय अपने पासवर्ड किसी से साझा न करें। साथ ही किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी न बतायें। साइबर सम्बन्धी अपराध की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल कॉल करें। इस दौरान छात्राओं को मोबाइल कम्पनी से कॉल, ट्रू-कॉलर का दुरुपयोग, सोशल मीडिया के माध्य से आने वाली वीडियो कॉलिंग, सेल्फी से बायोमैट्रिक, डिजिटल अरेस्ट, वॉयस क्लोनिंग या कहें आवाज की मिमिक्री द्वारा साइबर फ्रॉड, स्कूल गये बच्चों के नाम पर मैसेज, कॉल करके, कोरोना वैक्सीन के नाम पर कॉल करके, वाहन सीज कराने के नाम पर कॉल आदि के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

## 2 जुआरी जुआ खेलते हुये गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि उप निरीक्षक मोहम्मद जुबैर खां तथा मुख्य आरक्षी आशाराम द्वारा अर्जुन व शिवमूरत निवासी बांधी को ताश के पत्तों में हारजीत के बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से नगदी व ताश के पत्ते बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना रैपुरा में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# अपने खेतों को खाली न रहने दें अन्नदाता - मंत्री

● बुंदेलखंड के किसानों को सिंचाई के लिए दी जाएगी सोलर पंप सुविधा
● किसान सम्मान निधि योजना के तहत 7 लाख 57 हजार 853 किसान हो रहे लाभान्वित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में झांसी, कानपुर और चित्रकूटधाम मंडल की संयुक्त मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में मंत्री कृषि, कृषि रक्षा और कृषि अनुसंधान विभाग सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि किसान अपनी फसलों का उत्पादन बढायें और अपने खेतों को खाली न छोडें। बुन्देलखण्ड के शत्-प्रतिशत किसानों को सिंचाई हेतु सोलर पम्प की सुविधा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की दशा सुधारने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पहले बुन्देलखण्ड में पानी की बहुत समस्या थी लेकिन अब सरकार द्वारा हजारों करोड़ की योजना के द्वारा हर घर नल जल योजना से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी क्षमता व ऊर्जा का उपयोग कर आगे बढना है। सभी को कृषि से सम्बन्धित अच्छे तरीके अपनाकर अपना और अपने परिवार की तरक्की करना है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 7 लाख 57 हजार 853 किसानों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में मोटे अनाज का अधिक उत्पादन हो, इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान का खेत ही उसकी पहचान है, किसान कृषि कार्य के साथ उद्यान विभाग की योजनाओं बागवानी और खाद्य प्रसंस्कारण के द्वारा भी लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा अब किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। कृषि मंत्री ने कहा कि रबी फसल की कार्ययोजना के साथ ही खरीफ की कार्ययोजना अभी से तैयार करें, जिससे कि किसान खरीफ में भी अच्छी फसलों का उत्पादन कर सके। प्रदेश में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और बीज उपलब्ध हैं। किसानों को मिनी किट के द्वारा बीज का वितरण किया जा रहा है। ज्वार, बाजरा की खेती करें, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया जा रहा है।

इन उत्पादनों की खरीद भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के लिए 33 प्रतिशत का अनुदान भी किसानों को दिया जा रहा है, जिसका लाभ किसान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि किसान चना, मटर, मसूर, सरसो की खेती को बढायें। बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गेंहूॅ के एमएसपी पर लगभग 900 रूपये की धनराशि प्रति कुन्तल खरीद में बढायी गयी है। किसान अपनी फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अवश्य करायें। उन्होंने बताया कि जेवर में फल एवं सब्जी उत्पादन के लिए एक्पोर्ट हब बनाया जा रहा है। बुन्देलखण्ड के झांसी में भी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। गोष्ठी में किसानों की समस्याओं एवं उनके सुझावों को भी आमंत्रित करते हुए निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने गोष्ठी में किसानों को विभिन्न योजनाओं में सहायता धनराशि का वितरण किया, जिसके अन्तर्गत कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत किसान विद्यासागर को 12 लाख रूपये अनुदान एवं श्री कल्लू को 4 लाख रूपये का अनुदान व प्रमाण पत्र भेंट किया। सोलर पम्प योजना के अन्तर्गत किसान विसम्भर सिंह को 7.5 एचपी सोलर पम्प के लिए 12 लाख रूपये का अनुदान तथा जयनारायण सिंह को लुकतरा को अनुदान की धनराशि का चेक भेंट किया। प्रधानमंत्री केएसवाई के अन्तर्गत खेत-तालाब योजना में लोहरा के मैथलीशरण और कमलेश मिश्रा को 1 लाख 14 हजार की धनराशि अलग-अलग भेंट की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत लखनलाल को 3 लाख 23 हजार तथा घनश्याम, सियादुलारी व अन्य किसानों को मिनी किट का वितरण किया। गोष्ठी में कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा तथा एनआरएलएम योजना सहित महत्वपूर्ण योजनाओं के स्टाल लगाकर किसानों को महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रमुश सचिव कृषि रवींद्र कुमार ने कहा कि उन्नतशील बीज का उपयोग करें तथा संतुलित उर्वरकों का उपयोग मृदा परीक्षण के अनुसार करें। प्रदेश में आलू, गेंहूॅ, सरसों में उत्पादकता बढी है। षि निदेशक ने कहा कि गोष्ठी में किसान भाइयों ने बहुत ही अच्छे विचार रखे हैं। अपनी समस्याओं को बताया, जिनका निराकरण किया जायेगा। फसल बीमा योजना के अन्तर्गत तुलसी की खेती को फसल बीमा से जोडने का प्रयास किया जायेगा। विशेष सचिव राजस्व अनुराग पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वरासत प्रकरण तथा चकबन्दी से सम्बन्धित मामलों के निराकरण के लिए गॉव-गॉव चैपाल लगायी जा रही है। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी ने मण्डल में कृषि बीज एवं फसली ऋष्टा तथा उर्वरकों की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों को धनराशि का वितरण भी किया गया है। खेत-तालाब योजना तथा मिनी किट वितरण के साथ मण्डल में जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को बढावा देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड में मिलेट्स के उत्पादन की बेहतर सम्भावनायें हैं, किसान मोटे अनाज का उत्पादन करें। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण हेतु खेत-तालाब योजना तथा किसानों को सिंचाई के लिए स्प्रिंक्लर सेट की व्यवस्था भी की गयी है। पद्मश्री उमाशंकरण पाण्डेय ने कहा कि जनपद में कृषि विश्वविद्यालय, स्वयं सेवी संस्थायें, सरकारी विभाग तथा कृषि से सम्बन्धित सभी विभाग कृषि की तरक्की के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा जनपद में बासमती चावल की अच्छी पैदावार है, जिसके ऋय करने तथा मूल्य निर्धारण हेतु सरकारी स्तर पर प्रयास किया जाए।

गोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, आयुक्त झांसी मण्डल विमल कुमार दुबे, संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर एनसी सविता, ग्राम विकास सचिव सुखलाल भारती, कृषि निदेशक जितेन्द्र सिंह, विशेष सचिव उद्यान ओम प्रकाश वर्मा, जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, तीनों मण्डलों के मुख्य विकास अधिकारी और कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## फसल उत्पादन में किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण - गर्ग

**बांदा।** कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मोनिका एस गर्ग ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका फसल के उत्पादनों में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की अर्थ व्यवस्था को बनाने में भी किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विविधीकरण एवं उन्नत तकनीकी अपनाने के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसान मृदा परीक्षण अवश्य कराकर उसी के अनुरूप आवश्यकतानुसार कृषि उर्वरकों का उपयोग करें, इस कार्य में कृषि संगी एवं एफपीओ की मदद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान नवाचार सीखें और खेतों में जीवांश की वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि किसान मौसम आधारित खेती करें, जिससे उन्हें लाभ होगा, बुन्देलखण्ड में ऑवला, चन्दन, अंजीर, मूंगफली, अदरक व हल्दी की खेती के लिए उपयुक्त है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण की योजना का लाभ लेने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इससे किसान उद्यमी बनकर फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगा सकते हैं, जिससे उन्हें काफी आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हर साल कृषि विज्ञान केन्द्र से दो ग्रामों को चयनित कर मॉडल कृषि ग्राम के रूप में विकसित किया जाए।

# तुलसी स्मारक सभा के सदस्य ने की निर्माण कार्य रोकवाने की मांग

**चित्रकूट-** तुलसी स्मारक सभा के सदस्य डॉ अश्वनी अवस्थी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान समय में जिला मुख्यालय कर्वी स्थित नजूल भू खण्ड तुलसी स्मारक सभाा कर्वी के नाम से पट्टा आवंटित है। जिसकी सोसाइटी पंजीयन नवीनीकरण 2025 तक है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज नजूल भू खण्ड तुलसी स्मारक सभा कर्वी के नाम शासन द्वारा वर्ष 1915 से निरंतर पट्टे पर आवंटित है। जिसका नवीनीकरण समय-समय पर तुलसी स्मारक सभा के नाम निरंतर समय पर हो रहा है। इसके बावजूद इस जमीन पर नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध रूप से कार्यालय निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और भ्रामक रूप से प्रचार किया जा रहा है कि शासन से स्मारक सभा का आवंटन निरस्त करके यह भूमि पालिका के कार्यालय निर्माण के लिए आवंटित की जा चुकी है। जबकि स्मारक सभा के नाम आवंटित भूमि के पट्टी की अवधि समाप्त होने के बाद नगर पालिका कार्यालय निर्माण के लिए फ्री होल्ड कराने के बाद ही निर्माण कार्य करना चाहिए था, किन्तु नगर पालिका द्वारा स्मारक सभा की भूमि पर अवैध कब्जा करके बिना फ्री होल्ड कराए शासन की नजूल नीति के विरूद्ध राजस्व को हानि पहुंचाकर अवैध कब्जे के माध्यम से निर्माण किया जा रहा है। पत्र में अवैध कब्जे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गयी है।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन पुत्रों में से दूसरे नम्बर का पुत्र विश्वजीत कुमार के क्रियाक्लाप सही नहीं है। उनके द्वारा किए गए किसी भी वैध अथवा अवैध कार्यो के वह खुद जिम्मेदार होगें, उससे मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सारोकार नहीं होगा। मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने मझले पुत्र विश्वजीत कुमार को बेदखल करता हूं।

रमेश चन्द्र पुत्र दुलारे
निवासी- ग्राम समसपुर, थाना चरवा
परगना व तहसील- चायल
जनपद कौशाम्बी

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मो0 सद्दाम हुसैन व उनकी पत्नी जेबा बानो मेरे कहने सुनने में नहीं है। वह आए दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट पर आमादा हो जाते है। साथ ही साथ झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी भी देते है। उनके द्वारा किए गए किसी भी वैध अथवा अवैध कार्यो के वह खुद जिम्मेदार होगें, उससे मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सारोकार नहीं होगा। मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र मो0 सद्दाम हुसैन व उनकी पत्नी जेबा बानो को बेदखल करता हूं।

गुलाब मोहम्मद पुत्र अब्दुल सत्तार
निवासी- कालाकांकर परियावां, कुण्डा
जनपद- प्रतापगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत मैनहाई माफी विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/आंगनबाड़ी/राज्यवित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्य पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत फर्मो/सप्लायरो से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव, ग्राम प्रधान, समिति के सदस्यों के समक्ष निविदा दाताओं की निविदाएं खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 09.10.2024 से 14.10.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मैनहाई माफी में आंगनबाड़ी निर्माण केन्द्र | 12.09 लाख | 24180 | 1000 |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मैनहाई माफी
विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

ग्रा0पं0अधि0/ग्रा0वि0अधि0
ग्राम पंचायत मैनहाई माफी
विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

# संयुक्त जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का हुआ आयोजन




**चित्रकूट-** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय में किया गया। जिसमें 11 नवजात जन्मी बच्चियों में जिसमें अनिका, अदिति, आँचल, विनीता, अविका, नाव्या, रिया, मानसी, मानवी एवं वैनसी का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने एक बच्ची से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया। साथ ही मां बेटी को उपहार एवं मिष्ठान वितरण करके धूमधाम से कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि लडका-लडकी में भेदभाव न करें। दोनों को समान शिक्षा दें, जिसमें बेटियां भी अपने पैरों पर खडे होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें।

बेटी बचाओं, बेटी पढाओं अभियान भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। साथ ही समाज में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढावा देना है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि अपने बालक और बालिका में किसी प्रकार का भेदभाव न करते हुए दोनों को आगे बढने के समान अवसर प्रदान करें।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाई, आईजीआरएस में प्रदेश के 75 जिलों में चित्रकूट को मिला प्रथम स्थान

**चित्रकूट-**जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए रिपोर्ट की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है। माह सितम्बर 2024 में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो एवं उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा में जनपद पुलिस को उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में से प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी नोडल अधिकारी आईजीआरएस पर्यवेक्षण में निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव प्रभारी आईजीआरएस द्वारा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों का पालन कराते हुए की गयी। माह सितम्बर में मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी जनसेवा, संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में जनपद पुलिस द्वारा सभी संदर्भो का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेन्द्र सिंह एवं महिला आरक्षी अनीशा बानो, मीरा तथा जनपद के समस्त थानों, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों ने सभी संदर्भो की ऑनलाईन फीडिंग की। साथ ही प्राप्त संदर्भो के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गम्भीरता से लेकर निस्तारण करायें-सांसद

**● जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक सम्पन्न,**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक विकास भवन के सभागार में माननीय सांसद प्रतापगढ़ डा0 शिवपाल सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, सांसद कौशाम्बी पुष्पेन्द्र सरोज, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, विधायक पट्टी राम सिंह, विधायक बाबागंज विनोद सरोज, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि लाल साहब सिंह, एमएलसी डा0 महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने दिशा की बैठक की कार्यवृत्ति पर प्रकाश डाला। बैठक में अमृत सरोवर की सूची उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तो बताया गया कि अमृत सरोवर की सूची उपलब्ध करा दी गयी है जिस पर विधायक रानीगंज ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि अभी तक अमृत सरोवर की सूची नही प्राप्त हुई है, विधायक सदर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को कोई भी गलत सूचना न दी जाये जिस पर सांसद ने निर्देशित किया कि तालाबों पर जो कार्य कराये गये है उसकी जियो टैग सहित सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाये। दीन दयाल अन्त्योदय योजना के सम्बन्ध में विधायक रानीगंज ने कहा कि प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्यक्रम किया गया जिसमें विधायक विश्वनाथगंज एवं विधायक सदर को आमंत्रित कर प्रमाण पत्र का वितरण कराया गया, इस कार्यक्रम के तहत अन्य विधानसभाओं के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नही किया गया जिस पर सांसद ने कहा कि जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जाये उसमें विधानसभाओं के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर विचार विमर्श किया गया और जनप्रतिनिधियों ने शिकायत किया कि जनपद के शहरों व कस्बों की सड़कों पर अतिक्रमण किया गया है जिससे आवागमन के दौरान दुर्घटनायें होती रहती है जिस पर सांसद ने निर्देशित किया कि अतिक्रमण को हटवाया जाये और साइन बोर्ड लगाया जाये जिससे दुर्घटनायें न हो सके। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम पर चर्चा की गयी जिस पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की सूची उपलब्ध करायी जाये जिससे पात्र लाभार्थी की पहचान की जा सके और जांच हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी पर चर्चा की गयी और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 02 वर्ष बीत जाने पर भी अभी तक जांच लम्बित है जिस पर सांसद ने निर्देशित किया कि जांच करायी जाये और जिनके द्वारा भी लापरवाही पायी जाती है उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक ने बताया कि ग्राम पंचायतों में भारत सरकार के आदेशानुसार चौपाल लगाकर पात्रता की सूची तैयार की करायी जा रही है वेबसाइट खुलने पर सूची के पात्र लाभार्थियों को आनलाइन करा दिया जायेगा जिसके स्वीकृति प्रदान होते ही उन्हें लाभ दिया जाये जिस पर विधायक रानीगंज ने कहा कि सूची को वेबसाइट पर अपलोड करने से पहले सर्वे करा लिया जाये जिससे पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि जो शौचालय बनाये गये उसको काफी लोगों द्वारा प्रयोग नही किया जा रहा है इसके लिये लोगों को जागरूक किया जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के सम्बन्ध में विधायक रानीगंज ने कहा कि वर्ष 2014 की 14 परियोजनायें आज तक निर्मित नही हो पायी है और इसे एजेण्डा में भी शामिल नही किया गया है जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसकी जांच करायी जायेगी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने कहा कि इस परियोजना को जल जीवन मिशन में सम्मिलित कराकर कार्य कराया जायेगा। सांसद ने कहा कि जनपद के वाटर लेवल घट रहा है जिसके सम्बन्ध में उन्होने कहा कि चेकडैम बनाने का कार्य किया जाये जिससे वाटर लेवल सही रहें और किसानों को लाभ मिल सके। सर्व शिक्षा अभियान पर चर्चा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2372 विद्यालय है जिनमें प्रचार प्रसार कर नामांकन बढ़ाने का कार्य किया गया है जिस पर सांसद ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों की मानीटरिंग व निरीक्षण समय-समय पर करते रहे और सभी विद्यालयों से सूची प्राप्त करें कि कितने बच्चों का नामांकन किया गया है जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। सभी विद्यालयों में शौचालय, पानी, आने-जाने का रास्ता आदि को भी दिखवा लिया जाये। विद्युत विभाग की चर्चा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने शिकायत किया कि ट्रान्सफार्मर जलते रहते है और क्षमता वृद्धि नही करायी जाती है और विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा फोन भी नही उठाये जाते है जिस पर सांसद ने निर्देशित किया कि जहां पर ट्रान्सफार्मर की क्षमता वृद्धि की आवश्यकता हो वहां पर कराया जाये और विद्युत विभाग के अधिकारी फोन अवश्य उठाये। स्वास्थ्य विभाग की चर्चा के दौरान बताया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर (गढ़वारा) की निर्माण कार्य की जांच हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 02 सदस्यीय जांच समिति गठित की गयी थी जिसकी जांच आख्या अभी तक प्राप्त नही हुई है, जांच आख्या प्राप्त होने पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि 49 सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर है जिस पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जर्जर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सूची उपलब्ध करा दी जाये जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। बैठक में पाया गया कि 40 प्रतिशत डाक्टर ही उपलब्ध है जिस पर सांसद ने निर्देशित किया कि माइक्रोप्लान बनाकर जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर डाक्टर की उपलब्धता नही है वहां पर सप्ताह में एक दिन डाक्टर की नियुक्ति की जाये जिससे आमजन मानस को चिकित्सीय उपचार मिल सके। बैठक में राज्यसभा सांसद ने कहा कि बार्डर पर जनपद के जो शहीद हुये जवान है उनकी सूचना अगली बैठक के एजेण्डा बिन्दु में रखा जाये जिससे पता चल सके कि उनके परिवार को सरकार से दी जाने वाली सुविधायें प्राप्त हो रही है या नही। राज्यसभा सांसद ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को एक-एक विद्यालय गोद दिया जाये जिससे उसमें शिक्षा और बेहतर हो सके।

इसी प्रकार बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गयी एवं सांसद द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये गये। दिशा की बैठक में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया।

अन्त में मा0 सांसद/अध्यक्ष जी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का समन्वय बनाकर कार्य किया जाये तो कार्य सफल भी होता है और लोगों के कार्य समय पर होते है तथा जनता को लाभ मिलता है, स्वीकृत परियोजनायें समय से पूर्ण होती है। उन्होने कहा कि मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी शिकायतें एवं प्रस्ताव प्राप्त हुये है उनको गम्भीरता से लेकर निस्तारण कराते हुये उन्हें अवगत भी करायें। सभी अधिकारी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन की स्थिति से माननीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये। मा0 सांसद/अध्यक्ष जी ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय बनाकर शासन की योजनाओं को समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करायें। उन्होने अधिकारियों से कहा कि किसी के दबाव में आकर कार्य को न किया जाये, शासन के निर्देशानुसार पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य को किया जाये जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। बैठक में सांसद कौशाम्बी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा हम सभी के जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है, हम सभी लोग जनता के हित के लिये कार्य कर रहे है, हम सबका का प्रयास होना चाहिये कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे, जनप्रतिनिधियों के जो भी पत्र अधिकारियों को दिये जाते है उसे प्राथमिकता के आधार पर देखा जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने सांसद/अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुये कहा कि जनप्रतिनधियों द्वारा जो भी दिशा निर्देश व शिकायतें प्राप्त हुई है उसका सम्बन्धित अधिकारी शत् प्रतिशत निर्वहन करेगें। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# स्वच्छता गांधीवादी जीवन शैली का एक अभिन्न अंग - प्रो.अमित



**▸▸ पीबीपीजी कॉलेज में आयोजित हुई संगोष्ठी**

**▸▸ डीएलएड प्रशिक्षुओं व स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गांधी जयंती पर सेवा पखवाड़ा के तहत पीबीपीजी कॉलेज सिटी में मंगलवार को संगोष्ठी एवं स्वयंसेवक व डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा श्रमदान का आयोजन किया गया। सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।संगोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता और सफाई को गांधीवादी जीवन शैली का एक अभिन्न अंग है।इसके लिए सभी को अपने आचरण में स्वच्छता को अपनाना होगा। स्वच्छता के लिए सबसे पहले अपने घर व आसपास की सफाई बहुत महत्वपूर्ण है। सफाई को हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा। प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है और जीवन में स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता आवश्यक है। डीएलएड विभागाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि स्वच्छता के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। संचालन एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी अजय कुमार सिंह ने किया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई की। सुनीत कुमार सिंह ने सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस दौरान डॉ. नीरज त्रिपाठी,कुलदीप सिंह, प्रणव ओझा,सहदेव सिंह,केके शर्मा,अवनीश सिंह,रवि प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर हजारों का सामान समेटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर ग्राम पंचायत भवन में तैनात पंचायत सहायिका माधुरी देवी सोमवार शाम को पंचायत भवन का ताला बंद कर घर चली गई। रात में चोर पंचायत भवन के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुसे। पंचायत भवन में लगे दो बैटरी, कम्प्यूटर तथा आलमारी तोड़कर उसमें रखे सरकारी अभिलेख समेत हजारों का सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी मंगलवार को सुबह हुई। ग्राम प्रधान कमलेश कुमार पटेल ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

# प्रदेश में मोटा अनाज (मिलेट्स) उत्पादन से किसानों को होगा अधिक लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में ज्वार, बाजरा, कोदो, सावाँ, रागी / मडुआ आदि मोटे अनाज की खेती, प्रसंस्करण और उपभोग बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने %उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट 2023 के मद्देनजर लॉन्च की गई इस नई योजना के तहत 05 सालों में प्रदेश सरकार 18626.50 लाख रूपये खर्च कर रही है। इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है मिलेट की खेती को बढ़ावा देते हुए क्षेत्राच्छादन, उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाते हुए किसानों की आय में भी इजाफा करने के लिए वैल्यू एडीशन और मार्केटिंग के जरिए मिलेट को आम जनता की थाली तक पहुंचाना है, जिससे उन्हें संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। मिलेट्स यानी मोटा अनाज की खेती और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने %उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम% के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम नामक यह नई योजना वर्ष 2022-23 से वर्ष 2026-27 तक संचालित की जा रही है। कार्यक्रम क्रियान्वयन की इस अवधि में 18626.50 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आंकलित है, जिसे राज्य सरकार वहन कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मिलेट्स को %श्री अन्न नाम देते हुए अधिक से अधिक लोगों को खाद्यान्न में अपनाने पर बल दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (इण्टरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स) के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया था। प्रदेश सरकार ने प्रदेश में संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना को अगले 5 साल के लिए संचालित करने के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी है। कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग कर कृषि सेक्टर में रोजगार सृजन को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की गई है। प्रदेश में 05 साल में कुल 10,000 एग्रीजंकशन केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम का मकसद किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) बैनर तले समस्त सुविधाएं %वन स्टॉप शॉप% के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। प्रदेश में हजारों केन्द्र स्थापित किये जा चुके है जबकि अगले पांच साल में कुल 10,000 एग्रीजंक्शन केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य है। सरकार ने औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को सुनिश्चित कराने के लिये निजी औद्योगिक पार्क के विकास की योजना के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसे निजी प्रवर्तक के द्वारा बिल्ड ओन आपरेट (बीओओ) के आधार पर संचालित किया जाएगा। एमएसएमई इकाईयों के द्वारा कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार का सृजन कियां जाता है।

वर्तमान में प्रदेश में ऐसी लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं, जिन्हें और अधिक बढ़ाया जा रहा हैं। निजी औद्योगिक पार्क के भू-खण्डों के आवंटन, संचालन तथा मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के रख-रखाव का सम्पूर्ण दायित्व निजी प्रवर्तक का होगा। योजना के अन्तर्गत निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव भूमि के स्वामित्व के कागजात एवं आगणन सहित जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र को उपलब्ध कराया जाएगा।

चयनित भूमि का भू उपयोग औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिये होना चाहिए। इनमें मिलेट्स इकाइयां भी स्थापित होगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, कृषि के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए राज्य में कई प्रकार की योजनाएं संचालित की गई है ताकि गरीब किसानों की आय में वृद्धि हो सके। प्रदेश में किसानों के लिए आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना 2023 को भी शुरू किया गया है। इस वर्ष भी राज्य सरकार द्वारा ÷उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2024-25÷ पोर्टल को शुरू किया गया है इस पोर्टल के तहत राज्य में मिलेट्स में अर्थात मोटे अनाजों के उत्पादन में बढ़ावा प्रदान करने के लिए राज्य में किसानों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। देश में मोटे अनाज की बढ़ती हुई मांग को लेकर यूपी सरकार ने इस पोर्टल को शुरू किया है और इस पोर्टल में राज्य के किसान एवं जनता को लाभ प्रदान किया जाएगा, योजना के तहत मोटे अनाजों जैसे-ज्वार, बाजरा, कुट्टू, कोदों, सांवा, रागी तथा और जो भी मोटे अनाज है खेती करने के लिए किसानों को मोटे अनाजं के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिसके तहत किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। मिलेट्स उत्पादन में भारत का दुनिया में पहला नंबर है। पोर्टल के तहत राज्य की जनता को मोटे अनाजों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस पोर्टल में सरकार द्वारा मिलेट्स बीज उत्पादन के लिए 4 लाख रूपए की सीड मनी को इस योजना के तहत संचालन हेतु देय है। इच्छुक नागरिक योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते है। योजना में आवेदन करने के लिए पात्रताओं में जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो और किसान के पास 20 हेक्टेयर की जमीन होनी चाहिए। जिसमें वह मोटे अनाज का उत्पादन कर सके। जो भी आवेदक इस पोर्टल पर आवेदन करेगा उसका एफ.पी.ओ पंजीकृत और ग्रेडिंग पास होना जरुरी है।

किसान के पास कृषक उत्पादन संगठन करीब दो साल पुराना होना चाहिए। एफ. पी.ओ में करीब 300 शेयर तथा एक साल का टर्न ओवर लगभग दस लाख तक होना चाहिए। किसान को फसल के बीज का उत्पादन करने या मिलेटस बीज तथा विवरण एक्सपीरियंस होना चाहिए, जिससे की वह आसानी से मोटे बीजों का उत्पादन कर सके। राज्य में किसान मोटे अनाजों का उत्पादन करें इसके लिए उनको प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए ज्वार, सांवा, बाजरा तथा कोदा आदि मोटे अनाजों के बीजों को किसानों को मुफ्त में प्रदान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 2,47000 बीज मिनी किट निःशुल्क वितरित किया गया। प्रदेश में 20 मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकेजिंग सह वितरण केन्द्र की स्थापना की जायेगी। 45 एफ0पी0ओ0 को सीड मनी के रूप में रुपए 180 लाख का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है। 10 कृषि विश्वविद्यालय / कृषि विज्ञान केन्द्रों को रुपए 950 लाख अनुदान तथा मिलेट्स अनुसंधान एवं नवाचार हेतु उपकार को 135.03 लाख अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। 20 मोबाइल आउटलेट एवं 23 मिलेट्स स्टोर की स्थापना भी की जायेगी। प्रदेश सरकार इस वर्ष 31 दिसंबर, 2024 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद करेगी। इसके लिए कैबिनेट ने मोटे अनाज क्रय नीति को मंजूरी दे दी है।

प्रदेश में किसानों से मक्का 2225 रूपये प्रति क्विंटल, बाजरा 2625 रूपये प्रति क्विंटल, ज्वार (हाइब्रिड) 3371 रूपये प्रति क्विंटल और ज्वार (मालदांडी) 3421 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जाएगी। मक्का की खरीद 19 जिलों में, बाजरा की खरीद 32 जिलों में और ज्वार की खरीद 11 जिलों में की जायेगी। मक्का के कुल 60 क्रय केंद्र, बाजरा के 275 तथा ज्वार के 70 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। ऑनलाइन पंजीकृत किसानों से यह अनाज क्रय किये जायेंगे।

# विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित कर संचारी रोगों के प्रति किया गया जागरुक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा में डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद के सभी शिक्षण संस्थाओं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्टाफ तथा विद्यार्थियों को संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व सत्यप्रकाश,योगेश कुमार सिंह,विकास कुमार सिंह, प्रतीक कुमार सिंह,अरविंद कुमार विश्वकर्मा,दिवाकर सिंह पटेल के संयोजन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, राजकीय उमावि रसूलपुर में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, आरएसबी इंटर कालेज सुंदरगंज कुंडा मे प्रधानाचार्य आरपी यादव के निर्देशन में,महावीर उमावि उमरी कोटिला में प्रधानाचार्य बबन सिंह के निर्देशन में, भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के संबंध में माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के संबंध में जनमानस को जागरूक किया गया।

## जनपदीय हैंडबॉल में पीबी इंटर कॉलेज की बेटियां बनीं चौम्पियन

**प्रतापगढ़।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के अवसर पर आयोजित जिलास्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता पीबी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जीत ली। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पीबी इंटर कॉलेज और स्टेडियम-11 के बीच खेला गया। जिसमें पीबी इंटर कॉलेज ने 0 के मुकाबले 4 गोल मारकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में साकेत इंटर कॉलेज,आत्रेय अकादमी, पीबी इंटर कॉलेज,मालती अकादमी ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश तिवारी ने किया।

## 2 बाल अपचारी गिरफ्तार

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फतनपुर के उ0नि0 प्रभांशु कुमार राय मय हमराह हे0का0 राजेश कुमार यादव, हे0का0 संतोष सिंह, का0 विवेक यादव द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, 02 नफर बाल अपचारी गिरफ्तार किया गया ।

# मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी ने राम के लिए माँगा चौदह वर्ष के लिए वनवास

**लोकमित्र ब्यूरो**



**शमशेरगंज।** बासूपुर पौड़िया गाँव में चल रहे राम लीला के पाँचवे दिन कलाकारों द्वारा मंथरा व दशरथ कैकेयी संवाद, राम व सीता का माता कौशिल्या से वन जाने की अनुमति माँगने का दृश्य दिखाया गया । जिसमें मंथरा कैकेयी को कोप भवन में जाकर त्रिया चरित्र कर अयोध्या का राज भरत को दिए जाने व राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास माँगने की सीख दे जाती है । मंथरा की बातों को मानकर कैकेयी कोप भवन में जाती है और दशरथ से अपने दो वरदान को माँगती है । कैकेयी हठ के आगे राजा दशरथ की एक नही चलती है और आखिरकार राम को चौदह वर्ष का वनवास जाने व भरत को राजगद्दी दिए जाने का वचन देने के लिए विवश होना पड़ता है। इसके बाद राम व सीता माता कौशल्या से वन जाने की अनुमति माँगते है । जब लक्ष्मण को राम के वन जाने की बात पता चलती है तो वह राम से विनती करते हैं कि उन्हें भी साथ में वन के लिए लेकर चलें । राम की अनुमति मिलने के बाद वे माता सुमित्रा से आज्ञा लेते हैं । दर्शकों ने मंथरा कैकेयी व दशरथ कैकेयी संवाद को खूब सराहा। दशरथ इन्द्रेश जोशी, कौशिल्या राजेश दुबे, मंथरा महेन्द्र जोशी, राम विनोद तिवारी, लक्ष्मण शिवम तिवारी बने जिनका मंचन देख दर्शक भावविभोर हो गए । इस दौरान अभिनंदन सिंह किल्लू, अनिल सिंह, लक्ष्मीकांत दुबे, राजकुमार दुबे, जीतलाल विश्वकर्मा, विनोद जोशी, सुनील जोशी आदि रहे ।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट का वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2435112 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र कहीं खो गया है।
पूजा देवी
ग्राम धनुहा
तहसील रानीगंज, प्रतापगढ़

# माता काली ग्रह वाधाओं को दूर करती हैं- धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम 9 अक्टूबर बुधवार आश्विन शुक्ल पक्ष को शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि है। इस दिन माता काली की सेवा की जाती है। बहुत-बहुत बधाई बहुत-बहुत मंगल कामनाएं। माता काली ग्रह वाधाओं को दूर करने वाली हैं। इनके उपासक को अग्नि भय, जल भय,जंतु भय, शत्रु भय रात्रि भय आदि का कोई असर नहीं होता है। इनके व्रत करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

माता के तीन नेत्र हैं नरमुंड की माला गले में धारण करती हैं।चार हाथ हैं, एक हाथ में कटार एक हाथ में लोहे का कांटा है। शुंभ की आज्ञा पाकर चंड मुंड आदि दैत्य चतुरंगिणी सेना के साथ अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित हो जब चले तो गिरिराज हिमालय के ऊंचे शिखर पर पहुंच कर उन्होंने सिंह पर बैठी देवी को देखा। वह मंद मंद मुस्करा रही थीं ।उन्हें देखकर दैत्य लोग तत्परता से पकड़ने का उद्योग करने लगे। किसी ने धनुष तान लिया किसी ने तलवार संभाली और कुछ लोग देवी के पास आकर खड़े हो गए। तब अंबिका ने उन शत्रुओं के प्रति बड़ा क्रोध किया उस क्रोध के कारण उनका मुख काला पड़ गया। ललाट में भौंहें टेढ़ी हो गई और वहां से तुरंत विकराल मुखी काली प्रकट हुई। जो तलवार और पाश लिए हुए थी। वह विचित्र खटवांग धारण किये हुए और चीते के चमड़े की साड़ी पहने नर मंडों की माला से विभूषित थीं। बड़े-बड़े दैत्यों का वध करती हुई वह कालिका देवी ।

ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा
धां धीं धूं धूर्जटे- पत्नी वां वीं वूं वागीश्वरी।
क्रां क्रीं क्रूं कालिका देवि शां शीं शूं में शुभं कुरु।


मां काली यंत्र तंत्र मंत्र की देवी हैं रक्तबीज के वध के समय मां दुर्गा ने अपने शरीर से आपको अवतरित किया था। इनकी उपासना से प्राणी भय से मुक्त हो जाता है। भगवान भोलेनाथ ने एक बार माता जी को काली कह दिया था। इसलिए आपका नाम काली पड़ा। मां काली का स्वरूप काले रंग का है लेकिन आप शुभकारी फल देने वाली है।

# संपर्क मार्ग निर्माण के लिए सत्ता पक्ष को कोसता कार्यकर्ता

## कहा, क्या भाजपाई होना ही है हमारा सबसे बड़ा गुनाह, जन प्रतिनिधियों के कोरे अस्वाशन से थक चुके हैं फरियादी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** देश में आजादी का अमृत काल चल रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प के विजन को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।भाजपा सरकार स्मार्ट सिटी और हाईटेक पंचायतों पर फोकस किए हुए है, लेकिन मेजा के चौकी गांव के मात्र 300 मीटर संपर्क मार्ग का निर्माण नही कराया जा सका।भाजपा नेताओं ने इसके लिए सिर्फ कोरे आश्वासन दिए हैं।



जनपद के विकास खण्ड उरुवा का चौकी गांव पिछड़ी जाति बहुल गांव है। यहाँ यादव जाति की बहुलता है।गांव की चकबंदी होने और दस्तावेज में चकमार्ग दर्ज होने के वावजूद ब्राह्मण बस्ती में जाने के लिए रास्ता नही था।समाजसेवी एवं भाजपा के छोटभैया नेता राम शिरोमणि तिवारी ने कई बार इस मार्ग से अवैध कब्जा हटाने के लिए पार्टी के जन प्रतिनिधियों से फरियाद की लेकिन इस मांग को गम्भीरता से नही लिया गया।थकहार कर श्री तिवारी प्रशासन के यहाँ दस्तक दी लेकिन निराशा हाँथ लगी।हताश और निराश राम शिरोमणि तिवारी ने अवैध कब्जे हटाने के लिए तहसील मुख्यालय पर आमरण अनशन शुरू कर दिया।अनशन के साथ प्रशासन की नींद टूटी और चकमार्ग से कब्जा हटाकर संपर्क मार्ग पर मिट्टी का कार्य कराया गया।

भाजपा के स्थानीय नेता राम शिरोमणि ने आप बीती सुनाते हुए कहा कि गांव के दबंग संपर्क मार्ग पर दोबारा कब्जा करने की फिराक में रहते हैं।इसकी कोशिश भी कर चुके हैं।निवर्तमान सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी से श्री तिवारी खफा हैं।उन्होने कहा कि उन्होंने मेरी पीड़ा नही सुनी और कोरा अस्वाशन दिया।सत्ता पक्ष के और कई नेताओ ने भी यही रवैया दोहराया है।उन्होने कहा लगता है भाजपा का समर्थक होना ही गुनाह है।

### आशा पर टिकी मुरादें

रामशिरोमणि तिवारी ने कहा कि मैं जिला पंचायत अध्यक्ष वी के सिंह के यहाँ पहुंचकर फरियाद की है।उन्होने कहा कि इस मार्ग का निर्माण हो जाएगा।उन्होने कहा था कि जे ई भेजकर इसका स्टीमेट बनाकर इस पर धन स्वीकृत कर शीघ्र बना दिया जाएगा।

बार बार कोरे आश्वासन से व्यथित श्री तिवारी ने कहा कि आशा पर संसार टिका है।

# छात्रा के ऊपर गिरा सीलिंग फैन, बाल-बाल बची

**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के प्रयागपुरम के रहने वाले अनिल कुमार शुक्ल की पुत्री जो की नैनी के देवरख रोड स्थित एक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ाई करती है। प्रतिदिन की तरह वह मंगलवार को विद्यालय गई हुई थी और कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। तभी उसके ऊपर सीलिंग फैन गिर पड़ा। हालांकि छात्रा बाल बाल बच गई, लेकिन सीलिंग फैन गिरने से क्लास सहित विद्यालय में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि विद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आ रही है। विद्यालय में लगे उपकरणों की जांच पड़ताल कभी भी नहीं की गई। यदि स्थापित उपकरणों की जांच पड़ताल मानक के अनुरूप किया गया होता तो क्लास में लगे सीलिंग फैन को गिरने से बचाया जा सकता था। हालांकि एक बड़ी घटना होते-होते बाल बाल बच गई। वहीं सूचना मिलने पर अभिभावक अनिल कुमार शुक्ल परिजनों के संग पहुंचे और विद्यालय प्रशासन से लिखित शिकायत की।

# चयनित पशु पालकों का प्रशिक्षण आरंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स द्वारा जनपद मिर्जापुर के चयनित पशुपालकों का सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) घटक का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मिर्जापुर के चयनित पशुपालकों को पशुपालन, बकरीपालन, मुर्गी पालन, सूकर पालन, बतख पालन एवं डेयरी प्रबंधन से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षित किया जायेगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पशुपालकों को संबोधित करते हुए निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन धरन ने कृषकों से खेती के साथ-साथ पशुपालन पर भी ध्यान देने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि पशुपालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें पशु पालने के साथ ही आर्थिक आय आरंभ हो जाती है जो कि खेती में नहीं होती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की निदेशक विकास (प्रो0) डा0 रीतू प्रकाश दूबे ने पशुपालकों को दूध के साथ-साथ दुग्ध उत्पाद बनाकर बेचने की सलाह दी. उद्घाटन समारोह में कृषकों को प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण समन्वयक डा0 मदन सेन सिंह ने कृषकों को बताया कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें पशुपालन की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराने हेतु विषय संबंधी जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी कराया जायेगा एवं विश्वविद्यालय के पशुपालन विभाग एवं डेयरी का भ्रमण कराते हुए विषय संबंधी समस्त जानकारियां प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के सह प्राध्यापक डा0 रामपाल सिंह ने पशुपालकों को बताया कि अगर समय से पशुओं का टीकाकरण, उचित देखभाल एवं प्रजनन में खानपान समुचित ढंग से किया जाये तो पशुओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ अच्छा लाभ भी अर्जित किया जा सकता है। प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा0 सरवेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 मनीष कुमार केसरवानी आदि शामिल हुए।

# शिवनगर पूजा पंडाल में छठे दिन पूजी गई मां कात्यायनी



**नैनी(प्रयागराज)।** शिवनगर में माँ कात्यानी का विशेष पूजन आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुशील तिवारी ने उपस्थित भक्तों को संबोधित किया सुशील तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, ÷माँ कात्यानी की आराधना करने से भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। हमें इस पर्व पर एकता और भक्ति के साथ मिलकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए।÷ उन्होंने सभी भक्तों से अपील की वे अपने जीवन में माँ की कृपा को अनुभव करें और सकारात्मकता फैलाएं।

पूजन समारोह में भक्तों की बड़ी संख्या उपस्थित थी, जिन्होंने श्रद्धा के साथ माँ कात्यानी की आरती की और उनका गुणगान किया। इस अवसर पर भक्ति गीतों का आयोजन भी किया गया, जिससे भक्तों का उत्साह और बढ़ गया पूजा के अंत में भोग का वितरण किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन ने शिवनगर में एक विशेष धार्मिक वातावरण का निर्माण किया प्रमुख रूप से फूलचंद, बीपी त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा, महेंद्र दुबे, साहब लाल ,पंकज शर्मा ,संतोष दिक्षित, सूरज निषाद, रिंकू श्रीवास्तव, अरविंद तिवारी ,शंभू नाथ दुबे ,मोनू मिश्रा, त्रिभुवन सिंह यादव ,अरुणेश यादव ,दीपू सिंह और सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी भक्तगण ने मिलकर माँ दुर्गा की आराधना की इस प्रकार, माँ नव दुर्गा पूजा का यह छठा दिन शिवनगर के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

# विद्युत कटौती से मां के भक्तों में आक्रोश

## विभाग की मनमानी से पूजा पंडालों में रहता है सन्नाटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र महापर्व पर बिजली उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।इसके बावजूद विद्युत विभाग मनमानी से बाज नही आ रहा है। अघोषित कटौती से कोहडार क्षेत्र के पूजा पंडालों में अंधेरा छाया रहता है। विकास खण्ड मेजा के कोहड़ार मेजा रोड फीडर व लाल तारा फीडर की विजली कटौती के चलते पूजा पंडालों में अंधेरा छाया रहता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है जब से नवरात्र पर्व चल रहा है, बिजली कटौती बढ़ गयी है जिससे पूजा पंडालों की रौनक फीकी पड़ जाती है।अंधेरे की वजह से महिला भक्त



पंडाल आने से कतराती हैं।पंडालों में मॉ के गीत और भजन नही होने से भक्तों में उत्साह नही रह जाता है। विद्युत विभाग की मनमानी से मॉ के भक्तों में आक्रोश है।

सम्सजसेवी आशुतोष शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री का आदेश है, नवरात्र में पर्याप्त बिजली दी जाय जैसे पूजा में दिक्कतें ना हो लेकिन यह आदेश कागजी साबित हो रहा है। जिंससे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है अगर बिजली कटौती में सुधार न हुआ तो पावर हाउस का घेराव किया जाएगा।

# सीता ने लांघी लक्ष्मण रेखा, रावण ने किया हरण

**नैनी(प्रयागराज)।** श्री अवंतिका रामलीला में सूर्पनखा नक-कटी, खर-दूषण वध, स्वर्ण मृग एवं सीता हरण की लीला का अत्यंत सुंदर मंचन हुआ।



मंगलवार को श्री अवंतिका रामलीला का प्रारंभ सूर्पनखा नक-कटी लीला के साथ हुआ । सूर्पनखा का अभिनय देख कर बच्चों ने खूब तालियां बजाई।सूर्पनखा के बहकावे पर खर-दूषण राम से युद्ध करने आते हैं । राम उन्हें सेना सहित पल भर में धराशाई कर देते हैं । चारों ओर जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगते हैं।राम स्वर्ण मृग के पीछे जाते हैं।सीता के जोर देने पर लक्ष्मण, लक्ष्मण रेखा खींच कर सीता को किसी भी परिस्थिति में लक्ष्मण रेखा न लांघने की प्रार्थना करते हैं।

रावण साधु का वेश धारण करके आता है, सीता लक्ष्मण रेखा पार करती हैं, रावण उनका हरण कर लेता है । लक्ष्मण रेखा हर युग में बाध्यकारी है । इसका उल्लंघन व्यक्ति को संकट-ग्रस्त कर देता है। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी, अनंत झा, गोविंद दुबे, अंबरीश दुबे, यजुर्वेद जन्मेजय, गुड्डू सिंह, राजेंद्र शुक्ला, धीरज मिश्रा, बी बी सिंह, राधेश्याम तिवारी, संजय चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई



**नैनी(प्रयागराज)।** महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय में प्रो.ओम प्रकाश की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रो. नीतू सिंह ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन कड़ाई से कराना चाहिये। यह हम शिक्षकों की भी बहुत बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है की स्वयं और अपने परिवार को जागरूक करें तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक करते रहें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य एवं महाविद्यालय के शास्तामंडल सक्रियता से जागरुकता पर अपना कार्य करते रहते हैं। इस अवसर पर प्रो. सुवर्णा सरकार, प्रो. श्याम नारायण यादव, प्रो. महेंद्र प्रसाद, प्रो. सविता श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉ. राम कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक डॉ. अवधेश कुमार आर्य ने किया।

# जल निकासी न होने से सड़कों पर भरा गंदा पानी

## ग्रामीणों ने दिया जिलाधिकारी व बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** घरों का निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने व बरसात के पानी से जलभराव होने पर दुर्गंध दे रहा। जिससे पास में रहने वाले को जीना दुश्वार हो गया इस संबंध में कई बार जिम्मेदार को सूचना के बावजूद मौन बने हुए है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व कोरांव बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अगर तीन दिन में भरे जलभराव की निकासी नहीं किये जाने पर सड़क पर उतरे से बाध्य होना पड़ेगा।

व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरी, पूर्व अध्यक्ष संजय केशरी , सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, विष्णु प्रताप सिंह ने बताया लेड़ियारी बाजार में तो नाली निर्माण कार्य किया गया था। लेकिन ढ़ेड सौ मीटर दूर तक नहीं बनाई गई। जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने से काफी दुर्गंध



दे रहा है। वहीं सबसे मुसीबत यह है कि तेज़ रफ़्तार से चलने वाली दो पहिया व चार पहिया वाहनों इस गंदे पानी से राहगीरों व स्कूल में आने - जाने वाले छात्र - छात्राओं के कपड़े खराब हो जाता है। कुछ लोगों के यह गंदगी मुंह तक पहुंच जाने से मारपीट की नौबत आ जाती है।

लेड़ियारी मंडी तिराहे पर व्यापार करने वाले बालू, गिट्टी सड़क के किनारे तक रखने से पानी की निकासी नहीं होने से जलभराव बना हुआ है। जिससे यह पानी तीन महीने से भरें होने पर बदबू आ रही है। जिसके चलते बच्चे, नौजवान तमाम तरह की बीमारियों के चपेट में चल रहे हैं। वहीं पानी के भरें होने से मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है।

बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओंकार नाथ केशरवानी के द्वारा नाली निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन 150 मीटर तक नहीं बनाएं जाने से समस्या बनी हुई है। गंदा पानी सड़क पर बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है।

इस संबंध में विकास खंड अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि तीन दिन में ठीक कर दिया जाएगा।

# मां कात्यायनी की पूजा को उमड़े श्रद्धालु

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** नवरात्रि छठवें दिन मंगलवार को क्षेत्र में स्थापित पूजा पंडालों व मंदिरों में माता के कात्यायनी का स्वरूप का श्रृंगार व पूजन किया गया । मां कात्यायनी की उपासना से अद्भुत शक्ति का संचार होता है । व दुश्मनों का संहार करने में ये सझम बनती है । इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। भक्तों ने पुष्प , फल , नारियल , धूप , दीप से मां की विधिवत पूजा अर्चना की।



कालीधाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार केशरवानी उर्फ बट्टी के नेतृत्व में मां के कात्यायनी स्वरूप का दर्शन किया। और जय माता दी के जयकारे से पूरे मंदिर परिसर को भक्ति के रंग में रंग दिया।लेड़ियारी दुर्गा पूजा पंडाल के पुरोहित आचार्य नाजू पांडेय ने बताया कि आज के दिन मां कात्यायनी को पीला रंग प्रिय है। इस लिए पूजा के लिए भक्त पीले रंग का वस्त्र धारण करना चाहिए। सुबह से ही भक्तों ने स्नान करके तड़के सुबह से ही पंडालों में पहुंचने लगे थे। आचार्य नाजू पांडेय ने बताया कि भक्त पंडालों में दुर्गा चालीसा का पाठ कर रहे हैं। और माता जी का विस्तार से वर्णन किया।श्री दुर्गा कमेटी समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में देवी गीत व पूजन - अर्चन किया गया। वहीं पंडाल में स्थापित मां दुर्गा जी के प्रतिमा के पास प्रियांशी केशरी, पलक, मुस्कान, खुशी, अनुष्का, पूजा देवी, आशा देवी, आदि ने भजन कीर्तन के साथ गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान विशाल केशरी, राहुल केशरी, आशीष कुमार मिश्रा, राजेश कुमार केशरवानी, विजय केशरी , शिव मोहन द्विवेदी, अभिषेक कुमार, रोहित कुमार, अमन केशरी, आदित्य केशरी, राज केशरी, धीरज कुमार, विनीत कुमार मोदनवाल, दीपक अग्रहरि, पंकज केसरी, आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौंधियारा (प्रयागराज )।** क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा में पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कौंधियारा थाने में तैनात मृत्यंजय कुमार और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। छात्राओं को वीमेन हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में विस्तृत चर्चा की।

नवरात्रि के समय छात्राओं को उनकी शक्ति का अहसास कराया, कहा आप कभी भी रास्ते में दिक्क़त में हो या आपको फ़ोन पर कोई परेशान करता है या गलत मैसेज भेजता है तो आप बिना किसी भय के पुलिस की मदद ले सकती है, आप की समस्याओ को दूर किया जाएगा।महिला पुलिस कर्मियों द्वारा छात्राओं को गुड-टच, बैड-टच, साईबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, मानव तस्करी, नशा के दुष्प्रभाव आदि की जानकारी दी गई।महिला सुरक्षा विशेष दल की एसआई निधि सिंह चौहान ने बताया कि छात्राएं अपनी सुरक्षा के लिए कैसे तैयार रह सकती हैं और किस प्रकार की स्थिति में पुलिस की मदद लेनी चाहिए। इसके अलावा, उन्हें आत्मरक्षा के तरीके भी सिखाए गए। छात्राओं को 1090 के अलावा डायल 102,108,112,1930 आदि नंबर के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान एसआई मृत्यंजय कुमार,एसआई आरती पटेल,एसआई प्रीति कुमारी,एसआई दिव्या गुप्ता, कॉन्स्टेबल सूर्यकांत सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 17 गौशाला की शिकायत पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को बनाया नोडल अधिकारी

**कोरांव(प्रयागराज)।** बीते दिनों कोराव की सभी गौशाला में पर्याप्त भ्रस्टाचार सरकारी धन के बंदरबांट की शिकायत किसान यूनियन प्रयाग के नेता अरुण कुमार चतुर्वेदी व समाजसेवी सपा नेता प्रमोद पयासी ने ज्ञापन देते हुए जोरदार हंगामा किया था भारी भ्रस्टाचार गौशाला मे पशुओं की हत्या का मुद्दा जोर शोर से उठाया था ज्ञातव्य हो कि गौशाला बढ़वारी कला में आधा दर्जन पशुओ की जान गई थी जिसमे संबधित अधिकारियों द्वारा लीपापोती कर दी गई थी द्भद्बह्यड्डह्यद्ग ग्रामीण सहित क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश था जिसकी शिकायत हुई थी सभी गौशाला मे शिकायत पर शखत उप जिलाधिकारी आकाछा सिंह ने सभी गौशाला की



जाँच हेतु नायब तहसीलदार को नोडल बनाते हुए संबधित छेत्रवार राजस्व निरीक्षक को हर शनिवार को गौशाला की रिपोर्ट देने का आदेश जारी किया है जिससे संबंधित सचिव व प्रधानों पर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके इस पर वार्ता के दौरान ज्ञापन देने वाले सभी गौशाला का मुद्दा उठाने वाले प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा की निश्चित रूप से इस ब्यवस्था से गौशाला में सुधार होगा भ्रष्टाचार करने वालो पर अंकुश लगेगा फर्जी पेमेंट पर रोक लगेगी इसके लिए मैं उप जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं अगर इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ तो अब सिर्फ आमरण अनशन भूंख हड़ताल ही अंतिम विकल्प होगा इसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा फ़िलहाल इस आदेश से छेत्रीय लोगों में खुशी है और उम्मीद है की कुछ सुधार होगा आगे देखने वाली बात होगी

# कुपोषण से निपटने के लिए शुआट्स परियोजना को उ.प्र. विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद ने दी मंजूरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज।** मोरिंगा को सतत खेती और किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बढाने के लिए मूल्य संवर्धन और उत्पाद विकास के लिए मोरिंग के पत्तों का उपयोग मे लाने वाली शोध परियोजना स्वीकृत की गई। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज ब्लाक शंकरगढ तथा जसरा में कुपोषण जैसे समस्याओं से निपटने के लिए मोरिंगा की सतत खेती और किसानोको सामाजीक-आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए तथा इसके पोशक तत्वों से अवगत कराने के लिए एक नई शोध परियोजना को इलाहाबाद के शुआट्स में उद्यान विज्ञान के प्रोफेसर देवी सिंह को लखनऊ उ.प्र. विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यू.पी. सीएसटी) द्वारा वित्तपोषित है और इसका मुख्य उद्देश्य मानव में कुपोषण को पूर्ण रूप से दूर करने के लिए तथा इसके विभिन्न औषधिम गुणो के बारे में अवगत कराना है। इसके लिए प्रयागराज के शंकरगढ़ तथा जसरा ब्लाक का चुनाव किया गया है। (शोध परियोजना के प्रधान अनवेषक प्रो.डा. देवी सिंह ने यहाँ के किसानो को मोरिंगा (सहजन) की वैज्ञानिक खेती के बारे में पूर्ण जानकारी दी। एवं इसके फल-फूल और इसके पत्तियों को कैसे लाया जाए इसकी भी पूर्ण जानकारी दी। (मोरिंगा पति पाउडर). यह शोध मोरिंगा के औशधिम गणों के बारे में तथा मानव में पोषक तत्वों को पूर्ण करने के लिए इसके उपयोग को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

# पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामिया को दबोचा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** जनपदीय एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को लोनाखार के पूरा,जूड़ापुर बीहर निवासी 25 हजार का वांछित इनामिया अभियुक्त 32 वर्षीय सर्वेश तिवारी पुत्र राजाराम तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस ने बताया की सर्वेश तिवारी गैंगेस्टर की धारा 2/3 सहित होलागढ़ थाने में वर्ष 2014,15,16 और 2020 में विभिन्न पंजीकृत धाराओं का आरोपी रहा।गिरफ्तारी के समय एसओजी टीम के प्रभारी निरीक्षक अनूप सरोज सहित स्थानीय पुलिस प्रमुख रही।

# सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल स्थापना दिवस मनाया गया

**नैनी (प्रयागराज)।** महर्षि विद्या मन्दिर दूरवाणी नगर ,ए.डी.ए कालोनी नैनी प्रयागराज में 8 अक्टूबर को प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला के दिशा निर्देशन में सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल स्थापना दिवस मनाया गया । श्री गुरूदेव ब्रह्मानन्द सरस्वती जी के प्रेरणा एवं आशीर्वाद, पूज्य महर्षि महेश योगी जी के दैवीय कृपा से एवं विश्वशान्ति आन्दोलन के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा जी के मार्ग दर्शन में शारदीय नवरात्रि के पाँचवे दिन 09 अक्टूबर 2013 को सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल का उदघाटन हुआ । आज 8 अक्टूबर को सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल का 11वाँ स्थापना दिवस मनाया जा रहा है । कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरूपूजा से हुआ । तत्पश्चात् उपस्थित सभी छात्र एवं शिक्षकगण प्राणायाम तथा सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास किए । विद्यालय की छात्राओं ने गीत एवं भजन प्रस्तुत किए तथा सहस्त्रशीर्षा देवी मण्डल पर छात्राओं ने अपने अपने विचारों की अभिव्यक्ति किए । शिक्षिकाओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया । विद्यालय के ध्यान शिक्षक ने महर्षि जी की वैदिक परम्परा के विषय में विस्तृत जानकारी दिया । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने संस्था के अध्यक्ष गिरीश जी के संदेश को सबके सामने पढ़ कर उनके द्वारा किए गए सभी प्रयासों को बताया।।



# मानस रामलीला में केवट प्रसंग, दशरथ मरण, भरत अयोध्या आगमन, भरत राम मिलन का मंचन



**नैनी(प्रयागराज)।** मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा केवट प्रसंग, दशरथ मरण, भरत अयोध्या आगमन और भरत, राममिलन का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया। प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद श्री उज्जवल रमण सिंह जी ने मंच से अपने संबोधन में कहा कि भगवान् श्री राम जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का श्रोत है, उनके आदर्शों पर चलेगें तभी जीवन सार्थक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभिमन्यु पार्क को और अधिक सुंदर बनाया जायेगा। सभी रामभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मांगी नाव न केवट आना, कहा तुम्हार मरम मै जाना।

राम राम कहि राम कहि, राऊ गये सुर धाम।

रामलीला मैदान में सर्व श्री राज कुमार तिवारी, पवन द्विवेदी महाकाल, मुकेश श्रीवास्तव, देवी सिंह, शिव शंकर दीक्षित, श्री प्रकाश शुक्ला, रविंद्र दोहरे, शिव कुमार पाठक, प्रमोद दूबे, अंजुम नाज, वैभवी जोशी, संयोजक मयंक यादव पार्षद, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा, कोषाअध्यक्ष प्रदीप तिवारी शामिल रहें। उक्त जानकारी मानस रामलीला समिति के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने दिया हैं।

# इजराइल ने हिजबुल्लाह का एक और कमांडर मार गिराया

**▶▶ गाजा में हमास के तीन आतंकी ढेर**

**बेरूत/गाजा, (हि.स.)।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिण में हुए इजराइल के हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर मारा गया। इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि मारा गया कमांडर सुहैल हुसैनी ईरान समर्थित-पोषित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के रसद, बजट और प्रबंधन का काम देखता था। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने इसकी पुष्टि की है। उधर, गाजा में हुए इजराइली हमले में हमास के तीन आतंकी मारे गए।आईडीएफ ने कहा है कि हुसैनी ईरान से लाए गए अत्याधुनिक हथियारों का वितरण समूह की इकाइयों को करता था। वह आतंकवादी समूह की सैन्य परिषद का सदस्य था। उल्लेखनीय है कि इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह का सरगना सैय्यद हसन नसरल्लाह भी ढेर हो चुका है। उसके बेटा-बेटी और कई शीर्ष कमांडर मारे जा चुके हैं।इस बीच हिजबुल्लाह ने फिर कहा कि जब



तक गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकी संगठन हमास में संघर्ष विराम नहीं होता तब तक वह इजराइल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन से हमला करता रहेगा। आईडीएफ के एक्स हैंडल में कहा गया है कि ताजा हमले में सात अक्टूबर, 2023 के नरसंहार में शामिल हमास के तीन आतंकवादी गाजा में मारे गए। तुर्किये ने लेबनान से अपने 2,000 नागरिकों को निकालने के लिए नौसेना के जहाज भेजने का फैसला किया है।लेबनान के अल-मनार समाचार चैनल के अनुसार इजराइल के हमलों में बेरूत के दक्षिणी उपनगर, दक्षिण और बेका क्षेत्र में अनगिनत घर नष्ट हो गए हैं। इजराइल ने लेबनान के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया गया है।सोमवार शाम इजराइल ने अदलून और अंसारियाह के बीच दीर तकलिया के साथ जौतार अल-शरकिया, अल-बिसारियाह, अल्मा अल-शाब, टायरा, अल-शैतिया और अल-दुवेर शहरों पर हमले शुरू किए हैं। इन हमलों से अल-खियाम शहर भी प्रभावित हुआ है। इजराइल ने बुर्ज अल-शामली के बाहरी इलाके और अल-खियाम शहर के अलावा अलमा अल-शाब, नकौरा सहित बिंट जेबील जिले के कई गांवों में बमबारी की है। इस हमले में पश्चिमी बेका क्षेत्र में दो नागरिक मारे गए।इजराइली युद्धक विमानों ने कलिया शहर में एक घर पर हमला किया।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,083 और घायलों की संख्या 9,869 है। हिजबुल्लाह ने लेबनान से सोमवार आधी रात बाद इजराइल के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह के सैन्य मीडिया ने कहा है कि तेल अवीव पर मिसाइल हमला किया गया। इस हमले में इजराइली सैन्य खुफिया यूनिट 8200 के गिलिलोट बेस को निशाना बनाया गया। इजराइल के सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि लेबनान से तेल अवीव की ओर दागे गए कई रॉकेट को निष्प्रभावी कर दिया गया। हिब्रू मीडिया के अनुसार तेल अवीव पर सोमवार रात गाजा, यमन और लेबनान से मिसाइल दागी गई। हिजबुल्लाह ने रात 12:05 बजे से सुबह पांच बजे तक रॉकेट से ताबड़तोड़ हमले किए।

## यमुना के डूब क्षेत्र में बसे झुग्गीवासियों को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने श्रम विहार में यमुना के डूब क्षेत्र में बसे झुग्गी बस्ती वासियों को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि झुग्गीवासियों को जगह खाली करने के लिए मिले नोटिस पर रोक की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कोई नहीं चाहता कि यमुना साफ हो। यमुना में बनने वाले झाग को उसके पास से गुजरते हुए एक मील की दूरी से ही बदबू आने लगती है और यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि हम यमुना को प्रदूषित कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं ने 27 सितंबर तक जगह खाली करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी।हाई कोर्ट ने डीडीए के उपाध्यक्ष को यमुना किनारे को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस, दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से समन्वय करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया था।

# पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पांच और केस दर्ज



**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुल्क के पुलिस थानों में पांच और केस दर्ज किए गए हैं। यह केस चार अक्टूबर को इस्लामाबाद के डी-चौक पर पीटीआई के विरोध प्रदर्शन से संबंधित हैं।जियो न्यूज की खबर के अनुसार, पीटीआई के कई अन्य नेताओं को भी नामित किया गया है। इनमें खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि डी चौक पर विरोध प्रदर्शन से एक दिन पहले तीन अक्टूबर को मुल्क के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने इमरान की पार्टी को ÷इस्लामाबाद पर हमला÷ शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। उन्होंने पीटीआई नेतृत्व से विरोध के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान किया था।यह विरोध प्रदर्शन मलेशियाई प्रधानमंत्री की पाकिस्तान यात्रा और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन के साथ हुआ।पूर्व सत्तारूढ़ पीटीआई ने न्यायपालिका की ÷स्वतंत्रता÷ और पूर्व प्रधानमंत्री की जेल से रिहाई के लिए सरकार विरोधी अभियान शुरू किया है। पीटीआई के कई नेताओं और इमरान की बहनों अलीमा खान और उज्मा खान को शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था। इमरान की बहनों के खिलाफ कोहसर पुलिस स्टेशन में आतंकवाद से संबंधित 16 प्रावधानों सहित गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।पीटीआई इस्लामाबाद के अध्यक्ष अमीर मसूद मुगल के खिलाफ भी डी चौक विरोध प्रदर्शन का मामला तरनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। एफआईआर में पीटीआई संस्थापक, मुख्यमंत्री गंडापुर और 350 अज्ञात व्यक्तियों के अलावा 34 अन्य लोगों को भी शामिल किया गया है। तरनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला 13 विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त, कराची कंपनी पुलिस स्टेशन में पीटीआई के संस्थापक, अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान और गंडापुर के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ के खिलाफ आठ गंभीर धाराओं के तहत एक और मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में 20 अन्य व्यक्तियों और 250 अज्ञात व्यक्तियों को नामित किया गया है।

# वायु सेना के विमानों ने चेन्नई के आसमान में दिखाए करतब, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**▶▶ वैश्विक सुरक्षा वातावरण में मजबूत और सक्षम वायु सेना की जरूरत - एपी सिंह**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना ने अपनी 92वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को चेन्नई के तांबरम स्टेशन पर वायु शक्ति और 'आत्मनिर्भरता' के संकल्प का प्रदर्शन किया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने औपचारिक परेड की समीक्षा करने के बाद कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण में एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता है। आज के बहु क्षेत्रीय वातावरण में नवीनतम तकनीक को नवीन सोच के साथ अपनाना महत्वपूर्ण है।चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने



समारोह की शोभा बढ़ाई जबकि औपचारिक परेड की समीक्षा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। अपने संबोधन में वायु सेना प्रमुख ने राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय वायु सेना को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की अपरिहार्य आवश्यकता को प्रदर्शित किया है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर तकनीक के साथ और अधिक सशक्त हुए हैं और प्रणालियों और हथियारों के दोहन के नए स्तर हासिल किए हैं।

## हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

**बलरामपुर, (हि.स.)।** सोशल मिडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा हिंदू-देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने का वीडियो सार्वजनिक हुआ है। मामले को संज्ञान में लेते हुए जनपद की तुलसीपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर कावड़ का वीडियो डालकर अभद्र शब्दों का प्रयोग, रामायण व सीता को लेकर अभद्र टिप्पणी युवक के द्वारा की गई है। मुस्लिम युवक ने इंस्टाग्राम पर कांवड़ियों का एक वीडियो डालकर कांवड़ियों का मजाक उड़ाते हुए भगवान शिव का भी मजाक उड़ाया है ।मामले को एक्स पर साइबर शिशिर यूजर ने वीडियो को बलरामपुर पुलिस को टैग करते हुए आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# योगी सरकार की अनूठी पहल, प्रदेश की 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी

**▶▶ बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए**
**▶▶ लीडरशिप का भाव होगा जाग्रत**

**लखनऊ, (हि.स.)।** योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले



से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है।प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं।

## जीएसटी घोटाले में भाजपा विधायक के बेटे से पूछताछ, पत्रकार महेश लंगा गिरफ्तार

**▶▶ देशभर में 200 से ज्यादा फर्जी कंपनियां बनाईं, करोड़ों के फर्जी बिल बनाए**




**अहमदाबाद, (हि.स.) ।** जीएसटी घोटाले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने गुजरात के एक पत्रकार महेश लंगा को गिरफ्तार किया है। पत्रकार पर फर्जी दस्तावेजों के जरिये पत्नी और पिता के नाम पर बोगस फर्म बनाने और संदिग्ध लेन-देन का आरोप है।अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अनुसार केंद्रीय जीएसटी से शिकायत मिलने के बाद फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाकर सरकार को धोखा देने के इरादे से चल रही फर्जी फर्मों और कई व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उसी के आधार पर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा और भावनगर में 14 जगहों पर छापेमारी की गई। कुल 12 फर्जी फर्म बनाने वाले 33 से ज्यादा संचालकों को हिरासत में लिया गया है। इनमें सौराष्ट्र के भाजपा विधायक भगवान बारड के बेटे अजय बारड और पत्रकार महेश लंगा से भी पूछताछ की गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि देशभर में 200 से ज्यादा फर्जी फर्मों ने करोड़ों रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का घोटाला किया है।इस मामले में क्राइम ब्रांच के एसीपी भरत पटेल ने बताया कि जीएसटी से मिली शिकायत के बाद पत्रकार महेश लंगा को फर्जी दस्तावेज के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। क्राइम ब्रांच सभी दस्तावेज जब्त कर आगे की जांच करेगी। पत्रकार महेश लंगा के चाचा और सेवानिवृत्त आईएएस एसके लांगा भी जमीन हड़पने के मामले में फिलहाल जेल में हैं।सेंट्रल जीएसटी द्वारा क्राइम ब्रांच की शिकायत के आधार पर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा, भावनगर समेत राज्य भर में 14 स्थानों पर क्राइम ब्रांच, ईओडब्ल्यू और एसओजी की टीमों द्वारा छापेमारी और जांच की गई । देश भर में धोखाधड़ी से बनाई गई 200 से अधिक कंपनियां, संस्थाएं फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त और पारित करके सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के लिए संगठित

# केले की खेती के प्रति उत्तर प्रदेश में बढ़ रहा रुझान

**● किसानों को दोगुना से ज्यादा हो रही आमदनी**

**लखनऊ,(हि.स.)।** पहले केला का अर्थ होता था, भुसावल वाला। वहां का केला ही मिठास के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन अब उप्र, खासकर पूर्वांचल में भी किसानों का केले की खेती के प्रति रुझान काफी बढ़ा है। गाजीपुर, आजमगढ़ और मऊ के किसानों में केले की हाईब्रिड वेराइटी जी-9 प्लस केले की खेती का प्रचलन ज्यादा है। इस केले में मिठास के साथ ही उपज भी अच्छी है। केले की खेती में किसान एक बीघा में लगभग डेढ़ लाख रुपये शुद्ध बचत कर लेता है।उद्यान विभाग के अनुसार वर्तमान में उत्तर प्रदेश में करीब 72,000 हेक्टेयर रकबे में केले की खेती हो रही है। कुल उत्पादन 3.372 लाख मिट्रिक टन और प्रति हेक्टेयर उपज 45.73 मिट्रिक टन है। एक बिग्घा (पक्का बीघा) केले की खेती के लिए आठ सौ से 1000 पौधे की जरूरत होती है। यदि आपको एक बार ही उपज लेनी है तो इसको 1000 पौधे लगाना उपयुक्त होगा, लेकिन यदि दो बार उपज लेनी




है तो आठ सौ पौधे क्यारियों की मेढ़ी पर लगाया जाता है।पूर्वांचल में अधिकतर पौधे महाराष्ट्र से मंगाये जा रहे हैं। हाइब्रिड वेराइटी के पौधों में जी-9 इजरायल का शोधित पौधा है। इसको मंगाने में एक पौधे पर लगभग 20 रुपये खर्च आता है। इसकी उपज लेने तक का कुल खर्च लगभग सौ रुपये पड़ जाएगा। एक पौधे पर 25 किलो की औसत उपज है अर्थात एक बीघा में औसत खर्च 80 हजार रुपये है और आमदनी एक बीघा में लगभग 240000 रुपये होगा। अर्थात शुद्ध बचत किसान को लगभग डेढ़ लाख रुपये हो जाएंगे।प्रदेश के पूर्वांचल, अवध आदि क्षेत्रों के कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, महाराजगंज, अयोध्या, गोंडा, बहराइच, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, प्रतापगढ़, अमेठी, कौशाम्बी, सीतापुर और लखीमपुर जिलों में केले की खेती होती हैं।

इस संबंध में उप निदेशक उद्यान अनीस श्रीवास्तव ने बताया कि केले की खेती किसानों को दोगुनी आमदनी का सबसे बेहतर खेती है। वैसे तो फूलों की खेती भी काफी फायदा देती है, लेकिन केले की खेती से किसान का खेत साल भर हरा-भरा रहता है। वर्तमान में बहुत किसान एक खेत में केले के साथ ही बीच-बीच में गोभी आदि सब्जियों की भी खेती कर देते हैं। इससे उन्हें काफी बचत होती है।केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा, लखनऊ से मिले आंकड़ों के अनुसार पूरे भारत में लगभग 3.5 करोड़ मीट्रिक टन केले का उत्पादन होता है। देश में केले की फसल का रकबा करीब 9,61,000 हेक्टेयर है। केला आर्थिक के साथ धार्मिक और पोषण के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है। कोई भी धार्मिक अनुष्ठान केले और इसके पत्ते के बिना पूरा नहीं होता। केला रोज के नाश्ते के अलावा व्रत में भी खाया जाता है। केले के कच्चे, पके फल और तने से निकलने वाले रेशे से ढेर सारे सह उत्पाद बनने लगे हैं।

बीएचयू के पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जे.पी. सिंह के अनुसार केला पोषण के लिहाज से भी खासा महत्त्वपूर्ण है। अन्य पोषक तत्वों के अलावा इसमें भरपूर मात्रा में पोटेशियम तो होता ही है, यह कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन बी-6 का भी अच्छा स्रोत है। पोटेशियम हृदय की सेहत, विशेष रूप से रक्तचाप प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। पोटेशियम युक्त आहार रक्तचाप को प्रबंधित करने और उच्च रक्तचाप के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है। यह हृदय रोग का जोखिम 27 फीसद तक कम कर सकता है।

## संक्रामक बीमारी ट्रेकोमा के उन्मूलन में भारत को मिली सफलता, डब्ल्यूएचओ ने दिया प्रमाण पत्र



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आंखों के रोग ट्रेकोमा के उन्मूलन में भारत सरकार ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया में सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए प्रमाण पत्र सौंपा है। इसके साथ ही भारत ट्रेकोमा के उन्मूलन में इस क्षेत्र में तीसरा देश बन गया है।

ट्रेकोमा आंखों का एक रोग है जो 'क्लैमाइडिया ट्रेकोमैटिस' नामक बैक्टीरिया से संक्रमण की वजह से होती है। संक्रमित व्यक्ति की आंखों और नाक से स्राव होने और उसके संपर्क में आने से यह बीमारी होती है।

इस बैक्टीरिया से संक्रमित लोगों की आंखों और नाक के संपर्क में आने वाली मक्खियां भी इसे फैलाती हैं। ट्रेकोमा के मामले अब भी 44 देशों में देखने को मिलते हैं और विश्वभर में 19 लाख लोग इसके कारण दृष्टिहीनता से पीड़ित हैं।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि भारत की सफलता का श्रेय सरकार के मजबूत नेतृत्व और नेत्र रोग विशेषज्ञों तथा स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के अन्य संवर्गों की प्रतिबद्धता को जाता है।

उन्होंने सक्रिय ट्रेकोमा की प्रभावी निगरानी, निदान और प्रबंधन, ट्राइकियासिस के लिए शल्य चिकित्सा सेवाओं का प्रावधान तथा समुदायों के बीच जल, स्वच्छता और सफाई, विशेष रूप से चेहरे की सफाई को बढ़ावा देने के लिए भागीदारों के साथ मिलकर काम किया।

# भारत व हिन्दू समाज की संस्कृति के सुगंध से पोषित है संघ: होसबाले



**आजमगढ़, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को फूलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी दिवंगत रामचन्द्र जायसवाल, डॉ. रामप्रसाद जायसवाल और शिवप्रसाद जायसवाल की प्रतिमाओं का अनावरण किया।इस अवसर पर होसबाले ने कहा कि संघ भारत एवं हिन्दू समाज की संस्कृति के सुगंध से पोषित है। संघ केवल एक वैचारिक एवं सांगठनिक व्यवस्था नहीं है। संघ एक जीवनशैली है। संघ एवं हिन्दुत्व की जीवनशैली में कोई अंतर नहीं है।

उन्होंने कहा कि संघनिष्ठ भाइयों- रामचन्द्र जायसवाल, रामप्रसाद जायसवाल और शिवप्रसाद जायसवाल की कीर्ति विशेष है। इन तीनों भाइयों ने समाज का ऋण चुकाने का काम किया। समाज एवं धर्म जागरण के कार्यों में उन्होंने नेतृत्व किया। नगर संघचालक के नाते सैकड़ों सवयंसेवकों को स्नेह एवं प्रेम देकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया।

अनेक बार निःशुल्क नेत्र शिविर लगवाये। आपातकाल के संघर्ष एवं जेपी के आंदोलन में सहभाग किया और सार्वजनिक जीवन में उन्होंने आदर्श प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विलासपुर के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने की। इस अवसर पर गंगा समग्र के अखिल भारतीय संगठन मंत्री रामाशीष, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल, क्षेत्र कार्यवाह वीरेन्द्र जायसवाल, गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, भारतीय शिक्षा संस्थान के प्रबंधक अंशुमान जायसवाल सहित कई गण्यमान्य उपस्थित रहे।

## ईडी ने शाइन सिटी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ, (हि.स.)।** प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी मामले में शाइन सिटी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 सितम्बर को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। विशेष न्यायालय ने पांच अक्टूबर को पीसी का संज्ञान लिया है।ईडी ने यह जानकारी मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। अब तक पांच पीसी दायर की गई हैं। कुल आठ व्यक्तियों, 13 कंपनियों और नौ पार्टनरशिप फर्मों को आरोपित बनाया गया है। विशेष न्यायालय ने अब तक दायर सभी पीसी का संज्ञान लिया है। इस मामले में अब तक लगभग 189.39 करोड़ रुपये की कुर्की की गई है।

**● ● आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला ● ●**

# सीबीआई ने सिविक वॉलंटियर को चार्जशीट सौंपी, आरोपित ने किया हस्ताक्षर

**कोलकाता, (हि.स.)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में गिरफ्तार सिविक वॉलंटियर संजय राय को सीबीआई ने चार्जशीट सौंप दी है। मंगलवार को आरोपित को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया, जहां चार्जशीट सौंपने के बाद आरोपित ने उस पर हस्ताक्षर किए। अदालत में सोमवार को इस मामले में सीबीआई द्वारा पहली चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। चार्जशीट को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए इसे अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश को भेजा गया है।यह चार्जशीट अस्पताल में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या की घटना के 58 दिन बाद दाखिल की गई है। सूत्रों




के अनुसार, इस चार्जशीट में मुख्य आरोपित के रूप में सिविक वॉलंटियर संजय राय का नाम शामिल किया गया है। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), 66 (बेहोशी की स्थिति में दुष्कर्म) और 103(1) (हत्या) के तहत आरोपित बनाया गया है।नौ अगस्त की रात आर.जी. कर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की चौथी मंजिल पर स्थित सेमिनार हॉल से महिला डॉक्टर का शव बरामद किया गया था। पुलिस ने उसी रात सिविक वॉलंटियर को सॉल्ट लेक के फोर्थ बटालियन की बैरक से गिरफ्तार किया था। बाद में, कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। इसके बाद सीबीआई ने आरोपित को अपनी हिरासत में लिया और अदालत की अनुमति से उसका पॉलीग्राफ टेस्ट करवाया। इस टेस्ट में आरोपित से 10 सवाल पूछे गए थे। हालांकि, पॉलीग्राफ टेस्ट के नतीजों से सीबीआई संतुष्ट नहीं हो पाई और आरोपित का नार्को टेस्ट कराने की योजना बनाई।सीबीआई ने नार्को टेस्ट कराने के लिए सियालदह कोर्ट में आवेदन किया, लेकिन आरोपित ने नार्को टेस्ट कराने से इनकार कर दिया, जिससे अदालत ने सीबीआई का आवेदन खारिज कर दिया। फिलहाल, आरोपित को प्रेसिडेंसी जेल में रखा गया है। पिछली सुनवाई के दौरान, आरोपित के वकील ने अदालत से अनुरोध किया था कि आरोपित को जेल में अकेलापन महसूस हो रहा है और उसे सामान्य वार्ड में स्थानांतरित किया जाए। मामले की सुनवाई शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है।

# 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत परिषदीय व केजीबीवी की बेटियों को मिलेगा अनूठा अवसर
- पहल के तहत प्रत्येक जनपद से चयनित की जाएंगी 100-100 बालिकाएं
- ब्लॉक, तहसील, जिला और मंडल स्तर पर बनेंगी एक दिन की अधिकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है।

**बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए:** प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह से चित्रकूट स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा मनोरमा पटेल को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) बनाया गया था। मनोरमा ने इस दौरान अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और विभिन्न मामलों की समीक्षा की। इसके अलावा केजीबीवी की बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा एवं कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के रूप में भी एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिल चुका है।

### लीडरशिप का भाव होगा जाग्रत

उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं।

### लोगों की समस्याओं का करेंगी निस्तारण

इस योजना के तहत चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। यह अनुभव उन्हें निर्णय लेने की क्षमता और सामर्थ्य को निखारने में मदद करेगा, जो उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

### शालू और भूमिका बन चुकी हैं एक दिन की डीएम

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। इस दौरान शालू ने मिशन शक्ति की बैठक का सफलतापूर्वक संचालन किया, अधिकारियों का परिचय लिया और मिशन शक्ति के कार्यों की रूपरेखा पर निर्देश दिए थे तो कासगंज की टॉपर भूमिका ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कासगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दिन का जिलाधिकारी बन जनसमस्याओं की सुनवाई की और उनके समाधान के निर्देश दिए।

# विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित है जीत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर दी बधाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार पर जनता ने लगाई विश्वास की मुहरः मुख्यमंत्री लखनऊ, 8 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रसन्नता जाहिर की। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व मतदाताओं को बधाई दी। यह जीत पीएम की लोककल्याणकारी नीतियों व सीएम के नेतृत्व पर विश्वास की मुहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लोक-कल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है।

**सीएम योगी ने दी बधाई**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को सौभाग्य देने के लिए हरियाणावासियों का अभिनंदन

सीएम योगी ने राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को पुनः सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए सभी हरियाणा वासियों का हार्दिक अभिनन्दन किया।

# पशु चिकित्साधिकारी सप्ताह में दो दिन गौआश्रय स्थल का करें निरीक्षण: धर्मपाल

- गले मे लगेगी रेडियम की पट्टी, वाहन चालक को दूर से ही आ जायेगी नजर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गोवंशों के गले में गले में रेडियम की पट्टी बांधी जाएगी। प्रदेश के राजमार्ग सहित सभी प्रमुख सड़कों के समीप स्थित गांवों के किसानों और पशुपालकों के मवेशियों के गले में रेडियम की पट्टी लगाई जाएगी।इस मद में 50 लाख रुपये की राशि उत्तर प्रदेश गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नियमावाली-2019 के तहत गठित आरक्षित कोष से व्यय होगी। इस संबंध में सोमवार को शासनादेश जारी कर दिया गया है। दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवींद्र नायक ने जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में समाचार पत्रों, जनप्रतिनिधियों व अन्य माध्यमों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग व मार्गों के समीप स्थित गांवों के पशुपालकों द्वारा गोवंशों को चराने के लिए चारागाह तक ले जाने के दौरान प्रायरू सड़क पार की जाती है।सड़क पार करने के दौरान बड़े पैमाने पर दुर्घटनाओं की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं हैं। वाहनों से टकराने से गोवंश चोटिल हो रहे हैं। रेडियम पट्टी डाले जाने से गोवंश दूर से दिखाई दे सकेंगे, उनकी सुरक्षा के साथ ही सड़क पर आवागमन कर रहे लोग भी आकस्मिक दुर्घटना से सचेत और सतर्क रहेंगे। पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने पशु चिकित्साधिकारियों को सप्ताह में दो दिन गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में जिलों के नोडल अधिकारियों को भी उन्होंने आश्रय स्थलों का नियमित अंतराल पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और सभी अधूरे कार्य फरवरी-2025 तक पूर्ण किए जाएं। 7589 गोआश्रय स्थलों पर 12,08,088 निराश्रित गोवंश संरक्षित किए गए हैं। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रवींद्र नायक, विशेष सचिव देवेंद्र पांडेय, पशुपालन विभाग के निदेशक डा. पीएन सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीवर टैंक सफाई कर्मियों की सुरक्षा के लिए सरकार कृत संकल्प

- कार्मिकों को उपलब्ध होगा आयुष्मान कार्ड

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सीवर टैंक सफाई करने वाले सभी कर्मियों की सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर सरकार कृत संकल्पित है। सरकार सफाई कर्मियों की पहचान करने के लिए व्यापक स्तर पर सर्वे करवा रही है। पहचान निर्धारित कर सभी कर्मियों का चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कराया जायेगा। ये बातें प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने केन्द्र सरकार के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में कहीं। इस बैठक में समाज कल्याण मंत्री ने नमस्ते योजना के अंतर्गत आने वाले घटकों के क्रियान्वयन एवं उसके सापेक्ष प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। इसके तहत सीवर और सैप्टिक टैंको की सफाई के दौरान होने वाली जनहानि को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किये जाने के निर्देश दिये। सीवर और सैप्टिक टैंक की सफाई के दौरान सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। असीम अरुण ने बताया कि सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण के साथ सेफ्टी किट भी उपलब्ध करवाई जायेगी। इसके अतिरिक्त कर्मियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।बैठक में मौजूद योगिता स्वरूप वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि नमस्ते योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश में नोडल अधिकारी बनाये जाएँ जो नियमित रूप से इस योजना की प्रगति की समीक्षा करें। जिन जनपदों में प्रगति कम हों वहाँ पर कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए। सैप्टिक टैंकों की सफाई कार्य के संबंध में टॉल फ्री नंबर 14420 वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए।

# सचिवों की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर रहा है शासन: ओम प्रकाश राजभर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ द्वारा आयोजित सतत विकासोन्मुखी पंचायती राज संस्थाओं की संवैधानिक एवं प्रशासनिक सुदृढ़ता विषयक एक दिवसीय राज्य स्तरीय अधिवेशन सह संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजभर पंचायती राज मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय रहे। अधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने किया। अधिवेशन में पूरे प्रदेश से आये ग्राम पंचायत अधिकारियों,सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं पंचायती राज विभाग के अन्य संवर्ग के कर्मचारियों अधिकारियों ने सहभागिता किया। अधिवेशन में देश और प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था के गौरवशाली इतिहास एवं पंचायती राज व्यवस्था के संवैधानिक प्राविधानों एवं प्रशासनिक सुदृढ़ता पर गहन चर्चा हुयी। विभिन्न वक्ताओं द्वारा उत्तर प्रदेश में पंचायती राज की वर्तमान प्रशासनिक संरचना तथा उसके बेहतर परिणाम के लिए प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक सुझाव दिये। विशिष्ट अतिथि पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने कहा कि प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था तब से प्रभावी है जब भारतीय संविधान भी लागू नहीं हुआ था। उ0 प्र0 संयुक्त प्रांत पंचायती राज अधिनियम 1947 देश के किसी भी प्रांत का प्रथम पंचायती राज अधिनियम है। मूल रूप से इसका उद्देश्य स्थानीय स्वशासन में जन भागीदारी और प्रशासन का विकेंद्रीकरण, आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय है। आजादी के बाद से अब तक ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं शासन प्रशासन के सहयोग से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के भाव से लगे हुए हैं। अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे सेक्रेटरी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि 1947 और आज की परिस्थितियों में काफी बदलाव आया है। इस बदलाव के अनुरूप सामंजस्य स्थापित करने के लिए प्रारंभिक और मध्यवर्ती पंचायतों मे कार्यरत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को और सशक्त किये जाने की आवश्यकता है ताकि योजनाओं का और बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था की विसंगतियों पर माननीय पंचायती राज मंत्री और विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराना भी इस आयोजन का एक मुख्य उद्देश्य है।

# हरियाणा विधानसभा में बीजेपी की बड़ी जीत

- सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दी बधाई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** हरियाणा हरियाणा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और मतदाताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 'एक्स पर एक संदेश में कहा, ÷हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई!÷उन्होंने कहा, ÷विकसित हरियाणा-विकसित भारतश् की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व और 'डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है।÷ मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को फिर से सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए सभी हरियाणा वासियों का हार्दिक अभिनंदन।वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और कामकाज के तरीके के कारण हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लगातार तीसरी बार जनादेश दिया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर नवीनतम रुझानों के अनुसार भाजपा राज्य विधानसभा चुनाव में जीत की ओर बढ़ती दिख रही है और पार्टी 90 में से लगभग 50 पर बढ़त बनाए हुए है।

# सभी मंडलों में होगा कुंभ समिट

- स्कूली बच्चों, प्रदेश के सांस्कृतिक कलाकारों को भी आयोजन से जोड़ा जाएगा: जयवीर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 से पहले योगी सरकार प्रदेश के सभी 18 मंडलों में कुंभ समिट कराएगी। 8 अक्टूबर को लखनऊ से इसका शुभारंभ होगा, जबकि समापन 14 दिसंबर को प्रयागराज में किया जाएगा। समिट में उत्तर प्रदेश के कलाकारों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी इससे जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। योगी सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कुंभ अभिनंदन रोड शो, बाल-युवा कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, भक्ति कुंभ का भी आयोजन किया जाएगा। 8 अक्टूबर को इसका आगाज शाम चार बजे जीपीओ पार्क, लखनऊ से होगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कुंभ अभिनंदन रोड शो का शुभारंभ करेंगे। यह रोड शो जीपीओ पार्क से सिकंदरबाग मार्ग होते हुए गोमती तट तक निकाला जाएगा। छह बजे मरीन ड्राइव, निकट 1090 चौक, गोमती तट पर इसका समापन होगा। लखनऊ में 9 अक्टूबर को भी कई कार्यक्रम होंगे। मंडल स्तर पर आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी कुंभ समिट के सकुशल आयोजन के लिए मंडल स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। चित्रकला व फोटोग्राफी प्रतियोगिता की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला एकेडमी को दी गई है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक एकेडमी द्वारा शास्त्रीय, उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य की प्रतियोगिता कराई जाएगी। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर पर आधारित प्रदर्शनियां उप्र राज्य पुरातत्व विभाग, उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखाकार, उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय द्वारा लगाई जाएंगी। भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा नाट्य प्रतियोगिता, उप्र लोक व जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा लोककला, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। पर्यटन, धर्मार्थ कार्य, सूचना-जनसंपर्क द्वारा कुंभ से संबंधित विशिष्ट प्रदर्शनी, टूर व शो आयोजित किए जाएंगे। पुरातत्व निदेशालय द्वारा सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर व कुंभ की परंपरा आदि के महत्व पर आधारित ओपन क्विज का आयोजन कराया जाएगा।

मंडल स्तरीय कुंभ समिट के लिए स्थल प्रस्तावित

मंडल स्तरीय कुंभ समिट के लिए स्थल प्रस्तावित कर दिए गए हैं। 8-9 अक्टूबर को लखनऊ मंडल में मरीन ड्राइव, 1090 चौराहे पर कार्यक्रम होगा। 11-12 अक्टूबर को झांसी मंडल का समिट बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में होगा। 14-15 अक्टूबर को वाराणसी मंडल में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, 17-18 अक्टूबर को चित्रकूट मंडल में कुंभ समिट श्रीरामभद्राचार्य विश्वविद्यालय में होगा।

### स्कूली बच्चों को भी आयोजन से जोड़ेगी योगी सरकार

संस्कृति मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों के जरिए स्कूली बच्चों को कुंभ के आदर्शों व परंपराओं से जोड़ने के लिए माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग से समन्वय किया जा रहा है। वहीं यूपी में 12600 कलाकारों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। आयोजन में इनकी भी सहभागिता रहेगी।

# राज्य परिवहन निगम खरीदेगा 3108 वोल्बो बसें,एक हजार करोड़ होगा खर्च

- संविदा चालक अब कर सकेंगे 62 वर्ष की आयु तक ड्यूटी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य परिवहन निगम में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कर्नाटक महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य की तर्ज पर से परिवहन निगम के बड़े में अब अपनी वॉल्वो बसें होगी। इस योजना के तहत पहली बार ऐसी एसी और नॉन एसी स्लीपर बसों के साथ हाई एंड लग्जरी वोल्वो का हिस्सा होंगी अभी तक अनुमानित वोल्वो बसों का संचालन किया जा रहा है।

राज्य परिवहन निगम 3108 वोल्बो बसें खरीदेगा।अब यात्रियों को आरामदेह यात्रा मुहैया कराई जायेगी। संविदा चालकों से अब 62 वर्ष की आयु तक ड्यूटी कराने पर मंजूरी होगी। इस योजना के तहत पहली बार ऐसी एसी और नॉन एसी स्लीपर बसों के साथ हाई एंड लग्जरी वोल्वो का हिस्सा होंगी। अभी तक अनुमानित वोल्वो बसों का संचालन किया जा रहा है।कुल हजार करोड़ की लागत से वोल्वो बसें खरीदी जाएंगी। यह फैसला परिवहन निगम की निदेशक मंडल की बैठक में पारित किया गया। नई वोल्वो बसों में 10 बसें लखनऊ को मिलेंगी। पहली बार एक साथ 3108 बसें और सभी 20 क्षेत्र के लिए एक-एक क्रेन खरीदी जाए। परिवहन निगम की निदेशक मंडल की बैठक में 32 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई । गुरुवार को अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एल वेंकटेश्वर वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 249वीं बैठकों में मुहर लगी। परिवार निगम सभागार कक्ष में बैठक के बोर्ड के समक्ष 32 प्रस्ताव रखे गए। डिपो कार्यशाला साहिबाबाद जिला गाजियाबाद में इलेक्ट्रिक बसों के लिए 5 करोड़ से चार्जिंग डिपो बनेगा।

# सीएम से मिला वैश्य महासम्मेन का प्रतिनिधिमंडल

- भामाशाह की जंयती घोषित करने पर आभार जताया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री आवास पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रतिनिधि मंडल ने 29 जून को भामाशाह जयंती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस घोषित करने के लिए सीएम को धन्यवाद दिया। सुधीर हलवासिया ने इस पहल को व्यापारियों के लिए एक सकारात्मक कदम बताया और इसे व्यापारियों की मेहनत और संघर्ष की जीत बताया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी को और अधिक सरलीकरण करने की मांग की जिससे व्यापारियों को आसानी हो सके।

प्रतिनिधियों ने कहा कि जीएसटी के जटिल नियम और प्रक्रियाएं छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए चुनौती बन गई हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके।

राजनीति में वैश्य और व्यापारी समाज की भागीदारी प्रतिनिधि मंडल ने राजनीति में वैश्य और व्यापारी समाज की उचित भागीदारी देने के लिए भी मुख्यमंत्री के समक्ष एक लिखित मांग रखी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने का मौका मिलना चाहिए। इससे उनके हितों की रक्षा हो सके और उन्हें विकास में एक सशक्त आवाज मिल सके। सीएम से मिलने वालों में पूर्व विधायक संजय गुप्ता, महासचिव शैलेंद्र अग्रहरी, भारत भूषण गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, शिवम बरनवाल और यवस्था की गहन जांच की है। जहां भी लोहे के खंभे या अन्य संरचनाएं लगी हैं, वहां यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई इलेक्ट्रिक करंट न आए। इसके लिए इंसुलेटर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। हमारा मकसद है कि नवरात्र के इस पावन पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो।

# मखाना की खेती से बढ़ेगी किसानों की आय

- मखाना की खेती पर किसानों को मिलेगा प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये अनुदान

लोकमित्र ब्यूरो

**गोरखपुर।** किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार सतत प्रोत्साहन की योजनाएं लागू कर रही है। इसी सिलसिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने मखाना की खेती के लिए किसानों को अनुदान देने की व्यवस्था बनाई है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान मखाना की सर्वाधिक खेती करने वाले बिहार के मिथिलांचल के समतुल्य जलवायु वाले पूर्वांचल पर है। सरकार ने पूर्वांचल के 14 जिलों में अनुदान पर मखाना की खेती के लिए लक्ष्य तय कर दिया है। इसमें गोरखपुर मंडल के देवरिया जिले में बीते साल से मखाना की खेती शुरू हो गई है जबकि मंडल के तीन अन्य जिलों गोरखपुर, महाराजगंज और कुशीनगर को कुल 33 हेक्टेयर में मखाना की खेती कराने का लक्ष्य दिया गया है। वैज्ञानिक अध्ययन में पाया गया है कि गोरखपुर मंडल की जलवायु में मिथिला जैसी उत्पादकता देने का सामर्थ्य है। मखाना की खेती ऐसी जगहों के लिए अधिक उपयुक्त है जहां खेतों में काफी पानी जमा रहता है। गोरखपुर मंडल में तालाबों की पर्याप्त संख्या तो है ही मंडल के कई ब्लॉक ऐसे हैं जहां लो लैंड एरिया में बारिश का पानी खेतों में काफी समय तक भरा रहता है। जाहिर सी बात है कि इन खेतों के किसान मखाना की खेती अपनाकर मालामाल हो सकते हैं। सरकार की तरफ से मखाना खेती के लिए अनुदान की व्यवस्था भी इसी मंशा से की गई है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है।

# भाकपा नेता पर जिला बदर कार्रवाई के खिलाफविरोध मार्च

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने कैसरबाग स्थित हजरत बेगम महल पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। जिला प्रभारी रमेश सेंगर दर्जनों समर्थकों के साथ हाथों में लाल झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। रमेश सिंह सेंगर ने बताया कि सीतापुर से भाकपा (माले) के सदस्य को जिला बदर कर दिया गया है, जिसके विरोध में आज हम लोग लोग सड़कों पर उतरे हैं। रमेश सेंगर ने कहा कि लगातार भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी और सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी की मजबूत आवाज और सीतापुर में हरगांव से जिला पंचायत सदस्य अर्जुन लाल को जिला बदर करना अफसोस है। हमारे साथी पर यह कार्रवाई सत्ता में बैठे हुए कुछ लोगों के इशारों पर की गई है। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में डीएम मुख्यालय का घेराव करके ज्ञापन देकर अपनी मांग को रख रहे हैं। हमारी मांग है कि तत्काल जिला बदर की कार्रवाई के आदेश को वापस लिया जाए। आज यहां थोड़े लोग जमा होकर अपनी बात रख रहे हैं। अगर हमारी सुनाई नहीं हुई तो जल्द ही कम्युनिस्ट पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगी। रमेश शंकर ने कहा कि सीतापुर के हर गांव में किसानों, मजदूरों और छात्रों की आवाज उठाने का अर्जुन लाल काम करते हैं। उनकी आवाज को दबाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है। परीक्षा पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे युवाओं में मानसिक तनाव पैदा हो रहा है। बनारस समेत प्रदेश के कई जनपदों में महिलाओं के साथ रेप जैसी घटनाएं बढ़ रही है।

संक्षिप्त खबरें

## इंदिरानगर इकाई के अध्यक्ष बने आकाश अग्रवाल



**लखनऊ।** आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इन्दिरा नगर स्थित मयूर कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी मौजूद रहे। बैठक के दौरान आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की इन्दिरा नगर इकाई का अध्यक्ष आकाश अग्रवाल और महासचिव मंजीत सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया है। इस दौरान कार्यकारणी में विस्तार किया गया है। कार्यकारणी में संरक्षक जीतेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी और देवेंद श्रीवास्तव को बनाया गया है, वहीं सचिव पद पर मोहम्मद जुबैर खान एवं सुनील रावत को चुना गया है। जबकि उपसचिव प्रतिबिंब गुप्ता बने हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने 12 अक्टूबर को होने वाले व्यापारी सम्मान समारोह पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की है। इस दौरान सभी व्यापारियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की शपथ ली। इस बैठक में विवेक सचिदेवा, अरुण मिश्र, सचिन पांडेय, अनुभव तिवारी, एडवोकेट मारिया, रिंकी शर्मा यशपाल सिंह, शरद महलोत्रा, अनिल यादव, हर्ष बंसल, निवेदन दीक्षित, विवेक दुबे आदि सैकड़ों व्यापारीगण मौजूद रहे।

## टेंट कारोबारी गिरफ्तार



**लखनऊ।** हजरतगंज कोतवाली अन्तर्गत विधानभवन के गेट संख्या नौ के समाने आत्मदाह का प्रयास के मामले में मंगलवार को आलमबाग पुलिस ने टेंट कारोबारी पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने टेंट कारोबारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, सिविल अस्पताल में भर्ती मुन्ना विश्वकर्मा की हालत नाजुक बनी है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि 09 अक्टूबर की शाम करीब 04 बजे सआदतगंज कोतवाली के झब्बारन टोला निवासी विमल किशोर उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा (40) ने विधानभवन के गेट नंबर -09 के सामने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल कर आत्मदाह का प्रयास किया था। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने मुन्ना की जान बचा ली थी, लेकिन आत्मघाती कदम उठाने में मुन्ना 50 फीसदी झुलस गया था। परिजनों ने बताया कि मुन्ना आलमबाग के बंगाली टेंट हाउस में काम करता था। टेंट हाउस कारोबारी रंजीत चक्रवर्ती उसे सजावट और बिजली का ठेका देता था। मुन्ना ने रंजीत के टेंट हाउस में वर्ष 2017 से 2019 तक काम किया था। उनका आरोप है कि टेंट कारोबारी ने मुन्ना का करीब सात रुपये हड़प लिया था, रुपये मांगने पर टेंट कारोबारी आनकानी कर रहा था।

## नौकरी से हटाने पर जीएम ने फोन कर अधिकारी को धमकाया

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली में डेंटल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी ने फोन कर धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप पूर्व जीएम पर है। जिन्हें अनियमितता बरतने के आरोप में नौकरी से निकाला गया था। कनकहा स्थित सरदार पटेल डेंटल कॉलेज में पीयूष सिंह प्रशासनिक अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज में डॉ. रोहित सिह जनरल मैनेजर थे। जिन्हें अनियमितता बरतने के आरोप में हटाया गया था। पीयूष के मुताबिक 25 अप्रैल को रोहित सिंह ने फोन कर प्रशासनिक अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी। कई बार और भी व्हाट्सएप कॉल की। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खुले में फेंक दिए गए दो दर्जन मृत गोवंश

**लखनऊ।** सलेमपुर अचाका के गो आश्रय स्थल में बीते दिनों कई गोवंशों की मौत होने का मामला सामने आया है। गो आश्रय स्थल के बाहर खाली पड़े मैदान में दो दर्जन से अधिक मृत गोवंश खुले में पड़े हैं। इन मृत गोवंश को जंगली जानवर, कुत्ते और कौवे नोच-नोच कर खा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सभी गोवंश गांव के आश्रय स्थल के हैं। निराश्रित गोवंशों को पालने के लिए गांवों में गो आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इसके खाने पीने की सरकार ने व्यवस्था की है। बीमार गोवंशों के इलाज के लिए पशु चिकित्सकों की तैनाती है। गोवंश को हरा चारा सहित चोकर, चूनी आदि खिलाए जाने के स्पष्ट निर्देश हैं। इसके बावजूद गोवंशों की मौत हो रही है। मौत के बाद गोवंशों को गड्ढा खोद कर दफनाने के जगह इन्हें खुले मैदान में फेंक दिया जाता है। नगराम के सलेमपुर अचाका गो आश्रय स्थल के बाहर खाली पड़े मैदान में मंगलवार को यह देखने को मिला। यहां करीब दो दर्जन मृत गोवंशों के शव पड़े हैं। इस बाबत एसडीएम मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। इस मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी रणजी टीम का ऐलान, आर्यन जुयाल करेंगे कप्तानी

**लखनऊ।** यूपीसीए ने रणजी टीम ऐलान कर दिया है। टीम में इकाना स्टेडियम में प्रैक्टिस करने वाले 30 से अधिक खिलाड़ियों में से 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस बार रिंकू सिंह और ध्रुव जुरैल रणजी नहीं खेलेंगे। पहले मैच के लिए आज बंगाल की रणजी टीम भी लखनऊ पहुंची है। इकाना स्टेडियम में बंगाल और यूपी के बीच पहला मैच 11 अक्टूबर को इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंपायरिंग निखिल ए पटवर्धन और तपन शर्मा करेंगे। दूसरा मैच उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच में खेला जाएगा। 18 अक्टूबर को मैच डॉक्टर अखिलेश दास स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंपायर साई दर्शन कुमार एमजी, खालिदहुसैन ए सैय्यद होंगे। मैच के रेफ्री राजीव सेठ हैं। लखनऊ में यूपी का तीसरा रणजी मैच यूपी और कर्नाटक के बीच में 13 नवंबर को खेला जाएगा। यह मैच इकाना स्टेडियम में होगा।अटल बिहारी राय,प्रिंस यादव,अभिषेक गोस्वामी विनीत पंवार,वैभव चौधरी,कार्तिकेय जायसवाल,पिछले साल की रणजी टीम,आर्यन जुयाल (विकेटकीपर और कप्तान), माधव कौशिक, समर्थ सिंह, रिंकू सिंह, समीर रिजवी, अक्षदीप नाथ, प्रियम गर्ग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, सौरभ कुमार, प्रिंस यादव, यश दयाल, अंकित राजपूत, कार्तिक त्यागी,करण शर्मा टीम में अभ्यास गेंदबाज विनीत पंवार और शिवम शर्मा।

## अकबरनगर सेवा समिति ने की फ्री में दुकान की मांग

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को प्रेस क्लब में अकबर नगर सेवा समिति के बैनर तले प्रेस वार्ता की या गई। अकबर नगर से विस्थापित होने वाले लोगों ने। वसंत कुंज में 250 दुकानदारों को दुकान उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अकबर नगर सेवा समिति के महामंत्री अरशद वारसी ने कहा कि अकबर नगर से विस्थापित होने के बाद हम लोगों की स्थिति बहुत खराब हो गई है। ऐसे में अगर सरकार से सहायता नहीं मिली तो सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट आ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि विस्थापित दुकानदारों की जीएसटी , बिजली बिल और सभी टैक्स माफ किए जाए। साथ ही जो विस्थापित दुकानदार बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। उन्हें कम से कम 15 हजार प्रतिमा भत्ता दिया जाए। कई ऐसे दुकानदार हैं जिनकी उम्र 55 साल से ज्यादा है। अब वह काम करने में असमर्थ हैं। उन्हें 7500 प्रतिमा आजीवन पेंशन दिया जाए। अकबर नगर के जितने भी दुकानदार में थे सब की जमा पूंजी खत्म हो गई। जीवन के मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं।

# इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में लगी भीषण आग

लाखों का माल जलकर खाक, दमकल की 20 गाड़ियां पहुंचीं

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी के शेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित गोदरेज पैनासोनिक तथा कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के गोदाम में अचानक सुबह 4:30 बजे आग लग गई। आग की भीषण लपटों ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। पूरा गोदाम जलने लगा। जब इसकी जानकारी आसपास के लोगों को हुई, तो उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग बुझाने का प्रयास लगातार जारी है।

शेरपुर थाना क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों का बड़ा गोदाम स्थित है। इस गोदाम में गोदरेज कंपनी के सभी प्रोडक्ट जिसमें एसी, फ्रिज, कूलर तैयार इलेक्ट्रॉनिक सामान रहता है। मंगलवार सुबह लगभग 3 बजे अचानक गोदाम में आग लग गई। इलेक्ट्रॉनिक सामान होने की वजह से आग लगातार फैलने लगी। देखते ही देखते पूरा गोदाम आग की लपटो से घिर गया। भीषण आग देखकर आस पड़ोस के लोग भयभीत हो गए। उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाने पर देने के साथ ही फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। लेकिन, आग की भीषणता को देखते हुए अन्य कई फायर स्टेशनों से लगभग 20 आग बुझाने वाली गाड़ियां मंगाई गई। इस दौरान आग बुझाने वाली अत्यधिक हाइड्रोलिक मशीन का भी इस्तेमाल आग बुझाने के लिए किया जा रहा है।

आग लगने से लाखो का नुकसान- इलेक्ट्रॉनिक आइटम का बड़ा गोदाम होने के कारण इसमें कई कंपनियों के सामान रखे हुए थे, जो कि आग लगने से पूरी तरह जलकर खाक हो गए। जिनकी कीमत करोड रुपये में आंकी जा रही है। फिलहाल, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

लखनऊ के फायर अफसर मंगेश कुमार ने बताया, कि सुबह लगभग 3:30 बजे गोदाम में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों के गोदाम होने के कारण आग पूरी तरह गोदाम में फैल गई थी। गोदाम में अंदर जाने का रास्ता नहीं था। दीवाल काटकर रास्ता बनाया गया। साथ ही साथ अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग करते हुए लगभग 20 गाड़ियों की मदद से भीषण आग पर काबू पा लिया गया। थोड़ी बहुत आग बची है, जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

गोदाम मालिक मयंक सेठ ने बताया, कि यह गोदाम फराह सिद्दीकी से किराए पर लिया था। जहां पर गोदरेज और पैनासोनिक का इलेक्ट्रॉनिक सामान फ्रिज, टीवी, कूलर, वाशिंग मशीन, एसी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण रखे गये थे। ज्यादातर सभी आग से जल गए हैं। उन्होंने बताया, कि पीक सीजन चल रहा था। ऐसे में माल ज्यादा भरा था। कितना नुकसान हुआ यह तो आग बुझने पर ही अंकलन हो सकेगा।

**दीवाल काटकर बुझाई गई आग**

गोदाम चारों तरफ से बंद होने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद फायर कर्मियों द्वारा गोदाम की दीवाल काटकर गोदाम में प्रवेश किया गया। वहीं, आग की लपटे इतनी भयानक थी, कि दो से तीन किलोमीटर दूर से ही दिखाई दे रही थी।

# डीएम से मिला मोहम्मदी मिशन का डेलीगेशन



कहा-यति नरसिंहानंद पर लगे एनएसए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में आल इंडिया मोहम्मदी मिशन सदस्यों ने डीएम सूर्यपाल गंगवार से मुलाकात की। मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी को लेकर यति नरसिंहानंद के खिलाफ छै। लगाने की मांग की। इस दौरान संगठन के यूथ अध्यक्ष फैजान फरंगी ने कहा- नरसिंहानंद ने अभद्र टिप्पणी करके सनातन धर्म की छवि धूमिल की है। ऐसे लोगों की सही जगह जेल है। फरंगी महली ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर सुबह लीगल सेल के तमाम अधिवक्ता सदस्य जमा हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए डीएम के चौम्बर तक पहुंचे। डीएम से मिलकर पैगंबर और धार्मिक लोगों पर गलत टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। वहीं राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में नए कानून की मांग की।इस दौरान फैजान फरंगी महली ने कहा समाज का माहौल जो भी व्यक्ति खराब करना चाहता है। उसे समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। संविधान ने हमें बोलने की आजादी दी है। इसका यह मतलब नहीं है कि हम कुछ भी अनावश्यक बोलते रहे। जो समाज का माहौल खराब करेगा। उसके खिलाफ कानून का सहारा लिया जाएगा। फैजान ने आगे कहा पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और देश-विदेश में इसकी चर्चा हो रही है। भारत के बाहर लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहतर छवि बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## दो दिनी एथलेटिक्स प्रतियोगिता 27 से

**लखनऊ।** दो दिनी जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्तूबर से किया जा रहा है। इसमें 14 से 20 वर्ष आयुवर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। लखनऊ जिला एमेच्योर एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसोसिएशन के सचिव सत्येंद्र सिंह ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 अक्तूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 14, 16, 18 और 20 वर्ष से ऊपर की उम्र के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में स्टेपल चेज, हाई जंप, पोल वल्ट को छोड़कर दौड़ -कूद व थ्रो की सारी प्रतियोगिता कराई जाएंगी। विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में एसोसिएशन की ओर से चयनित खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप में प्रतिभा करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शुक्ला, सचिव देवेश दुबे, आयोजन सचिव शिवा सिंह सहित अजय यादव, सुशील कुमार आदि रहे।

## नो व्हीकल जोन में गाड़ी चलाने को लेकर बवाल, चीफ प्रॉक्टर से हुई झड़प



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स के एक गुट से प्रॉक्टोरियल बोर्ड की जमकर झड़प हो गई। गुस्साए छात्रों ने कुलपति कार्यालय पर धरना देना शुरू कर दिया। इस बीच जमकर हंगामा हुआ। प्रशासनिक भवन परिसर में भी अफरा तफरी भरा माहौल रहा। दरअसल मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में सुबह से स्टूडेंट के एक गुट ने परिसर में खुद की गाड़ी से आ रहे लोगों का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इनका आरोप है कि ग्रीन कैंपस के नाम पर स्टूडेंट्स को उनकी गाड़ियां लाने की इजाजत नही हैं, तो विश्वविद्यालय में फैकल्टी और स्टॉफ को इसकी इजाजत क्यों दी जा रही हैं। देखते ही देखते कई लोगों के साथ रोका-टोकी शुरू हो गई। मामला प्रॉक्टोरियल बोर्ड तक पहुंच गया। मौके पर चीफ प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी अपनी टीम लेकर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ तीखी बहस हुई।

# दुष्कर्म करके बना ली वीडियो, 15 लाख ऐंठे

फेसबुक फ्रेंड ने होटल में मिलने बुलाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाने में एक महिला ने फेसबुक फ्रेंड के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि फेसबुक फ्रेंड से दोस्ती हो जाने बाद आरोपित ने उससे मिलने का झांसा दिया। फिर होटल में रुम बुक कर उससे जबरन सम्बन्ध बनाए। इस बीच आरोपित ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। वीडियो के आधार पर आरोपित ने ब्लैकमेल कर उससे लाखों रुपये भी ऐंठ लिए है।

फिलहाल, पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, बालागंज हरीनगर निवासी महिला ने मिर्जापुर एटा निवासी फेसबुक फ्रेंड विकास यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि जून 2022 में विकास ने उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी, जिसके एक्सपेट करने बाद दोनों में बातचीत शुरू हो गई। महिला ने बताया कि विकास आगरा में नौकरी करता है। कई बार आरोपित ने महिला को आगरा में मिलने के लिए बुलाया, लेकिन वह उससे मिलने नहीं गई।

बातचीत में महिला ने विकास को यह भी बताया कि पति से उसका अलगाव है। उसकी एक बेटी भी है। यह सब जानने के बाद जनवरी 2023 में विकास लखनऊ पुलिस लाइन में आया। इस बीच महिला भी उससे मिलने पहुंची। आरोपित महिला को चारबाग के एक होटल में लेकर गया। होटल पहुंचने पर आरोपित ने शराब पी और नशे की हालत में कई बार उससे दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि इसी बीच आरोपित ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। वीडियो के आधार पर आरोपित उसे ब्लैकमेल करने लगा। महिला का कहना है कि दबाव बनाकर विकास ने उसे आगरा बुलाया। वह बेटी को लेकर आगरा पहुंची तो विकास बेटी को साथ देख बौखला गया और उससे अभद्रता करने लगा। पीड़िता का कहना है कि कुछ माह बाद आरोपित उससे शादी का दबाव बनाने लगा। जून 2023 में आरोपित ने उससे शादी रचा ली।

जब वह गर्भवती हुई तब आरोपित ने बालागंज के एक निजी अस्पताल में उसका गर्भपात करा दिया। महिला का आरोप है कि विकास ने उसे प्रताड़ित कर कई मदों में उससे 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। तंग आकर महिला ने फेसबुक फ्रेंड के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी। फिलहाल, सर्विलांस टीम की मदद से आरोपित की तलाश की जा रही है।

## गोमती-नदी में कूदने से पहले 4 दिन से लापता युवती को पुलिस ने पकड़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के मड़ियांव इलाके में गोमती नदी में कूदने की कोशिश कर रही एक युवती को पुलिस ने बचा लिया। युवती 4 दिन पहले घरवालों से नाराज होकर निकली थी। जिसकी गुमशुदगी मड़ियांव थाने में दर्ज थी। मंगलवार को पुलिस ने युवती को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने मड़ियांव थाने में बताया कि 20 साल की युवती 4 अक्टूबर को नाराज होकर कहीं चली गई। आसपास काफी तलाशने के बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका। युवती की तलाश के लिए टीम गठित की गई। टीम तलाश कर रही थी तभी मंगलवार को 10 बजे सूचना मिली कि एक युवती घैला पुल से गोमती नदी में कूदकर आत्महत्या करने जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम पहुंची और बचाकर सुरक्षित थाने लाया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। युवती ने काउंसिलिंग में बताया कि वो घरवालों की बातों से नाराज थी। जिसकी वजह से बिना बताए मुतसीपुर अपने रिश्तेदार के घर चली गई थी। वहां पर किसी को झगड़े की बात नहीं बताई थी। मंगलवार को वहां से निकलकर घैला पुल पहुंची और गोमती नदी में कूदने का प्रयास कर रही थी। परिजनों ने बताया कि युवती ने 8वीं तक की पढ़ाई की है।

# छात्रा का अपहरण, दुष्कर्म की कोशिश

बुरी तरह से पीटने का भी आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत ऑटो में सवार बीए की छात्रा को शोहदों ने दुपट्टे से मुंह बांध दिया। फिर छात्रा को अगवा कर एक मकान पर ले गए। जहां, आरोपितों ने उससे दुष्कर्म की कोशिश की। नाकाम होने पर आरोपितों ने छात्रा को बंधक बना उससे मारपीट की। किसी तरह आरोपितों के चंगुल से बचकर निकली छात्रा अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई।

छात्रा का आरोप है कि उसके मोहल्ले में रहने वाले गैर-समुदाय के युवक ने ऑटो चालक व दोस्त के साथ मिलकर उसे अगवा किया था। फिलहाल, पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरोजनीनगर थाना की रहने वाली युवती (20) एक निजी कॉलेज में बीए की पढ़ाई करती है। छात्रा का कहना है कि सोमवार सुबह करीब 09 बजे पिता ने कॉलेज जाने के लिए उसे मेट्रो स्टेशन पर छोड़ दिया था। जहां से वह कॉलेज पहुंचने के लिए एक ऑटो में सवार हो गई।

छात्रा का आरोप है कि इसी बीच ऑटो में दो युवक बैठ गये। उनमें एक शख्स उसके मोहल्ले में रहने वाला इमरान खान था। कुछ दूरी पर इमरान ने ऑटो चालक से गाड़ी मोड़ने के लिए कहा, इस पर चालक ने ऑटो मोड़ दी। यह देखकर छात्रा ने चालक से ऑटो रोकने के लिए कहा जिस पर इमरान ने बगल में बैठे दोस्त की मदद से छात्रा का दुपट्टे से मुंह दबा दिया। विरोध करने पर आरोपित छात्रा को पीटने लगे और उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद आरोपित छात्रा से जोर-जबरदस्ती कर उसे नादरगंज में एक मकान पर लेकर पहुंचे। छात्रा का कहना है कि नादरगंज में इमरान ने किराए पर मकान ले रखा है। इसके बाद ऑटो चालक और इमरान का दोस्त वहां से चला गया। आरोप है कि इमरान ने उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। नाकाम होने पर आरोपित ने बंधक बना उसकी बेरहमी से पिटाई की। मिन्नतें करने पर इमरान उसका हाथ मरोड़ लात-घूंसों से पिटाने लगा। इस बीच इमरान के मोबाइल पर किसी युवती की कॉल आई तो वह उससे बातें करने लगा। तभी मौका पाते ही छात्रा आरोपित के चंगुल से बच निकली। घर पहुंची छात्रा ने पिता को आपबीती सुनाई। इसके बाद छात्रा परिजनों के साथ कृष्णानगर कोतवाली पहुंची। जहां उसने आरोपितों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। डीसीपी दक्षिणी केशव कुमार के मुताबिक, ऑटो चालक की भूमिका संदिग्ध मिली है। फिलहाल, इमरान और उसके दोस्त की गिरफ्तारी की गई है।

## सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 71 गर्ल्स का दबदबा रहा

**लखनऊ।** चौक स्टेडियम में सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 17 गर्ल्स वन लैप रोड इन लाइन में सनबीम स्कूल अन्नपूर्णा लहरतारा वाराणसी उत्तर प्रदेश की छात्रा केनिशा केशरी ने प्रथम स्थान, नोट्रे डैम अकादमी पो पाटलीपुत्र पटना बिहार की असमी भारती ने द्वितीय स्थान और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल रामनगर देवरिया रोड गोरखपुर की अनुष्का गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त दिल्ली पब्लिक स्कूल लोधीपुर शाहपुर पटना बिहार की आलिया जाहरा ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने विजेताओं को पदक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों के अतिरिक्त समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रोलर स्केटिंग के राज्य सलाहकार डॉक्टर फैजान इनाम, राजेंद्र कुमार वर्मा, ऑब्जर्वर सीबीएसई एवम् दीपक जायसवाल टेक्निकल सीबीएसई भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने आशीर्वचनों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# लखनऊ की टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के विभिन्न मैदानों पर चल रही 36वें आल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को लखनऊ एडवोकेट्स की टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उसने ग्वालियर की टीम को तीन विकेट से हराया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट, वेस्ट बंगाल हाईकोर्ट, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट और औरंगाबाद हाईकोर्ट ने अपने-अपने मैच जीत लिए। सभी मैच 35-35 ओवरों के खेले गए।

लखनऊ एडवोकेट्स और ग्वालियर हाईकोर्ट की टीम के बीच हुए मैच में टॉस जीत कर ग्वालियर ने बल्लेबाजी चुना। पूरी टीम 184 रन पर आल आउट हो गई। जवाब में लखनऊ ने तीन विकेट शेष रहते हुए जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। मैन ऑफ द मैच कुनाल यादव रहे। इंदौर और दिल्ली हाईकोर्ट के बीच हुए मैच में टॉस जीत कर इंदौर ने क्षेत्ररक्षण चुना।

बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम ने सभी विकेट खोकर 170 रन बनाए। जवाब में इंदौर की टीम 116 रन पर बुक हो गई। मैन ऑफ द मैच निपुन उपाध्याय रहे। बांबे हाईकोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट के बीच हुए मैच में टॉस जीत कर बांबे ने गेंदबाजी चुनी। बल्लेबाजी करते हुए इलाहाबाद की टीम ने सात विकेट पर 219 रन बनाए। जवाब में बांबे की टीम 137 पर आल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच आशुतोष तिवारी रहे।

ओड़िसा हाईकोर्ट और वेस्ट बंगाल हाईकोर्ट के बीच हुए मैच में ओड़िसा ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी चुना। टीम ने नौ विकेट खोकर 185 रन बनाए। जवाब में वेस्ट बंगाल की टीम ने चार विकेट पर जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। मैन ऑफ द मैच तीर्थो दास रहे। आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच हुए मैच में आंध्र प्रदेश की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी चुना। पूरी टीम 145 रन पर आउट हो गई। जवाब में खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम पांच विकेट शेष रहते हुए 146 रन बना लिए। मैन ऑफ द मैच कपिल मलानी रहे। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट और कर्नाटक हाईकोर्ट के बीच हुए मैच में पंजाब की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी चुना। टीम ने सात विकेट खोकर 333 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में कर्नाटक की टीम निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 214 रन ही बना सकी।

मैन ऑफ द मैच धर्मेंद्र सिंह रहे। सुप्रीम कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट के बीच हुए मैच में गुजरात ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी। बल्लेबाजी करने उतरी सुप्रीम कोर्ट की टीम ने नौ विकेट खोकर 297 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम सात विकेट खोकर निर्धारित ओवर में 213 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच शुभेंदू कौशिक रहे। औरंगाबाद हाईकोर्ट और तेलांगना हाईकोर्ट के बीच हुए मैच में टॉस जीत कर तेलांगना ने बैटिंग चुना। टीम ने नौ विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाब में औरंगाबाद की टीम पांच विकेट खोकर 190 रन बना कर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अजय सिंह तोले रहे।

# डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर और कर्मचारियों के भत्ते में इजाफा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** बढ़ती महंगाई के बीच किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में तैनात डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर और कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। अब एसजीपीजीआई के समान केजीएमयू के डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर और कर्मचारियों को भत्ता मिलेगा। जिससे उनकी सैलरी में बढ़ोतरी होगी।

बताया जा रहा है कि भत्ता बढ़ाये जाने को लेकर लंबे समय से संघर्ष चल रहा था। जिसका आदेश आज केजीएमयू कुलसचिव अर्चना गहरवार की तरफ से जारी किया गया है। जिन भत्तों में बढ़ोतरी हुई है उनमें हाउस रेंट अलाउंस, चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस, ड्रेस अलाउंस (नर्सिंग), नर्सिंग अलाउंस समेत अन्य अलाउंस शामिल हैं।

केजीएमयू नर्सेस एसोसिएशन के संरक्षक प्रदीप गंगवार ने बताया कि एसोसिएशन की तरफ से एसजीपीजीआई के समान भत्ता बढ़ाये जाने को लेकर जुलाई माह में पत्र भी लिखा गया था। साथ ही 3 महीने से लगतार संघर्ष भी जारी था। इतना ही नहीं एसोसिएशन ने तो आंदोलन तक की चेतावनी जारी कर दी थी,।

लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के बाद नर्सिंग ऑफिसर मान गये थे और उन्होंने आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन मंगलवार को आदेश जारी होने के बाद डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर और कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

## डीएम की सराहनीय पहल का असर लगातार जारी



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को थाना जसरथपुर के गांव नगला बहादुर निवासी सोरन सिंह एवं कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा पुरानी बस्ती निवासी शैलेन्द्र कुमार ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है।

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मंगलवार को अपरान्ह में स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर शैलेन्द्र, सोरन सिंह को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। सोरन सिंह ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 14 एवं शैलेन्द्र कुमार ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 6475 को निरस्त कराया है। यहां अवगत कराना है कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की।

## चचेरे भाइयों ने मार डाले दो सगे भाई

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** थाना खंदौली क्षेत्र के गांव पुरा लोधी में जमीनी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में मरने वालों की संख्या दो हो गई है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई लड़ाई में दो सगे भाइयों की हत्या कर दी गई। एक अन्य युवक और महिला बुरी तरह से घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों में पांच साल से विवाद चल रहा था।

चचेरे भाइयों बेताल सिंह और रघुवीर में एक बीघा जमीन को लेकर लेकर विवाद चल रहा है। कई बार दोनों पक्षों में मारपीट हो चुकी है। सुबह करीब साढ़े नौ बजे रघुवीर अपने बेटे विनय के साथ बेताल सिंह के खेत से ट्रैक्टर निकाल रहे थे। यह जगह चक रोड पर थी जिसे बेताल सिंह ने जोत दिया था। ट्रैक्टर निकालने पर बेताल ने विरोध किया तो रघुवीर ने बेटे को रास्ता बदल ट्रैक्टर लेकर वहां से भेज दिया और खुद वहीं पर रुक गए। इसी बात को लेकर विवाद हो ने लगा। विवाद





इतना अधिक हो गया कि बेताल सिंह पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से रघुवीर पर हमला बोल दिया। सूचना पर रघुवीर की पत्नी सरोज देवी, भाई सत्यपाल और भतीजा देवानंद भी वहां पहुंच गया। बेताल के परिजनों ने सभी लोगों पर कुल्हाड़ी और फावड़े से हमला कर दिया। हमले में रघुवीर की मौके पर ही मौत हो गई और सत्यपाल, सरोज देवी और भतीजा देवानंद बुरी तरह से घायल हो गये। परिवार के लोग घायलों को सीएचसी लेकर पहुंचा जहां पर चिकित्सकों ने सत्यपाल को भी मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सरोज देवी और देवानंद को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी भेजा गया।

वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर एसीपी पीयूष कांत फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस हमलावरों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

रघुवीर के बेटे अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि बेताल सिंह, रूबी, राहुल, सत्यप्रकाश, श्रीकिशन, मायादेवी, किताबश्री पहुंचे और उन्होंने मेरे पापा को मार डाला। बात केवल खेत से ट्रैक्टर निकालने की थी। मैंने लखनऊ काल किया। घटना के एक घंटे बाद पुलिस पहुंची।

डीसीपी खंदौली सोनम कुमार ने बताया कि फील्ड यूनिट, एसओजी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे। तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## जनशिकायतों के निस्तारण में घोर लापरवाही

- जिलाधिकारी ने 02 अधिकारियों को किया निलंबित, 19 अधिकारियों को दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि
- आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने पर की गई कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** आईजीआरएस जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में घोर लापरवाही बरतने पर जनपद के 02 अधिकारियों को निलंबित किया गया है, तो वहीं 19 अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत की गई है। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि शासन स्तर से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की



समीक्षा की जाती है, सितम्बर माह में कुछ अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया गया, जिसके उपरान्त शासन स्तर से शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर लिए गए फीडबैक की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। बताते चलें कि जिलाधिकारी द्वारा समय-समय पर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को बार-बार निर्देशित किया जाता रहा है, किन्तु कुछ अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है तथा सरसरी तौर पर शिकायतों के निस्तारण की आख्या अपलोड करा दी जाती है।

## इस्कॉन मंदिर गाजियाबाद ने क्रॉसिंग रिपब्लिक में कृष्ण बलराम शोभा यात्रा निकाली

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** इस्कॉन मंदिर गाजियाबाद द्वारा कृष्ण बलराम शोभा यात्रा का आयोजन क्रॉसिंग रिपब्लिक में धूमधाम से किया गया। कृष्ण बलराम शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा श्री धाम मन्दिर महागुन मासकॉट गेट नंबर .3 से दोपहर 3 बजे' से प्रारंभ हुई और पैरामाउंट सिंफनी, सुपरटेक लिविंगस्टन, अजनारा जेनएक्स, पंचशील वेलिंगटन, गर्डेनिया स्क्वायर, ऐसोटेक द नेस्ट, प्रतीक रॉयल, बुलंद हाइट्स, अरिहंत एंबिएंस, कॉसमॉस गोल्ड हाइट, सेम रेजिडेंसी, स्काईटेक रेजीडेंसी, एक्सोटिका ईस्टम कोर्ट, जयपुरिया, जीएच.7, गोल्ड कोस्ट, सेवियर, गौर ग्लोबल विलेज होते हुए महागुन मासकॉट गेट नंबर 3 पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि

सुंदर गोपाल प्रभु जोनल सुपरवाइजर सेंट्रल बिहार और वेस्ट



यूपी व विशिष्ट अतिथि इस्कॉन मंदिर गाजियाबाद के अध्यक्ष व जोनल सुपरवाइजर कुमायु रेंज उत्तराखंड' आदिकर्ता प्रभु ने भगवान की पूजा अर्चना करके यात्रा का आरंभ किया। शोभा यात्रा में हजारों पुरुषों एवं महिलाओं ने रथ की रस्सी को खींचकर अपने जीवन को धन्य किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। हजारों भक्तो ने रोक बैंड के साथ हरिनाम संकीर्तन एवं नृत्य किया। क्रेन के द्वारा तीन बार 351 से ज्यादा प्रकार के भोग भगवान को अर्पित किये गए।

रास्ते में अनेक स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। इस्कॉन के फ़ूड फ़ॉर लाइफ के माध्यम से स्वादिष्ट खिचडी प्रसादम एवम फलों के प्रसाद का वितरण किया गया।

## गणित व भाषा प्रतियोगिता मे जलेसर रहा अब्बल

- जलेसर के साधू सिंह एवं विनीता वर्मा ने लहराया परचम

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के निर्देश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में गत 20 सितम्बर 2024 को पंचम जनपद स्तरीय कला, क्राफ्ट तथा पेपेटी के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें एटा जनपद से43 एवं कासगंज जनपद से 85 शिक्षक-शिक्षिकाओ ने प्रतिभाग किया था। गत दिवस डाइट द्वारा उक्त प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया दिया गया। जिसमे उच्च प्राथमिक स्तर पर गणित में जलेसर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय महानमई के शिक्षक साधू सिंह यादव एवं प्राथमिक विद्यालय



सरायनीम की विनीता वर्मा ने प्राथमिक स्तर पर भाषा विषय मे अपनी दक्षता के बल पर पहला स्थान हासिल किया। शिक्षक साधू सिंह ने बताया कि इसके अलावा सामाजिक विज्ञान में निधौलीकलां ब्लॉक के पिलुआ विद्यालय की मालती सिंह, विज्ञान में निधौलीकलां की कविता सिंह प्रथम रही। प्राथमिक स्तर पर गणित में शीतलपुर के ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नगला पवल के शिक्षक संजय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उधर कासगंज जनपद से प्राथमिक

## सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल में पूरन भाट ने कठपुतली नाट्य कला का किया प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आदित्य वर्ल्ड सिटी स्थित सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल में कठपुतली नाट्य कला का प्रदर्शन किया गया। स्पिक मैके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कठपुतली कलाकार पूरन भाट ने कठपुतली नृत्य, गायन और अभिनय के तालमेल से बच्चों ही नहीं बडों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। कठपुतली कलाकार पूरन भाट ने बच्चों को कठपुतलों का इतिहास व उसके महत्व की जानकारी दी और बताया कि भारत में चार प्रकार की कठपुतली खेली जाती हैं। इनमें छड़ पुतली, छाया पुतली, दस्ताना पुतली व धागा पुतली शामिल है। स्कूल के प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा मुरुगकर ने बताया कि पूरन भाट को नाटक अकादमी का राष्ट्रीय पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा दिया गया था। उन्हें वर्ष 2004 में स्पेन में टिट्री मुंडी कठपुतली महोत्सव पुरस्कार व 2019 में चैलविले मेज़एिरेस फेस्टिवल मोंडियल फ्रांस से भी सम्मानित किया गया है। प्रधानाध्यापिका बबीता चौधरी ने कठपुतली के महत्व तथा कठपुतली द्वारा दिखाई गई कहानी के बारे में बच्चों को बताया। इस अवसर पर स्पिक मैके गाजियाबाद चैप्टर की आभा बंसल भी मौजूद रहीं।

## आर्थिक तंगी और अवैध संबंधों के शक में दम तोड़ता दांपत्य

- युवती की हत्या करने के बाद मासूम को अकेला छोड़ फरार हुआ पति, तलाश में जुटी पुलिस
- 3 साल के भीतर दो दर्जन से ज्यादा महिलाओं की हत्या की वजह आर्थिक तंगी और अवैध संबंधों के शक से जुड़ी

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आर्थिक तंगी और अवैध संबंध होने का शक इस महानगर में लोगों के दांपत्य जीवन को दम तोड़ने के लिए मजबूर कर रहा है जिसके क्रम में एक और महिला की हत्या उसके ही पति ने कर दी। अब पुलिस हत्या के बाद मासूम बेटे को अकेले छोड़कर भागने वाले आरोपी पति की तलाश कर रही है। यह घटना गुजैनी थाना क्षेत्र में हुई। यही नहीं बीते सप्ताह भी इसी थाना क्षेत्र में एक और युवती को उसके ही पत्नी मौत के घाट उतार दिया था। महिला की हत्या की यह दूसरी घटना बीती देर रात हुई। यहां पति ने पत्नी की धारदार हथियार से निर्मम हत्या की घटना को अंजाम दिया और मासूम बेटे को रोता छोड़कर और मौके से फरार हो गया। इस बीच बेटे के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे आस -पड़ोस के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस फोरेंसिक टीम को बुलाते हुए घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज हत्यारोपी पति की तलाश कर रही है। अवगत कराते चलें कि बीते बुधवार को भी जमीनी विवाद में पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था।

## प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने कहा.. कोई घटना होने पर डायल करें टोल फ्री नंबरवन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के पंचम चरण के तहत थाना हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं, बालिकाओं वक छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वालंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में थाना क्षेत्र के गांव, स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों,प्रमुख चौराहों, बाजार इत्यादि स्थानों पर चौपाल लगाकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के सरदार पटेल स्मारक इण्टर कॉलेज में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दुबे ने कहा कि किसी भी



व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी तथा सोशल मीडिया पर परेशान करने अथवा अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 112 व 1090 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें।

सूचना मिलते ही पुलिस आपकी सहायता के लिए तुरंत पहुंचेगी। साथ ही सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे और हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा विधालय की छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सहायता लेने के लिए थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, उस पर महिला आरक्षी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने में जाकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकती हैं। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने कहा कि आपातकालीन स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1098, 1076 आदि नंबर जारी किए गए हैं।

इन नंबरों पर छात्रा अथवा महिलाएं छेड़छाड़ अथवा अन्य किसी तरह की आपात स्थिति में पुलिस की मदद ले सकती हैं इस दौरान उन्हें ह्यूमन ट्रैफिकिंग, चाइल्ड एब्यूज,साइबर हेल्पलाइन तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस योजना रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना उत्तर प्रदेश ग्रामीण महिला आजीविका मिशन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान हेड कांस्टेबल राकेश यादव,धीरज यादव, महिला कास्टेबल दीपा,संध्या सिंह,नेहा सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

## आगरा व ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित की जाती थी नकली दवाइयां

- छापेमार कार्रवाई में 5 लाख की दवाइयां हुई बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज कस्बे में सोमवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर ड्रग टीम द्वारा छापेमार कार्रवाई की गई थी। जिस दौरान सात बोरियां नकली दवाइयों की बरामद की गई थी। जिसकी जांच हेतु सैंपल भेजे गए। दवाइयां की सप्लाई आगरा के थोक मेडिकल विक्रेताओं, व ग्रामीण इलाकों के फर्जी डॉक्टर के यहां आधे से कम रैटों पर दवाइयां दी जाती थी। अलीगंज कस्बे के मैन बाजार स्थिति प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर नकली दवाइयों की बिक्री की सूचना पर हाथरस के ड्रग इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा एवम अलीगढ़ के ड्रग इंस्पेक्टर दीपक लोधी की टीमों ने संयुक्त कार्यवाही की जिसमें कई सात बोरियां जिसकी कीमत 5 लाख 5 हजार रुपए हैं भरकर नकली दवाइयां बरामद हुईं। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन संतोष कुमार द्वारा किया जा रहा था। जिसमे जन औषधि दवाईयों के अलावा अन्य दवाईयां भी बिक्री की जा रही थी। अप्रैल में समाप्त हो गया था लाइसेंस, फिर भी बिक्री जारी

अलीगंज कस्बे के मैन बाजार स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का लाइसेंस अप्रैल 2024 में ही समाप्त हो गया था उसके बावजूद भी लाइसेंस के बिना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दवाइयों ले साथ साथ अन्य दवाइयां भी बेची जा रही थी। जो आगरा की थोक विक्रेताओं और ग्रामीण इलाकों के डॉक्टर को दी जाती थी। जो आए दिन किसी न किसी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचती है। ड्रग इंस्पेक्टर हाथरस राजकुमार शर्मा ने बताया कि छापी मार्ग कार्रवाई के दौरान सात बोरियां भरकर दवाइयां जब्त की गई।

## छज्जा गिरने से 6 लोग मालवे में दबे, एक महिला का शव निकाला

लोकमित्र ब्यूरो

**लोनी।** लोनी स्थित अंकुर विहार थाना क्षेत्र के चमन विहार कॉलोनी में मंगलवार शाम मकान का छज्जा गिरने से दो बच्चे और चार महिला घायल हुईं। पड़ोस में हो रही लड़ाई को देखने के लिए सभी पड़ोसी के मकान के छज्जे के नीचे खड़े थे। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान शारदा देवी 43 की मौत हो गई। अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

चमन विहार कॉलोनी में एक घर के बाहर झगड़ा हो रहा था। झगड़ा होने पर शोर शराबा हुआ। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग अपने घरों से निकलकर झगड़े को देखने लगे। तभी पड़ोस में रहने वाली शारदा यादव, प्रीति तिवारी, सुषमा सिरोही,



शहीदुनिशा, कृतिका और सौम्या पड़ोसी रईस और अनीश के घर के नीचे खड़े होकर झगड़ा देखने लगे। अचानक मकान का छज्जा गिर गया।

छज्जा गिरने से यह सभी लोग मालबे में दब गए। तभी आसपास के लोगों ने मालबा हटाकर घायलों को बाहर निकलना शुरू किया। एक-एक कर लोगों ने सभी को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान शारदा यादव को मृत घोषित कर दिया। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

## राष्ट्रीय लोधी महासभा की मासिक बैठक सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** राष्ट्रीय लोधी महासभा की मासिक बैठक का आयोजन जिला पंचायत स्थित कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता के0पी 0सिंह ने की। और संचालन जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट ने किया। बैठक में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशनुसार दशहरा पर्व पर महासभा द्वारा सेवा पूजा कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर चर्चा हुई। बैठक में विनोद राजपूत ने कहा कि राष्ट्रीय लोधी महासभा एटा में दशहरा पर्व पर सेवा पूजा कार्यक्रम पूरे जिले मे आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट ने कहा कि पूरे जिले मे राष्ट्रीय/प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों का पालन किया जाएगा।समाज के विकास के लिए नई योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना, महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज के वंचित वर्गों की मदद करना प्रमुख था।

## मालदीव राष्ट्रपति मुइज्जु ने पत्नी संग निहारा ताजमहल

- रास्ते रहे बंद, लोग हुए परेशान

अशोक अग्निहोत्री

**आगरा।** मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जु आज सुबह पत्नी के साथ खेरिया एयरपोर्ट पर उतरे। जहां प्रदेश सरकार की ओर से कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने उनकी आगवानी की। एयरपोर्ट से उनका काफिला सीधे शिल्पग्राम पहुँचा।

शिल्पग्राम में उनके स्वागत में कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य व रास की प्रस्तुति दी गई। यहाँ से गोल्फकार्ट में बैठकर वे ताजमहल पहुँचे। यहाँ पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. राजकुमार पटेल ने अगवानी करने के साथ ही मालदीव के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को ताज



का दीदार कराया। मालदीव के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दोनों ने ताज के बारे में डॉ. पटेल से काफी जानकारी ली। वे ताज की नक्कासी को देख भौचक रह गए। करीब एक घंटे तक वे ताज के अंदर रहे। चलते समय मालदीव के राष्ट्रपति ने विजिटर बुक में ताज के सौंदर्य के बारे में लिखा। ताज का दीदार करने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति वापस खेरिया एयरपोर्ट पहुँचे और सीधे मालदीव के लिए रवाना हो गए। मालदीव के राष्ट्रपति के आगमन के चलते खेरिया एयरपोर्ट से लेकर ताजमहल तक के रास्ते बंद कर दिए गये थे।

जिसकी वजह से सुबह ही ऑफ़िस और अपने काम पर जाने वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इधर दो घंटे तक बाहरी पर्यटक ताज के दीदार से वंचित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुमक्खियों के हमले में किसान घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** खेत पर काम करने गए किसान को मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। किसी तरह जान बचाकर जान बचाई परंतु तब तक मधुमक्खियों के डंक से गंभीर रूप से घायल किसान को परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत नाजुक देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रिफर किया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद निवासी किसान आदित्य 35 वर्ष पुत्र भैयालाल आज अपने खेत पर जा रहा था। तभी मधुमक्खियों के झुंड ने किसान पर हमला कर दिया। किसान ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। मधुमक्खियों के जहरीले डंक से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अवैध बस को पीटीओ ने किया सीज

**औरास, उन्नाव।** अवैध साहिल बस सर्विस काफी समय से मिली भगत से चल रही थी कि पीटीओ ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर दिल्ली सवारियों को भरकर जा रही अवैध बस सहित तीन अन्य वाहनों के कागजात न दिखा पाने की स्थिति में सीज कर दिया। नेताओं के गठजोड़ भी काम न आ सके। औरास कस्बा से दिल्ली जाने के लिए संचालित साहिल बस सर्विस लगभग 60 सवारियों को लेकर प्रत्येक दिन की भांति सोमवार को दिल्ली जा रही थी कि पीपीओ शैफर किदवई अचानक आ धमके उन्होंने थाना औरास के सामने अवैध बस बगैर परमिट के दिल्ली जा रही थी बस को रूकवाया गया और कागज की गहनता से जांच की गई जिसमें बस के कागज व अन्य दस्तावेज सही न मिलने पर पीटीओ ने गाड़ी को सीज कर दिया है। और बस को औरास पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। संचालकों को पता चलते ही मौके पर पहुंचे और जुगाड़ लगाने में जुटे किन्तु रूलिंग पार्टी का कोई जुगाड नहीं चला इस संबंध में उन्नाव एआरटीओ श्वेता वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया और किसी भी दशा में अवैध बसे नहीं चलेगी बल्कि यह छापेमारी अभियान लगातार आगे भी चलता रहेगा।

### दशहरा पर कवि सम्मेलन के साथ होगा रावण दहन

**बीघापुर,उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर के गांव पंसारी में दशहरा के अवसर पर पंसारी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व प्रधान कमल सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को शक्तिपीठ मां गोवर्धनी देवी परिसर में सुंदरकांड पाठ, गायत्री परिवार द्वारा हवन पूजन, क्वारिका भोज ,आल्हा गायन राम लखन तिवारी द्वारा, बाबादीन मिश्र पार्टी द्वारा भजन संध्या, बंगाल का काला जादू, रावण दहन , रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। दोपहर में 2ः00 बजे से विशाल कवि सम्मेलन आयोजित है कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से झांसी के प्रमुख गजलकार अर्जुन सिंह चांद,श्रृंगार रस की कवियत्री सुनीता तिवारी कानपुर, बाराबंकी से अजय प्रधान, उन्नाव से सुरेश फक्कड़ व उमाशंकर यादव और लखनऊ की स्वेता काब्य पाठ करेंगी।

### अग्निशम विभाग ने की छापेमारी नहीं मिला बारूद



**बीघापुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में पटाखा भंडारण तथा निर्माण करने वालों के यहां अग्नि समन विभाग द्वारा छापेमारी कर निरीक्षण किया गया ।अग्निशमन विभाग में तैनात दरोगा अरुण कुमार त्रिपाठी ने बीघापुर स्थित दोस्त मोहम्मद व अजीज तथा कैलांव की सलीम की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर बारूद व बारूद से बने पटाखे नहीं मिले। आग बुझाने वाले सिलेंडरों कुछ एक्सपायर डेट हो गए थे उन्हें पुनः नवीकृत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### घर के बाहर बिस्तर पर मिला अधेड़ का शव

**त्रिवेदीगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का शव घर के बाहर लगे बिस्तर पर पड़ा मिला। जिसके बाद परिवारजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या करके शव को बिस्तर पर लिटा देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दहिला गांव निवासी महादेव पुत्र भलार उम्र लगभग 47 वर्ष सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे घर से बिना बताए निकले थे देर रात वापस नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन की परंतु मिले नहीं । मंगलवार सुबह उनका भतीजा लवलेश पुत्र सजन अपने पड़ोसी के घर से निकला तो उसकी दादी ने महादेव के बिस्तर पर किसी के लेटे होने की बात कही । जिसके बाद भतीजे के आवाज देने पर जब उसके चाचा महादेव नहीं बोले तो वह अन्य पड़ोसियों को मंगलवार सुबह उनका भतीजा लवलेश पुत्र सजन अपने पड़ोसी के घर से निकला तो उसकी दादी ने महादेव के बिस्तर पर किसी के लेटे होने की बात कही । जिसके बाद भतीजे के आवाज देने पर जब उसके बुलाकर ले आया । लोगों ने देखकर कहा कि इनकी तो म्रत्यु हो चुकी है। मृतक के शरीर पर मिट्टी लगी हुई थी जिसके आधार पर शंका व्यक्त करते हुए मृतक के भतीजे लवलेश ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मृतक के भतीजे के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष दोमित्र सेन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्पष्ट होगा ।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को न्यायालय ने दस वर्ष की सजा के साथ अर्थदंड की सुनाई सजा

**उन्नाव।** पुलिस एवं विशेष लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अपर जिला जज पॉक्सो एक्ट की न्यायालय ने दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 40,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। प्राप्त विवरण के अनुसार दिनांक 24.02.2018 को अभियुक्त मदन कुमार पुत्र गिरजाशंकर नि0 इटौली थाना अचलगंज ने नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया। जिसके संदर्भ में थाना कोतवाली सदर पर धारा 376 व ङ पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त को 24.02.2018 को गिरफ्तार किया गया तथा दिनांक 02.04.2018 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं ने अपनी अपनी दलील दी जिस पर आज अभियुक्त को दोषी मानते हुए न्यायालय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 40,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी । अभियोजन विभाग से डा0 राजीव अवस्थी (एस.पी.पी.), व विवेचक नि0 श्री अरविन्द सिंह एवं पैरोकार का0 आनन्द राय व कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 दिनेश चंद्र का विशेष योगदान रहा।

### ससुराल आये युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

**त्रिवेदीगंज।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दयाराम पुरवा गांव मे सोमवार की रात ससुराल आए युवक का शव मंगलवार की सुबह पेंड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। लखनऊ जनपद के गोसाईगंज थाना अंतर्गत रतियामऊ निवासी सुनील(26) का शव मंगलवार सुबह ससुराल मे बाग मे आम के पेंड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला है। मृतक के ससुर जगजीवन यादव उर्फ गग्गे ने बताया कि मृतक कब आया किसी को पता नही है। एसओ दोमित्र सेन रावत ने बताया देखने से आत्महत्या प्रतीत होती है बाकी पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थित साफ होगी किसी पर कोई आरोप नही है।

### डीएम ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# डीएम-एसपी ने लगाई चौपाल सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

▸▸ शासन द्वारा संचालित योजनाओं का किया स्थलीय सत्यापन

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उतेलवा के ग्राम सचिवालय में मंगलवार को चौपाल लगाई गई, जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया तथा उपस्थित ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा कुछ भूमि विवाद की समस्याएं, विद्युत विभाग, पीएम किसान सम्मान निधि न मिलने, जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई नाली व सड़क को पुनः ठीक न करने, राशन आदि से संबंधित शिकायतें की गई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चौपाल में जिलाधिकारी ने कहा कि जो शिकायते चौपाल में प्राप्त हुई है उन्हें एक सप्ताह के अंदर संबंधित अधिकारी निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाएं चल रही हैं आप सभी लोग अपनी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ अवश्य लें, बच्चों से स्कूल जाने को कहा, चौपाल में मौजूद आशा व सीएचओ से गांव में सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी ली, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण आदि की भी जानकारी ली। चौपाल में पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से कानून व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चौपाल के उपरांत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं गांव का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं का स्थलीय सत्यापन भी किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा। अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**बारात घर का डीएम, एसपी ने किया उद्घाटन**

विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उतेलवा में सीएसआर के तहत इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा नवनिर्मित बारात घर/कम्युनिटी हॉल का जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बताते चले कि इंडोरामा जगदीशपुर द्वारा ग्राम पंचायत उतेलवा में सीएसआर के तहत बारात घर का निर्माण कराया गया है जिसमें एक कम्युनिटी हॉल, हैंड वॉश सिस्टम, टॉयलेट, पीने की पानी की व्यवस्था, वाटर कूलर इत्यादि व्यवस्थाएं की गई हैं, इस अवसर पर इंडोरामा जगदीशपुर के मुख्य संचालक अधिकारी राजेंद्र शंखे, एचआर हेड मनोज कुमार झा, सीएसआर हेड अभिनव सिन्हा सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अज्ञात युवक का शव

लोकमित्र ब्यूरो



**कोठी, बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र के देवीगंज सिद्धौर मार्ग पर लालपुर गांव के समीप झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। तेज आती दुर्गंध पर पहुचे राहगीरों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कर्रवाई होगी।

लालपुर गांव के ग्रामीण अपने अपने काम से जा रहे थे। इसी दौरान देवीगंज सिद्धौर मार्ग पर झाड़ियों के समीप आ रही तेज दुर्गन्ध पर ग्रामीणों के कदम रुक गए। कुछ लोग झाड़ियों के करीब गए तो देखा एक शव पड़ा है। चर्चा फैली तो काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर असंद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को झाड़ियों से निकलवाया। आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव के शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर युवक को किसी ने नहीं पहचाना। 35 वर्ष के युवक का शव दो दिन पुराना लग रहा था। पुलिस दुर्घटना का शिकार बता रही थी। मगर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई। ग्रामीणों का कहना था की दुर्घटना के बाद युवक आखिर इतने अंदर झाड़ियां के बीच में कैसे जाएगा। उधर पुलिस का कहना है कि शव के शिनाख्त के लिए पूरे जनपद ही नहीं आसपास के जिलों में भी फोटो भेज दी गई है। सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक पोस्टमार्टम हाउस में रखा जाएगा। इसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुण्य तिथि पर याद किये गये राम विलास पासवान

**निन्दूरा।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के ग्राम शांति नगर इटौंजा विद्यालय में पुण्य तिथि पर याद किये गए सामाजिक न्याय के पुरोधा राम विलास पासवन लोक जन शक्ति पार्टी के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय के पुरोधा, शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु आजीवन समर्पित रहे जन प्रिय स्वर्गीय श राम विलास पासवान जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया द्य विधान सभा क्षेत्र कुर्सी के प्रभारी अशोक वर्मा विश्वास ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि युग पुरुष श्री पासवान जी ने अपने राज नीतिक जीवन मे सदैव सामाजिक न्याय, गरीबों व वँचितो के उन्न यन के लिए संघर्ष किया, उनका जीवन अनुकरणीय है श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य रूप से डॉ ओम प्रकाश प्रकाश, राम प्रसाद चौहान, संत राम रावत, राम निवास वर्मा, जस करण गुप्ता, संतोष रावत, आधार प्रजापति, राकेश रावत, अनिल रावत, अंशिका, नेहा, पूनम वर्मा, मोनिका वर्मा, अर्चना वर्मा उपस्थिति रहे।

## हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की हैट्रिक पर कार्यकर्ताओं में खुशी



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** हरियाणा के विधानसभा के चुनाव में हैट्रिक लगाकर सता में तीसरी बार सत्तारूढ़ होने की खबर से अहलादित भाजपाइयों में जश्न का माहौल रहा। ढोल नगाड़ों के बीच भाजपाइयों ने जगह जगह मिठाईयां बाटी। हरियाणा में हैट्रिक और एतिहासिक जीत की खुशी में यूपी के बीजेपी कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाते हुए बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सड़को पर ढोल नगाड़ों के साथ राहगीरों को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मना रहे है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनने पर यूपी के उन्नाव में उन्नाव नगर पालिका चेयरमैन श्वेता मिश्रा व उनके पति भानु मिश्रा ने सैकड़ो बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न नाच गाकर मनाया है इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खुशी में सड़को से निकल रहे राहगीर रिक्शे वालो को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर रहे है।

## छोटी से छोटी जानकारी महिलाएं पुलिस को दें



▸▸ नारी सशक्तिकरण महिला जागरूकता अभियान जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** प्रदेश मे चल रहे नारी सशक्तीकरण अभियान शक्ति दीदी को लेकर सोमवार को क्षेत्रधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी यशकांत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पंचायत घर मसौली में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओ एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति के तहत ग्राम पंचायत मसौली के पंचायत घर पर मंगलवार को महिलाएं एवं बालिकाओं को महिला आरक्षी प्रियंका ने सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 112 181 1090 1098 102 108 की जानकारी दी गई तथा महिला संबंधी अपराधों के बारे में बताया गया वर्तमान में चल रहे साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। महिला आरक्षी अंकित सचान ने महिलाओं को बताया कि छोटी से छोटी वारदात की जानकारी घर और पुलिस को तुरंत करें। कालेज आने के दौरान रास्ते एवं अन्य स्थानों पर किसी व्यक्ति द्वारा शरारती तत्वों की हरकत को पुलिस को दूरभाष के बताए गये नम्बर पर जानकारी दे। जिससे उनपर अंकुश लगाया जा सके। इसके मौके पर उपनिरीक्षक राजकरन सिंह,अभय गुप्ता, कांस्टेबल नौमीनाथ, प्रधान प्रतिनिधि नफीस अंसारी सहित महिलाएं मौजूद थी।

## विश्व उर्वरक संघ अध्यक्ष सम्मानित उदय शंकर अवस्थी का पदार्पण आज

▸▸ नवरात्रि पर पैतृक गांव सथनीबालाखेड़ा में विशाल हवन व कन्याभोज

लोक मित्र ब्यूरो
भगवती सिंह



**उन्नाव ।** जनपद उन्नाव के ब्लाक बीघापुर के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित ग्रामपंचायत सथनीबालाखेड़ा की माटी का लाल, इफको प्रबंध निदेशक के रूप में अपने गांव, ब्लाक, तहसील, जिला, मंडल, राज्य व पूरे देश सहित सम्पूर्ण विश्व में किसानों, कामगार मजदूरों, गरीबों का रहनुमा सम्मानित उदय शंकर अवस्थी अपने पैतृक गांव आज आ रहें हैं। घर की डेहरी पर नवरात्रि पर पूंजापाठ सहित विभिन्न आध्यात्मिक आयोजनों में शिरकत करेंगे।

वीर बैसवारा की उर्वरा सरजमीं पर वैसे तो अनेक उद्भट विद्वान, महान संत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा सतं परंपरा के राजनेता पैदा हुए हैं, लेकिन सथनी बालाखेड़ा गाँव के स्व. शिवमाधव अवस्थी के घर पैदा हुए उनके लालों स्व. देवीशंकर अवस्थी तथा पंडित उदयशंकर अवस्थी जैसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण व्यक्तित्वों का उदाहरण अन्यत्र देखने को नहीं मिलता।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्व. देवीशंकर अवस्थी (श्याम) सथनी बालाखेड़ा के शिवमाधव अवस्थी के घर पैदा हुए थे। आठवीं तक उनकी शिक्षा गाँव के ही विद्यालय में हुई थी। हाईस्कूल की व्यक्तिगत परीक्षा उन्होंने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

इसी बीच उनके पिता की मृत्यु हो गई। साहित्य राजनीति तथा व्यापार उन्हें विरासत में मिला था। मामा और चाचा के व्यापार में हाथ बंटाते थे। मामा केदारनाथ पांडेय आचार्य नरेंद्र देव के शिष्य थे जबकि स्वयं वे पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रशंसक थे। धीर-धीरे इस उठापटक से दूर वे साहित्य दुनिया में समाहित हो गए। जहां संपूर्ण भूमंडल पर हिंदी है वहां वे सम्मान के साथ जाने जाते हैं। स्व. श्री अवस्थी अंग्रेजों की दासता से मातृभूमि को मुक्त कराने के लिए सरेनी कांड में अपने मामा के साथ अंग्रेजों से लोहा लिया। इसके अतिरिक्त कई लड़ाइयां लड़ीं। वे अचूक निशानेबाज, कुशल घुड़सवार, तथा अच्छे तैराक भी थे। 11 जनवरी 1966 को सड़क दुर्घटना में मौत होने के समय उनके अनुज उदयशंकर अवस्थी (सुधीर) बनारस हिंदू विवि से केमिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक कर रहे थे। संघर्षों में अपनी पढ़ाई पूर्ण करने वाले पंडित उदयशंकर अवस्थी अपनी प्रतिभा तथा मानवीय गुणों के कारण आज अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। प्रथम एशियाई के रूप में विश्व उर्वरक संघ का चेयरमैन होने का गौरव उन्हें प्राप्त हो चुका हैं। भारत के वक्षस्थल गाँव तथा वहां के किसानों की प्रगति के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। बैसवारे पर उनकी विशेष कृपा तथा सहज स्वभाव की चर्चा गरीब के झोपड़े से लेकर हवेलियों तक होती है।

हिंदुस्तान की ख्यातिप्राप्त उर्वरक कंपनी के प्रबंध निदेशक डा .उदयशंकर अवस्थी एवं स्व. श्री देवीशंकर अवस्थी के कृतित्व और व्यक्तित्व से नई पीढ़ी को संस्कारित करने या कार्य करें। उक्त विशेष जानकारी अतुल सिंह - द्ब्स्न्स्न्ष्ठ्ट - लखनऊ ने दी है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष तथा भारतीय कृषि वानिकी सहकारी समिति लिमिटेड के डायरेक्टर आदरणीय आनंद अवस्थी ने अवगत कराया है कि श्री उदय शंकर अवस्थी अपने पैतृक गांव के घर में आज पूरे दिन रहेंगे तथा नवरात्रि के अवसर पर हवन कन्या भोज सहित विभिन्न तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

### डीएम, एसपी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक महीने से गायब तीन साल का बच्चा,मां ने लगाई डीएम मदद की गुहार

▸▸ बच्चे की तलाश में दर दर की ठोकरें खा रही है मां

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिले में एक महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मां के साथ सो रहे ,गायब हुये बच्चे की खोज के लिए मां लगातार दर दर की ठोकरें खा रही है लेकिन कही से कोई मदद नही मिल रही है। मंगलवार को मां ने जिलाधिकारी निशा अनन्त से मुलाकात कर बच्चे को बरामद करने की मांग की है। पीड़िता ने परिवार की ही चाची पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया है।दरअसल ये पूरा मामला अमेठी के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गढ़ा माफी गांव का है जहां अपने मायके में रह रही किस्मता देर रात अपने तीन वर्षीय बच्चे के साथ सो रही थी। रात में ही मां की गोद मे सो रहा बच्चा गायब हो गया। बच्चा गायब होने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस बच्चे की तलाश में जुट गई लेकिन एक महीने बाद भी बच्चे का सुराग नही लग सका।

बच्चे की मां किस्मता डीएम कार्यालय पहुंची और रो रो कर डीएम से मदद की गुहार लगाई।मां किस्मता ने कहा कि एक महीने से ज्यादा हो गया लेकिन बच्चे का कोई पता नही चल रहा है। घटना के एक सप्ताह पहले मेरी चाची ने बच्चे के अपहरण करने की धमकी दी थी।

मेरी चाची ने ही बच्चे का अपहरण किया है। डीएम को पीड़िता ने अपनी चाची कांति देवी के खिलाफ तहरीर दी है। और आरोप लगाया कि उसने ही मेरे बेटे रितिक को उठवाया है।तीन साल से मायके में रह रही है पीड़िता। पीड़िता किस्मता की शादी दूसरे गांव अमेरूवा दीना का पुरवा में हुई थी और पति द्वारा लगातार की जा रही अभद्रता के कारण वो पिछले तीन साल से अपने मायके में ही रह रही थी।

### डंपर की चपेट में आने से छात्र की मौत

**अमेठी।** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कालिकन इंटर कालेज के पास कोचिंग सेंटर से घर जा रहे 15 वर्षीय छात्र की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक छात्र ओम सिंह पुत्र बृजेश सिंह उम्र लगभग 15वर्ष निवासी योगा पुरवा पूरे गंजन भौसिंह पुर, थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी कालिकन से कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई करके पैदल ही अपने घर वापस घर जा रहा था कि रास्ते में संग्रामपुर से लोहिया नगर प्रतापगढ़ की तरफ जाने वाली सड़क पर,इंटर कॉलेज कालिकन धाम के निकट अनियंत्रित डंफर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर ईश नारायण मिश्रा ने बताया कि डंपर और चालक को हिरासत में ले लिया गया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधि कार्रवाई की जा रही है।

## नवरात्रि के पांचवे दिन विशाल जगराता का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**बेलहरा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत बेलहरा में नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा एवम् धूमधाम से मनाया जा रहा है सोमवार पंचम नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में विशाल भक्तिमय जगराते का आयोजन शिव शक्ति धाम बेलहरा के कार्यकर्ताओं ने कन्या।भोज व जगराते का आयोजन किया जिसमें राम श्याम म्यूजिकल ग्रुप कानपुर के कलाकारों ने मातारानी के भजनों का गुणगान किया इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसिमित सदस्य सुनील सोनी व साथियों ने कमेटी तथा आए हुए कलाकारों का स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मान किया अपने संबोधन में सुनील सोनी ने कहा की ऐसे आयोजन से हमारे समाज को अपनी संस्कृति एवम् भक्ति दोनो। को शक्तिशाली बनाने की प्रेरणा मिलती है उन्होंने मौजूद मातृशक्ति को आवाह्न करते हुए कहा की समाज को गौरवशाली बनाने में नारी शक्ति का अहम स्थान है कमेटी के सदस्यों को शानदार आयोजन की बधाई देते हुए उपस्थित लोगो से धार्मिक कार्यों के बढ़ चढ़ का सहयोग की अपील की इस कार्यक्रम में लालू सोनी प्रांशु गुप्ता अमित सोनी ने सराहनीय मेहनत की जिसकी चर्चा पूरे नगर में है इस अवसर पर बर्दिया आश्रम के महंत श्री गणेश मुनि , हनुमान मंदिर के पुजारी मुन्ना दास जी,,कल्लू सोनी, बुधु सोनी अरविंद जैन,अन्नू सोनी, बबलू गुप्ता समेत हजारों भक्तजन मौजूद रहे। सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार नवरात्र पर्व के अवसर पर क्षेत्र के देवी मन्दिरों व पण्डालों में कात्यायनी माता की पूजा अर्चना की गयी।

## संक्षिप्त खबरें


### अध्यापकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**औरास उन्नाव।** विकासखंड औरास में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल योजनाओं के हितग्राहियों में विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत के परिषदीय शिक्षको को जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का दो दिवसीय आयोजन मोहन विधायक बृजेश रावत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सोमवार से मंगलवार तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्लॉक सभागार औरास में जल जीवन मिशन का परिचय,उद्देश्य,ग्राम जल और स्वच्छता समिति जल गुणवत्ता आदि विषयों को चार सदस्यी मास्टर ट्रेनर की टीम में प्रोफेसर राजेंद्र प्रताप सिंह, रीमा यादव, अशोक सिंह तोमर,सुसेंन्द्र कुमार नें हित ग्राही परिषदीय अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया कार्यक्रम के संयोजक मनोरमा मंडल के जिला समन्वयक सुरेंद्र प्रताप सिंह राजू वर्मा कुलदीप राजपूत ने जल संचयन और जल प्रबंधन को बढ़ावा देने एवं जल शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के विषय पर विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण समापन के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में मोहान विधायक बृजेश रावत उपस्थित रहे।

### बाइक में टक्कर मारकर गिराया और लाद ले गए, पुलिस जांच में जुटी

**तिकुनिया-खीरी।** सरजू सहकारी चीनी मिल में चुनाव को लेकर संचालक प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में डेलीगेट को वोट डालने को लेकर कब्जे में करने के सभी हथकंडे शुरू कर दिए हैं ग्राम रननगर निवासी गुरदेव सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि उनके साथी हरभजन सिंह को सुच्चा सिंह के समर्थकों ने बाइक से टक्कर मारकर गिरा दिया और चार पहिया गाड़ी में बिठाकर भाग गए कोतवाली प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया सूचना मिली है जांच की जा रही है पुलिस को दी गई तहरीर में रन नगर गांव निवासी गुरदेव सिंह ने लिखा है कि मंगलवार को सुबह करीब 8:00 बजे वह अपने साथी हरभजन सिंह जो की सरजू सहकारी चीनी मिल बेलराया में निर्विरोध चुने गए सदस्य हैं के साथ गुरुद्वारा कौड़ियाला घाट जा रहा था इस बीच तिकुनिया कस्बे के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर कुछ लोगों ने बाइक में पीछे से टक्कर मार कर गिरा दिया इसके बाद डेलीगेट हरभजन सिंह को चार पहिया वाहन में जबरदस्ती बैठा लिया और लेकर चले गए हैंलिए तहरीर में कनपटी में तमंचा लगाकर सोने क़ी चैन, 5600 रुपए तथा एक मोबाइल भी छीन लिया हैद्य राहगीरों ने जान बचाई हैद्य कोतवाली प्रभारी अमित सिंह भदोरिया ने बताया सूचना मिली है जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यरत 36 चिकित्सा अधिकारियों के प्रथम बैच का दो दिवसीय सेंन्सीटाइजेशन प्रशिक्षण कार्यकम मंगलवार को सीएमओऑफिस सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ मनोज शर्मा ईएनटी सर्जन जिला चिकित्सालय द्वारा चिकित्सा अधिकारियों को बधिरता रोग की पहचान, रोकथाम एवं उपचार हेतु प्रशिक्षित किया। सत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी द्वारा चिकित्सा अधिकारियों को क्षेत्र में जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यकमों में सक्रिय योगदान के निर्देश दिये। तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के अन्तर्गत समस्त प्रतिभागियों को नोडल अधिकारी जिला एनसीडी सेल डॉ अनिल गुप्ता द्वारा तम्बाकू का उपयोग न करने एवं जनमानस को तम्बाकू मुक्त करने हेतु सपथ दिलायी। कार्यक्रम के दौरान इपीडिमियोलॉजिस्ट डॉ राकेश गुप्ता, एफएलसी विजय वर्मा एवं डाटा इन्ट्री आपरेटर अनुज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने संचारी रोगों से जागरूकता एवं नियंत्रण की ली शपथ



**लखीमपुर-खीरी।** आपको बताते चले उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार माह अक्टूबर 2024 में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत विद्यालय 'सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में छात्रा बहनों को विद्यालय की आचार्या नेहा शर्मा ने संचारी रोगों से जागरूकता एवं नियंत्रण से सम्बन्धित शपथ दिलाई। जिसमें संचारी रोगों जैसे- मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, कालाजार, स्क्रब-टाइफस, कुष्ठरोग, क्षय रोग इत्यादि से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अपनी और अपने आस-पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे एवं यदि कोई व्यक्ति हमारी जानकारी में बुखार से पीड़ित होगा, उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने सभी को संचारी रोगों के कारण एवं बचाव की जानकारी दी। शपथ ग्रहण में विद्यालय की समस्त आचार्य/आचार्याएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

### ससुराल आये युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

**त्रिवेदीगंज।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दयाराम पुरवा गांव मे सोमवार की रात ससुराल आए युवक का शव मंगलवार की सुबह पेंड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। लखनऊ जनपद के गोसाईगंज थाना अंतर्गत रतियामऊ निवासी सुनील(26) का शव मंगलवार सुबह ससुराल मे बाग मे आम के पेंड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला है। मृतक के ससुर जगजीवन यादव उर्फ गग्गे ने बताया कि मृतक कब आया किसी को पता नही है। एसओ दोमित्र सेन रावत ने बताया देखने से आत्महत्या प्रतीत होती है बाकी पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थित साफ होगी किसी पर कोई आरोप नही है।

### डीएम ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### समिति के सदस्यों एवं डीजे संचालकों के साथ पुलिस ने की गोष्ठी

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में त्यौहारों दुर्गापूजा एवं दशहरा आदि के दृष्टिगत मंगलवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के दुर्गापूजा समिति के सदस्यों एवं डी0जे0 संचालकों के साथ गोष्ठी कर शासन एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों से अवगत कराते हुये त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई एवं डी0जे0 संचालकों को शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन करने हेतु अवगत कराया गया।

### समिति के सदस्यों एवं डीजे संचालकों के साथ पुलिस ने की गोष्ठी

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में त्यौहारों दुर्गापूजा एवं दशहरा आदि के दृष्टिगत मंगलवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के दुर्गापूजा समिति के सदस्यों एवं डी0जे0 संचालकों के साथ गोष्ठी कर शासन एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों से अवगत कराते हुये त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई।

# डीएम ने कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम का लिया जायजा

**अष्टमी को 1100 कन्याओं का होगा सामूहिक पूजन कार्यक्रम**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 10 अक्तूबर को मंडी समिति राजापुर में होने वाले कन्या शक्ति वंदन 1100 कन्याओं के सामूहिक पूजन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में 10 अक्टूबर को कृषि उत्पादन मंडी समिति में कन्या शक्ति वंदन समारोह आयोजित होगा,जिसमें परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक, दो, तीन की 1100 कन्याओं का पूजन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल शिरकत करेंगे। इसमें जिले के मा.जनप्रतिनिधि शामिल भी होंगे।


डीएम ने आयोजन को भव्य, दिव्य बनाने के लिए अफसरो की भूमिका को रेखांकित किया।

निर्देश दिए कि आयोजन के लिए सौपे गए दायित्वो का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाएं। बीएसए को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सभी 1100 कन्याएं स्कूल यूनिफॉर्म में शामिल होगी। बालिकाओं को लाने ले जाने के लिए 30 वाहन लगाए गए है। वाहनों की पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा टीमें जलपान एवं भोजन गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता टीम में सक्रियता से काम करेगी। डीएम ने कहा कि पांच बालिकाओं पर एक शिक्षको की ड्यूटी लगाई गई है। यह शिक्षक बालिकाओं के अभिभावकों से मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क में रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के उपरांत जिले पर रिपोर्ट भेजेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता के लिए भी निर्देशित किया। बालिकाओं के लिए पंडाल में कूलर की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। कार्यक्रम में शामिल सभी 1100 बालिकाओं को बैग, टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट व दीवार घड़ी, एनीमिया चार्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति से संबंधित प्रचार साहित्य प्रदान किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण का हुआ आयोजन

**दी एलीट एकेडमी कलुवापुर में कार्यक्रम**

लोकमित्र ब्यूरो



**धौरहरा-खीरी।** तराई क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम विद्यालय में शुमार दी एलीट एकेडमी स्कूल कलुआपुर सिसैया में कोतवाल धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा व हल्का प्रभारी अरविंद तिवारी के साथ महिला कांस्टेबलों ने मिशन शक्ति फेज 5 के तहत विद्यालय की छात्राओं को स्वयं सुरक्षित व निर्भय रहने के लिए अनेक सुझावो के साथ-साथ शाशन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी नोट कराएं।विद्यालय की प्रबंधिका एवं अध्यक्ष महिला सुरक्षा समिति रिंपी सेठी हुसैन ने छात्रों को गुड टच और बेड टच के साथ-साथ अनेक सुझाव दिए।कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने भी मिशन शक्ति के अंतर्गत दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए अनेक प्रकार के प्रश्न भी पूछे।जिनका जवाब मिशन शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित इंस्पेक्टर धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा हल्का प्रभारी अरविंद तिवारी ने बड़े ही अच्छे शब्दों में दिया।सीनियर वर्ग के छात्रों में इजाबेल हुसैन,महिमा मिश्रा,प्राची वर्मा,सुमन प्रीतकौर से छात्राओं ने मिशन शक्ति के नियमों को जाना और अमल करने का दृढ़ संकल्प लिया।मिशन शक्ति फेज 5 वे कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अफजल हुसैन डायरेक्टर फैयाज अहमद प्रधानाचार्य, नीता मिश्रा, शिवांगी पांडे, उषा राज, हरप्रीत कौर, ज्योति यादव मौजूद रही।

## पुलिस ने गोकशी के आरोप में नाबालिग समेत दो को दबोचा


**लोनी।** रूपनगर कॉलोनी के एक गोदाम में हो रही गोकशी की घटना में फरार चल रहे नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि आरोपी ने अपना नाम रिजवान निवासी कासिम विहार बताया उसे रूपनगर से गिरफ्तार किया गया। बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 29 सितंबर को महबूब, आबिद, दिलशाद, छोटू उर्फ परवेज, शेखर जाट के साथ मिलकर रूपनगर में गोकशी की घटना की थी। आबिद कटी हुए पशुओं को लेकर दिल्ली बेचने के लिए चला गया था। जिसे क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महबूब को पता चला कि पुलिस हमें तलाश कर रही है, तो महबूब ने बागपत कोर्ट में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में करोड़ों का किया गोलमाल

लोकमित्र संवाद

**पाटन,उन्नाव।** सुमेरपुर ब्लॉक में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में करोड़ों का गोलमाल किया। अपनी पहुंच के बल पर कार्यवाही से बच रहे है।

तहसील बीघापुर के अंतर्गत विकासखण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत ताजकपुर का मामला है। जहां भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो गई। जहां पर सरकारी काम के आड में ग्राम पंचायत के प्रधान ने और ग्राम पंचायत अधिकारी संजीव कुमार ने सरकारी धन पर जम कर डकैती डाली है। इस ग्राम पंचायत के प्रधान ने ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ मिलकर ताजकपुर ग्राम पंचायत मे बिना काम कराए ही सरकारी धन पर डकैती डाल डाली,और ब्लॉक के जिम्मेदारों का भी रहा होगा हिस्सा। इसी ग्राम पंचायत के रहने वाले अभिषेक सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह ने आईजीआरएस से की




गई शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत ताजकपुर के प्रधान दिलीप कुमार तथा ग्राम पंचायत अधिकारी संजीव कुमार के द्वारा भ्रष्टाचार कर सरकारी धन पर डकैती डाली गयी। जिसमें

सुखलाल के घर से तालाब तक नाली कार्य को बिना कराए ही प्रधान और सचिव ने साठगांठ कर इसी कार्य का भुगतान करा लिया गया। भुगतान रसीद के अनुसार सुखलाल के घर से तालाब तक नाली कार्य की कुल लागत 148380 रुपये को प्रधान दिलीप कुमार और ग्राम पंचायत अधिकारी संजीव कुमार के साथ मिलकर जय भंवरेश्वर बाबा इंटरप्राइजेज के नाम से नौ महीने दस दिन पूर्व निकाल लिया गया है। इसी तरह

अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी संजीव ने हद तो तब पार कर दी जब झण्डा देवी मंदिर में रिबोर के नाम पर 14639 रुपया गीता इंटरप्राइजेज के नाम से 11 महीना 6 दिन पहले ही पैसा बिना रिबोर कराए बिना ही निकाल लिया गया। क्या कोई भी प्रधान और सचिव ऐसे ही सरकारी धन पर डकैती डालता रहेगा क्या। जिसको शासन प्रशासन का भय तक नहीं खुलेआम सरकारी काग़ज़ों पर डकैती डाली जा रही हैं।

जब कोई ग्रामीण शिकायत कर दे तो जिम्मेदार अधिकारियों की और बल्ले बल्ले हो जाती है तुरंत प्रधान को फोन करेंगे बतायेंगे शिकायत आयी है क्या करना है। जाँच के नाम पर खानापूर्ति करके प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी दोनों मिलकर जाँचकर्ता का मुह पैसों से भर दिया जाता है जिससे सही तरीके से जाँच नहीं हो पाती है। जिससे फिर से प्रधान और सचिव को आजादी मिल जाती हैं फिर से ग्राम पंचायत में डकैती डालने की। अभी हाल फ़िलहाल ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक अवस्थी पर भ्रष्टाचार की शिकायत हुई थी।

इन महोदय के पास इस ब्लॉक के सबसे बड़े क्लस्टर है और यह साहब ट्वेंटी ट्वेंटी मैच की तरह सरकारी धन पर डकैती डालते है और यह साहब तो यह भी कहते हैं जिले में कोई माई का लाल अधिकारी ऐसा नहीं जो मेरा कुछ उखाड़ पाए इनकी कई ऐसी ऑडियो पूर्व में वायरल हुई थी। क्या सच में जिले में कोई जिम्मेदार माई का लाल अधिकारी नहीं जो इस ग्राम पंचायत अधिकारी पर और जितने भी भ्रष्टाचार से परिपूर्ण ग्राम पंचायत अधिकारी है उन पर कार्यवाही कर सके हैं। अगर कोई जिम्मेदार अधिकारी सही तरीके से सुमेरपुर ब्लॉक और इसी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली किसी ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर ले तो लाखों रुपये भुगतान का गबन सामने आ सकता है।

# सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ मर्यादा का भी पढ़ाते हैं पाठ

**रामलीला में राजा जनक और कुंभकरण का अभिनय करते हैं प्रेम नारायण तिवारी**

लोक मित्र संवाद



**सफीपुर, उन्नाव।** नवरात्रि के पावन दिनों से विजय दशमी तक जगह-जगह कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है इसी प्रकार क्षेत्र की प्रसिद्ध जगदीशपुर की धनुष भंग की लीला हो या रामलीला क्षेत्रीय लोग जब भी राजा जनक और कुंभकरण का किरदार याद करते हैं तो उनके दिमाग में बस एक ही नाम याद आता है वह प्रेम नारायण तिवारी का।

नवरात्र के शुरू होते ही देश के विभिन्न हिस्सों में रामलीला के मंचन का दौर शुरू हो गया है. नवरात्र के दिनों में उत्तर भारत में रामलीला का काफी चलन है और इसे देखने के लिए बड़ी तादाद में लोग जुटते हैं. वैसे तो कई जगह रामलीला का आयोजन होता है, मगर सफीपुर कस्बे से 7 किलोमीटर दूर स्थित पट्टी उस्मान के पास जगदीशपुर नामक गांव बेहद लोकप्रिय है जहां इसे देखने के लिए दूर-दूर के लोग इकठ्ठा होते हैं।

जहां इस रामलीला में वहां के स्थानीय लोग ही लीला मंचन करते हैं इस रामलीला कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों में प्रेम नारायण तिवारी का नाम आता है तिवारी जी यूं तो रामलीला में 5 से 6 किरदार निभाते हैं लेकिन प्रमुख रूप से राजा जनक और कुंभकरण तथा बाणासुर का रोल मुख्य है, लीला के मंचन के दौरान तिवारी जी का मुख्य प्रसिद्धि राजा जनक के रूप में हुवी जो क्षेत्र में भी प्रचलित है।

रामायण में सीता जी की प्रादुर्भाव के समय राजा जनक हल चलाते हैं जिसका मंचन लोगों में खूब सराहा जाता है वही उसके बाद सीता स्वयंवर में तो राजा जनक की भूमिका निभाने वाले प्रेम नारायण तिवारी तो पूरा जान ही डाल देते हैं जब हजारों राजाओं द्वारा भगवान शंकर का पिनाक धनुष नहीं उठाया जाता है उसे समय राजा जनक विलाप करते हैं उसे विलाप को सुनकर हर किसी की आंखें नम हो जाती हैं एवं वह मर्यादित भाव में एक पुत्री की वियोग की कथा भी वर्णित कर देते हैं इसी प्रकार राम रावण युद्ध के समय जब रावण के सेनापतियों एवं वीर योद्धाओं का वध होता है उसे समय कुंभकरण को गहरी निद्रा से जगाया जाता है कुंभकरण को जगाने की वह प्रक्रिया लोगों को बेहद पसंद आती है कुंभकरण जगने के बाद ज़ब उसे सीता हरण की पूरी जानकारी होती है उसके बाद वह रावण को सद्बुद्धि देता है उसे समय के वाक्य छोटे भाई द्वारा बड़े भाई को मर्यादित ढंग से किस प्रकार समझाया जाता है यह प्रेम नारायण तिवारी अपनी बुद्धि संस्करण से प्रदर्शित करते हैं।

**15 साल की उम्र से कर रहे हैं अभिनय**

प्रेम नारायण तिवारी बताते हैं कि वह 15 वर्ष की आयु से गांव की रामलीला में अभिनय कर रहे हैं शुरू शुरू में प्रभु श्री राम से लेकर कई अहम किरदार निभाए लेकिन उम्र बढ़ाने के साथ-साथ रामायण के किरदारों में भी परिवर्तन होता चला गया प्रेम नारायण तिवारी की तीन पुत्र शुभम तिवारी लक्ष्मण शिवम तिवारी ने कुछ वर्षों तक प्रभु श्री राम एवं अंशु तिवारी भी जरूरत के समय विभिन्न पत्रों का अभिनय करते हैं।

**रामलीला में 5 से 6 किरदारों को जीते हैं प्रेम नारायण तिवारी**

पूरी रामलीला के दौरान मुख्य रूप से राजा जनक और कुंभकरण एवं बाणासुर के किरदार के बाद गुरु वशिष्ठ, रावण के नाना माल्यावन तथा जामवंत का भी सफल अभिनय करते हैं ।

## रेलवे पुल के नीचे मिला बुजुर्ग का शव

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रेलवे पुल के नीचे एक बुजुर्ग का शव देख इलाकाई लोगो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। सत्तर वर्षीय रामकिशोर पांडेय निवासी श्री नगर तीन दिन पहले घर से निकले थे। सोमवार देर शाम उनका शव सीताराम कॉलोनी स्थित रेलवे पुल के नीचे पड़ा देख आस पास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह मानसिक बीमार थे। जिस कारण अक्सर घर से निकल जाया करते थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**हरियाणा चुनाव में जीत को देख उत्साहित कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर बनाए नए सदस्य**

लोकमित्र ब्यूरो



**नवाबगंज, उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत के हुई भाजपा ने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर 50 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा पार्टी की इस प्रचंड जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उत्सव का माहौल है जनपद के प्रत्येक मण्डल में कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ पटाखे फोड़ एक दूसरे को मिठाई खिला जीत खुशी साझा कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव में भी खुशी का माहौल बना रहा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला बधाईयां दी। नवाबगंज मण्डल में भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार के नेतृत्व में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह के आवास पर नवाबगंज मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत के साथ उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी जला एक दूसरे को मिठाई खिला कर हर्ष व्यक्त किया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा मनीष जायसवाल समीर शुक्ला आयुष तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा सदस्यता अभियान इन दिनों तेजी से चल रहा है और हरियाणा चुनाव के रुझान भी लगातार आ रहे थे जिनमे भाजपा लगातार बढ़त बना रही थी जीत को देख उत्साहित कार्यकर्ताओं ने अपने अभियान में तेजी लाते हुए अपने बढ़े हुए लक्ष्य को लेकर घर घर जाकर नए सदस्य बनाने में जुट गए हैं।

कार्यकर्ता प्रत्येक मण्डल में दो टोलियों के साथ लोगों से संपर्क कर उन्हें भाजपा का सदस्य बना रही है यह अभियान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनो चल रहा है जिस व्यक्ति के पास फोन की सुविधा नहीं है या नेटवर्क की उपलब्धता नहीं है वहां उन्हें अब ऑफलाइन फॉर्म भरकर सदस्य बनाया जा रहा है साथ ही ऑनलाइन बने सदस्यों का ब्योरा भी बूथ सह एक एकत्र किया जा रहा है। भाजपा अपने अभियान के साथ जिले के कोने कोने में जा रही है प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ पर जाकर सदस्य बना रही है।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



लोकमित्र संवाद

**बीघापुर उन्नाव।** पौधारोपण महाअभियान को गति देते हुए भाजपा नेता ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा गया की पौधों का रोपण करके ही पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित किया जा सकता है। मंगलवार को सुमेरपुर स्थित बाबू जयशंकर प्रसाद डिग्री कॉलेज में भाजपा नेता संजय शुक्ला ने शिक्षक व बच्चों सहित परिसर में पौधारोपण किया वहीं भाजपा नेता संजय शुक्ला ने पेड़-पौधों को जीवन के लिए अमूल्य बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की बात कही साथ ही 11 पौधे भी लगाए और कॉलेज में उपस्थित अध्यापकों व बच्चों को पौधे वितरित किए वहीं आशीष अवस्थी ने बताया कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाने मे सहयोगी हैं। साथ ही हमें फल, फूल व लकड़ियां प्रदान करते हैं। इस दौरान पिंटू सिंह,अमित मिश्रा, पुष्पेंद्र कुमार, मयंक लोधी ,राकेश सिंह ,आकांक्षा सिंह ,लक्ष्मी देवी, कुमारी पूजा ,बबलू ,सहित कई लोग मौजूद रहे

संक्षिप्त खबरें

## 17 वर्षो से फरार साधु भेष में रहने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** राम जन्मभूमि थाना पुलिस ने 15-15 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों राम जन्मभूमि मंदिर के पास स्थित एक मंदिर में भेष और नाम बदलकर रह रहे थे। दोनों के खिलाफ गोंडा के थाना नवाबगंज में हत्या का मुकदमा दर्ज है। जिसमें 17 वर्ष से दोनों फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।रामजन्मभूमि पुलिस के मुताबिक जून 2007 में महावीर सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी तुलसीपुर माझा की हत्या हुई थी। जिसमें गोविंद उर्फ संजय उर्फ विजय चेला सियानाथ निवासी बड़झया थाना बड़इया जिला लखीयसराय बिहार और सीताराम दास उर्फ विजय चेला रामशरण दास हनुमानकुटी रामघाट मुख्य आरोपी है। 16 फरवरी 2008 को दोनों की संपत्ती की कुर्की भी हो चुकी है। दोनों 17 वर्ष से फरार थे।

## भगवान राम का चरित्र हर किसी के लिए अनुकरणीय है- लल्लू सिंह

**पूराबाजार, अयोध्या।**विकासखंड पूरा बाजार के अमर शहीद मंगल पांडे रामलीला समिति दुगवा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान राम के जीवन और उनके आदर्श चरित्र पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, भगवान राम का चरित्र हर किसी के लिए अनुकरणीय है। उनके जीवन से हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने रामलीला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व को भी रेखांकित किया, और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बताया। पूर्व सांसद ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से अवगत कराते हैं।नौ दिवसीय इस रामलीला आयोजन में भगवान राम के जीवन की प्रमुख घटनाओं का मंचन किया गया, जिसने पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बनाया। उपस्थित ग्रामवासियों ने रामलीला के मंचन की सराहना की और इसे गांव के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। ग्राम प्रधान दीप कुमार पांडे ने आयोजन समिति और सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखते हैं और समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं।

इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, चंद्रभान पांडे, रितेश पांडे, अतुल पांडे फौजी, जगत नारायण मास्टर, सीताराम पांडे, सिद्धनाथ पांडे, सत्येंद्र पांडे, राकेश पांडे, शत्रुघ्न पांडे, उत्तम पांडे सहित अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हुआ रामकथा पार्क

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** श्री राम कथा पार्क में तिवारी मंदिर के तत्वाधान में चल रही रामकथा के पंचम दिवस व्यास पीठ से जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज ने जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म के अद्भुत प्रसंग की व्याख्या की और कहां कि इस पावन धराधाम पर भगवान कृष्ण का अवतरण हुआ पूरा परिसर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हो उठा और भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे। जगद्गुरु महाराज ने भगवान योग योगेश्वर श्री कृष्णा के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जो प्राणी अपने आराधना के श्रद्धा पुष्प भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अर्पित करता है, अर्थात् जो श्रीकृष्ण की शरणागति प्राप्त करता है,वह सदा अभ्युदय पूर्ण जीवन जीकर मुक्ति का अधिकारी बनता है तथा उसके रोग, शोक, दुःख, द्ररिदता एवं विपदाओं का हरण हो जाता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत मे भगवान ने कहा कि जब मनुष्य में अहम आ जाएं उसको मेरा दर्शन नहीं हो सकता, जिसका मन निश्चल होता है निष्पाप होता है सरल होता है और भाव से सब कुछ समर्पित कर देता है उसके लिए मेरी प्रति कठिन नहीं है। कथा शुभारंभ के पहले शिवेश्वरपति त्रिपाठी, श्रीषपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और कथा व्यास जगतगुरू स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के विश्राम पर पुनः आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया। कथा के पंचम दिवस प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया। अतिथियों का स्वागत रूद्रेश त्रिपाठी ने किया।

## सडक सुरक्षा पखवाड़ा के तहत 1286 वाहनों का हुआ चालान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के 7वें दिन परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा बिना हेल्मेट, मोबाइल फोन, रॉग साइड ड्राइविंग एवं अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया। पखवाड़े के तहत 6 व 7वें दिवस हेलमेट व सीटबेल्ट के प्रति प्रभावी कार्यवाही एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किये जाने के निर्देश दिये गये थे। अभियान के अन्तर्गत हेल्मेट 368, बिना इन्श्योरेंस के 67, धारा-184 के 163, नो पार्किंग के 274, अन्य धाराओं के 09, तीन सवारी के 123, यातायात उल्लंघन के 105, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने के 17, वायु प्रदूषण का 01, बिना नम्बर प्लेट 34, सेफ्टीबेल्ट के 31, फिटनेस के 22, परमिट का 01 बिना लाइसेंस के 69, 22, ध्वनि प्रदूषण के 02 समेत कुल 1286 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यातायता नियमों का पालन कर जान के साथ जुर्माने को भी बचाया जा सकता है। उन्होने कहा कि यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़े सड़क हादसों को टालने मे सहायक है। टीआई अजय कुमार ने बताया कि देश में गलत साइड पर वाहन चलाने पर 3 महीने तक की कैद या रॉग साइड ड्राइविंग के कारण कोई दुर्घटना होती है, तो आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (2) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इस धारा के तहत कम से कम 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है।

## महाराष्ट्र भवन भक्त निवास का अयोध्या में हुआ भूमि पूजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।**मंगलवार को रामलला के दर्शन करने के पश्चात अयोध्या की पुण्य भूमि पर महाराष्ट्र भवन के निर्माण हेतु मंत्री महाराष्ट्र सरकार रवीन्द्र दत्तात्रेय चव्हाण ने मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर एतिहासिक शिलापट्ट का अनावरण किया तदुपरांत धरती मां से अनुमति प्राप्त कर फावड़ा,कुदाल,कन्नी व तसले का पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर धर्म नगरी अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, हनुमान गढ़ी के महंत राजूदास, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने संबोधित करते हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त करते शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन करते संस्कृति विभाग से जुड़े उद्घोषक विश्व प्रकाश रूपन ने बताया कि नामदार मंत्री महाराष्ट्र शासन रवींद्र दत्तात्रेय चव्हाण का स्वागत सार्वजनिक बांध काम विभाग के सचिव संजय दशपुते ने किया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी का स्वागत चीफ इंजीनियर राजेन्द्र रहाणे ने किया।

# हरियाणा की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

## जनता ने विपक्षियों की बात को नकारा दिया है-पूर्व सांसद लल्लू सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत प्राप्त करने के रूझान पार्टी कार्यालय सहादतगंज में जमकर जश्न मनाया गया। ढ़ोल नगाड़ों के साथ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ता ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर बधाई दी। इस दौरान कार्यकताओं ने पटाखे जलाए।

हरियाणा में पार्टी की जीत तथा जम्मू में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इतिहास बन रही है। 52 साल बाद किसी पार्टी की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। जनता ने विपक्षियों की बात को नकारा दिया है। जनता ने ऐसा संदेश दिया है कि मोदी सरकार की जो नीतियां हैं उसे जनता से स्वीकार किया है। विपक्ष लगातार भ्रम तथा अफवाहें फैलाकर चुनाव जीतने का प्रयास करता है। लेकिन जनता अब उनकी असलियत पहचान रही है। इसीलिए जनता ने मोदी सरकार की नीतियों के पक्ष में अपना मतदान किया हैमहापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हरियाणा की जीत सरकार के कार्यकाल में चलाई जा रही योजनाओं तथा उसके क्रियान्वयन पर जनता की मुहर है। देश में भारतीय जनता पार्टी के प्रति उत्साह है। विपक्षी द्वारा की जा रही नकारात्मकता की राजनीति पर जनता का करारा प्रहार है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रवाद की विचारधारा जातिवाद की राजनीति पर भारी पड़ी है। जनता विकास चाहती है। सबका हित सोचने वाली सरकार चाहती है। अवसरवाद की राजनीति को करारा जवाब मिला है। चुनाव परिणामों का पूरे देश की राजनीति पर गहरा असर पड़ेगा।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि चुनाव में जीत भाजपा का जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। गरीबो व किसानों के हितो को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाये है। जिसका लाभ समाज को मिल रहा है।

रोडवेज पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, इंद्र भान सिंह, श्रीकृष्ण, राजेश सिंह, मन्नू ने राहगीरों में मिष्ठान वितरण किया गया। बादल ने कहा कि हरियाणा की जीत भाजपा के विकासवाद पर जनता की मुहर है।

पार्टी कार्यालय पर शक्ति सिंह, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अखंड प्रताप सिंह डिंपल , गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, सुनील तिवारी शास्त्री, राघवेंद्र पांडे, शैलेंद्र कोरी, अरविंद सिंह, राकेश मणि त्रिपाठी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान सिंह, बबलू मिश्रा, बालकृष्ण वैश्य,एसपी सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदेश में महिलाएं एवं बच्चियां पूर्णतः सुरक्षित है-अंजू प्रजापति



**अयोध्या ।** सदस्य, राज्य महिला आयोग उ0प्र0 अंजू प्रजापति अपने तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतिम दिन आज सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि महिला आयोग का पूरा प्रयास है कि पीड़ित महिला तक आयोग के सदस्य पहुंचकर उन्हें न्याय दिलायें। प्रदेश में महिलाएं एवं बच्चियां पूर्णतः सुरक्षित है। आयोग के माध्यम से सरकार ऐसे लोगों पर कार्यवाही कर रही है जो महिला अपराध में संलिप्त है, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जल्द ही जनपद में मुख्यालय व ब्लाक स्तर पर जनसुनवाई प्रारम्भ की जायेगी। महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए आयोग की सदस्य हर महीने जनपद में प्रवास करेंगी तथा उनकी समस्याओं को सुलझाएंगी, जो महिलाएं लखनऊ नहीं पहुंच पाती है उन महिलाओं तक राज्य महिला आयोग पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जो भी समस्या हो, चाहे असुरक्षा की भावना हो, आत्मनिर्भरता हो व स्वरोजगार की हो जो सरकार मुहैया करा रही है, महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाए ताकि वह अपने पैरों पर खड़ी हो सके, इसका प्रयास महिला आयोग के द्वारा किया जाएगा। महिला आयोग का हमेशा प्रयास रहता है कि पीड़ित का किसी प्रकार नुकसान न हों, परिवार को टूटने से बचाने का प्रयास होता है पति हो या परिवार के अन्य सदस्य हो उन्हें समझाने का प्रयास होता है, अगर स्थिति ऐसी है कि महिला को प्रताड़ित किया जा रहा है या जान से करने का प्रयास किया जा रहा है तो आयोग का प्रयास सजा दिलाने का भी होता है। महिला आयोग का प्रयास है कि पीड़ित महिलाओं को न्याय मिले, महिलाओं से संबंधित बहुत सी योजनाएं भी हैं इसके लिए कैंप लगाए जाएंगे तथा महिलाओं को जागृत किया जाएगा, उनके अधिकारों के बारे में उनको बताया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भरता से आगे बढ़ पायेंगी।

## मिड डे मील न बनने की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने की जांच

**पूरा बाजार- अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र पूरा बाजार के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भदौली बुजुर्ग में मिड डे मील न बनने की शिकायत मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी पूरा रियाज अंसारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि विद्यालय में मिड डे मील की व्यवस्था बाधित थी। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका अंजू लता ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा राशन उपलब्ध न कराए जाने के कारण मिड डे मील का संचालन संभव नहीं हो सका था। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को फटकार लगाते हुए कहा, ÷ऐसी समस्या होने पर तत्काल हमें सूचित करना चाहिए था, ताकि समय रहते इसका समाधान किया जा सके। बच्चों के भोजन के अधिकार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।÷ उन्होंने ग्राम प्रधान और अन्य संबंधित अधिकारियों से इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नियमित टीकाकरण, क्षय रोग मुक्त कार्यक्रम की समीक्षा व जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा की गयी तथा प्रस्तुत एजेंडों पर जिलाधिकारी ने विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण अभियान 0 वर्ष से 5 वर्ष तक सभी बच्चो का समय से टीकाकरण किया जाए साथ ही यू-विन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर सेशन क्रिएशन शत प्रतिशत किया जाए एवं बाल विकास पुष्टाहार एवं शिक्षा विभाग से समन्वय कर नियमित टीकाकरण की वैक्सीन दी जाय। समिति ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी पात्र बच्चों का सही से हेड काउंट सर्वे करा कर उनका शत प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित किया जाय। जिलाधिकारी ने क्षय रोग मुक्त अभियान की समीक्षा में कहा कि टी0बी0 टास्क फोर्स तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत टास्क फोर्स का गठन किया जाय। एक्टिव केस फाइंडिंग प्रोग्राम्स के अंतर्गत पाए गए



मरीजों का त्वरित इलाज किया जाय। क्षय रोग नियन्त्रण अभियान के अंतर्गत जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने के अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए और भी सघन प्रयास करने के कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए, जिसमें जनपद के राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं/सर्जरी की समीक्षा में और भी गुणवत्तापरक सेवाओं सहित सर्जरी को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश के साथ साथ लाभार्थियों का भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश के साथ साथ लाभार्थियों का पेमेंट समय से किया जाय। जो ब्लॉक समय से पेमेंट नहीं कर रहे है, उन को नोटिस दिया जाए। टेली कंसल्टेंसी सेवाओं में और भी विस्तार किए जाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान मित्र जहां पर कार्य नहीं कर रहे है वहा पर डाटा ऑपरेटर को प्रशिक्षित कर काम लिया जाय। गोल्डन कार्ड का लक्ष्य पूर्ण न करने वाले संबंधित अधिकारियों एवम सभी ब्लॉक अधीक्षकों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि सभी ब्लॉक अधीक्षक अपने आयुष्मान डाटा ऑपरेटर से लक्ष्य के अनुरूप कार्ड बनवाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सी एच ओ के कार्यो का मूल्यांकन किया गया एवम उनके कार्यों के आधार पर सभी अधीक्षक पेमेंट करे। निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई एवं सभी निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी को जिला अधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि समय से सभी कार्य पूर्ण करा लिए जाय। पी0एम0एस0एम0ए0 के अंतर्गत 2/3 ट्रायमेस्टर की गर्भवती महिलाओं का एक बार अल्ट्रासाउंड अवश्य कर लिया जाय। जिले के सभी अल्ट्रा साउंड सेंटर को पी0एम0एस0एम0ए0 योजना से जोड़ा जाय जिससे सभी गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड सुगमता से हो जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीपीओ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, संबंधित विभागों के जनपदीय अधिकारी, नोडल अधिकारी, सी0एच0सी0 के चिकित्सा अधीक्षक, बी0पी0म0, बी0सी0पी0म0, बी0एम0 आदि एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि एवम अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान- 6 नमूने जांच हेतु भेजे गए, 17 में से 3 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** नवरात्रि पर्व के दौरान आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आज जनपद में विभिन्न स्थानों से खाद्य पदार्थों के 6 नमूने लिए गए और जांच के लिए प्रयोगशाला को प्रेषित किए गए।

सचल खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मुमताज़ नगर इंडस्ट्रियल एरिया में 20 खाद्य नमूनों की जांच की गई, जिसमें से 17 नमूने मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि तीन नमूनों में मिलावट की पुष्टि हुई। मिल्ककेक में स्टार्च, बेसन लड्डू और बूंदी लड्डू में रंग का प्रयोग पाया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा



मानकों का उल्लंघन है।अभियान के दौरान 14 खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। प्रवर्तन दल ने गोसाईगंज स्थित माँ वैष्णो किराना स्टोर से मूंगफली दाना, माँ विंध्यवासिनी ट्रेडर्स से पेठा और रामदाना चिक्की, सिद्धार्थ ट्रेडर्स से फलाहारी नमकीन, पारा खान स्थित गुप्ता जनरल स्टोर से पेठा और वैष्णो स्वीट हाउस से मिल्ककेक के नमूने एकत्र किए।साथ ही, विभाग ने 7 दर्जन सड़े-गले केले, 16 किग्रा सड़े सेब, 21 किग्रा रंगीन कचरी और 5 किग्रा रंगीन बूंदी लड्डू को नष्ट किया, जिनकी कुल कीमत □3,780/- थी।जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इस विशेष अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। प्रवर्तन दल में अजय सोनी, संतोष साहू, नरेंद्र कुमार, श्रीमती सुमित चौधरी, दिनेश सिंह, और नंद किशोर यादव उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज गंजा में पकड़ा गया 10 फीट लंबा अजगर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा परिसर में लगभग 10 फीट लंबा एक अजगर पकड़ा गया। अजगर ने छोटे जानवर को निगल रखा था। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ा। बताया गया है कि परिसर स्थित गर्ल्स हॉस्टल के पास कूड़े के ढेर की सफाई कराई जा रही थी। अजगर दिखने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन दारोगा पन्ना लाल ने बताया कि अजगर लगभग 10 फीट लंबा था। उसने किसी छोटे जानवर को निगल लिया था। आशंका है कि उसने सियार को निगल लिया था। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ा, ले जाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा।

## आने वाला समय समाजवादी पार्टी का- विनीत कुशवाहा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोशाईगंज -अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा बीते दिनों से चलाए जा रहे संविधान बचाओ-पीडीए सामाजिक न्याय यात्रा का जिस तरह समर्थन मिल रहा है वह यह साबित करता है कि आने वाले विधान सभा चुनाव मे सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। क्योंकि प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा, बुजुर्ग, किसान लामबंद हो गया है।उक्त बातें समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने गोसाईगंज बाजार से साइकिल यात्रा निकालने के पूर्व अयोध्या जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव तथा सपा नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम सागर वर्मा की मौजूदगी में पत्रकारों से कहीं।साइकिल यात्रा में जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव,छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शुभम वर्मा,शिवकुमार वर्मा,मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शोएब खान,श्याम जी सैनी,शमशेर वर्मा,डॉक्टर एम0पी0यादव, गोशाइगंज विस0 अध्यक्ष सियाराम निषाद,रामवीर सिंह,अमित वर्मा,राजेंद्र वर्मा, राज मोहन पटेल, सुरेंद्र वर्मा,लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रिंकू,राजेश पटेल, रोली यादव,इंजीनियर अभिषेक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डाक टिकट के पीछे एक कहानी छिपी है, डाक टिकट अमूल्य दस्तावेज-हरे कृष्ण यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत फिलेटली दिवस के अवसर पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने अयोध्या प्रधान डाकघर का शैक्षिक भृमण किया ।साथ ही सोशल मीडिया के क्रान्ति युग में आज की युवा पीढ़ी ने अपने प्रियजनों को पत्र भी लिखकर लेटर बॉक्स में पोस्ट किया । इस दौरान मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव ने कहा सोशल मीडिया के क्रान्ति युग में पत्र लेखन के प्रति रुचि कम होती जा रही है एवं केवल प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्र पत्र लेखन का अभ्यास करते है जबकि पूर्व में एक-एक शब्द पर गहनता से विचार करके हृदय के उद्गारों को पत्र पर लिखा करते थे जो पाठक के हृदय को भाव विभोर कर दिया करता था। पत्र लेखन के लिए शब्दो का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है जबकि आज कल बहुत ही संक्षेप में लोग अपनी बात करते व लिखते हैं 7 श्री यादव ने कहा कि हर डाक टिकट के पीछे एक कहानी छिपी है और इससे युवा पीढ़ी को रूबरू कराने की जरूरत है। वक़्त के साथ छोटा सा कागज का टुकड़ा दिखने वाले ये डाक टिकट ऐसे अमूल्य दस्तावेज बन जाते हैं, जिनकी कीमत लाखों -करोड़ों में हो जाती है। श्री यादव ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फिलेटली को ÷किंग आफ हाबी व हाबी आफ किंग÷ के रूप में जाना जाता है, जिसमें रूचि रखने पर अनंत विषयों पर डाक टिकटों का संग्रह कर सकते हैं । साथ ही श्री यादव ने यह भी कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के बदलते दौर में आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया को अधिक तरजीह दे रही है ऐसे में उनकी पुरानी परम्परागत संचार शैली को बरकरार रखने के लिए बच्चों को फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) से भी जुड़ना चाहिए इससे उनका सामान्य ज्ञान भी विकसित होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सिविल की तैयारी करने वाले छात्रों को फिलेटली से जरूर जुड़ना चाहिए जिससे उन्हें सामान्य ज्ञान की परीक्षा में सार्थक साबित होगा ।इस दौरान मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने भ्रमण करने आये छात्रों को सबसे पहले प्रधान डाकघर के लेटर बाक्स व पोस्टमैन के बारे में जानकारी दिया और कार्यशाला भी आयोजित कराते हुए नौनिहालों से पोस्कार्ड पर अपने माता पिता को पत्र लिखवाकर पोस्ट करवाया 7 सत्येन्द्र सिंह ने छात्रों को डाकघर के पोस्टमैन, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, बचत करने की आदतों के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के बारे में बताया साथ ही डाकघर में उपलब्ध फिलेटली के आकर्षक डाक टिकटों से भी रूबरू करवाया । इसके बाद सभी छात्रों की मुलाकात मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव से कराया । इस अवसर पर श्री यादव ने छात्रों से मुलाकात करते हुए बच्चों को यह भी बताया कि अयोध्या प्रधान डाकघर में माई स्टैम्प की सुविधा उपलब्ध है इस सुविधा में अपने पल को और बेहतरीन एवं यादगार बनाने के लिए माई स्टैम्प बनवाये, जिसमे कोई भी व्यक्ति अपने फोटो का डाक टिकट जारी करवा सकता है । इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंह, प्रकाश चौधरी, शिक्षिका लक्ष्मी श्रीवास्तव, प्रिया सिंह, स्वाति सिंह, राधा चौरसिया रत्नेश मिश्रा मौजूद रहे ।

# फतूहां गाँव में वायरल फीवर का प्रकोप, भारी संख्या में लोग बीमार, जिम्मेदार बने उदासीन

## चारों तरफ गंदगी से मच्छरों का प्रकोप, जीना हुआ दुश्वार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** सैदाबाद ब्लॉक के फतूहां गाँव में वायरल फीवर का प्रकोप से भारी संख्या में लोग बीमार पड़े है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी की वजह से बीमारी फैली है। वही जिम्मेदार लोग उदासीन बने हुए है। बताते चले कि विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र के फतूहां गांव की आबादी लगभग 15000 लोगों की है।इस गाँव में लगभग 7000 मतदाता है। इस गांव में मुस्लिम की आबादी सबसे ज्यादा है। उसके बाद दलितों की आबादी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस गांव में गंदगी की वजह से वायरल फीवर बीमारी फैली हुई है। हर घर से लगभग एक दो लोग बीमार पड़े हैं। बीमारी से बच्चों की सामत आ गई है। ग्रामीणो का यह भी आरोप है कि गांव का सफाई कर्मी कभी गांव में दिखाई नहीं देता। गांव में बना एएनएम सेंटर बदहाल और बीमार पड़ा है। उसमें बरसात का पानी जमा है।गांव में जिम्मेदार लोग कभी दिखाई नहीं देते। जिससे गांव में न तो ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है और न तो साफ सफाई की व्यवस्था है। चारो तरफ गंदगी से नालियाँ बजबजा रही है वही चारों तरफ कूड़े का अंबार लगा है।जिससे लोग गंदगी से तरह-तरह की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। गंदगी से मच्छरों का प्रकोप भयंकर बना हुआ है।



गांव के हर घर से लोग वायरल फीवर के चपेट में है। गंदगी से बीमारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। गांव में तत्काल ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव के साथ कैम्प लगाकर गरीबों को दवा वितरित किया जाना जरुरी है।
**नईम अंसारी,**
**पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सैदाबाद, प्रयागराज।**

जिम्मेदार लोगों की लापरवाही से गांव में चारों तरफ गंदगी है। जिससे लोग बीमारी की चपेट में है। सफाईकर्मी और एएनएम सब गांव में दिखाई नहीं देते। जिससे गांव में बीमारी पांव पसार रही है।
**पप्पू कालिया**
**निवासी फतूहां, सैदाबाद, प्रयागराज**

गांव में गंदगी की दुर्गंध से रास्ता चलना दूभर है। सफाई कर्मचारियों को नियमित गांव की सफाई करना चाहिए।
**असगर अली**
**निवासी फतूहां, सैदाबाद**

# अतीक हत्याकांड मामले में गवाह एसएचओ राजेश मौर्य के खिलाफ वारंट

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद अतीक अहमद तथा पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ हत्याकांड मामले में आज गवाही के दौरान पी डब्लू 1, गवाह तत्कालीन एसएचओ धूमनगंज राजेश कुमार मौर्य हाज़िर नहीं हुए। जिसके चलते एडीजे फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट बी के मिश्र ने गवाह एसएचओ के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर सुनवाई के लिए 22 अक्टूबर की तारीख़ मुकर्रर कर दी। डीजीसी गुलाब चंद्र अग्रहरी ने बताया कि उक्त हत्याकांड मामले में धूमनगंज के तत्कालीन एसएचओ की गवाही चल रही है। आज जिरह होनी थी लेकिन उक्त एसएचओ के हाजिर न होने पर जिरह नहीं हो सकी। जिसपर अदालत ने उनके खिलाफ बीडब्लू वारंट जारी कर सुनवाई के लिए अगली तारीख नियत कर दी।
मामले के आरोपी लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य व सनी सिंह चित्रकूट जेल में बंद है। ज़रिए वीडियो कांफ्रेंसिंग आरोपियों की पेशी हुई।

# मंडलायुक्त ने की सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दुष्टिगत प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के विभिन्न कार्यों की प्रगति समीक्षा आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदारों की उपस्थिति में विकास प्राधिकरण कार्यालय स्थित सभागार में की। जिन सड़कों का कार्य पर्ट चार्ट से पीछे चल रहा है उनके वीकली माइक्रो प्लान पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदारों से किस सड़क पर कितनी शिफ्ट में कितने लेबरों द्वारा काम कराया जा रहा है उसकी जानकारी ली।
कई सड़कों पर लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में लेबरों का डिप्लॉयमेंट न होने, ठेकेदारों को प्रतिदिन के टारगेट की अधूरी जानकारी होने तथा उसको पूरा करने में बरती जा रही लापरवाही पर उन्होंने खासी नाराजगी व्यक्त की एवं सभी संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदारों को प्रत्येक दिन के टारगेट को हर हालत में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही ठेकेदारों को रिवाइज्ड वीकली माइक्रो प्लान पुनः उपलब्ध कराते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने कार्यों को पूर्ण कराने में यदि किसी तरह की समस्या आती है तो उन्हें तुरंत अवगत कराने के भी निर्देश दिए ताकि उसका निराकरण तुरंत कराया जा सके।
मण्डलायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी त्योहारों की वजह से लेबर संख्या एवं नाइट शिफ्ट के कार्यों में कोई असर नहीं पड़ना चाहिए अन्यथा संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
हाल ही में उनके द्वारा विभिन्न सड़कों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के बारे में भी उन्होंने ठेकेदारों एवं अभियंताओं को अवगत कराया तथा सभी कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ठेकेदारों द्वारा अवगत कराने पर की कुछ सड़कों पर अन्य विभागीय कार्यों में विलंब होने के कारण चौड़ीकरण के कार्यों में भी समस्याएं आ रही हैं, उन्होंने सचिव विकास प्राधिकरण को सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

# राम के वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

## सिकंदरा में राम वन गमन की लीला देखकर भावुक हुए दर्शक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** सिकंदरा कस्बे में चल रही रामलीला के पंचम दिवस को राम वन गमन की लीला का सुंदर मंचन किया गया जिसको देखकर दर्शक भावुक हो गए। चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ जी ने दर्पण में देखा की अब मेरा चौथा पन अगया है। तो उन्होंने कुलगुरु वसिष्ठ जी की आज्ञा एवं अपने मंत्रियों से सलाह लेकर पूरे नगर में ढिढोरा पिटवा दिया की कल राम जी का राज्याभिषेक होगा। यह जानकारी जब मंथरा को मिली तो उसने तुरंत महल में जाकर महारानी कैकेई को अपने दो वर मांगने के लिए कहा। मथुरा की बातों में आकर महारानी कैकेई कोप में चली गई। यह सूचना मिलने पर राजा दशरथ को बड़ा आश्चर्य हुआ। वह कोपभवान गए और महारानी कैकेई ने अपने दो वर मांगे। पहले में भारत का राजतिलक और दूसरे वर में राम को चौदह वर्षो का वनवास। दसरथ जी ने वरदान दिया और अचेत होकर वही गिर पड़े। मंत्री सुमंत ने बताया कि राम लक्ष्मण और सीता के साथ बना चले गए और वापस नहीं लौटे। महाराज दशरथ राम के विरहा में अपना प्राण त्याग दिया। पत्रों के कुशल मंचन को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए और सभी के नेत्र नम हो गए। मुख्य निर्देशक रामबचन सिंह( बेचन ),सहायक निर्देशक कैलाश विश्वकर्मा, अनिल सिंह, अंकुर मिश्र अध्यक्ष रोहित पाण्डेय उर्फ पुनीत, प्रबंधक सूबेदार मेजर सुधीर मिश्र, जानी दूबे सरक्षक भूपेंद्र मिश्र, महेश मौर्या, कोषाध्यक्ष सुखागर मिश्रा आदि रहे।

# अल्लापुर दशहरा में झांकियां देख लोग हुए मंत्रमुग्ध

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में सालों से दशहरे के अवसर पर झांकियां निकलतीं हैं जहाँ लोग रात भर मेले का आनंद लेते हैं और झाकियां भी देखते हैं। इस साल भी यहाँ ऐसा ही मिला। अलोपी बाग़ से निकल कर बाघम्बरी गद्दी होते हुए लेबर चौराहे तक रोशनी लाइट से सजाया गया था। मेला धूम से मनाया गया । ये मेला पूरी रात चलता रहा। जिसमें तरह तरह की मिठाई से लेकर घर की ज़रूरत का सामान भी मिल जाता है। वहीँ यहाँ सबसे ज़्यादा पसंद की जाती है आम से बनी अमावट। इसके अलावा यहां आपको हर तरह की स्वदेशी मिठाई भी मिल जाएगी। मेले में आपको बड़ी संख्या में लोग मिल जायेंगें। यहाँ का मुख्य आकर्षण विशेष तरह का भोपू भी है।
इस मेले को देखने हर उम्र के लोग पहुंचते हैं। राधा कृष्ण और कई रंगारंग कार्यक्रम भी लोगों को काफी ज़्यादा आकर्षित किये हैं। साथ ही साथ यहाँ पर आपको थोड़ी थोड़ी दूर पर डीजे पर संगीत बजते लोग जमकर थिरकने पर मजबूर हुए।
जय हनुमान रौशनी कमेटी एवं जय माँ शारदा चौकी कमेटी अध्यक्ष करन सोनकर ने बताया कि आने वाले समय में हम इससे और बेहतर करने का प्रयास करेंगे।इस दौरान महामंत्री गोलू सोनकर , उपाध्यक्ष विपिन सोनकर, कोषाध्यक्ष आशीष, मंत्री राहुल, संयोजक शिबू, हेप्पी, वंश, अमन आयुष, अनुज आदि लोग कमेटी का संचालन कर रहे थे।



# पहले ससुर हुआ मेहरबान, फिर डीपी एक्ट का लिखाया मुकदमा भेजा गया जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गाँव में फांसी के फंदे से लटककर विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें वांक्षित विवाहिता के पति को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। आपको बताते चलें कि सदरेपुर गांव निवासी रामकरन पासी अपनी पुत्री एकता की शादी लगभग 11 माह पहले मंडौर गांव निवासी अजय पसी के साथ की थी। बताया जाता है कि दोनों का लव मैरिज था। लेकिन साल भर ही नहीं बीता था कि दोनों में दरार पड़ गई। 11 सितंबर की रात अजय और एकता एक ही कमरे में सोए थे। पति अजय सोता रहा है और एकता ने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी थी। सूचना पुलिस को हुई तो उतरांव पुलिस से मौके पर पहुंचकर पति समेत ससुराली जनों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन रामकरन ने बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराने से साफ इन्कार कर दिया। फिर भी पुलिस ने विवाहिता का पोस्टमार्टम करा करके गिरफ्तार ससुरारी जनों को छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद रामकरन पासी अपने बयान से मुकर गया। थाने पर पहुंचकर बेटी के ससुराली जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करना चाहा। वही अफसरों के आदेश पर उतरांव पुलिस ने एकता के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसके पति अजय को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# फ्यूजियन फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी द्वारा संविलियन विद्यालय में बच्चों को बांटा गया बैग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** विकास खण्ड बहरिया के नरी गांव में स्थित संविलियन विद्यालय में फ्यूजियन फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी के डिविजनल मैनेजर अमित दूबे द्वारा विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे करीब सौ बच्चों को बैग व लेखन सामग्री वितरित किया । साथ ही बच्चों के लिये नास्ते में फल, फरूटी, व समोसे भी वितरित किया । विद्यालय में पढ़ रहे छात्र/छात्राओं के बैग व लेखन सामग्री पाकर खुशी से चेहरे खिल उठे । वही ब्रांच मैनेजर रमाशंकर यादव ने नरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप कुमार मिश्र को गुलदस्ता भेंट किया तथा व्यवस्थापक प्रदीप द्विवेदी ने प्रधानाध्यापक शिवाकान्त द्विवेदी को गुलदस्ता भेट किया । जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने फ्यूजियन फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया ।

# क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन काशी प्रांत का रहा दबदबा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 35वें क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में आज द्वितीय दिवस के अवसर पर कुल 70 प्रतियोगिताए संपन्न हुई, ये सभी प्रतियोगिताएं दो पालियों में संपन्न हुई। इस खेलकूद प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश के चारों प्रान्तों काशी प्रान्त, गोरक्ष प्रान्त, कानपुर प्रान्त एवं अवध प्रान्त में काशी प्रान्त ने 30 गोल्ड, 16 सिल्वर तथा 08 कांस्य के साथ 54 पदक प्राप्त करते हुए कुल 206 अंकों के साथ अपना दबदबा कायम रखा।
भैया बहनों के चारों वर्गो शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण की 37 प्रतियोगिताएं प्रथम पाली में संपन्न हुई। तत्पश्चात भोजनोपरान्त पुनः प्रतियोगिताएं प्रारंभ होकर सायं 5:00 बजे तक विभिन्न प्रकार की शेष 33 प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।



इन प्रतियोगिताओं के चारों वर्गो में शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया एवं बहिनों को विद्या भारती के अधिकारी गण क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद, क्षेत्रीय सह-संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश कुमार सिंह, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विजय उपाध्याय, विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिव्यकांत शुक्ल, चिंतामणि सिंह , सम्भाग निरीक्षक गोपाल तिवारी एवं महानगर के विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार , युगल किशोर मिश्र , बांके बिहारी पाण्डेय, अजय कुमार मिश्र , इन्द्रजीत त्रिपाठी, मीना श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, संतोष मिश्रा, मीरा पाठक, सुरेश सिंह तथा महानगर के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता गणों के द्वारा सम्मानित किया गया।

# विपक्ष के नैरैटिव को जनता ने नकारा- डिप्टी सीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि हरियाणा में विपक्ष के झूठ के नैरेटिव को जनता ने नकारते हुए भाजपा पर भरोसा किया। इसके लिए हरियाणा की जनता का आभार। पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया तेरहवीं संस्कार में प्रयागराज पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रिजेश पाठक ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही।
डिप्टी सीएम ने कहा कि जनता ने कांग्रेस की नाटकबाजी को नकार दिया और पीएम मोदी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया। चुनाव हारने के बाद तरह तरह के आरोप लगाना विपक्ष की फितरत है। यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा सभी सीटों पर विजयी होगी। महाकुंभ 2025 को लेकर मीडिया द्वारा किए गए सवाल का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर से लोग महाकुंभ में आयेंगे। श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महाकुंभ क्षेत्र के हर सेक्टर में एक एक अस्पताल बनाया जायेगा जिसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाना जाएगा। 125 साधारण एंबुलेंस के अतिरिक्त बड़ी संख्या में आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस एंबुलेंस भी चलाई जाएगी। अरैल एवं झूंसी में 25–25 बेड का अस्थाई अस्पताल खोला जाएगा। इससे पहले बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे डिप्टी सीएम ने एयरपोर्ट परिसर में पौध रोपड़ भी किया। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, नीरज पांडेय, राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, आस्तिक शुक्ला आदि कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का स्वागत किया।



# 'लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक'

**प्रयागराज।** श्री कटरा राम लीला कमेटी प्रयागराज के तत्वावधान में राम वाटिका कर्नलगंज प्रांगण में चल रहे रामलीला मंचन के सातवें दिन मंगलवार को भरत कैकेयी संवाद, भरत का चित्रकूट प्रस्थान करना, राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न मिलन, सेता के छाया का अग्निदेव को सौपना, सूर्पनखा का प्रवेश, लक्ष्म्ण का सूर्पनखा की नाक काटना, खर-दूषण वध आदि प्रसंगों का मंचन प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर सभी दर्शक भावुक हो उठे।
रामलीला मंचन के पूर्व मुख्य अतिथि डॉश एलश एसश ओझा, डॉश बीश बीश अग्रवाल, डॉश रंजन बाजपेई एवं सुधीर कुमार गुप्ता, महामंत्री उमेश चन्द्र केशरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केशरवानी, उपाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, विनोद केशरवानी, मयंक अग्रवाल ने रामचरित मानस ग्रन्थ की आरती कर मंचन का शुभारंभ किया जिसमे कमेटी के मंत्री शिव बाबू गुप्ता, विपुल मित्तल, महेश चन्द्र गुप्ता कार्यकारणी सदस्य दिलीप चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी डॉश पवन प्रजापति आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।
कमेटी के मंत्री शिव बाबू गुप्ता ने बताया कि राहुल सागर एवं चंकी बच्चन के सह-निर्देशन में हो रहे रामलीला मंचन के आगे के प्रसंग में सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग रावण की बहन सूर्पनखा का प्रवेश और लक्ष्मण द्वारा सूपर्णखा की नाक काटना रहा- शनिवार को लीला की शुरुआत रावण की बहन सूर्पनखा के पंचवटी पहुंचने से हुई। वन में राम और लक्ष्मण को देखकर वह उन पर मोहित हो गई। उसने सुंदर स्त्री का रूप धारण कर राम से विवाह का प्रस्ताव रख दिया। उन्होंने अपने को विवाहित बताते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया। श्रीराम सूर्पनखा को लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। लक्ष्मण ने भी सूर्पनखा के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। वह भी उसे पुन- राम के पास भेज देते हैं। बार-बार दोनों भाइयों के बीच दौड़ाए जाने पर वह क्रोधित हो गई और असली रूप में आ गई। उसका राक्षस रूप देखकर सीता डर गई। जिसके बाद राम के इशारे पर लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। वह रोती हुई अपने भाई खर दूषण के पास गई। खर दूषण अपनी सेना के साथ राम से युद्ध करने पहुंच जाते हैं। अंत में वह श्रीराम के हाथों मारे जाते हैं।



# हाथों में कमल और तलवार लेकर माता कात्यायनी के स्वरूप में मां कल्याणी ने दिए दर्शन

**प्रयागराज।** महाशक्ति पीठ मां कल्याणी देवी के धाम में नवरात्रि महोत्सव मेला के अवसर पर मां कल्याणी ने नवरात्रि के षष्ठम दिवस पर चतुर्भुज रूप धारण कर माता कात्यायनी स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए।
इस अवसर पर प्रातः कालीन माता कल्याणी का कात्यायनी माता के स्वरूप में मंगला आरती एवं अभिषेक किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मां का दर्शन पूजन अर्चन कर शतचंडी महायज्ञ का परिक्रमा करते हुए अपने बच्चों को मुंडन संस्कार कराया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुशील पाठक ने बताया कि जगत जननी मां कात्यायनी की पूजा करने से व्यक्ति को काम, मोक्ष, धर्म और अर्थ इन चारों फलों की फल प्राप्ति होती है।
मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि शाम 6:00 बजे रात्रि कालीन मां कात्यायनी का श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर का कपाट खोला गया गया मां चतुर्भुजी स्वरूप में सिंहं पर सवार होकर अपने हाथों में कमल और तलवार लेकर रही मां का श्रृंगार रत्नजडित आभूषणों से एवं बेला कमल पुष्पो के द्वारा किया गया। हवन किया शाम 7:00 बजे मां का सांध्य एवं रात्रि 12:00 बजे शयन आरती की गई।
मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 7 अक्टूबर को नवरात्रि के सप्तम दिवस पर महागौरी के रूप के दर्शन देंगी।



# बढ़ते तापमान एवं अवर्षण से बढ़े संक्रामक रोगी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** क्षेत्र के गांव में अवर्षण एवं तेज धूप 32 से 35 डिग्री तापमान में संक्रामक रोगों की भरमार से अस्पताल में रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। अस्पतालों में भीड़ बढ़ गई है। फूलपुर का उत्तरी क्षेत्र बादशाहपुर रोड के आसपास की सैकड़ो गांव तथा मुबारकपुर रोड के अगल-बगल के बहुत से गांवों में वायरल फीवर से लोग पीड़ित हैं। सीएचसी फूलपुर में तो कतारो में खड़े रोगी धक्का मुक्की करते हैं। तो वृद्ध और पीड़ित मरीज जमीन पर ही बैठ जाते हैं। मरीज के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। स्वास्थ्य विभाग को गैलरी में बेंच आदि की व्यवस्था अशक्त मरीज हेतु करनी चाहिए।



# पैसे के लेनदेन में हुई मारपीट, कई घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**उतराव ।** उतराव थाना क्षेत्र के सरायइस्माइल गांव में मंगलवार कों पैसे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। वहीं एक पक्ष को गंभीर चोटे आई है तथा दूसरे पक्ष को भी चोटे आई हैं। दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने एक पक्ष से केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। सराय इस्माइल निवासी विवेक यादव व अखिलेश में पैसे को लेकर विवाद था। जिसको लेकर मंगलवार को दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए। वहीं दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष से विवेक यादव व उसकी बहन मां को चोटे आई हैं। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी तो पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर शांति भंग में चालान किया। वहीं दूसरे पक्ष से दूलराज, धनराज व अखिलेश को भी चोटे आई हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पैसे के लेनदेन को लेकर युवक को पीटा, एनसीआर दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** थाना क्षेत्र के सरायहरि किशुन निवासी प्रेम शंकर यादव व सिकंदरा गांव निवासी मोहम्मद अयान उर्फ बादल के बीच रुपये को लेकर विवाद था। प्रेम शंकर यादव वीरगंज स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर नौकरी करता हैं संयोग से सिकंदरा निवासी मोहम्मद अयान उर्फ बादल मंगलवार को पेट्रोल भराने आ गया। दोनों में पैसे के लेनदेन को लेकर कहा सुनी होने लगी।
आरोप है कि मोहम्मद अयान उर्फ बादल ने गंदी गंदी गाली देते हुए प्रेम शंकर को जमकर पीट दिया जिससे प्रेमशंकर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी तहरीर प्रेम शंकर यादव ने बहरिया थाने में दी । पुलिस एनसीआर दर्ज करते हुये घायल को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया और आरोपी मोहम्मद आयन का शांति भंग मे चालान कर दिया ।

## सोंधिया नदी पुल के निकट उगे हुए सरपत से हो सकता है हादसा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के सोंधिया नदी पुल के निकट उगे हुए सड़क किनारे सरपत देते हैं दुर्घटना को दावत। बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील के सोंधिया गाँव के पहले नदी एवं नहर पुल के पहले सड़क के किनारे दोनों छोर पर उगे हुए सरपतो से जहाँ एक ओर आवागमन बधित होता रहता है तो दूसरी ओर मार्ग सुचारू रूप से न दिखने के कारण दुरघटना की भी संभावना भी बनी रहती है जिससे कभी भी दो पहिया वाहनों या अन्य वाहनों मे भीषण टक्कर को दुखद घटना को नहीं कहा जा सकता है यदि समय रहते इस ओर संबंधित विभाग धेयान देना मुनासिब नही समझता है तो आगे भविष्य में दुखद घटना को नहीं कहा जा सकता है एवं संबंधित विभाग के कानो में समय रहते हुए भी जू तक नहीं रेग रही हैं।

## चलो गाँव की ओर के तहत बरई सुलेम बारा में चुनावी बैठक हुई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** जन अधिकार पार्टी के के बैनर तले चलो गांव की ओर के तहत चुनावी बैठक का आयोजन पिंटू कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष के अध्यक्षता में ग्राम सभा सुलेमपुर बहरा में चुनावी बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप कुशवाहा व विधि प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव ओम प्रकाश वर्मा रहे। अजीत प्रताप कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने महापुरुषों के जीवन में किए गए शोषित वंचित के अधिकारों पर कार्यो का उल्लेख कर लोगो तक विचारधारा को पहुंचाने के साथ पार्टी की नीतियों पर चलने के लिए उनके संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस समय जन अधिकार पार्टी एक ऐसी एकलौती पार्टी है जो सभी महापुरषों की विचार धारा की बात करती है और उनकी विचारधारा पर चलने का काम करती है कार्यकर्ता साथी गांव गांव जाकर जन अधिकार पार्टी की विचारधारा से लोगो की जोड़ने का काम करे। ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में रोजाना दलितों पर हमले हो रहें हैं। पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं पर अत्याचार रुक नहीं रहें हैं। पीडीए की एकता और मजबूती से गत लोकसभा चुनाव में आये रिजल्ट से भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव, उपचुनाव को हर हाल में जीतने के लिये घर घर जन जन संपर्क अभियान तेज करने की सलाह भी दी। कहा कि कार्यकर्त्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। पार्टी की नीतियों को जनता के बीच बताने के साथ ही भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यो से जागरूक भी करना होगा। चुनावी बैठक का संचालन जिला महासचिव देवा सरोज ने किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप कुशवाहा,प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश वर्मा, विजय प्रताप मौर्य जिला प्रभारी,पिंटू कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष,कौशल,भोलानाथ कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, भारत सरोज,राम सिंह सरोज, बहरी सरोज, राजेश्वर, गुड्डु सरोज, राम सरोज, सुरेश सरोज, रणजीत सरोज, श्रीनाथ सरोज, उमाकांत कुशवाहा, शैलेंद्र कुशवाहा, हरिश्चंद्र सरोज, सूचित सरोज, मानिकचंद सरोवर, मानसिंह सरोज, अशर्फी सरोज, ननका सरोज, हीरालाल सरोज के साथ बहुत से लोग मौजूद थे।

## मिट्टी का अवैध खनन कर रहे जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली को नायब तहसीलदार ने किया जब्त



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** नायब तहसीलदार सिराथू दक्षिणी अतुल कुमार ने मंगलवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के पतौना पुल के पास मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी सहित तीन ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जब्त किया है। इनमें एक जेसीबी मशीन और तीन ट्रेक्टर-ट्राली शामिल है। जिन्हें नायब तहसीलदार ने पकड़कर पुलिस की सुपुर्दगी में भेज दिया गया है।नायब तहसीलदार सिराथू अतुल कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र के पतौना पुल के पास एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन की सूचना मिली जिसके बाद राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे जेसीबी चालक से खनन की अनुमति के बारे में पूछा, तो खनन करने वाले लोग मिट्टी के खनन को लेकर अनुमति से संबंधित कोई भी पत्र नहीं दिखा सके। जिसके बाद नायब तहसीलदार ने अवैध तरीके से खनन कर रही एक जेसीबी मशीन और तीन ट्रेक्टर ट्राली को पुलिस के सुपुर्द कर दिए। इस दौरान प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रदीप सिंह , लेखपाल दुर्गेश , चौकी प्रभारी अंगद सिंह मयफोर्स मौजूद रहे ।

## अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान प्रसाद मनोनीत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मनौरी, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज की एक बैठक शिव महिमा कम्पलैक्स सिविल लाइन में संपन्न हुई जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के लिए गहन विचार विमर्श के बाद सर्वमत से हनुमान प्रसाद केसरवानी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष विन्देश्वरी प्रसाद गुप्त एडवोकेट ने हनुमान प्रसाद को निर्देश दिया है कि त्वरित गति से पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का काम करें राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष चंद्र केसरवानी ने कहा कि हमारे नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष बहुत ही जुझारू और ऊर्जावान है हमें पूरी उम्मीद है कि जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में संगठन होगा और मेरे साथ रहेगा इस मौके पर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हनुमान प्रसाद केसरवानी ने कहा कि वह समाज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर हैं उन्होंने केशरवानी समाज के लोगों से आवाहन किया है कि उन्हें जब भी सहयोग की जरूरत हो हमेशा उनके कंधे से कंधा मिलाकर वह खड़े मिलेंगे उन्होंने कहा कि संगठन से ही समाज मजबूत होता है और केशरवानी समाज के संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूती से संगठित करते हुए शिक्षा और राजनीतिक क्षेत्र में समाज को मजबूती देने का काम किया जाएगा इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर लाल केसरवानी मधुकर विजय केसरवानी कटरा विजय केसरवानी एडवोकेट विजय केसरवानी सोरांव इंजीनियर अभय केसरवानी राष्ट्रीय मंत्री पुष्पराज केसरवानी बबलू केसरवानी अजय केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन हेतु- टीम गठित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने अवगत कराया है कि जनपद के आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी एवं मंझनपुर की ग्राम पंचायतों नियमित रूप से भ्रमण न किये जाने के कारण शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं समय अन्तर्गत पूर्ण नहीं हो पा रहे है।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय निम्नलिखित अधिकारियों को सत्यापन अधिकारी नामित करते हुए आवंटित ग्राम में चेक लिस्ट के अनुसार ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं के क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण साथ ही सत्यापन के समय उत्पन्न जन शिकायतों की जॉच एवं समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु साप्ताहिक भ्रमण करते हुए संलग्न प्रारूप पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा। अतः निम्नलिखित अधिकारियों को आकांक्षी विकास खण्ड एवं मंझनपुर की ग्राम पंचायतों में संचालित समस्त योजनो के सत्यापन हेतु सत्यापन अधिकारी नामित किया गया। इस सम्बन्ध में नामित 36 जनपद स्तर अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यह एक अभियान की तरह चलेगा जबतक हमारे आकांक्षी ब्लाकों के हर ग्राम पंचायत निर्धारित मानकों पर पूर्ण संतृप्त न हो जाय। किसी भी स्तर पर लापारवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, वनाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में किया जाएगा 8 अक्टूबर को एथलेटिक्स प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित होगी व वेटलेफ्टिंग बालक वर्ग में आयोजित होगी हाकी प्रतियोगिता दिनांक 9 अक्टूबर को बालक वर्ग में होगी इच्छुक खिलाड़ी व टीमें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जिला खेल कार्यालय कौशांबी में संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी। उक्त आशय की जानकारी रवि कुमार शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी ने दी है।



## अच्छी नींद सोने के लिए लगभग दो लाख जमा हुआ विद्युत बिल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर विद्युत उपकेंद्र बैसकांटी में विभागीय कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और करीब दो लाख रुपये तक विद्युत बिल जमा किया कुछ उपभोक्ताओं का बिजली का बिल कारण वश गलत का संशोधन किया गया जिन उपभोक्ताओं का लगभग बीस हजार रूपए कूद ऊपर का बकाया था किस्त बनकर जमा कराया गया जो बिजली का बकाया नहीं जमा कर रहे वे लोगों को कड़ी से कड़ी करवाई करने वी कनेक्शन काटने की चेतावनी जारी किया गया है और अपना बिजली बिल सही समय पर जमा करें जिससे बिजली कर्मचारी नहीं जाएंगे दरवाजे नाक कटेगा कनेक्शन एस डी ओ आदर्श केसरवानी बाबू रमेश सिंह जेई आकाश सिंह, करन सिंह, नथन सिंह, प्रीतम सिंह, अस्मित सिंह, बीरेंद्र, सुगन, बब्लू आदि मौजूद रहें।

## विद्यालय में शिक्षण के दौरान गणित किट का अनिवार्य रूप में करें प्रयोग- डायट प्राचार्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में गणित की तीन दिवसीय नवाचारी शिक्षण विधियां एवं किट के प्रयोग पर शिक्षकों का प्रशिक्षण डायट प्राचार्य निधि शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सौ सौ शिक्षकों के समूह में चार चरणों में कराते हुए जनपद के समस्त विकास खंडों से कुल 400 शिक्षकों को प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराया गया। डायट प्राचार्य ने प्रशिक्षण के उपरांत सभी शिक्षकों से फीड बैक लेते हुए कहा की आप सभी अपने अपने विद्यालय में गणित किया का शिक्षण के दौरान के समय अनिवार्य से प्रयोग करना सुनिश्चित करें। गणित किट एवं एक्टिविटी बेस्ड शिक्षण करने से बच्चों को मूर्त वस्तुओं के माध्यम से अधिकाधिक अधिगम हो सकता है।

प्रशिक्षण को नोडल प्रवक्ता डा. देवेंद्र कुमार मिश्र सहित समस्त संदर्भदाताओ ने कुशलता पूर्व प्रदान किया । अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

## एक नवम्बर से धान की खरीद होगी प्रारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी जानकारी दी है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दिनांक 01.10.2024 से बाजरा की खरीद खाद्य विभाग के 07 क्रय केन्द्रों पर प्रारंभ हो गयी है। विकास खण्ड मंझनपुर, सरसवां, कौशाम्बी, मूरतगंज, नेवादा, सिराथू एवं कड़ा में बाजरा क्रय केन्द्र खोले गये है। इसके अतिरिक्त दिनांक 01.11.2024 से धान की खरीद प्रारंभ होगी।

धान तथा बाजरा विक्रय हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। धान बाजरा क्रय केन्द्रों पर धानध्बाजरा की बिक्री हेतु कृषकों को खाद्य विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा।

जिन कृषकों द्वारा गतवर्षों में अपनी उपज के विक्रय हेतु खाद्य विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराया गया है, उन्हें वेबसाइट पर केवल पूर्व पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा। यह पंजीकरण, नवीनीकरण कृषक द्वारा कोड के माध्यम से किसान मित्र एप डाउनलोड कर स्वयं अथवा जनसूचना केन्द्र, साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकेगा। कृषकों हेतु पंजीकरण, नवीनीकरण की सुविधा धानध्बाजरा क्रय केन्द्रों पर क्रय केन्द्र प्रभारी के माध्यम से भी उपलब्ध रहेगी। कृषकों का पंजीकरण उनके आधार संख्या, भूलेख एवं पंजीकरण के समय कृषक द्वारा दर्ज मोबाइल नंबर पर प्रेषित ओ0टी0पी0 के आधार पर किया जायेगा। धानध्बाजरा बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में किसान द्वारा पंजीकरण के समय पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य (माताध्पिता, पतिध्पत्नी, पुत्र, पुत्री,दामाद, पुत्रवधू, सगा भाई, सगी बहन में से) का विवरण एवं उनका आधार नंबर फीड कराना अनिवार्य होगा। चूंकि कृषकों द्वारा क्रय केन्द्र पर बेची गयी फसल का भुगतान सीधे उनके आधार लिंक बैंक खाते में च्थ्डै के माध्यम से किया जाना है, अतः कृषकों द्वारा अपने बैंक खातों को आधार सीडेड एवं बैंक शाखा द्वारा छच्ब्प् पोर्टल पर मैप करवाया जाना आवश्यक है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिये कृषक तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों अथवा विकास खण्ड के विपणन निरीक्षकों से संपर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कौशाम्बी से उनके मोबाइल नंबर 7839564974 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिलाधिकारी ने कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आज उदयन सभागार में कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की आउटकम समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों-कृषि, उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, लघु सिंचाई, मण्डी, जिला खाद्य एवं विपणन से सम्बन्धित विभाग के अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया था, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य एवं पूर्ति के ऑकड़ों की समीक्षा के स्थान पर लाभ प्राप्त करने वाले कृषकों की आय में होने वाले बृद्धि व जीवन शैली में आने वाले बदलाव का मापदण्ड निर्धारित करने एवं प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग कर आउटकम लाने के निर्देश दिये गये। उन्हांने नैनो यूरिया की सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि समितियों में कितना नैनो यूरिया है व कितना किसानों ने लिया है इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्हांने कहा कि ब्लॉकों में किसानों को नैनो यूरिया को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय।

उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया है इससे कई किसान लाभान्वित हो रहें है। किसान अपनी मिट्टियों की कमियों को जानकर उसमें सुधार कर खेती में लाभ प्राप्त कर रहें है क्योकि खेत की मिट्टी में जॉच से मालूम चल जाता है कि जिसमें नाईट्रोजन,जिंक व पोटास आदि की क्या कमी है जिसमें किसान संस्तुत मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग से अनावाश्यक उर्वरक पर होने वाले लागत से किसानो को बचत हो जाती है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा केले के उत्पादन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से होने वाले लाभ का विवरण समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, कृषि, लघु सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, नहर एवं सिंचाई, भूमि संरक्षण को निर्देशित किया गया कि कृषकों को दिये गये योजना का लाभ, नई तकनीकी के प्रचार-प्रसार का लाभ लाभार्थी व्यवहारिक रूप से कर रहा है अथवा नहीं यदि नई तकनीकी का उपयोग अपने व्यवसाय में कर रहा है तो उससे लाभार्थी कृषको को कितना लाभ हुआ तथा उसकी आर्थिक दशा में कितना सुधार आया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.रामबिलास पासवान की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि

**कौशाम्बी-** जिला पार्टी कार्यालय समदा मंझनपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व. रामबिलास पासवान की मंगलवार को मनाई गई चौथी पुण्यतिथि।कौशाम्बी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान जी पुण्यतिथि मनाई गई।बहुजन आर्मी जिलाध्यक्ष पूर्व राजबली भारती जिसमें लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष सुनील जयसवाल,कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आजाद पासी, प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश भारतीय, अवधेश सरोज प्रधान महासचिव कौशाम्बी, गब्बर पासी जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, रमेश पासी जिला प्रवक्ता, सिराथू विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पासी, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## कच्चा मकान गिरने से दो लोग हुए घायल

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा स्थानीय कस्बे में मंगलवार की सुबह अचानक एक कच्चा मकान भर भराकर गिर गया जिसके मलबे मे मासूम बालक सहित एक युवती गंभीर रूप से दबकर घायल हो गई मौके में पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को मलवे से निकालकर आनन-फानन में एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पश्चिम शरीरा स्थानिक कस्बे के झारखंडी मंदिर के पास नरेश सोनकर का कच्चा मकान बना हुआ है अचानक कच्चा मकान भर भरा कर गिर गया जिसके मलबे में अंतिमा उम्र 16 वर्ष व 5 वर्षीय बालक सिद्धार्थ सोनकर दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए

## न्यूज डायरी

### आलोक त्रिपाठी महामंत्री मनोनीत



**प्रयागराज।** राष्ट्रवादी ब्राम्हण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्निहोत्री ने नगर पंचायत हीरागंज के बलीपुर वार्ड निवासी शिक्षक आलोक त्रिपाठी को जनपद की जिला कार्यकारिणी में जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान दायित्व प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि आप अपने दायित्वों का सत्यनिष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन के विस्तार और प्रस्तावित उद्देश्यों को क्रियान्वित करने में सदैव तत्पर रहेंगे। ब्राम्हण समाज के संगठन, उत्थान, सामाजिक सहयोग और सहभागिता हेतु निरंतर प्रगतिशील रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि संगठन पिछले 25 वर्षो से पूरे प्रदेश में निरंतर ब्राम्हण समाज के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील है और अपनी महती भूमिका अदा कर रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुंडा शिवकुमार तिवारी और उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने जिला महामंत्री बनने पर आलोक त्रिपाठी का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उपस्थित लोगों ने यशस्वी जीवन की शुभकामनायें प्रदान की। इस दौरान डॉ. शिव प्रसाद तिवारी, राजेश तिवारी, रजोले तिवारी, योगेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 100 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा राजकीय पॉलीटेक्निक, जसरा, बारा, प्रयागराज परिसर में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 100 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 176 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद कुमार प्रजापति, जिलाध्यक्ष (भाजपा) यमुनापार, राजीव कुमार यादव, सहायक निदेशक सेवायोजन, शिवम मिश्रा, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक, जसरा, प्रयागराज, प्रताप सिंह, संयोजक तथा प्रशांत, रोजगार मेला अधिकारी, मानवेन्द्र सिंह एवं प्रवीण कुमार, स0जि0रो0 सहा0अधि0 तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व सेवायोजन कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्री प्लेसमेंट कैरियर काउंसिलिंग का कार्य के0के0 कुशवाहा, अनु0 द्वारा किया गया।

### राज्य विवि में अंतर महाविद्यालयीय खेलों का ट्रायल 21 से

**प्रयागराज।** प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय ने पांच खेलों की अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल का संशोधित कैलेंडर मंगलवार को जारी किया गया है। हैंडबाल (महिला/पुरुष) का ट्रायल एसबीएम कॉलेज लालगंज प्रतापगढ़ में 21 अक्तूबर को होगा। वहीं, बाबू संत बक्स डिग्री कॉलेज प्रतापगढ़ में 11 नवंबर को प्रस्तावित है। स्क्वैश (महिला/पुरुष) का ट्रायल कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज में 18 नवंबर को और राज्य विश्वविद्यालय परिसर में 12 नवंबर को प्रस्तावित है।इसी क्रम में पावरलिफ्टिंग (महिला/पुरुष) का ट्रायल राज्य विवि कैंपस में 25 अक्तूबर एवं सात नंबवर को संभावित है। कबड्डी (महिला/पुरुष) का ट्रायल यशोदा नन्दन हरिवंश पीजी कॉलेज प्रतापगढ़ में 23 अक्तूबर और आठ नवंबर को होगा। क्रॉस कंट्री (महिला/पुरुष) का ट्रायल स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय पीजी कॉलेज प्रतापगढ़ में 16 अक्तूबर और 13 नवंबर को होगा।

### प्रयागराज जंक्शन पर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर सोमवार रात जीआरपी ने अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के दो बैग में 96 ट्रेटा पैक अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत लगभग 12 हजार रुपये आंकी गई है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बिहार के लखीसराय जिले का बरहिया निवासी राकेश कुमार है। वह लंबे समय से उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों से शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने का काम करता है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया।

### स्वर्गीय बलराम लेखपाल मेमोरियल दंगल व बिरहा 13 को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** विकासखंड फूलपुर के रैनी गांव में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय बलराम लेखपाल मेमोरियल दंगल एवं जवाबी बिरहा का आयोजन 13 अक्टूबर 2024 रविवार को होना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिजमा यादव विधायक प्रतापपुर एवं गीता पासी विधायक सोरांव होगी। बिरहा गायक ओमप्रकाश दीवाना बिहार एवं सुमित्रानंदनी प्रयागराज के मध्य लोकगीतों का मुकाबला होगा। अध्यक्ष कपिल देव सरोज एवं आयोजक तहसीलदार सरोज ने संयुक्त रूप से सूचना दी है।

### जम्मू कश्मीर मे कांग्रेस और नेका के अच्छे प्रदर्शन पर महानगर कांग्रेस ने जताई खुशी

**प्रयागराज।** आज विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया।इसी को लेकर खुशी जताते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने कहा कि जम्मू कश्मीर में असत्य पर सत्य की जीत हुई है। यह मोहब्बत की दुकान की जीत हुई है। यह जननायक नेता राहुल गांधी के संघर्षों की जीत हुई है। उन्होंने हरियाणा चुनाव के नतीजों को इलेक्शन कमीशन द्वारा धीमी गति से प्रकाशित करने पर चिंता जताई। अन्य खुशी जताने वालों में प्रमुख रूप से लल्लन पटेल, महानगर संगठन सचिव विनय पांडेय,वदिवाकर भारतीय, इस्तियाक अहमद, दिलीप पटेल, नफीस कुरैशी, सौरभ चौधरी, विक्रम पटेल, संतोषानंद महाराज, सुशील द्विवेदी, विशाल सोनकर, श्याम जी शुक्ला रहे।

### सेंध लगाकर अधिवक्ता के घर चोरी



**खीरी (प्रयागराज)।** बीती रात खीरी थाना अंतर्गत रामेश्वर प्रसाद मिश्र पुत्र बद्री प्रसाद मिश्र निवासी टोंगा खुर्द के यहां चोरों ने घर में रखी लाइसेंसी बंदूक एवं नगदी सहित एवं अन्य आवश्यक कागजात चुरा ले गए। जिसकी सूचना अधिवक्ता रविकांत मिश्रा द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना प्राप्त होते स्थानीय पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए तत्काल फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वैड टीम को घटनास्थल पर बुलाकर मुआयना किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता रविकांत मिश्रा एवं उनके परिजन बीती रात अपने मकान में सो रहे थे। सुबह उठने पर मुख्य कमरे के समान को बिखरा हुआ पाया परिजनों द्वारा अनहोनी की आशंका जताते हुए मुख्य कमरे पर पहुंचे जहां पर रखा हुआ लाइसेंसी बंदूक एवं नगदी तथा कुछ आवश्यक कागजात गायब थे। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा तत्काल स्थानीय खीरी पुलिस को दी गई घटना की जानकारी प्राप्त होते ही थाना अध्यक्ष खीरी आशीष सिंह मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल डाक स्क्वैड टीम एवं फील्ड यूनिट को तब्दीश के लिए लगा दिया। वार्ता के दौरान थाना अध्यक्ष खीरी आशीष सिंह द्वारा बतलाया गया कि सर्विलांस टीम एवं अन्य साधनों को लगा दिया गया है और घटना का शीघ्र अतिशीघ्र अनावरण कर दिया जाएगा।